RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 20
लखनऊ, शुक्रवार, 6 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





गल गेडॉट ने सेट का अनुभव प्रशंसकों से साझा किया
विविध-12


# सरकारी कर्मियों को बोनस का तोहफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संकट के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य कर्मचारियों को दिवाली पर बोनस का तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को इस बहुप्रतीक्षित बोनस की मंजूरी दे दी। योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश के 14,82,187 कर्मचारियों को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। इससे राजकीय कोष पर 1022.75 करोड़ का व्यय भार आएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। कोविड 19 की विभीषिका के बीच बदली परिस्थितियों के बीच इस बार प्रदेश में दिवाली पर बोनस मिलने को लेकर कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति थी लेकिन मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के हितों का संरक्षण करते हुए दिवाली पर बोनस देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित कर्मचारियों, राज्य वित्त पोषित शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों व जिला पंचायत के कर्मचारियों तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को दिवाली पर बोनस मिलेगा। विगत वर्ष की भांति बोनस की 75 प्रतिशत धनराशि भविष्य निधि खाते में जमा की जाएगी जबकि 25 प्रतिशत धनराशि का नकद भुगतान किया जाएगा। जो कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं है,

## ● प्रदेश के 14,82,187 कर्मचारियों को सीधे तौर पर मिलेगा लाभ, राजकीय कोष पर 1022.75 का आएगा भार

उन्हें धनराशि का आहरण कर उससे एनएससी प्रदान की जाएगी अथवा सम्बन्धित धनराशि पीपीएफ खाते में जमा की जाएगी। जो कर्मचारी अधिवर्षता की आयु पर 31 मार्च 2020 के बाद सेवानिवृत्त हो चुके हैं, अथवा 30 अप्रैल 2021 तक सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनको अनुमन्य तदर्थ बोनस की सम्पूर्ण धनराशि का नकद भुगतान किया जाएगा। तदर्थ बोनस के भुगतान की गणना के लिये मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7000 होगी। तदर्थ बोनस के लिये एक माह में औसत दिनों की संख्या 30.4 के आधार पर दिनांक 31 मार्च 2020 को ग्राह्य परिलब्धियों के अनुसार 30 दिन की परिलब्धयां आगणित की जाएंगी। 31 मार्च 2020 को वास्तविक औसत परिलब्धियां 7000 से ज्यादा होने की स्थिति में 7000 की परिकल्पित परिलब्धि मानकर दिनांक 31 मार्च 2020 को 30 दिन की परिलब्धियां तदर्थ बोनस के रूप में दी जाएंगी। तदर्थ बोनस की सुविधा दैनिक



वेतनभोगी कर्मचारियों को भी मिलेगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि तदर्थ बोनस की सुविधा अपुनरीक्षित वेतनमानों में ग्रेड वेतन 4800 रुपए पुनरीक्षित में वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 तक के पद पर कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारियों को अनुमन्य होगी। तदर्थ बोनस के रूप में मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7000 रुपए होगी। इस प्रकार एक कर्मचारी को अधिकतम 6908 रुपए बोनस के रूप में अनुमन्य होगा। ऐसे दैनिक वेतन कर्मचारी जिन्होंने 06 कार्य दिवसीय सप्ताह वाले कार्यालयों में 31 मार्च 2020 को 03 वर्ष अथवा उससे अधिक समय तक लगातार कार्य किया हो और प्रत्येक वर्ष कम से कम 240 दिन कार्य किया हो और 05 कार्य दिवसीय सप्ताह वाले कार्यालयों के मामले में 03 या इससे अधिक वर्ष में हर वर्ष 206 दिन कार्यरत रहे हों। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के मामले में तदर्थ बोनस के आगणन हेतु अधिकत्तम् मासिक परिलब्धियां 1200 प्रतिमाह मानी जाएगी। बता दें कि प्रदेश में 8,80,187 अराजपत्रित राज्य कर्मचारीए 6,000,00 राज्य वित्त पोषित शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक व तथा 2000 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी इस दायरे में आते हैं।

## किसान और व्यापारिक संगठनों को भी उपहार, मंडी शुल्क की दरों में कटौती

### ● 0.5 प्रतिशत ही रहेगा विकास शुल्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने कृषकों को मंडियों में बेहतर सुविधा प्रदान करने एवं मंडियों में कार्य कर रहे व्यापारियों के प्रोत्साहन के लिए मंडी शुल्क की दर को 2 प्रतिशत से घटाकर मात्र 1 प्रतिशत किए जाने का आदेश दिया है। मंडियों में विकास कार्यों को गति प्रदान के लिए विकास शुल्क की दर 0.5 प्रतिशत यथावत रहेगी। मंडी परिसर के अंदर व्यापार करने पर वर्तमान में लागू 2.5 प्रतिशत के स्थान पर कुल 1.5 प्रतिशत कर ही देय होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। मुख्यमंत्री का यह फैसला किसानों और सम्बंधित व्यापारिक संगठनों के लिए दिवाली का तोहफा माना जा रहा है। विदित हो कि इससे पहले कोरोना महामारी के दौरान किसान हितों के संरक्षण के उद्देश्य से फलों एवं सब्जियों के सुगम विपणन के लिए कुल 45 जिन्सों को एक साथ मई में डी. नोटीफाइड कर दिया गया था, जिसके फलस्वरूप उन पर मंडी शुल्क की देयता समाप्त हो गयी थी। इन उत्पादों के मंडी परिसर में लाए जाने पर मात्र एक प्रतिशत प्रयोक्ता प्रभार ही देय होता है। वहीं केंद्र सरकार द्वारा बीते जून में मंडी क्षेत्र को मंडी परिसर एवं ट्रेड एरिया के रूप में पृथक पृथक करते हुए मंडी समितियों के कार्यक्षेत्र को मण्डी परिसरों एवं अधिसूचित मंडी स्थलों तक सीमित कर दिया गया है और ट्रेड एरिया में होने वाले कृषि विपणन पर लाइसेन्स की अनिवार्यता तथा मंडी शुल्क, विकास शुल्क के आरोपण से अवमुक्त कर दिया गया है। ऐसे में मंडी परिसरों की सुविधाओं के समुचित सदुपयोग तथा कृषकों व व्यापारियों को मंडी परिसर में व्यापार के लिए प्रेरित करने दृष्टि से योगी सरकार ने मंडी शुल्क कम करने का फैसला लिया है।


➔ होमगार्डों के आश्रितों को होमगार्ड स्वयंसेवक पद पर मिलेगी नियुक्ति (पेज 2)


# जीत के निकट पहुंचे बाइडेन

## ● 538 निर्वाचक मंडल सदस्यों में वाइडन जीत चुके हैं 253 जबकि ट्रंप ने जीते हैं 213

## ● डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ राज्यों में बाइडेन की जीत को कानूनी तौर पर चुनौती दी

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रतिद्वन्द्वी, डेमोक्रेट प्रत्याशी जो बाइडेन के बीच चल रही कांटे की टक्कर पर नजर गड़ाए अमेरिकियों को विजेता का पता चलने में अभी समय लगेगा क्योंकि बृहस्पतिवार को भी मतों की गणना पूरी नहीं हो पाई।

मतदान दो दिन पहले हुआ और चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन व्हाइट हाउस पहुंचने के लिए आवश्यक 270 निर्वाचक मंडल मत के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने विस्कॉन्सिन और मिशिगन में जीत दर्ज कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राह को मुश्किल बना दिया है। अमेरिकी मीडिया के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, पूर्व अमेरिकी उप राष्ट्रपति

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव**



बाइडेन 253 मत और ट्रंप को 213 मत अब तक मिले हैं। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी ट्रंप कुछ राज्यों में बाइडेन की जीत को कानूनी तौर पर चुनौती देने पर विचार कर रहे हैं। चुनाव के दो दिन बाद भी अभी तक कोई उम्मीदवार जीत दर्ज करने के लिए आवश्यक मत हासिल नहीं कर पाया है। लेकिन निर्णायक माने जाने वाले राज्यों विस्कॉन्सिन और मिशिगन में बाइडेन ने जीत दर्ज की है। ट्रंप को 213 निर्वाचक मंडल मत मिले हैं। मौजूदा राष्ट्रपति की राह हालांकि काफी कठिन है क्योंकि ट्रंप को 270 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए चार शेष बचे बैटलग्राउंड राज्यों पेन्सिलवेनिया, नॉर्थ कैरोलाइना, जॉर्जिया और नेवाडा में जीत हासिल करनी होगी। स्टेट ब्रैड रैफेनस्पेर्जर्स के कार्यालय ने सीएनएन को बताया कि जॉर्जिया में 16 निर्वाचक मंडल वोट हैं। यहां कुल मतों की संख्या करीब 90,735 है। बैटलग्राउंड उन राज्यों को कहा जाता है, जहां रुझान स्पष्ट नहीं होता। स्पष्ट जीत के लिए 538 निर्वाचक मंडल सदस्यों में से विजेता बनने के लिए कम से कम 270 निर्वाचक मंडल मतों की आवश्यकता है। अभी लाखों वोटों की गिनती होनी है। बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें चुनाव जीतने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मैं एक अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शासन करूंगा। उन्होंने कहा, जब हम जीतेंगे तो कोई लाल राज्य या नीला राज्य नहीं होगा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका होगा।

ट्रंप अभियान दल ने जॉर्जिया, मिशिगन और पेन्सिलवेनिया में मुकदमे दर्ज कराए हैं और विस्कॉन्सिन में मतों की फिर गिनती किए जाने की मांग की है। ट्रंप ने बुधवार को अपने आवास पर ही ज्यादा समय बिताया। उन्होंने ट्विटर पर कई महत्वपूर्ण राज्यों में जीत का दावा किया। ट्रम्प के अभियान प्रबंधक बिल स्टीफ़न ने कहा कि राष्ट्रपति कई काउंटियों में अनियमितताओं का हवाला देते हुए विस्कॉन्सिन में फिर से मतगणना कराए जाने का औपचारिक रूप से अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि मिशिगन और पेन्सिलवेनिया में मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। वहीं, अभी पेन्सिलवेनिया में सैकड़ों हजारों वोटों की गिनती की जानी है। दोनों के बीच अन्य करीबी मुकाबले में ट्रंप ने फ्लोरिडा, टेक्सास और ओहायो में जीत दर्ज की जबकि बाइडेन ने न्यू हैम्पशायर और मिनेसोटा में जीत हासिल की है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में युवा मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका ( शेष पेज 9 )

# प्रचार के अंतिम दिन नीतीश का ऐलान, यह मेरा आखिरी चुनाव

## ● विरोधियों ने चुनावी शिगूफा बताया, कहा- अपनी बात पर कभी कायम नहीं रहते सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पूर्णियां में एक रैली को संबोधित करते हुए यह कहकर सबको चौंका दिया कि वे अपना अंतिम चुनाव लड़ रहे हैं। नीतीश राज्य में 7 नवंबर को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए अपनी आखिरी चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

नीतीश कुमार ने कहा कि जान लीजिये आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है और परसों चुनाव है और ये मेरा अंतिम चुनाव है। अंत भला तो सब भला। नीतीश 69 साल के हैं और जिस तरह से उनके समकालीन अपनी उम्र के 70वें और 80वें दशक में सक्रिय है, उसको देखते हुए वे अब भी कई साल राजनीति में सक्रिय रह सकते हैं। नीतीश कुमार अपने लगातार चौथे कार्यकाल के लिए जनता से वोट मांग रहे थे। नीतीश के विरोधियों ने उनके इस फैसले का मजाक उड़ाया है।

राजद नेता शिवानंद तिवारी ने कहा कि मतदाताओं को रिझाने के लिए यह एक 'इमोशनल' ड्रामा है। नीतीश कुमार अपनी बात पर कभी कायम नहीं रहते। जब वह भगवा पार्टी से हाथ न मिलाने की कसम खाकर भाजपा के साथ जा सकते हैं तो आज के उनके इस ऐलान का कौन भरोसा करेगा।' चारा घोटाला मामले में रांची जेल में बंद राजद प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने एक वीडियो ट्वीट किया है जिसमें नीतीश कुमार को बिहार विधानसभा को संबोधित करते हुए दिखाया गया है।

इसमें वे ऐलान कर रहे हैं कि यदि मैं मिट्टी में मिल जाऊं तब भी भाजपा के साथ हाथ नहीं मिलाऊंगा। लालू ने कहाकि कोई इंसान सार्वजनिक जीवन में इतना सिद्धांतहीन, नीति विहीन, नियत विहीन, ( शेष पेज 9 )

# विवि और कॉलेज खोलने के लिए यूजीसी ने जारी किए दिशानिर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने गुरुवार को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को फिर से खोलने के लिए दिशानिर्देश जारी किए। कोविड-19 महामारी के चलते मार्च से ही शिक्षण संस्थान बंद चल रहे हैं केंद्रीय विश्वविद्यालयों तथा अन्य केंद्र वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों को फिर से खोलने का फैसला कुलपतियों और संस्थान के प्रमुखों पर छोड़ दिया गया है। लेकिन नए दिशानिर्देशों के मुताबिक प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को इस बारे में अपनी संबंधित राज्य सरकारों से अनुमति लेनी पड़ेगी।

विश्वविद्यालय नियामक यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) द्वारा जारी दिशानिर्देशों क शिक्षा मंत्रालय ने अधिसूचित किया है। दिशानिर्देशों के अनुसार 'राज्य विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों सहित अन्य सभी संस्थानों के लिए संबंधित राज्य सरकारों के फैसलों के अनुसार कक्षाएं शुरू होंगी।' विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से कहा गया है कि वे

## ● केंद्रीय विवि के लिए परिसरों को फिर खोलने का फैसला कुलपति करेंगे

## ● प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के बारे में संबंधित राज्य सरकारें करेंगी निर्णय

चरणबद्ध तरीके से परिसरों को खोलने की योजना बनाएं तथा ऐसी गतिविधियों पर जोर दें जिनमें कोरोना वायरस मानदंडों का पालन हो।

इनमें सामाजिक दूरी, मास्क का उपयोग शामिल हैं। दिशानिर्देशों में कहा गया है, 'विश्वविद्यालय और कॉलेजों को तभी खोलने की अनुमति दी जाएगी, जब वे निषिद्ध क्षेत्रों से बाहर हों। इसके अलावा निषिद्ध क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों और कर्मचारियों को कॉलेजों में जाने की अनुमति नहीं होगी।' इसके साथ ही छात्रों और कर्मचारियों को सलाह दी जाएगी कि वे निषिद्ध क्षेत्रों में आने वाले इलाकों का दौरा न करें। विवि और कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ने ऐलान किया कि गृह, स्वास्थ्य तथा शिक्षा मंत्रालयों की सलाह के बाद जारी यूजीसी के दिशानिर्देशों के मुताबिक कॉलेज और विश्वविद्यालय फिर खुलंगे।

पोखरियाल ने नए एसओपी पर ट्वीट किया 'सभी शिक्षण संस्थानों, छाज्ञों, अभिभावकों तथा शिक्षा जगत से जुड़े सभी लोगों से अनुरोध है कि वे इन दिशानिर्देशों का पालन करें।' यूजीसी के दिशानिर्देश में कहा गया है ' केंद्र द्वारा वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुख भौतिक रूप से कक्षाओं को चलाने के संदर्भ में पूरी तरह संतुष्ट होने का बाद इस दिशा में फैसला करें। प्रदेश विश्वविद्ययालय, निजी विश्वविद्यालय, कॉलेजों समेत अन्य सभी संस्थानों को खोले जाने के बारे में संबंधित राज्य सरकारें फैसला करेंगी।'

# हाथरस मामले में हाईकोर्ट ने सीबीआई से पूछा, कितने समय में पूरी होगी जांच

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने सीबीआई से पूछा है कि हाथरस मामले की जांच कितने समय में पूरी हो जाएगी। बीते सोमवार को पीठ के समक्ष बीते सोमवार को इस मामले की सुनवाई हुई थी। पीठ ने सुनवाई के पश्चात अपना आदेश सुरक्षित कर लिया था। पीठ ने गुरुवार को पारित अपने आदेश में अगली सुनवाई पर सीबीआई से विवेचना की प्रगति रिपोर्ट भी तलब की है।

मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को नियत है। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस राजन रॉय की पीठ ने यह आदेश हाथरस मामले में स्वतः संज्ञान द्वारा दर्ज किए गए जनहित याचिका पर दिया है। पीठ ने अपने आदेश में दो नवंबर को हुई सुनवाई की प्रक्रिया को दर्ज किया है। पीठ के समक्ष उस रोज इस मामले के मुल्जिमों की ओर से भी अर्जी दी गई थी। जिसमें उन्हें भी पक्षकार बनाए जाने की गुजारिश की गई थी। पीठ ने इस अर्जी को निस्तारित करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में दो बिंदूओं पर सुनवाई हो रही है। एक सुप्रीम कोर्ट द्वारा 27 अक्टूबर को पारित आदेश के अनुपालन में विवेचना की मॉनीटरिंग व दूसरा मृतका के अंतिम संस्कार के मसले पर। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि इन दोनों ही बिंदूओं पर मुल्जिमों को सुने जाने का अधिकार नहीं है। लिहाजा वे इस स्तर पर आवश्यक पक्षकार नहीं हैं।

हालांकि पीठ ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस मामले की सुनवाई के दौरान यदि किसी तरह से उनके अधिकार प्रभावित होते हैं या प्रभावित होने की संभावना होती हैए तो उन्हें सुनवाई का अधिकार प्राप्त होगा। पीठ के समक्ष मुल्जिमों की ओर से एक अन्य अर्जी भी दी गई थीं। जिसमें मीडिया को इस मामले का ट्रायल प्रभावित करने वाली खबरें नहीं दिखाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। पीठ ने इस अर्जी को भी निस्तारित कर दिया है। कहा है कि हमने 12 अक्टूबर के अपने आदेश में इस सम्बंध में मीडिया हाउसेज और राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे ऐसा कोई विचार व्यक्त नहीं करें जो ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 41,340 | ↑ 724 | |
| निफ्टी | 12,120 | ↑ 211 | |
| सोना | 50,980 | ↑ 158 | /10g |
| चांदी | 62,346 | ↑ 697 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कोरोना के 50,210 नए मामले, 704 और मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 50,210 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 83.64 लाख हो गए। वही 77,11,809 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर 92.20 प्रतिशत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए अद्यतन आंकड़ो के अनुसार देश में अभी तक कोविड- 19 के 83,64,086 मामले सामने आए है। वही पिछले 24 घंटे में 704 और लोगो की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,24,315 हो गई। देश में कोविड-19 से मृत्यु दर 1.49 प्रतिशत है। अभी 5,27,962 लोगों का कोविड-19 का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 6.31 प्रतिशत है। चार नवम्बर तक कुल 11,42,08,384 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई।

# चीन ने विदेशी नागरिकों का भारत से प्रवेश किया निलंबित

## ● कोविड-19 महामारी के कारण उठाया कदम, कुछ श्रेणियों को दी छूट

## ● सूत्रों के मुताबिक चीन का यह कदम अस्थायी और भारत केंद्रित नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीनी** दूतावास ने गुरुवार को यहां कहा कि चीन ने कोविड-19 महामारी की वजह से वैध वीजा या स्थायी निवास परमिट रखने वाले विदेशी नागरिकों का देश में भारत से प्रवेश अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। भारत सरकार के सूत्रों ने कहा कि चीनी दूतावास द्वारा की गई घोषणा से संकेत मिलता है कि कदम अस्थायी है और यह भारत केंद्रित नहीं है क्योंकि यह कदम अन्य कई देशों के संबंध में भी उठाया गया है।

चीनी दूतावास ने एक नोट में कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से, घोषणा की जाती है कि चीन ने वैध वीजा या स्थायी निवास परमिट रखने वाले विदेशी नागरिकों का देश में भारत से प्रवेश अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इसने कहा कि भारत स्थित दूतावास/वाणिज्य दूतावास उपरोक्त श्रेणियों के वीजा या निवास परमिट धारकों के स्वास्थ्य घोषणा फॉर्म पर मुहर नहीं लगाएंगे। सरकारी सूत्रों ने कहा कि यह कार्रवाई अस्थायी है जिसमें केवल मौजूदा वीजा निलंबित किए गए हैं और नोटिस से संकेत मिलता है कि भविष्य में वीजा आवेदन पर रोक नहीं लगाई गई है। तीन नवंबर के बाद जारी वीजा चीन यात्रा के लिए वैध हैं। सूत्रों ( शेष पेज 9 )

# अयोध्या में फिर नया इतिहास रचेगी योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संकट के बीच योगी सरकार अयोध्या इस बार दीपावली पर नया रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है। राम मंदिर भूमि पूजन के बाद दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पिछले वर्षों के मुकाबले दोगुना बजट सरकार से मिलने के बाद अयोध्या प्रशासन इस बार दीपावली के अवसर पर रामकथा पार्क से चरण सिंह घाट तक दीप जलाने की तैयारी कर रहा है।

इसके तहत इस वर्ष 5,51,000 दीपों का प्रज्जवलन कर गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने की योजना है। वहीं दीपोत्सव के मौके पर सीएम योगी अयोध्या के विकास की अनेक योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। विगत माह पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों भूमि पूजन के साथ अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का काम शुरू होने के बाद दीपोत्सव के लिए योगी

## ● दीपावली पर इस बार जगमगाएंगे 551000 दीप, अंतिम चरण में हैं दीपोत्सव की तैयारियां

सरकार के साथ-साथ रामनगरी के साधु-संत और सभी भक्त उत्साहित हैं। अयोध्या में त्रेतायुग जैसी दिवाली मनाने की परंपरा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में शुरू की थी और तब से हर साल यहां दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बन रहा है। राम की पैड़ी, रामकथा पार्क, मणिरामदास की छावनी, भजन संध्या स्थल के आसपास के क्षेत्र को भव्य बनाने का काम चल रहा है। इस बार विदेशी मेहमान तो नहीं आएंगे, लेकिन स्थानीय भीड़ को रोकना मुश्किल होगा। इसलिए दीपोत्सव को



फाइल फोटो

लेकर राज्य सरकार नई गाइड लाइंस जारी कर चुकी है।

इस बार दीपोत्सव में 551000 दीप जलाए जाएंगे। बीते साल दीपोत्सव में अयोध्या की प्रसिद्ध राम की पैड़ी पर 4.5 लाख दीप जलाए गए थे। जबकि 2017 में 1 लाख 65 हजार व 2018 में 3 लाख 150 दीप जलाए गए थे। बृहस्पतिवार को पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. नीलकंठ तिवारी ने पर्यटन विद्यालय के सभाकक्ष में दीपोत्सव 2020 के आयोजन से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि दीपोत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संस्कृति विभाग, जिला प्रशासन, अयोध्या एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 12 से 16 नवम्बर 2020 तक किया जाएगा। पर्यटन मंत्री द्वारा सभी कार्यों के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। नोडल अधिकारियों द्वारा सभी कार्यो की गुणवत्ता की जांच की जाएगी तथा कार्य के प्रारम्भ होने से अन्त तक कार्यों का परीक्षण आवश्यकतानुसार उनके द्वारा किया जाएगा। पर्यटन मंत्री द्वारा सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह सभी जिलाधिकारी, अयोध्या के साथ समन्वय कर उचित कार्रवाई करेंगें तथा दैनिक कार्यों की प्रगति रिपोर्ट से महानिदेशक पर्यटन को अवगत कराएंगे। पर्यटन मंत्री द्वारा निर्देश दिए गए है कि कार्यक्रमों का संचालन कोविड.19 को दृष्टिगत रखते हुए किया जाए तथा सोशल डिस्टेन्सिंग एवं सैनिटाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव पर्यटन, एनजी रवि कुमार, महानिदेशक एवं सचिव, पर्यटन तथा अविनाश चन्द्र मिश्र, संयुक्त निदेशक पर्यटन उपस्थित थे।

# पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र की प्रक्रिया आसान बनाएं

## डाक विभाग के इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक द्वारा पेंशनधारकों को जीवन प्रमाण डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की सुविधा उनके द्वार पर उपलब्ध करायी जा रही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सुगम और सहज बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में आनलाइन प्रक्रिया को बढ़ावा देते हुए इस व्यवस्था को पेंशनर्स के लिए सुविधाजनक बनाया जाए। इससे पेंशनधारक घर अथवा कामन सर्विस सेन्टर के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर आसानी से पेंशन प्राप्त करते रहेंगे।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि डाक विभाग, भारत सरकार के अन्तर्गत इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक द्वारा पेंशनधारकों को जीवन प्रमाण डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की सुविधा उनके द्वार पर उपलब्ध करायी जा रही है। इसके तहत डाकिये-ग्रामीण डाक सेवकों द्वारा स्मार्ट फोन और बायोमैट्रिक डिवाइस का इस्तेमाल करते हुए खाताधारक के द्वार पर ही बैंकिंग सेवाएं मुहैया करायी जा रही हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में डाकिये तथा ग्रामीण डाक सेवक अब पेंशनधारकों के जीवन प्रमाण पत्र उनके द्वार पर ही बनाने के लिए अधिकृत किये गये हैं, शर्त यह है कि उनकी पेंशन स्वीकर्ता अथॉरिटी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट स्वीकार करने में सक्षम हों। प्रवक्ता ने कहा कि पेंशनधारक इस सुविधा का उपयोग करते हुए अब अपने जीवन प्रमाण पत्र डाकिये-ग्रामीण डाक सेवकों के माध्यम से बनवा सकते हैं। इससे उन्हें इस कार्य के लिए कोषागार, बैंक इत्यादि जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब इस सुविधा के चलते पेंशनरों को जीवित प्रमाणपत्र जमा करने के लिए कोषागार, बैंक या अन्य किसी विभाग में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पेंशनर अपने नजदीकी डाकघर के डाकिया या ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी करवा सकते हैं। इसके लिए मात्र 70 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। यह प्रमाण पत्र स्वत: संबंधित विभाग को पहुंच जाएगा। इससे पेंशन मिलने में कोई रुकावट नहीं आएगी। यह सुविधा वाराणसी परिक्षेत्र के सभी डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी। पेंशनर इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए पोस्ट इन्फो पर या इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के टोल फ्री नंबर 155299 पर कॉल कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को आधार नम्बर, मोबाइल नम्बर, बैंक या डाकघर खाता संख्या और पीपीओ नम्बर देना होगा।

## कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण के लिए सतर्कता बनाए रखें: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण के लिए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ व मेरठ में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कोविड-19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी जनपदों में स्थापित इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेण्टर को निरन्तर क्रियाशील रखे जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री गुरूवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्वों व त्योहारों के दृष्टिगत बाजारों में बड़ी संख्या में लोग खरीददारी के लिए आ रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए निरन्तर सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों, चैराहों आदि स्थानों पर कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से निरन्तर जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी रैनबसेरों को क्रियाशील किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रैनबसेरों में सभी जरूरी सुविधाएं सुलभ करायी जाएं। कोविड-19 के दृष्टिगत रैनबसेरों की साफ-सफाई सैनिटाइजेशन आदि पर भी पूरा ध्यान दिया जाए। चिकित्सालयों में तीमारदारों के लिए स्थापित रैनबसेरों की व्यवस्था को भी सुदृढ़ करते हुए आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जाएं। उन्होंने कहा कि जरूरतमन्द व्यक्तियों को कम्बल वितरित किए जाएं।

# स्वायत्तता का मतलब मनमानी नहीं होता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रदेश के कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों की समस्याओं के संबंध में बैठक सम्पन्न

**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन में प्रदेश के कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय की समस्याओं के संबंध में हुई बैठक में राज्यपाल ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कुलपति एवं शासन के उच्च अधिकारियों को आमने-सामने एक साथ बैठाकर समस्याओं का निराकरण कराना था, क्योंकि अलग-अलग बैठक करने पर समस्याओं के संबंध में पूरी तस्वीर सामने नहीं आती है। उन्होंने कहा कि सभी कुलपति विश्वविद्यालय में नियमित रूप से बैठें तथा छात्र-छात्राओं से नियमित रूप से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान निकालें। उन्होंने कहा कि आज की बैठक के बारे में दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय में 3 माह के अन्दर क्या-क्या कार्य किए गये हैं, उसकी प्रगति रिपोर्ट कुलपति भेजेंगे।

आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर केन्द्र व राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ स्वीकृत पदों पर नियमित नियुक्ति करें। नियुक्ति के संबंध में राजभवन को कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कुलपति नियुक्ति संबंधी साक्षात्कार की पूरी रिकार्डिंग करायेंगे और उसे सुरक्षित रखेंगे। रिक्त नियमित पदों एवं सेवानिवृत्ति से रिक्त होने वाले पदों पर राज्य सरकार द्वारा भती पर कोई रोक नहीं है। राज्यपाल ने स्पष्ट कहा कि स्वायत्तता का मतलब मनमानी नहीं होता है, ऐसी स्थिति में कोई कुलपति ऐसा कोई कार्य न करे जो नियमों की परिधि के बाहर हो। बैठक में प्रदेश के कृषि एवं कृषि शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्यपाल को अवगत कराया कि प्रदेश के सभी कृषि महाविद्यालयों को राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ उनके परिक्षेत्र के आधार पर सम्बद्ध किये जाने का मामला नीतिगत है तथा इस पर शीघ्र ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक कर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी चिकित्सा, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण की सुविधा देने पर राज्य सरकार विचार कर यथा शीघ्र निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम 1958 के कुछ परिनियम अप्रासंगिक हैं, जिनके संशोधन के लिए कुलपति, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो अपनी रिपोर्ट एक माह में देगी। इस समिति में देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भी रखा गया है। बैठक में राज्यपाल ने चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कार्यरत वैज्ञानिकों द्वारा तैयार पुस्तक 'जैविक खेती के आयाम' का विमोचन भी किया।

## भविष्य की चुनौतियों से निपटने को 3174 पुलिस कर्मी किए गए प्रशिक्षित

**लखनऊ।** सीएम योगी ने हमेशा पुलिसिंग को और अधिक चुस्त दुरुस्त तथा नई चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया है। इसी कड़ी में यूपी.112 ने नई शुरुआत करते हुए फील्ड में तैनात पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिए जाने की शुरुआत की है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रदेश के 72 जिलों में 3174 पुलिस कर्मियों को अब तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया है कि कोरोना की दुश्वारियों के साथ पुलिस के सामने भी कई चुनौतियां नए रूप में सामने आई हैं। बेहतर पुलिसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कर्मियों को तलाशी तथा गश्त के आधुनिक तरीके बताए जा रहे हैं। इसके अलावा वर्तमान परिवेश को देखते हुए यदि किसी आरोपी को गिरफ्तार करना पड़ता है तो उसके लिए क्या क्या सावधानियां बरतनी होंगी, यह सब जानकारियां नए प्रशिक्षण का हिस्सा बनायी गयी हैं। अपर पुलिस महानिदेशक यूपी-112 असीम अरूण ने इस संबंध में की गयी कार्रवाई का ब्यौरा देते हुए बताया है कि प्रशिक्षण के दौरान फील्ड में तैनात यूपी.112 के पीआरवी कर्मियों को मिशन शक्ति, कोविड, तलाशी तथा गश्त और गिरफ्तारी की तकनीकी व जरूरी बल प्रयोग जैसे नई बिन्दुओं की जानकारी दी जा रही है। असीम अरूण ने बताया कि शासन द्वारा जारी कोविड सम्बन्धी गाइड लाइन का प्रशिक्षण के दौरान पूरा ध्यान रखा जाता है। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले प्रत्येक पुलिस कर्मी का कोविड टेस्ट अनिवार्य रूप से कराया जाता है। इस दैरान सोशल डिसटेंसिंग का पालन सही तरीके से हो सके इसके लिए 30-30 कर्मियों का बैच बनाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को संक्रमण से बचाव के लिए मास्क आदि का वितरण भी किया जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि कोरोना संक्रमण से पुलिस कर्मी लोगों का और खुद का बचाव कैसे करें इसके बारे में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बेहतर ढंग से सिखाया जा रहा है।

## होम आइसोलेशन के दौरान न हो किसी की कोरोना से मृत्यु

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● मुख्य सचिव ने की कोविड-19 के संबंध में समीक्षा बैठक

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने कोविड-19 के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण रखने के लिए पूरी सावधानी एवं सतर्कता बरतने की जरूरत है। कोविड-19 की रोकथाम के लिए निर्धारित एसओपी एवं गाइडलाइन्स का कड़ाई से पालन कराया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी के प्रति लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन में रखे गये मरीजों का नियमित अपडेट लिया जाये तथा इन्टीग्रेटेड कमाण्ड कण्ट्रोल द्वारा इसका रैण्डम आधार पर क्रॉसचेक किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोविड-19 से किसी व्यक्ति की मृत्यु होम आइसोलेशन के दौरान न हो। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में मृत्यु दर अधिक है, उन जनपदों में सर्विलांस टीम की संख्या बढ़ायी जाये तथा विश्लेषण के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफसे भी एक टीम भेजी जाये। यह भी देखा जाये कि कोविड रोगी के उपचार में सरकारी अस्पतालों के साथ साथ निजी अस्पतालों में मेडिकल प्रोटोकॉल्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आने पर सम्बन्धित चिकित्सालय एवं चिकित्सक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। कोविड से होने वाली मौतों का चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा गहराई से विश्लेषण कर रिपोर्ट यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जाए ताकि प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर व्यवस्था में सुधार कर भविष्य में होने वाली परिहार्य मृत्यु पर रोक लगाई जा सके।

## होमगार्डों के आश्रितों को होमगार्ड स्वयंसेवक पद पर मिलेगी नियुक्ति

**लखनऊ।** होमगार्ड के आश्रितों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए प्रदेश सरकार ने सेवाकाल में होमगार्ड के निधन होने अथवा स्थायी रूप से अपंग होमगार्ड स्वयंसेवक एवं अवैतनिक पदाधिकारियों के आश्रितों को होमगार्ड स्वयंसेवक के पद पर नियुक्ति देने का निर्णय लिया है। होमगार्ड विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। शासनादेश के अनुसार विभाग में अवैतनिक होमगार्ड स्वयंसेवक पदाधिकारियों के पदों की संख्या अत्यन्त सीमित है। इन पदों पर अनुभवी, अनुशासित एवं योग्य होमगार्ड स्वयंसेवकों की नियत सेवा अवधि के उपरान्त वरीयता प्रदान करते हुए चयनित किए जाने तथा आवश्यकतानुसार नए योग्य प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को सीधी भर्ती से अवैतनिक होमगार्ड स्वयंसेवक पदाधिकारियों के रिक्त पदों पर प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया के द्वारा मेरिट के आधार पर सेवायोजन के अवसर बनाए रखना अत्यन्त आवश्यक है।

## स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स को जल्द क्रियाशील करें: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● नियमावली एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के गठन के लिए की जाने वाली सभी औपचारिकताओं को यथाशीघ्र पूर्ण कर इसको मूर्तरूप दिए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में शासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि आगामी 26 जनवरी 2021 की परेड में इस नये बल की टुकड़ी भी भाग ले सके। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को लोक भवन स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न एक उच्चस्तरीय बैठक में यह जानकारी दी गयी। बैठक में इस दिशा में अब तक हुई कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा भी की गयी। उल्लेखनीय है कि राज्य के महत्वपूर्ण स्थानों आदि की सुरक्षा व्यवस्था प्रोफेशनल तरीके से सुनिश्चित किए जाने के लिए पृथक से इस सुरक्षा बल के गठन का निर्णय लिया गया था। प्रथम चरण में इस विशेष सुरक्षा बल की 5 वाहनियां गठित की जानी हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस नए बल के लिए एक अपर पुलिस महानिदेशक, एक पुलिस महानिरीक्षक-पुलिस उप महानिरीक्षक, एक पुलिस अधीक्षक, 2 पुलिस उपाधीक्षक एवं निरीक्षक स्तर के अधिकारी की तत्काल तैनाती की जाए। जिनको स्थापना सम्बन्धी कार्यों का अनुभव हो। इस विशेष बल के संचालन के लिए तैयार की जा रही नियमावली को भी एक सप्ताह में शासन के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस बल को शीघ्र क्रियाशील करने के लिए तात्कालिक रूप से 3 वर्ष के लिए प्रतिनियुक्त पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर ली जाए। उसके बाद चरणबद्ध रूप से नियमानुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## जीआई उत्पादों को बढ़ावा देने में रॉ मैटीरियल बैंक की स्थापना की जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वाराणसी** परिक्षेत्र के जीआई जीओग्राफिकल इंडीकेटर उत्पाद के निर्यातकों की समस्याओं के समाधान, ब्रान्डिंग तथा मार्केटिंग के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा दिए जाने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव आरके तिवारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की।

मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न जीआई उत्पादों के लिए प्रशिक्षण एवं कौशल विकास का एक कैलेण्डर तैयार कर लिया जाए तथा प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर उनकी ट्रेनिंग शुरू करा दी जाए। जीआई उत्पादों के लिए रॉ मैटीरियल बैंक की स्थापना पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय कारीगरों, शिल्पियों एवं बुनकरों को अच्छी गुणवत्ता एवं उनकी जरूरत के अनुसार रॉ मैटीरियल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए ताकि वाजिब मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता का कच्चा माल उन्हें हमेशा उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिल्क का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है तथा इसे वन वन विभाग एवं मनरेगा के सहयोग से शहतूत का वृहद स्तर पर प्लान्टेशन कराकर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में सिल्क का उत्पादन होता है उन जनपदों में बड़े पैमाने पर शहतूत का प्लान्टेशन कराया जाए तथा अच्छी गुणवत्ता व सस्ती कीमत पर सिल्क के लिए रॉ मैटीरियल मांग के अनुसार स्थानीय स्तर पर ही उत्पादन व उपलब्धता कराने के लिए प्रयास किए जाएं। अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में जीआई उत्पादों की मांग बढ़ाने के लिए ब्रान्डिंग की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न जीआई उत्पादों के विपणन के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के सम्बन्धित विभागों के साथ-साथ ईपीसीएच एवं फि क्की व इसी तरह की दूसरी संस्थाओं के सहयोग से नियमित अन्तराल पर ओडीओपी एक्जीबिशन आयोजित कराये जाएं।

## बिजली दरों में स्लैब परिवर्तन की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● उपभोक्ता परिषद ने ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

**यूपी** में बिजली दरों के स्लैब में परिवर्तन की फिर तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवार को विद्युत नियामक आयोग की राज्य सलाहकार समिति की मीटिंग में बिजली दर प्रस्ताव स्लैब परिवर्तन सहित बिजनेस प्लान पर चर्चा होगी। प्रदेश के उपभोक्ताओ की बिजली दरों में 16 प्रतिशत की कमी कराने के लिए उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से शक्तिभवन में मुलाकात की। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओ की बिजली दरों को राज्य सलाहकार समिति के मीटिंग में चर्चा के बाद अंतिम रूप विद्युत नियामक आयोग द्वारा दिया जाना है। ऐसे में सरकार का नैतिक कर्तव्य है की सरकार देश के दूसरे राज्यों की तरह प्रदेश के उपभोक्ताओं को कोरोना काल में उनकी बिजली दरों में कमी कराकर उपभोक्ताओं को उनका हक दिलाए। ऐसे में उपभोक्ता परिषद् के जनता प्रस्ताव को लागु कराने में सरकार अपना योगदान दे। उपभोक्ता परिषद् ने विद्युत नियामक आयोग में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की राय लेकर एक जनता प्रस्ताव सौपा है जो बिजली कम्पनिया पर नियामक आयोग द्वारा निकाले गए ट्रूअप व उदय में 13337 करोड़ रूपए के आधार पर 16 प्रतिशत बिजली दरों में कमी कराने को लेकर अगर सरकार उपभोक्ताओ की हित में पूरा साथ दे तो स्वता बिजली दरों में कमी हो जाएगी। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि पावर कार्पोरेशन अपनी अक्षमता का खामियाजा प्रदेश की उपभोक्ताओ पर डालना चाहती है।

## भाजपा सरकार में किसान सबसे ज्यादा उत्पीड़न के शिकार: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न के शिकार किसान हुए हैं। न तो उनकी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक रही है और नहीं उनका धान क्रय केन्द्रों से भुगतान हो रहा है। सिंचाई की दिक्कत अलग से है। अखिलेश यादव ने कहा कि दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज के त्योहार नजदीक हैं, किसान परेशान है कि वह कैसे ये पर्व मनाएगा। गन्ना किसानों को चीनी मिलें पिछले सत्र का भुगतान नहीं कर रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार सिर्फ सख्ती के खोखले आदेश जारी करती है, कोई उनकी परवाह नहीं करता है। अखिलेश ने कहा कि सरकार धान की कागजी खरीद के आंकड़े पेश करती है। हकीकत यह है कि बहुत जगहों पर धान क्रय केन्द्र खुले ही नहीं है। केन्द्रों में अव्यवस्था है। किसान परेशान हैं न तो फसल की समय से तौल हो रही है और नहीं भुगतान। धान क्रय केन्द्र किसान को साजिशन लौटाने का काम करते हैं, जिसका फायदा आसपास सक्रिय बिचौलिए या व्यापारी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तो भाजपा विधायक भी धान क्रय केन्द्रों में दलाली के आरोप लगाने लगे हैं। बिचौलिये और व्यापारी 9 सौ से एक हजार रुपये में धान खरीद रहे हैं जबकि सरकारी निर्धारित रेट 1888 रुपये प्रति कुंटल है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि चीनी मिलों को नए पेराई सत्र से पहले पिछले बकाया का भुगतान करना था लेकिन किसानों के हाथ मायूसी ही लगी।

**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 ई-निविदा सूचना** अनुभवी फर्मों/ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागो में मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें ई-टेण्डर के माध्यम से निम्न विवरणानुसार आमन्त्रित की जाती है। दिनांक 21.11.2020 को 13.00 बजे तक आनलाइन निविदा जमा की जायेगी जो दिनांक 21.11.2020 को सायं काल 16.00 बजे खोली जायेगी कृपया पूर्ण निविदा का विवरण / डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धि-करण एवं नियम व शर्तें सबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//:etender.up.nic.in को देखें। **क्र0सं0** 1, **निविदा विशिष्टि संख्या - 163/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21, कार्य का नाम** विद्युत वितरण मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न कार्यशाला खण्डों में स्थापित कार्यशालाओं हेतु सैन्ट्रीफ्युजिंग मशीन कैप 5000 एल0पी0एच0 के क्रय एवं स्थापना का कार्य। **धरोहर धनराशि रु0** 45500.00, **निविदा शुल्क जी0एस0टी0सहित रु0** 3540.00, **क्र0सं0** 2, **निविदा विशिष्टि संख्या - 164/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21, कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्डों के अन्तर्गत कार्यशील विभिन्न परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्रों में ट्रांसफार्मर टेस्टिंग पैनल के क्रय एवं स्थापना का कार्य। **धरोहर धनराशि रु0** 65000.00, **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित रु0** 3540.00, **क्र0सं0** 3, **निविदा विशिष्टि संख्या-165/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड वाराणसी के अन्तर्गत कार्यशील कार्यशाला केन्द्र कसया में Amorphous Core Cylindrical body type 10 केवीए, 16 केवीए, एवं 25 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रु0** 41500.00, **निविदा शुल्क जी0एस0 टी0सहित रु0** 3540.00, **क्र0सं0** 4, **निविदा विशिष्टि संख्या-166/वि0का0शा0मं0(वा0)/20-21 कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, गोरखपुर के अन्तर्गत कार्य-शाला केन्द्र देवरिया में 10,25,63 एवं 100 के0वी0ए0 क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। **धरोहर धनराशि रु0** 63000.00, **निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित रु0** 3540.00, **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी।** पत्रांक-1927, दिनांक - 05.11.2020 **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

पायनियर वर्गीकृत


**सूचना**

मैं गीता देवी पत्नी आर्मी नंबर 4194 315 N, L/Hav राम सागर निवासिनी ग्राम दौलतपुर पोस्ट बारुन, तहसील सोहावल, जिला फैजाबाद यह घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम गीता देवी से बदलकर गीता रानी रख लिया है एवं जन्म तिथि 10.10.1979 है। शपथ पत्र संख्या FN 077244 दिनांक 22.10.2020

**सूचना**

मेरा छोटा भाई राकेश कुमार पटेल एवं मेरे बीच आपसी बँटवारा हो चुका है। मैं अपनी माँ शान्ती देवी के अलावा, भाई राकेश कुमार पटेल व उसके परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं रखेगा। उसके द्वारा किये कार्यों की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद, निवासी - 25 मायरगंज, सुलेमसराय, थाना - धूमनगंज, प्रयागराज।

## महंगाई, महिला सुरक्षा सहित कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, गिरफ्तारी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिजली** के बढ़े दाम, बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, महिलाओं की सुरक्षा, धान खरीद में व्याप्त भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को परिवर्तन चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। विधान भवन तक पैदल मार्च निकालने का प्रयास कर रहे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। जिसके बाद पुलिस ने दर्जनों कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। इनमें से 25 कार्यकर्ताओं को जेल भेज दिया गया है जबकि बाकी को देर शाम छोड़ दिया गया। देश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गिरफ्तारी की कड़ी निन्दा करते हुए कहा है कि योगी सरकार का यह कदम पूरी तरह अलोकतांत्रिक एवं तानाशाहीपूर्ण रवैये को दर्शाता है। लल्लू ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि योगी सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर आयी है। कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। महिलाओं, युवाओं, बेरोजगारों, किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी आवाज उठाती रही है।

## माटीकला प्रदर्शनी शुरू, शिल्पकारों के उत्पादों को मिलेगी पहचान

### ● कारीगरों को बैंको के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते हुए स्थापित करायी जा रही इकाइयां: सिद्धार्थ नाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डालीबाग** स्थित उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रांगण में बृहस्पतिवार को माटी कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। माटी कला बोर्ड की ओर से आयोजित इस 10 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के खादी व ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया।

13 नवम्बर तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में जनपद मीरजापुर, कुशीनगर, आजमगढ़, बाराबंकी, बलिया, वाराणसी, उन्नाव, पीलीभीत ,लखनऊ, अयोध्या, कानपुर, गोरखपुर , बुलन्दशहर एवं प्रयागराज से आए शिल्पकारों द्वारा माटीकला प्रदर्शनी में अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात उत्कृष्ट शिल्पकारों द्वारा निर्मित माटीकला उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी के साथ साथ माटीकला उद्योग के क्रियात्मक प्रदर्शन का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. धर्मवीर प्रजापति अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मार्टीकला बोर्ड द्वारा की गयी। इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं महाप्रबन्धक माटीकला बोर्ड डॉ.नवनीत सहगल भी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ नाथ सिंह ने विभिन्न जनपदों से आए एवं प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर रहे शिल्पकारों एवं कारीगरों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मार्टीकला बोर्ड के माध्यम से प्रजापति समाज के व्यक्तियों को विगत 2 वर्षों से विद्युत चालित कुम्हारी चाक एवं मूर्तियां बनाने के लिए विभिन्न साइज की डाई का नि:शुल्क वितरण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के माध्यम से प्रदेश में माटीकला से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों को बैंको के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते हुए इकाइयां स्थापित करायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से न सिर्फ शिल्पकारों एवं कारीगरों को प्रोत्साहन मिलता है बल्कि अपने उत्पादों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु मंच उपलब्ध होता है ।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## बेरोजगारों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# सरगना सहित छह गिरफ्तार

### सचिवालय में समीक्षा अधिकारी से लेकर अन्य सरकारी महकमों में संविदा पर लिपिक व चपरासी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर करते थे ठगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने सचिवालय व अन्य सरकारी महकमों में विभिन्न पदों पर संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगारों को ठगने वाले गिरोह के सरगना सहित आधा दर्जन जालसाजों को लखनऊ के गोमती नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

एसटीएफ के मुताबिक विशाल प्रजापति निवासी राजाजीपुरम द्वारा लखनऊ के थाना गोमती नगर में धारा 406, 420, 467, 468, 504, 506 भादवि के तहत एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमे के अनुसार बीएसएन इन्फोटेक कम्पनी विपुल खण्ड-2 के माध्यम से सिद्धनाथ शाह व उसके गैंग के सदस्यों द्वारा विशाल प्रजापति को सचिवालय मे समीक्षा अधिकारी के पद पर संविदा पर नौकरी दिलवाने के लिए 25000 रुपए एडवांस में लेकर 15 लाख रुपए में नौकरी दिलवाने और उसके मित्र अनुराग यादव से 10000 रुपए एडवांस लेकर पांच लाख में अयोध्या नगर निगम में संविदा पर नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगी की गयी। इस संबंध में एसटीएफ मुख्यालय की टीम ने छानबीन प्रारंभ की। सटीक सूचना के आधार पर बीते बुधवार को एसटीएफ की टीम ने स्थानीय गोमतीनगर पुलिस के साथ मिलकर विपुल खंड से बैंक के सरगना सिद्धनाथ शाह निवासी सी-4114 सेक्टर 6 सपना कालोनी राजाजीपुरम के अलावा धीरज कुमार मिश्रा निवासी एस-2, बी-9 बसेरा अपार्टमेंट अवध बिहार योजना पीजीआई, विकास प्रसाद उर्फ रोनी निवासी ई-1252 निकट रूपम चौराहा राजाजीपुरम, जितेन्द्र कुमार सिंह निवासी न्यू नन्दी बिहार कालोनीए मल्हौर रोड चिनहट, दूधनाथ कुशवाहा निवासी गायत्री कालोनी सेक्टर 12 कृष्णानगर और बीएसएन इन्फोटेक कम्पनी के डायरेक्टर राकेश कुमार त्रिपाठी निवासी विनीत खण्ड गोमती नगर को गिरफ्तार किया। सिद्धनाथ शाह ने बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है । हम लोग बेरोजगार युवक युवतियों को विभिन्न सरकारी विभागों मे संविदा पर पद के अनुसार 1 लाख रुपए से 15 लाख रुपए लेकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करते हैं। इस काम मे बेरोजगार युवक-युवतियों को समझा बुझाकर रुपया देने के लिए राजी करने का काम मेरे साथ रोमी करता है। इसके बाद धीरज कुमार मिश्रा, जितेन्द्र कुमार व दूधनाथ कुशवाहा के साथ मिलकर राकेश कुमार त्रिपाठी डायरेक्टर बीएसएन इन्फोटेक कम्पनी जो आउट सोर्सिंग का काम करती है, से मीटिंग कराकर बेरोजगार युवक युवतियों को विभिन्न सरकारी विभागों में संविदा पर नौकरी दिलाने का विश्वास दिलाकर उनसे चतुर्थ श्रेणी के लिए रुपया पचास हजार से एक लाख, लिपिक संवर्ग, कम्प्यूटर आपरेटर के लिए रुपया दो लाख से तीन लाख, सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के लिए रुपया पन्द्रह लाख में बात करते है व टोकन मनी के रूप मे कुछ रुपया व उनके दस्तावेजों की एक प्रति लेकर उनको व्हाट्सएप और ईमेल के माध्यम एक आवेदन पत्र भेजकर भरवाते हैं। इसके बाद उनका एक फर्जी इंटरव्यू संतोष सिंह संचालक बस्ती सिक्योरिटी, राजीव पटेल संचालक गोरखा इन्फोटेक कम्पनी व राकेश कुमार त्रिपाठी डायरेक्टर बीएसएन इन्फोटेक कम्पनी में कराते हैं। इसके कुछ दिन बाद आवेदकों को कूटरचित नियुक्ति पत्र दे देते हैं। ठगी से प्राप्त रुपया हम लोग आपस मे मिलकर बांट लेते हैं। जब बेरोजगार युवक-युवती नौकरी ज्वाइन करने पंहुचते है तो उनको वहां ज्वाइनिंग नहीं मिलती है । इस कारण वो अपना रुपया वापस मांगते हैं तो हम लोग उनको कुछ दिन में नौकरी मिलने की बात कह कर टालते रहते हैं। अगर कोई आवेदक बार बार रुपया वापस मांगता है तो हम लोग उनको डरा धमका कर भगा देते हैं।

## तंगी के चलते पढ़ाई को लेकर सड़क पर उतरे बच्चे, मिली मदद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की वजह से पति की नौकरी छिन जाने के बाद आर्थिक तंगी में गुजर रहे परिवार के दो बच्चों को स्कूल द्वारा निकाले जाने के बाद गुरुवार को मजबूरन बच्चे व उनकी मां को स्कूल के बाहर तख्ती लेकर मदद के लिए खड़ा होना पड़ा। जिसके बाद मददगारों के हाथ बढ़े और उन्होंने मदद दी, जिसके बाद परिवार को बच्चों के भविष्य को लेकर राहत मिली। राजधानी के लालकुआं निवासी अनूप के दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी यशस्वी सिंह कक्षा पांच और छोटा बेटा अरोह कक्षा तीन में पढ़ते हैं। दोनों बच्चे हजरतगंज के सेवेंथ डे एडवांटिस्ट स्कूल में पढ़ते हैं। अनूप बताते हैं कि वह एक रियल स्टेट कम्पनी में काम करते थे। बीते जून में नौकरी चली गई। उन्होंने मई जून तक की पूरी फीस जमा कर दी थी। लेकिन उसके बाद के करीब चार महीनों का 16 हजार के आसपास नहीं जमा कर पाए। इस पर स्कूल वालों ने बच्चों का नाम काट दिया। बच्चों की मां सोनी सिंह ने बताया कि उन्होंने थोड़ा थोड़ा पैसा जमा करने की भी बात कही लेकिन स्कूल में कोई सुनने के लिए तैयार नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि स्कूल के सामने से गुजर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अरमान खान ने इनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाए। अनूप ने बताया कि अरमान खान ने उनकी दो महीने की फीस करीब 8 हजार रुपये जमा करा दिए। जिसके चलते अब बच्चे स्कूल जा सकते हैं।

## तीन हजार से ज्यादा मरीजों को मिला

# ई-कोविड केयर सपोर्ट से इलाज



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड** के दौर में प्रदेश के 52 मेडिकल कालेजों में ई कोविड केयर सपोर्ट नेटवर्क के माध्यम से 3086 मरीजों को इलाज मिला है। गुरुवार को यह जानकारी प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे ने दी है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि अब तक ई.सीसीएस प्रणाली के माध्यम से प्रदेश के मेडिकल कालेजों में भर्ती 3086 गंभीर मरीजों के लिए प्राइमरी एवं एडवांस हब के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया जा चुका है। एडवांस हब के रूप में केजीएमयू द्वारा सर्वाधिक 700 मरीजों हेतु विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया है। प्राइमरी हब में एलएलआरएम मेडिकल कालेज मेरठ के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सर्वाधिक 664 क्रिटिकल मरीजों के बेहतर उपचार हेतु परामर्श दिया जा चुका है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ई.कोविड केयर सपोर्ट नेटवर्क के तहत प्रदेश के कोविड चिकित्सालयों को 3 प्राइमरी हब तथा 3 एडवान्स हब से जोड़ा गया है। इसमें प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों को प्राइमरी हब एलएलआरएम मेडिकल कालेज मेरठ एवं एडवांस हब पीजीआई लखनऊ से जोड़ा गया है। मध्य क्षेत्र के कोविड चिकित्सालयों के लिए प्राइमरी हब के रूप में जीएसवीएम मेडिकल कालेज कानपुर एवं एडवांस हब के रूप में केजीएमयू लखनऊ को स्थापित किया गया है। प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों के कोविड चिकित्सालयों में भर्ती क्रिटिकल मरीजों हेतु विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान करने के लिए प्राइमरी हब के रूप में एमएलएन मेडिकल कालेज प्रयागराज एवं एडवांस हब के रूप में आईएमएस बीएचयू वाराणसी को विकसित किया गया है।

## राजधानी में 221, सूबे में मिले कोरोना के 1879 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** में गुरुवार को कोरोना वायरस के 1879 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 221 केस सामने आए हैं। सूबे में 23150 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3144 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7131 मरीजों की और राजधानी में 905 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 487335 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2210 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 457708 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 215, कानपुर में 61, प्रयागराज में 114, गोरखपुर में 29, गाजियाबाद में 115, नोएडा में 169, वाराणसी में 83, मेरठ में 115, बरेली में 26, मुरादाबाद में 25, अलीगढ़ में 31, झांसी में 37, सहारनपुर में 20, आगरा में 64, अयोध्या में 11, बाराबंकी में 13, बलिया में 16, लखीमपुर खीरी में 17, शाहजहांपुर में 16, देवरिया में 10, मुजफ्फरनगर में 21, जौनपुर में 10, महाराजगंज में 7, आजमगढ़ में 16, कुशीनगर में 5, मथुरा में 37, रामपुर में 1, इटावा में 17, बुलंदशहर में 31, बस्ती में 20, प्रतापगढ़ में 14, गोंडा में 11, गाजीपुर में 6, सीतापुर में 12, उन्नाव में 10, सुल्तानपुर में 17, फर्रुखाबाद में 23, रायबरेली में 25, चंदौली में 17, सोनभद्र में 17, अमरोहा में 12, सिद्धार्थनगर में 5, पीलीभीत में 16, बहराइच में 9, बिजनौर में 17, हापुड़ में 27, बदायूं में 18, मैनपुरी में 12, कन्नौज में 16, फिरोजाबाद में 29, फतेहपुर में 31, अमेठी में 14, संत कबीर नगर में 4, जालौन में 30, मिर्जापुर में 13, ललितपुर में 5, शामली में 9, औरैया में 25, मऊ में 4, बांदा में 18, संभल में 16, एटा में 16, कौशांबी में 5, भदोही में 4, बलरामपुर में 8, चित्रकूट में 12, अंबेडकरनगर में 2, कासगंज में 15, बागपत में 15, हमीरपुर में 10, हाथरस में 3, श्रावस्ती में 3, महोबा में 9 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

## जिलों में कोरोना वैक्सीन के रख-रखाव के लिए बनेंगे वेयर हाउस

**लखनऊ।** कोरोना वायरस पर नियंत्रण को लेकर ट्रायल के दौर में चल रही वैक्सीन के भंडारण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए जनपद स्तर पर वेयर हाउस बनाये जाएंगे। जहां से आवश्यकतानुसार इनकी सप्लाई सुनिश्चित हो सके।वैसे तो हर जनपद में डिस्ट्रिक वैक्सीन स्टोर, कोल्ड चेन सेंटर बने हुए हैं। मगर इनमें रूटीन टीकाकरण से जुड़ी वैक्सीन रखने की ही क्षमता है। ऐसे में अब जिलों में कोरोना वैक्सीन को सुरक्षित रखने के लिए नए वैक्सीन स्टोर बनाने का निर्णय लिया गया है। राजधानी में इसके लिए ऐशबाग में कोरोना वैक्सीन स्टोर बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। सीएमओ डॉ. संजय भटनागर के मुताबिक दस लाख रुपये का प्रोजेक्ट बनाया गया है। अर्बन सीएचसी ऐशबाग में चार कमरों का वैक्सीन स्टोर होगा। यहां भवन की मरम्मत के साथ साथ अन्य संसाधन खरीदे जाएंगे। कोरोना वैक्सीन को निश्चित तापमान पर रखने की बिल्कुल अलग व्यवस्था होगी। इसके लिए पहले पांच आइसलाइन रफ्रीजरेटर व पांच डीप फ्रीजर खरीदे जाएंगे।

## दो महिलाओं समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर दे दी जान

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट इलाके में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वहीं जानकीपुरम निवासी मुकेश ने भी फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली जबकि जानकीपुरम की ही एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चिनहट के शिवपुरी कॉलोनी में रहने वाले शैलेन्द्र सिंह का विवाह दो साल पहले 26 वर्षीय संतोष के साथ हुआ था। शैलेन्द्र यहां पत्नी समेत मां व भाई के साथ रहकर ब्रोकर का काम करते है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात घर के सभी लोग रोज की तरह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए थे। देर रात महिला संतोष ने अपने कमरे की छत पर लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। सुबह महिला को फंदे से लटका देख परिजनों उसे लोहिया अस्पताल ले गएए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी क्रम में जानकीपुरम के गोडियापुरवा इलाके में रहने वाले संतोष कश्यप ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 6 बजे उनकी 28 वर्षीय पत्नी आरती कश्यप ने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक मृतका का विवाह 10 साल पहले हुआ था, उनका एक बेटा व एक बेटी है। वहीं पति संतोष मुम्बई में काम करते है। वहीं चिनहट के बड़ी देवरिया इलाके में 21 वर्षीय मुकेश मौर्या अपने परिवार संग रहता था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार करीब सात बजे मुकेश ने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी होने के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## एसजीपीजीआई के प्रवेश द्वार से अतिक्रमण न हटने पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एसजीपीजीआई** के प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तल्ख टिप्पणी की है। पीठ ने कहा है कि हम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर डीएम व एलडीए वीसी की चुप्पी से आश्चर्य में हैं। पीठ ने अब एलडीए के साथ ही राज्य सरकार के वकीलों को भी इस मामले में निर्देश प्राप्त कर अवगत कराने का आदेश दिया है।जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश प्रेम शंकर पांडेय की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में एसजीपीजीआई के प्रवेश द्वार से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए आठ सदस्यीय एक टीम गठित की गई थी। 10 दिसंबर 2019 को जारी इस टीम की रिपोर्ट में स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण का ब्यौरा था। लेकिन उक्त रिपोर्ट पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीठ ने इस पर हैरानी जताई। पीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से वकील मनीष मिश्रा, नगर निगम की ओर से अमित कुमार द्विवेदी व एलडीए की ओर से रत्नेश चंद्रा मौजूद रहे।

## सीडीएस परीक्षा आठ को, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आगामी 8 नवंबर को संघ लोक सेवा आयोग दिल्ली द्वारा आयोजित सीडीएस की परीक्षा को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। राजधानी लखनऊ में बनाए गए 45 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है । इस संबंध में संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीन अरोड़ा ने बताया कि 45 परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा को लेकर 5 सुपर जोन, 13 जोन बनाए गए हैं । सुपर जॉन में एडीसीपी को प्रभारी बनाया गया है। वहीं जोन में एसीपी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा की पहली पाली नौ से 11 तक, दूसरी पाली 12बजे से 2 बजे तक और तृतीय पाली 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इस दौरान 21 प्रभारी निरीक्षक, 45 एसआई, 90 पुरुष व 45 महिला सिपाहियों को लगाया गया है।

## एकेटीयू की ऑनलाइन-ऑफलाइन कक्षाएं आज से

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कालेजों में शुक्रवार से पहले बैच के छात्रों को छोड़कर अन्य वर्ष के स्टूडेंट्स की ऑनलाइन-ऑफलाइन कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। जबकि पहले बैच के छात्रों की कक्षाएं 24 नवम्बर से शुरू होंगी। विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक के मुताबिक विवि के सम्बद्ध संस्थानों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य समस्त विद्यार्थियों की कक्षाएं, वर्कशॉप, प्रोजेक्ट कक्षाएं एवं अन्य आतंरिक कक्षाएं शुक्रवार से ऑनलाइन एवं ऑफ़लाइन माध्यम से संचालित की जाएँगी। कोविड.19 महामारी से नियंत्रण एवं बचाव हेतु जारी केंद्र एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशों का पूर्णतया पालन ऑफलाइन कक्षाएं संचालन में संस्थानों द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। वहीं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के सेंटर फार एडवांस स्टडीज में गुरुवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में तीन दिवसीय इंटरनेशनल वेबपोसियम का शुभारम्भ हुआ। संगोष्ठी का विषय इंटरननेशनल ट्राईबोलाजी रिसर्च सिम्पोजियम है।

## एलयू के ऑडिट में 70 परसेंट सेल्फ फाइनेंस कॉलेज फेल

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी एकेडमिक कालेजो का रिकार्ड काफी खराब है। इस बात का खुलासा विवि की तरफ से सम्बद्ध डिग्री कालेजों का कराये गए एकेडमिक आडिट के दौरान हुआ है। विवि से सम्बद्ध कालेजों में 70 फीसदी ऐसे कालेज हैं, जहां मानक के अनुरूप चीजें नहीं मिली हैं।

विवि से सम्बद्ध कॉलेजों में करीब 125 कॉलेजों की स्थिति खराब है। विवि से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में से करीब 70 प्रतिशत ऐसे हैं, जहां शिक्षा का स्तर मानक से काफी नीचे है। इन कॉलेजों में सेमेस्टर मोड में सिलेबस होने के बाद भी रेग्युलर क्लासेस नहीं होती हैं। ऑडिट रिपोर्ट में इन कॉलेजों के प्रिंसिपल का नाम और मोबाइल नंबर, शिक्षकों के नाम और मोबाइल नंबर और फोटोग्राफ, कोर्स और सीटों की संख्या का विवरण और बीते वर्षों में प्लेसमेंट रिकार्ड क्या है। इस आधार पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।ऑडिट में सामने आया है कि एलयू से संबद्ध सेल्फ फाइनेंस कॉलेज फैकेल्टी की कमी से जूझ रहे हैं। कई कॉलेजों में बहुत से डिपार्टमेंट ऐसे हैं, जहां एक टीचर के भरोसे ही क्लास चलाई जा रही हैं।

## सीएए और एनआरसी का विरोध करने वाले वांछितों के भी लगाए गये पोस्टर




**लखनऊ।** पुराने लखनऊ इलाके में कई स्थानों पर सीएए और एनआरसी का विरोध करने वाले आठ आरोपियों के पोस्टर लगाए गये है। जिसमें से आठ पर गैंगेस्टर का आरोप है। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि 14 आरोपियों के पोस्टर लगाए गये है। जिन पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश है। इंस्पेक्टर की माने तो सभी आरोपियों पर 5000 इनाम घोषित किया गया है और वह वांछित हैं। इसलिए उनके पोस्टर लगाए गये। पुलिस के अनुसार ठाकुरगंज थाना क्षेत्रान्तर्गत कई जगह आरोपियों के पोस्टर लगाए गयेए जिसमें मौलाना सैफ अब्बास सहित 14 अन्य आरोपियों के पोस्टर हैं। इनमें आठ प्रदर्शनकारियों को गैंगस्टर के मुकदमे में वांटेड घोषित किया गया। इसके अलावा बताया कि आरोपियो के घर के बाहर भी पोस्टर व नोटिस चिपकाया गया। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि बीते 19 दिसम्बर को सीएए, एनआरसी के विरोध में उग्र प्रदर्शन करने पर इन्हें चिन्हित किया गया था। पुलिस आयुक्त सुजीत पांडे ने बताया कि इनमें से तीन ने सरेंडर कर दिया है।

## लविवि: शताब्दी वर्ष में मचेगा धमाल

### होंगे विविध कार्यक्रम, एक वर्ष तक रूबरू होंगे छात्र, अनुपम खेर, कुमार विश्वास, मालिनी अवस्थी, कुमकुम धर जैसे दिग्गज होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 19 नवम्बर से लेकर 25 नवम्बर तक चलने वाले शताब्दी समारोह के कार्यक्रम औपचारिक तौर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कोरोना काल में सीमित कार्यक्रम के आयोजन पर विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने कहा है कि शताब्दी वर्ष को एक सत्र के लिए विस्तारित किया जाएगा। जिससे परिस्थितियों के अनुकूल होने पर कैम्पस आने वाले स्टूडेंट्स विवि के बारे में जान सकें। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि कोविड 19 के चलते शताब्दी वर्ष समारोह के आयोजन नहीं हो सके। इसलिए विवि के 100 वर्ष पूरा करने के बाद भी कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन के मसले पर उन्होंने कहा कि अभी कन्फर्मेशन नहीं मिला है। शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत पद्मश्री मालिनी अवस्थी व कवि यतीन्द्र मिश्र की अवध की रोशन चौकी से होगी। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में हर दिन मुख्य अतिथि के तौर पर बड़ी हस्ती शिरकत करेंगी। जिसमें बॉलीवुड कलाकार अनुपम खेर, युवा कवि कुमार विश्वास, केरल के गर्वनर सलीम आरिफ आदि शामिल होंगे। फ़िल्म अभिनेता अनुपम खेर वर्चुअल तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि शताब्ददी वर्ष के दौरान विवि में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए स्टेट गवर्नमेंट को 50 करोड़ और सेंट्रल गवर्नमेंट को 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है।

**डाक टिकट व सिक्के के लांचिंग की तैयारी**

कुलपति प्रो आलोक राय ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर विवि की तरफ से डाक टिकट व सिक्का जारी करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए डाक विभाग और भारत सरकार से प्रयास किया जा रहा है।

**रिलीज होगा एलयू का एंथम:** लखनऊ यूनिवर्सिटी अपना एक एंथम तैयार किया है जो कि शताब्दी समारोह पर रिलीज किया जाएगा। इसे स्टूडेंट्स गाते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा एलयू अपनी एक पुस्तक का भी विमोचन करेगा। जिसमें एलयू का पूरा इतिहास समाहित होगा। इसके अलावा लखनऊ यूनिवर्सिटी की भविष्य में किये जाने वाले कार्यों का भी जिक्र होगा।

**24 नवंबर को एलुमिनाई मीट:**शताब्दी समारोह में 24 नवंबर को एलुमिनाई मीट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें केरल के राज्यपाल आरिफ मोह मद शिरकत करेंगे। इस इवेंट को दो भागों में बांटा गया है। 24 नवंबर को अंडर 50 के एलुमिनाई आएंगे। वहीं दूसरे दिन 25 नवंबर को समारोह के अंतिम दिन 50 वर्ष से ऊपर व सभी एलुमिनाई शिरकत करेंगे।

**धरोहर का दर्जा दिलाने का प्रयास:**कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि लखनऊ यूनिवर्सिटी को 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं। यहां से पढ़कर बड़ी बड़ी हस्तियां निकल चुकी हैं। जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर याति प्राप्त की है। वहीं एलयू खुद अपने आप में एक धरोहर है इसलिए इसे हम एक धरोहर का दर्जा दिलाना चाहते हैं। इसका प्रस्ताव भी सरकार को भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।वहीं शताब्दी समारोह केवल एलयू के स्टूडेंट्स तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि राजधानी के स्कूलों के बच्चों को भी यहां विजिट के लिए बुलाया जाएगा।

## बीडीसी हत्याकांड: खोखला साबित होता नजर आया पुलिस सुरक्षा का वादा

**संवाददाता।** मोहनलालगंज। सांसद के लौटते ही बीडीसी सदस्य विजय प्रताप रावत के खौफ्जदा परिवार को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने का भरोसा चौबीस घण्टे में ही खोखला साबित होता नजर आया। शव के अंतिम संस्कार के बाद बुधवार की शाम वापस गई पुलिस गुरुवार को दहशतजदा परिवार का कुशलक्षेम जानने की भी फुरसत नहीं निकाल सकी। लिहाजा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पासी वंश संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलेश रावत ने हकीकत जानकर पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर दहशतजदा परिवार को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने का भरोसा दिया है। मोहनलालगंज के पूरनपुर गांव निवासी बीडीसी सदस्य विजय प्रताप रावत की हत्या के बाद दहशतजदा परिवार ने बुधवार को पुलिस सुरक्षा और मुआवजे की मांग लेकर पोस्टमार्टम से वापस गांव लाए गए शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। जिस पर भाजपा सांसद कौशल किशोर ने गांव पहुंचकर परिवारीजन को सरकारी योजनाओं से हरसंभव आर्थिक मदद और पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने का भरोसा दिया था। लेकिन विजय प्रताप रावत के शव का अंतिम संस्कार कराने के चौबीस घण्टे बाद ही पुलिस अधिकारियों ने सांसद का वादा भुला दिया।

## यूपीएसईई तीसरे चरण की काउंसिलिंग 10 से

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने दाखिले को लेकर यूपीएसईई 2020 की काउंसलिंग में बदलाव किया है। तीसरे चरण की काउंसलिंग अब 10 नवम्बर को शुरू की जाएगी। खाली सीट पर दाखिले के लिए आगामी 26 नवम्बर से स्पेशल राउंड का आयोजन किया जाएगा।


**SBC EXPORTS LIMITED**
(CIN: U18100UP2011PLC043209)
Regd. Off: House No.-20, Lohiya Talab, Choti Basahi
P.O.: Vindhyachal Mirzapur Up 231307 In
Email-Id: info@sbcel.com; Website: www.sbcexportslimited.com

NOTICE

**Notice** is hereby given that pursuant to the Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 a meeting of the Board of Directors of the Company will be scheduled to held on **Friday, 13th November, 2020 at 5.00 P.M** at the Corporate office of the Company i.e. 49/95 Site-IV Sahibabad Industrial Area Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010 to transact, inter-alia, consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for half year and year ended September 30, 2020 or any other matter with permission of the chairman.

By the order of Board
For **SBC Exports Limited**
Sd/-
Hariom Sharma
Company Secretary

Place: Sahibabad
Date : 05.11.2020



**RICH UNIVERSE NETWORK LIMITED**
(Formerly Known as Rich Capital & Financial Services Limited)
Regd. Office: 7/125, (C-2), 2nd Floor, Swaroop Nagar, Kanpur- 208002
Phones: 0512-3391881 • Tele Fax : 0512-2540293, CIN: L51100UP1990PLC012089
E-mail: rcfsl@rediffmail.com •investors@richuninet.com• website: richuninet.com

**STATEMENT OF STANDALONE UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2020**

(Rs. in Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Three months ended 30/09/2020 Un-audited | Preceding three months ended 30/06/2020 Un-audited | Corresponding three months ended in the previous year 30/09/2019 Un-audited | Year to date figures for the current period ended 30/09/2020 Un-audited | Year to date figures for the previous period ended 30/09/2019 Un-audited | Previous Financial Year ended 31/03/2020 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations (net) | 784.79 | 3.39 | 18.63 | 785.13 | 39.09 | 80.85 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items) | 25.60 | (5.68) | (5.99) | 19.92 | (10.88) | (53.11) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 25.60 | (5.68) | (5.99) | 19.92 | (10.88) | (53.11) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 25.60 | (5.68) | (5.99) | 19.92 | (10.88) | (53.11) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Net Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 25.60 | (5.68) | (5.99) | 19.92 | (10.88) | (53.11) |
| 6 | Equity Share Capital | 725.28 | 725.28 | 725.28 | 725.28 | 725.28 | 725.28 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet) | - | - | - | - | - | (20.34) |
| 8 | Earnings per share (Face Value Rs. 10/- each) (for continuing and discontinuing operations): | | | | | | |
| | (a) Basic | 0.35 | 0.00 | 0.00 | 0.27 | 0.00 | 0.00 |
| | (b) Diluted | 0.35 | 0.00 | 0.00 | 0.27 | 0.00 | 0.00 |

**Note :**

1. The above financial results have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors of the Company at their meeting held on 05.11.2020 and the Statutory Auditor of the Company has issued their Limited Review Report on the same.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Bombay Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements, 2015.
The full format of the Quarterly and Half Yearly Financial Results are available on the Bombay Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on the Company's website (www.richuninet.com).

For Rich Universe Network Limited
Sd/-
(Shashwat Agarwal)
Chairman & Managing Director
DIN: 00122799

Date : 05.11.2020
Place : Kanpur

# मानवता के हित में गंभीर विषयों पर शोध करें छात्र

## राज्यपाल ने कोविड मरीजों की चिकित्सा में सराहनीय कार्य करने वाले मेडिकल संस्थानों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि मेडिकल छात्रों को गम्भीर विषयों पर शोध करना चाहिए ताकि उनके शोध का लाभ पूरी मानवता को मिले। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी गम्भीर अनुसंधान कार्य पर विशेष बल दिया गया है। राज्यपाल गुरुवार को राजभवन में लखनऊ स्थित कोविड अस्पताल घोषित निजी मेडिकल कालेजों की समस्याओं पर बैठक कर रही थीं।

राज्यपाल ने कोविड मरीजों की देखभाल में सराहनीय कार्य करने के लिए मेडिकल कालेजों की प्रशंसा की और कोविड मरीजों की चिकित्सा में सराहनीय कार्य करने वाले एरा मेडिकल कालेज, टीएस मिश्रा मेडिकल कालेज और इंटीग्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब किसी को इस बीमारी के विषय में ज्यादा कुछ पता नहीं था कि इससे किस तरह से निपटना है तो ऐसी विषम परिस्थिति में सरकार के सहयोग से यहां के चिकित्सकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कोविड मरीजों की उचित देखभाल एवं सेवा की है। यह उसी का परिणाम है कि यहां मरीजों की मृत्यु दर काफी कम रही। उन्होंने कहा कि अभी कोरोना जैसी गम्भीर बीमारी खत्म नहीं हुई है, आप सभी को आगे भी इससे निपटने के लिये तैयार रहना होगा क्योंकि कहीं-कहीं कोरोना मरीजों की संख्या पुनः बढ़ रही है। आनंदीबेन पटेल ने शुल्क वृद्धि के संबंध में कहा कि मेडिकल की पढ़ाई काफी खर्चीली है। यहां गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चे भी मेडिकल की पढ़ाई करने आते हैं, ऐसे में इनकी आर्थिक स्थिति पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ये बच्चे शुल्क वृद्धि को कैसे दे पायेंगे। मेडिकल कालेजों को सरकार के साथ बैठकर एक बीच का रास्ता निकालना चाहिए जिससे कालेजों की भी समस्या दूर हो और अभिभावकों पर ज्यादा भार न पड़े। आपस में मिल बैठकर चर्चा करने से हर समस्या का समाधान निकल सकता है।

राज्यपाल ने एरा मेडिकल कालेज द्वारा विकसित कम्प्यूटर एडेड रिवीजन एण्ड इवैल्यूएशन ऐप को निःशुल्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर कहा कि इसे अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायें जो अन्य मेडिकल कालेजों को उपलब्ध करायेगा। इस ऐप के माध्यम से छात्र दिन प्रतिदिन पढ़ाई जाने वाली विषय वस्तु का आसानी से रिवीजन कर सकते हैं। उन्होंने इंटीग्रल मेडिकल कालेज के देयों का भुगतान यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि मेडिकल कालेजों के लिए सरकार द्वारा जो व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, उसमें अपनी समस्याओं को दर्ज करायें, जिससे उनका निराकरण यथाशीघ्र हो सके। राज्यपाल ने प्रसाद इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ को शीघ्र फैकल्टी पूरा कर शिक्षण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुःख की बात है कि निजी मेडिकल कालेज मान्यता मिल जाने के बाद बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान कम तथा बचत पर ध्यान ज्यादा होता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। क्षय रोग से उत्तर प्रदेश को वर्ष 2025 तक मुक्ति दिलाने की दिशा में राज्यपाल ने मेडिकल कालेजों को 15-15 टीबी रोग से ग्रस्त बच्चों को गोद लेकर देखभाल करने का लक्ष्य दिया जिसे इन कालेजों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

# नेशनल ब्राडबैंड मिशन से आसान होगी ऑनलाइन पढ़ाई

- गांवों के भी छात्र आसानी से जुड़ सकेंगे सरकार की डिजिटल लाइब्रेरी से
- प्रदेश की 45 हजार ग्राम सभाओं में पांच महीने में हाईस्पीड इंटरनेट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले छात्रों के लिए ऑनलाइन पढ़ाई की राह आसान होगी। योगी सरकार नेशनल ब्राडबैंड मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत देने जा रही है। इससे इंटरनेट की खराब कनेक्टिविटी की वजह से ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। अगले पांच महीनों में प्रदेश सरकार 45 हजार ग्राम सभाओं को हाईस्पीड इंटरनेट से जोड़ने जा रही है। इससे छात्र-छात्राएं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ उठा सकेंगे। वे पढ़ाई के लिए कंटेंट को आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे।

प्रदेश में 16 राज्य, एक मुक्त, 27 निजी विश्वविद्यालयों के अलावा एक डीम्ड विश्वविद्यालय है। इसके अलावा 170 शासकीय, 331 अशासकीय महाविद्यालय समेत 7183 निजी महाविद्यालय हैं। इनमें 1969206 छात्र और 2214786 छात्राएं पढ़ रही हैं। उच्च शिक्षा अधिकारी आलोक श्रीवास्तव बताते हैं कि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती हैं। ऐसे में ग्रामीण परिवेश से महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 60 प्रतिशत से कम नहीं होगी। गांव में हाईस्पीड इंटरनेट सेवा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं होगी। नेशनल ब्राडबैंड मिशन योजना के तहत अगले पांच महीनों में योजना के पहले चरण में सरकार 620 ब्लाकों की 45 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में हाई स्पीड इंटरनेट सेवा को उपलब्ध कराने का काम करेगी। सरकार की ओर से शुरू की जा रही नेशनल ब्रांडबैंड योजना से ग्रामीण छात्रों को काफी फायदा होगा। कोरोना संकट को देखते हुए यूजीसी ने भी अभी हाल में छात्रों को पाठ्यक्रम का 20 प्रतिशत कंटेंट ऑनलाइन पढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। इससे निश्चिति ही छात्रों को सरकार की ओर से एक बड़ा तोहफा दिया जा रहा है।

प्रदेश प्राविधिक विश्वद्यिलाय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक बताते हैं कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले करीब 65 प्रतिशत छात्र ग्रामीण परिवेश से हैं। नेशनल ब्राडबैंड योजना से जब गांवों में तेज रफ्तार इंटरनेट पहुंचेगा तो ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान आ रही उनकी दिक्कतें दूर होंगी। इस योजना से युवाओं के एक बड़े तबके को राहत मिलेगी। तकनीकी विश्वविद्यालयों में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवेश के छात्रों के सामने ऑनलाइन पढ़ाई परेशानी का सबब है। ऐसे में नेशनल ब्राडबैंड योजना इन छात्रों को एक बड़ी राहत देगी। एकेटीयूए एचबीटीयू में ऑनलाइन पढ़ाई से जुड़ी दिक्कतों को लेकर छात्रों ने अपनी परेशानी प्रशासन को बताई थी।

प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने अभी हाल ही में छात्रों को बेहतर ऑनलाइन शिक्षा देने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश सरकार की डिजिटल लाइब्रेरी में 23 राज्य विश्वविद्यालयों के लगभग 1,700 शिक्षकों ने विज्ञान, वाणिज्य समेत कई कई विषयों पर 53,000 से अधिक ई.सामग्री सामग्री अपलोड की है। इस कंटेंट को छात्र मुफ्त में डाउनलोड करके पढ़ाई कर सकते हैं। नेशनल ब्राडबैंड योजना से ग्रामीण परिवेश के छात्र आसानी से इस कंटेंट को डाउनलोड कर सकेंगे।

## डॉ. वीएस नारायण सेवानिवृत्त



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो वीएस नारायण गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने कहा कि डॉ वी नारायण एक योग्य चिकित्सकए शिक्षक होने के साथ ही बेहतरीन इंसान भी हैं। आज के युवा चिकित्सकों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। प्रो वीएस नारायण के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ नारायण ने अपना पूरा जीवन मरीज के उपचार एवं उनकी सेवा में लगाया है जो आज के युवा चिकित्सकों के लिए एक प्रेरणा है। इसके साथ ही उन्होंने डॉ नारायण को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## 24 घंटे बाद भी नहीं हुई मृतक की शिनाख्त

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में बुधवार को पसिन ढकवा गांव के पास इंदिरा नहर में एक 35 वर्षीय युवक का शव सफेद चादर में लिपटा मिला था। जिसकी पहचान पुलिस 24 घंटे बाद भी नहीं कर सकी है। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी सचिन कुमार सिंह ने बताया कि आस पास के गांव वह लेबर अड्डों के पास रहने वाले मजदूरों से उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है पूरा दिन शिनाख्त कराई गई लेकिन कहीं से कोई अभी तक सुराग नहीं लग सका है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फसिटी के मुताबिक मृतक युवक ने महरूम कलर को लोवर, ग्रे कलर की इनर, लाल व सफेद पट्टी दार टीशर्ट व काले जूते पहने हुए था।

## डॉ. रविकान्त लीनियन सोसाइटी आफ लंदन के फेलो चुने गए

**लखनऊ।** देवारोड, स्थित श्रीरामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डा. रविकान्त को लीनियन सोसाइटी आफ लंदन का फेलो चुना गया है। डा. रविकान्त विश्वविद्यालय के रसायन संकाय में प्रोफेसर के पद पर कार्य करने के साथ शोध विभाग के संयोजक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति एवं प्रतिकुलपति के साथ समस्त शिक्षकों ने शुभ कामनाएं दी। डा. रविकान्त ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अब तक लगभग 100 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं तथा लगभग एक दर्जन पेटेंट भी कर चुके हैं।

## चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की काकोरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है जबकि उसका साथी मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इंस्पेक्टर काकोरी परमेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में स्तिथ आगरा एक्सप्रेस वे बाई पास के पास एक स्कूटी सवार दो शातिर किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में हैं। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम काकोरी निवासी उदय यादव और फरार साथी का नाम उपरोक्त निवासी उधल यादव बताया।

## निजीकरण के खिलाफ संयुक्त मोर्चा

लखनऊ। रोडवेज के राष्ट्रीयकृत मार्गो को निजी ऑपरेटरों को देने के खिलाफ रोडवेज यूनियनें एक जुट हो रही है। सरकार के निजीकरण की मंशा के खिलाफ रणनीति तैयार की जा रही है। जिसके तहत रोडवेज में कर्मचारी अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा बनाया गया है। मोर्चा की बैठक में 13 सूत्री मांगों का एजेंडा तैयार किया गया है। जिसकी एक नोटिस प्रमुख सचिव परिवहन को दी गई है। नोटिस में 24 नवंबर तक मांगों पर निर्णय लिए जाने की मांग की गई है। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के अंतर्गत कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चे में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उप्र रोडवेज कर्मचारी संघ, सेंट्रल रीजनल वर्कशाप कर्मचारी संघ व रोडवेज मजदूर सभा को शामिल किया गया है।

## नागेश्वर सिंह समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनपद वाराणसी के वरिष्ठ शिक्षक नेता नागेश्वर सिंह ने वाराणसी मंडल के विभिन्न जनपदों से आए अपने समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी एवं प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण समारोह का संचालन वाराणसी शहर कांग्रेस के अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने की। सदस्यता ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने कहा कि आज उप्र में महिलाओं की सुरक्षा सरकार के लिए यक्ष प्रश्न बन चुका है।

## महिलाओं ने संभाला राशन वितरण का जिम्मा

संवाददाता। बख्शी का तालाब

**सरकारी** राशन के वितरण का जिम्मा महिलाओं ने संभाला है । विकास खंड के ग्राम पंचायत दसौली में बालाजी महिला स्वयं सहायता समूह को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का आवंटन किया गया है । गुरुवार को राशन वितरण के प्रथम दिन बीडीओ पूजा सिंह द्वारा केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी शकील अहमद, कोमल सिंह ब्लाक मिशन प्रबंधक व वितरण समूह सखी किरण के साथ ग्रामीण उपस्थित थे ।

# चालकों को पढ़ाया यातायात के नियमों का पाठ

- पॉलिटेक्निक समेत अन्य स्थानों पर बांटे गए पंपलेट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विभूतिखंड** पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय पॉलिटेक्निक चौराहे पर चालकों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया। साथ ही उन्हें ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया है। इस दौरान पंपलेट बांटे गए। वहीं, चालकों ने भी यातायात नियमों के सत प्रतिशत पालन करने का भरोसा दिलाया है।

इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने बताया कि एक नवंबर से यातायात माह चल रहा है। इसको लेकर अलग अलग माध्यमों से चालकों समेत आमजनों को जागरुक किया जा रहा है। शुक्रवार देर शाम पॉलिटेक्निक चौराहे पर पुलिस ने ई रिक्शा, ऑटो और टेंपो चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। साथ ही पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पंपलेट बांटे।

वहीं निगोहा थाना परिसर व एसएनटी इण्टर कालेज में पुलिस ने यातायात के नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि एक माह तक चलने वाले सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ग्रमीण क्षेत्रों में बेधड़क दौड़ रहे ट्रेक्टरों में अक्सर देखा जाता है कि ज्यादातर नाबालिग लड़के चालक होते हैं वही इन ट्रेक्टरों के कागजात अधूरे रहते है इसी कारण गुरुवार को थाना परिसर में ट्रैक्टर मालिकों व चालकों के साथ बैठक कर उन्हें यातयात के नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई जिससे सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी हो साथ ही ट्रेक्टरों के कागजात दुरुस्त रखने की सलाह दी गई वहीं स्थानीय एस एनटी कालेज के छात्र छात्राओं को भी एस आई रामफल मिश्रा व एसआई सुनील कुमार ने व महिला आरक्षी पूजा ने सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात के नियम व कानून का पाठ पढ़ाया।

## अन्तरराष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन का आनलाइन उद्घाटन आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 21वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' कल 6 नवम्बर से प्रारम्भ हो रहा है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल 6 नवम्बर, शुक्रवार को इस ऐतिहासिक सम्मेलन का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे जबकि लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगी। उक्त जानकारी सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के संयोजक डा. जगदीश गाँधी ने आज एक ऑनलाइन प्रेस कान्फ्रेस में पत्रकारों को दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. गाँधी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन 6 से 9 नवम्बर तक ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' पर आधारित यह ऐतिहासिक सम्मेलन विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर एवं सुरक्षित भविष्य को समर्पित है।

# एसबीआई कार्ड ने पेटीएम के साथ की साझेदारी

- डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में नेक्स्ट जनरेशन क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए हुआ गठबंधन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** की सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड कंपनी एसबीआई कार्ड और डिजिटल वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म पेटीएम ने भारत के नेक्स्ट जनरेशन क्रेडिट कार्ड को लॉन्च करने के लिए गठबंधन किया है। यह कार्ड दो वैरिएंट पेटीएम एसबीआई कार्ड और पेटीएम एसबीआई कार्ड सिलेक्ट में उपलब्ध है। इस प्रोडक्ट को वीजा प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया है। यह लॉन्च एसबीआई कार्ड के उन प्रयासों के अनुरूप है जो अपने ग्राहकों की खर्च संबंधी जरूरतों के अनुरूप अधिकतम मूल्य प्रदान करते हैं। साथ ही एक सुरक्षित और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए डिजिटल भुगतानों को प्रोत्साहित करते हैं। पेटीएम एसबीआई कार्डधारक को एसबीआई कार्ड मोबाइल ऐप और उनके पेटीएम ऐप दोनों पर उपलब्ध स्मार्ट वन टैप फीचर के माध्यम से अपने कार्ड पर नियंत्रण रखने का अधिकार होगा। पेटीएम एसबीआई कार्ड इंस्टैंट वन टच सेवाओं से लैस होंगे। इसमें जरूरत न होने पर संपर्क रहित भुगतान या अंतरराष्ट्रीय लेन देन के लिए कार्ड को स्विच ऑफ करके धोखाधड़ी से बचने के लिए उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा करने का विकल्प भी मिलेगा। पेटीएम ऐप खर्चों का आकलन करने और भविष्य में स्मार्ट तरीके से खर्च करने में मदद करने के लिए एक पर्सनलाइज्ड स्पेन्ड एनालाइजर व्यक्ति खर्च विश्लेषक के साथ आएगा। पेटीएम उपयोगकर्ता 1 मिनट से भी कम समय में पेटीएम ऐप से कार्ड के लिए अपनी रजिस्टर कर सकते हैं। फिल्मों की टिकट बुक करने यात्रा की टिकट बुक करने और पेटीएम मॉल से खरीदारी करने पर पेटीएम एसबीआई कार्ड सिलेक्ट पर 5 प्रतिशत और पेटीएम एसबीआई कार्ड पर तीन प्रतिशत का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। पेटीएम ऐप पर पेटीएम एसबीआई कार्ड् का उपयोग करने पर कार्ड धारकों को दो प्रतिशत कैशबैक मिलता है जबकि अन्य जगहों पर एक प्रतिशत कैश बैक मिलते है। एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ अश्विनी कुमार तिवारी ने पेटीएम के साथ साझेदारी के बारे में कहा भारत में क्रेडिट कार्ड उद्योग की पहुंच अभी भी बहुत कम बनी हुई है।

# गोवंश को हरा चारा मिल रहा न गोपालकों को मानदेय

- गोवंश आश्रय केन्द गौरा अव्यवस्थाओं का शिकार

संवाददाता। मोहनलालगंज



**अफसरों** की लापरवाही से मोहनलालगंज का निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र गौरा अव्यवस्थाओं का शिकार है। बिजली कनेक्शन के अभाव में शाम ढलते ही आश्रय स्थल में अंधेरा पसर जाता है। चारे के लिए धनराशि नहीं मिल पाने से महीने भर बाद भी डेढ़ सौ से अधिक निराश्रित गोवंश हरे चारे को तरस रहे हैं। वहीं मानदेय नहीं मिल पाने से गोपालक अपनी सेवाएं देने में हाथ खड़े करने लगे हैं। मोहनलालगंज के गौरा में बनाए गए वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र में सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए बिना ही पशुपालन विभाग के अफसरों ने 25 सितम्बर को जल्दबाजी में उसका शुभारंभ करा दिया। बिजली कनेक्शन के अभाव में चालीस दिन बाद भी शाम ढ़लते ही गोवंश आश्रय स्थल अंधेरे में डूब जाता है। लिहाजा शाम होने के बाद गोपालकों को टार्च के सहारे गोवंश की निगरानी करनी पड़ रही है। नर और मादा गोवंश को रखने के लिए अलग-अलग तारबाड़ की व्यवस्था नहीं किए जाने से गोवंश के संग्राम को रोंक पाना गोपालकों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है। गोवंश का पेट भरने के लिए पंचायत भूसा और पुआल खरीदने में एक लाख से अधिक की कर्जदार हो चुकी है। लिहाजा गोवंश को हरा चारा मुहैया करा पाना मुमकिन नहीं हो पा रहा है।

**मानदेय के इंतजार में हाथ खड़े करने लगे गोपालक:** द गोवंश आश्रय केन्द्र गौरा में डेढ़ सौ से अधिक निराश्रित गोवंश की देखरेख के लिए पंचायत ने तीन गोपालक नियुक्त किए हैं। गोपालकों के मुताबिक चालीस दिन बीत चुके हैं त्योहार सिर पर है और अब तक मानदेय मिलने की संभावना नहीं दिख रही है। ऐसे में परिवार का गुजारा मुश्किल होने लगा है। लिहाजा बिना मानदेय बहुत दिन तक सेवाएं दे पाना संभव नहीं लग रहा है।

**सीडीओ की फटकार पर भी नहीं सुधर सके खड़ंजे:** वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र गौरा का जायजा लेने पहुंचे सीडीओ मनीष बंसल ने आवागमन के लिए लगाए गए खड़ंजे की बाक्सिंग दुरुस्त कराने और गुणवत्ताविहीन ईंटे बदलने के निर्देश दिए थे। यही नहीं सीडीओ ने गोवंश शेड के नीचे लगे खड़ंजे को उखाड़कर कर दोबारा ढ़ालनुमा तरीके से लगाने का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन 22 दिन बाद भी सीडीओ के निर्देश बेअसर हैं और खड़ंजा दुरुस्त कराने के नाम पर महज औपचारिकता निभाई जा रही है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**बीडीओ** अजीत कुमार सिंह ने बताया चारे के लिए 75 हजार रुपये की धनराशि गोवंश आश्रय केन्द्र के बैंक एकाउंट में ट्रांसफर की जा रही है। शेष बकाया धनराशि भी जल्द भेज दी जाएगी। जिससे निराश्रित गोवंश को हरा चारा और गोपालकों को मानदेय यथा शीघ्र दिलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त आश्रय स्थल में प्रकाश और खड़ंजे की सही तरीके से मरम्मत भी कराई जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अकबराबाद विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी

पत्रांक : /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक नवम्बर 2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अकबराबाद वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईंट, सीमेन्ट, रोडत्र, बजरी, टायर, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 11.10.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 11.11.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0सं0 | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन निर्माण हेतु | 20.50 | 30000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 05.11.2020 से 11.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रु0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामग्री सन्तोषजनक पाये जाने पर वापस की जायेगी जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम अकबरादबाद के नाम से बंधक होनी चाहिए।

कृष्ण कुमार, प्रधान, ग्राम पंचायत-अकबराबाद, विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी
कृष्णा देवी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-अकबराबाद, विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत टेगुनखुर्रमनगर विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी

पत्रांक : /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक नवम्बर 2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टेगुनखुर्रमनगर वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईंट, सीमेन्ट, रोडत्र, बजरी, टायर, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 11.10.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 11.11.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0सं0 | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबूराम के मकान से रामनरेश के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण | 3.90 लाख | 10000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 05.11.2020 से 11.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रु0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामग्री सन्तोषजनक पाये जाने पर वापस की जायेगी जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम टेगुनखुर्रमनगर के नाम से बंधक होनी चाहिए।

संजीव कुमार, प्रधान, ग्राम पंचायत-टेगुनखुर्रमनगर, विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी
रामप्रताप वर्मा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-टेगुनखुर्रमनगर, विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत खेरिया मिश्र विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी

पत्रांक : /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक नवम्बर 2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खेरिया मिश्र वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईंट, सीमेन्ट, रोडत्र, बजरी, टायर, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 11.10.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 11.11.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0सं0 | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन निर्माण हेतु | 12.74 | 20000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 05.11.2020 से 11.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रु0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामग्री सन्तोषजनक पाये जाने पर वापस की जायेगी जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम खेरिया मिश्र के नाम से बंधक होनी चाहिए।

श्रीकृष्ण, प्रधान, ग्राम पंचायत-खेरिया मिश्र, विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी
सुधीर शुक्ला, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-खेरिया मिश्र, विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत उधन्नापुर विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी

पत्रांक : /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक नवम्बर 2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उधन्नापुर वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईंट, सीमेन्ट, रोडत्र, बजरी, टायर, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 11.10.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 11.11.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0सं0 | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन निर्माण हेतु | 20.50 | 30000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 05.11.2020 से 11.11.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रु0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामग्री सन्तोषजनक पाये जाने पर वापस की जायेगी जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम उधन्नापुर के नाम से बंधक होनी चाहिए।

दीपेन्द्र वर्मा, प्रधान, ग्राम पंचायत-उधन्नापुर, विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी
जितेन्द्र कुमार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-उधन्नापुर, विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

# ओवरब्रिज निर्माण के लिए सेतु निगम को स्टीमेट बनाकर भेजने को सांसद ने किया निर्देशित

संवाददाता। अयोध्या

**यातायात** नियंत्रण के लिए सात रेलवे क्रासिंग पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण हेतु 25 नवम्बर तक हर हाल में स्टीमेंट बनाकर मुख्यालय भेजने के निर्देश सांसद लल्लू सिंह ने सेतु निगम को दिया है। रेलवे, लोकनिर्माण, सेतुनिगम विभाग के अधिकारियों के साथ सांसद लल्लू सिंह ने गुरुवार को क्रासिंग नम्बर 121 मोदहा, क्रासिंग नम्बर 118 लालबाग फतेहगंज, क्रासिंग नम्बर 111 टेढ़ी बाजार मोहवरा का स्थलीय निरीक्षण किया। अन्य क्रासिंग नम्बर 112 पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, क्रासिंग नम्बर 108 विद्याकुण्ड दर्शननगर, क्रासिंग नम्बर 107 दर्शननगर व क्रासिंग नम्बर 105 सूर्यकुण्ड परिक्रमा मार्ग पर भी आरओबी निर्माण के आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिसमें से मोदहाए टेढ़ी बाजार व दर्शन नगर पर फोरलेन आरओबी का निर्माण तथा पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, विद्याकुण्ड दर्शननगर, सूर्यकुण्ड 14 कोसी परिक्रमा मार्ग तथा लालबाग फतेहगंज पर दो लेन आरओबी का निर्माण होगा। सांसद सिंह ने सेतु निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेल मंत्रालय की ओर से अयोध्या रेलवे स्टेशन के उच्चीकरण व सौन्दर्यीकरण की वृहद योजना निर्माणाधीन है। इस दशा में रेलवे के सम्पारों व फोर लेन व टू लेन सड़कों के निर्माण के प्रस्तावों में आपसी समन्वय बेहद जरूरी है। ऐसी दशा में सम्बन्धित विभाग अपनी.अपनी योजनाओं को लेकर एक दूसरे को समझा दें और आपसी सहयोग से प्रस्ताव भेजें जिससे उनके क्रियान्वयन में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रस्ताव मुख्यालय भेजने से पहले साइट पर भौतिक सत्यापन भी आवश्यक है जिससे कि भौगोलिक परिस्थिति को ध्यान में रखकर ऐसे प्रस्ताव बन सकें जिसमें एक दूसरे विभाग की योजनाओं में किसी प्रकार व्यवधान न पैदा हो। उन्होंने बताया कि इसी दृष्टिकोण को लेकर निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान रेलवे की कार्यदाई संस्था राइट्स लिण् के संयुक्त जनरल मैननेजर एके जौहरी ने निर्माणाधीन योजना के मानचित्र के अनुसार टेढ़ी बाजार रेलवे सम्पार के निकट अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित जमीन और प्रवेश व निकास द्वार के स्थल की सेतु निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जानकारी दी। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अयोध्या व देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को जाम से निजात दिलाने के लिए सात रेलवे क्रासिंगों पर आरओबी का निर्माण कराये जाने की तैयारी की जा रही है। जुड़वा शहरों को विकसित करने व देश विदेश विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रोजेक्ट पर के न्द्र व प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। यहां के रहने वालों को सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के हेतु सभी सम्भव प्रयास किये जा रहे है। इसको लेकर आम जनता व संतो की राय को विशेष महत्व दिया जा रहा है। रामजन्मभूमि पर भव्य राममंदिर निर्माण प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। आने वाले समय में पूरे विश्व से पयर्टक व श्रद्धालुओं का आगमन अयोध्या होगा। इसको लेकर जुड़वा शहरों को विकसित करने के लिए कई योजनाएं सरकार ने प्रदान की है। पयर्टन को भी ध्यान में रखते विकास को गति प्रदान की जा रही है तथा श्रद्धालुओं को सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।



## विद्युत समस्या को लेकर बुनकरों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**फ्लैट रेट** पर विद्युत बिल जारी करने समेत अन्य मांगो को लेकर बुनकरों ने गुरूवार से कलेक्ट्रेट के निकट अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। उत्तर प्रदेश बुनकर सभा के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष हाजी इफ्तेखार अहमद अंसारी के नेतृत्व में शुरू किये गये धरने में जिले की विभिन्न बाजारों के बुनकर शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था से बुनकर परेशान हैं और वह गत 15 दिनों से हड़ताल पर हैं। बुनकरों की हड़ताल के कारण जिले में सभी पावरलूमों के चक्के जाम हैं। बुनकर नेताओं का कहना है कि सरकार जब तक उनकी मांग नही मानेगी तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उनका कहना है कि सरकार के प्रतिनिधि नवनीत सहगल के नेतृत्व में तीन सितम्बर को बुनकर प्रतिनिधियों के साथ जो बैठक हुई थी उसमें लिये गये निर्णय को सरकार पूरी तरह से लागू नही कर रही है जिससे बुनकरों पर अतिरिक्त विद्युत भार पड़ रहा है।

# प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की आदर्श व स्वावलंबी गौशाला होगी वैसिंहपुर की कान्हा गौशाला : महापौर

- नगर निगम ने सहकार भारती के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

संवाददाता। अयोध्या

**किसी** भी इंसान का स्वाभिमान तभी जीवित रह सकता है जब वह स्वालम्बी हो। दूसरो पर आश्रित व्यक्ति कभी स्वाभिमानी नही हो सकता। देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी का सपना है कि देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से समृद्ध हो उसी क्रम में नगर निगम अयोध्या निरंतर प्रयत्न शील है। उक्त वक्तव्य नगर निगम अयोधया के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने गुरुवार को निगम द्वारा संचालित वैसिंहपुर गौशाला में सहकारी संस्थाओं के राष्ट्र व्यापी संगठन सहकार भारती द्वारा आयोजित गाय से आर्थिक समृद्धि के प्रशिक्षण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे वैसिंहपुर गौशाला पूरे प्रदेश की ही नही बल्कि देश की आदर्श और सवालम्बी गौशाला होगी। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष दीपावली में लाखो दीपक दीपोत्सव में गाय के गोबर से ही निर्मित जलेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे नगर आयुक्त विशाल सिंह ने सभी आगंतुकों अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या नगर निगम ने जो आज ये छोटा प्रयास इस प्रशिक्षण के रूप में शुरू किया है आने वाले समय मे उसकी पहचान पूरे देश मे एक मॉडल के रूप में होगी। उन्होंने कहा कि गाय हमारे लिए अमृत का स्रोत है। जिसका उपयोग हमे अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में करना होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे सीआरपीएफ के कमांडेंट आलोक सिंह ने गाय की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए नगर निगम के महापौर और नगर आयुक्त से गोबर से बनने वाले उत्पादों की खरीद सुनिश्चित कराने का अनुरोध क़िया। विशिष्ट अतिथि आरएसएस के महानगर अयोध्या संचालक डॉ विक्रमा पांडेय ने कहा कि आज नगर निगम ने एक शक्तिपुंज के रूप में एक पवित्र कार्य शुरू किया है। जिसके माध्यम से पूरे जिले की आबादी को अपना जीवन बेहतर करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी आरके यादव ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम सहकार भारती के उत्तर प्रदेश उत्तराखंड के संगठन मंत्री लक्ष्मण पात्रा के कुशल निर्देशन में प्रशिक्षक बिनीता पांडेय ने प्रशिक्षण दिया।

# दीपोत्सव के आयोजन की तैयारी शुरू

संवाददाता। अयोध्या

**मण्डलायुक्त** एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में दीपोत्सव.2020 के आयोजन संबंधी कार्यवाही प्रारम्भ हो गयी है। इसके क्रम में साकेत महाविद्यालय में सूचना एवं सांस्कृति विभाग के समन्वय से झांकी तैयार की जा रही है। इसके क्रम में आज मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रथमेश कुमार द्वारा कालेज का भ्रमण का झांकी के तैयारी की जानकारी ली गई। उक्त अवसर पर उप निदेशकए सूचनाए डा0 मुरलीधर सिंहए कार्यालय के लेखाकार, एडीआईओ अवधेश कुमार जायसवाल संस्कृति विभाग के प्रशासनिक अधिकारी रामतीर्थ एवं प्रदर्शनी तैयार करने वाले मनीष सहित अन्य सहयोगी उपस्थित थे। झांकी में मुख्य रूप से पुत्येष्ठी यज्ञ, गुरूकुल शिक्षा, राम सीता विवाह, अहिल्या उद्धार, पंचवटी, रामेश्वरम् सेतु, पुष्पक विमान, केवट प्रसंग, रामदरबार, माता शबरी राम मिलन, लंका दहन आदि प्रमुख है।



## विकास कार्यों की समीक्षा दस को

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 10 नवम्बर को अपरान्ह 4 बजे से शासन के नवीन विकास प्राथमिकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास/निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आहूत की गयी है, जिसमें माह अक्टूबर की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जायेगी। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि सायं 4 बजे से 6 बजे तक विकास कार्यों की समीक्षा बैठक तथा सायं 6 बजे से 8 बजे तक निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की जायेगी। बैठक के दौरान कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

# सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में नौ दिवसीय हनुमानजी के जन्मोत्सव का हुआ शुभारंभ

- कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 13 नवंबर को मनाया जाएगा हनुमान जी का भव्य जन्मोत्सव

संवाददाता। अयोध्या

**वैष्णो** नगरी अयोध्या की सिद्ध पीठों में शुमार अयोध्या के राजा हनुमान जी के दरबार हनुमानगढ़ी में उनके जन्मोत्सव मनाने की तैयारी प्रारंभ हो गई है। हनुमान जी का जन्म उत्सव दीपावली के 1 दिन पहले कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को रात्रि में 12 बजे मनाया जाता है जिसको लेखक नौ दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ अनवरत 24 घंटे अखंड रामायण पाठ से प्रारंभ हो गया है जो आगामी 13 नवंबर तक चलेगा और रात्रि में भव्य जन्म महोत्सव मनाया जायेगा। 500 वर्षों के विवाद के बाद प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। शास्त्र और विद्वानों का मत है कि भगवान श्री राम जब अपने लोग वापस जाने लगे तो उन्होंने अयोध्या का कार्यभार श्री हनुमान जी को सौंपा था और भव्य मंदिर का निर्माण भी उन्हीं की देखरेख में हो रहा है ऐसे में हनुमानगढ़ी इस बार हनुमान जी का नौ दिवसीय जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हनुमानगढ़ी परिसर में 11 बौद्धिक विद्वानों द्वारा नवा ह रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया है जो 24 घंटे चलेगा। हनुमानगढ़ी के गद्दी नशीन महाराज प्रेम दास जी ने बताया की इस बार हनुमान जी का जन्म उत्सव 9 दिन मनाया जाएगा और दीपावली के 1 दिन पहले 13 तारीख को हर्षोल्लास के साथ भव्य झांकी सजाई जाएगी और रात्रि 12 हनुमान जी का जन्मोत्सव होगा। इस बार हनुमानगढ़ी पर 9 दिन तक अलग.अलग कार्यक्रम किए जाएंगे। हनुमानगढ़ी के गद्दी नशीन महंत प्रेम दास जी महाराज के शिष्य डॉक्टर महेश दास जी महाराज ने बताया हनुमान जी की कृपा से व्यक्ति को सब कुछ प्राप्त हो जाता है और वह मनुष्य बहुत भाग्यशाली होता है जो हनुमान जी के जन्म महोत्सव में शामिल होता है। इस बार प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है इसलिए हम लोग दुगने हर्षोल्लास के साथ हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाएंगे। जिसके लिए तैयारियां प्रारंभ हो गई है आगामी 13 नवंबर कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हनुमान जी का भव्य जन्मोत्सव मनाया जाएगा।



# न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर रही पुलिस

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**अकबरपुर** पुलिस के लिए न्यायिक आदेश कोई मायने नहीं रखते। न्यायिक आदेशों को दरकिनार कर पुलिस अपनी मनमानी करने पर उतारू है। इससे जहां अपराधिक घटनाओं की आशंका बलवती हो रही है वहीं दूसरी तरफन्यायालय की गरिमा को भी ठेस पहुंच रही है। ऐसा ही मामला अकबरपुर थाना क्षेत्र के सिझौली गांव में देखने को मिल रहा है। उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद पुलिस कोई भी कार्यवाही करने से कतरा रही है । यहां तक कि गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किए जाने के बाद भी पुलिस उनकी गिरफ्तारी नही कर रही है । पीड़ित अब न्यायालय की अवमानना का वाद दायर करने को विवश हो रहा है। प्रकरण सिझौली निवासी बृजेश कुमार से संबंधित है। बृजेश कुमार का गांव में पुराना मकान नंबर 559 है जिसका नया मकान नंबर 689 है। उसके मकान के अतिरिक्त किसी अन्य का मकान मौके पर नहीं है लेकिन इसके बावजूद बृजेश के चाचा राम नवल, हौसला व निंहू उर्फ रामजीत ने कूटरचित तरीके से अकबरपुर नगर पालिका के कर्मचारियों की मिलीभगत से उसे अपने नाम करवा लिया तथा नाम दर्ज कराने के बाद उमाशंकर व नरगिस को मकान का बैनामा कर दिया । मकान पर फर्जी मकान नंबर दर्शा कर बैनामा कराने के संबंध में अकबरपुर थाने में आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया लेकिन इसके बावजूद सभी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने से भाग रही है। आरोपी उमाशंकर व नरगिस आए दिन बृजेश के मकान पर पहुंचकर तोड़फोड़ करते हैं तथा मकान पर कब्जा करने की धमकी देते फिर रहे हैं ।

# अविलंब किया जाय कर्मचारी परिवार का निस्तारणः विनय

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पूर्वोत्तर** रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न विभागों एवं मंडलों की कार्य प्रणाली एवं उपलब्धियों की समीक्षा के क्रम में 05 नवम्बर को महाप्रबन्धक सभागार, गोरखपुर में आयोजित बैठक में कार्मिक एवं चिकित्सा विभाग के कार्य कलापों पर विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कर्मचारी संतुष्टि एवं कर्मचारी कल्याण, रेल की कार्य-कुशलता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चिन्ता मुक्त रेलकर्मी रेल की प्रगति में अपना सर्वोत्कृष्ट देने की स्थिति में होता है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि कर्मचारी परिवाद का निस्तारण अविलम्ब किया जाय। जिन कर्मचारियों की पदोन्नति ड्यू है उनकी पदोन्नति प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में सम्पन्न की जाय तथा अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के मामलों का निपटारा शीघ्र किये जाने का भी निर्देश दिया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि सभी रेलकर्मी अनिवार्य रूप से एच.आर.एम.एस. में अपना डाटा फीड करायें। एच.आर.एम.एस. पूर्ण रूप से लागू होने के बाद कर्मचारियों की ज्यादातर समस्यायें एक क्लिक से हल हो जायेंगी। उन्होंने दुर्घटना सहायता गाड़ी ए.आर.टी. में सभी आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम तथा अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा ए.आर.टी. का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाय। महाप्रबन्धक ने सेवा निवृत्त रेलकर्मियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्देश प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक को दिया। उन्होंने कहा कि कुछ और उच्च स्तरीय हास्पिटलों को पूर्वोत्तर रेलवे के पैनल में शामिल किया जाय जिससे गंभीर मरीजों का समुचित इलाज हो सके। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डा. छत्र सिंह आनन्द ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अपने-अपने विभागों को विस्तृत जानकारी दी तथा महाप्रबन्धक द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने का आवश्वासन दिया।



## पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय निबंध प्रतियोगिता संपन्न

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में, 'पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय निबन्ध प्रतियोगिता' का आयोजन 05 नवम्बर को बहुविषयक पद्वति प्रशिक्षण केन्द्र, गोरखपुर में किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता का विषय ''जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण'' तथा ''सरकारी कार्यों में हिन्दी कितनी व्यवसायिक एवं व्यवहारिक'' था। प्रतियोगिता में 31 रेलकर्मियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को रेलवे बोर्ड स्तर पर आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय रेल निबन्ध प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देशन में यह प्रतियोगिता राजभाषा अधिकारी/ मुख्यालय मो. अरशद मिर्जा के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का आयोजन कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए शारीरिक दूरी सहित सभी नियमों का पालन करते हुए किया गया।

## क्विक न्यूज

### समाज सेवा संगठन ने मरीजों की समस्याओं का सीएमएस को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या के सीएमएस डॉ. रविंद्र कुमार को अखिल भारतीय सवर्ण सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसकल दुबे ने जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं को बढ़ाने और चिकित्सकों की कमी दूर करने का ज्ञापन उनके कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला चिकित्सालय में फिजियोथेरेपिस्ट फिजीशियन एक्सरे मशीन ठीक कराने आदि की बीमारी संबंधित चिकित्सक जिला अस्पताल में उपलब्ध कराने की मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएमएस को भेज कर मांग दोहराई। साथ में सवण समाज सेवा संगठन के लोग भी उपस्थित रहे। सीएमएस ने मांगों पर यथोचित विचार करने और शासन को पत्र संदर्भित करने की बात कही ।

### एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**अम्बेडकरनगर।** गुरूवार को कायाकल्प अवार्ड योजना के अन्तर्गत जनपद में चिकित्सा इकाइयों के सुदृढ़ीकरण हेतु एक दिवसीय ओरिएन्टेशन कम अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन कार्यालय सभागार में डॉ. अशोक कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें डॉ0 सालिक राम पासवान -अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. वेदनाथ-मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, डॉ. रवि वर्मा -जिला सलाहकार, संध्या सिंह-एसीपीए क्वालिटी एश्योरेन्स एवं समस्त ब्लाकों के अधीक्षक, एचईओ, बीपीएम, नर्स मेन्टर एवं स्टाफनर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। डॉ0 रवि वर्मा, जिला सलाहकार -क्यूए द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में चिकित्सा इकाईयों के कायाकल्प अवार्ड योजना में चयनित होने के मानकों के बारे में भी बताया गया जिसमें शासन द्वारा प्रेषित कायाकल्प असिसमेन्ट की चेकलिस्ट तीन स्तरों पर भरी जाती है और जब तीनों स्तरों पर चिकित्सा इकाई को कायाकल्प अवार्ड के लिए चयनित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में जनपद के संयुक्त जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भियांव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकन्दरपुर व लखनीपट्टी को कायाकल्प अवार्ड के लिए चयनित किया गया है।

### अवैध गांजे व चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी पुलिस ने अवैध गांजे व चाकू के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जिनके विरुद्ध बसखारी पुलिस के द्वारा एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय की सुपुर्दगी में भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार कि सुबह 7:00 बजे के करीब बसखारी थाने पर तैनात उपनिरीक्षक राजेंद्र शर्मा अपने हमराही पुलिसकर्मी सूरज पांडे, अनिल कुमार, राय साहब यादव के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान टांडा बसखारी मार्ग पर दो युवक पुलिस को देख कर तेज कदमों से भागने लगे। जिन्हें रोकते हुए उप निरीक्षक राजेंद्र शर्मा एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने पूछताछ की तो एक युवक सिराज अहमद पुत्र सगीर निवासी धूरैहया थाना अलीगंज टांडा अपने पास अवैध गांजा होने की बात कबूली। जिसकी मात्रा 715 ग्राम के करीब बताई गई। वही दूसरे पकड़े गए युवक अफसर पुत्र इस्लाम निवासी डोडो के पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया । जिनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर बसखारी पुलिस के द्वारा न्यायालय की सुपुर्दगी में भेजा गया।इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने बताया कि गांजे के साथ पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत व चाकू के साथ गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के विरुद्ध आर्म एक्ट से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेजा गया है।

### शुक्रवार को जिले में आएंगे शिव सेना के प्रदेश प्रमुख

**अम्बेडकरनगर।** शिव सेना प्रदेश प्रमुख डॉ. अनिल सिंह शुक्रवार को बलिया जाते हुए मुख्यालय से जाएंगे। शिव सेना जिला कार्यकारिणी शिव बाबा धाम में उनका स्वागत करेंगी। वहां से मोटर साइकिल के काफिले के साथ स्वप्निल होटल में पत्रकार वार्ता करेंगे।

# कोटा बहाल होने पर सभी कार्ड धारकों को निशुल्क राशन वितरित

- कोविड की समाप्ति तक बंटेगा निशुल्क राशन
- अगले माह कम्बल का भी होगा वितरण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

हाई प्रोफाइल मामले में निलंबित हुए कोटे के बहाल होने पर बृहस्पतिवार को समारोह पूर्वक सभी कार्ड धारकों को निशुल्क राशन वितरण किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि अगले महीने भी निशुल्क राशन वितरण के साथ-साथ एक कंबल भी सभी कार्ड धारकों को दिया जाएगा।बृहस्पतिवार को मोहम्मद जावेद राईन के द्वारा कोटे के तहत अच्छादित परिवारों को कोविड-19 की समाप्ति तक निशुल्क राशन वितरण करने का संकल्प लेते हुए कार्ड धारकों में राशन का वितरण बसखारी थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय के हाथों से कराया गया। निशुल्क राशन के साथ-साथ सैनिटाइजर व मास्क का भी वितरण सरकारी उचित दर विक्रेता के द्वारा कार्ड धारकों में किया गया।वही निशुल्क राशन एव मास्क के साथ सेनेटाइजर पाकर कोटे के तहत आच्छादित परिवार खुश दिखाई पड़े। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय ने कोटेदार जावेद राईन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अपने आप में अद्वितीय समाज सेवा का उदाहरण है। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव ने कहा कि दिसंबर माह में राशन वितरण के दौरान सभी कार्ड धारकों को एक-एक कंबल तथा मास्क एवं सेनेटाइजर्स के साथ निशुल्क राशन वितरण किया जाएगा। राशन वितरण के दौरान सैय्यद याहिया अशरफ, मोहम्मद इरफान,नदीम खान, अहमद अंसारी,मुन्ने खान,राजा राईन,आशिफ राईन, मोनू,सोनू, आफताब राईन,शोएब राईन सहित भारी संख्या में कार्ड धारक सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए मौजूद रहे।बता दें कि वैश्विक महामारी को देखते हुए बसखारी के वरिष्ठ समाजसेवी ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद यादव एवं प्रभावती कैलाश चौरिटेबल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जावेद राइन के द्वारा लोगों की सहायता करने का सिलसिला जारी है।



निःशुल्क राशन प्रदान करते थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय — पायनियर

## एडीएम से मिला भाजपा किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

**अम्बेडकरनगर।** धान क्रय केंद्र दूरस्थ की समस्या को लेकर जिले के किसानों को विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाए जाने के उद्देश्य से भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल अपर जिलाधिकारी से मिलकर साधन सहकारी समिति अन्नावा खजूरी उतरेथू डोमनेपुर आदि को धान क्रय केंद्र किसानों का हित देखते हुए तत्काल स्थापित करने की मांग की गई जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अपर जिलाधिकारी द्वारा साधन सहकारी समिति अन्नावा व खजूरी को तत्काल प्रभाव से धान क्रय केंद्र बनाए जाने उतरेथू साधन सहकारी समिति डिफाल्टर के स्थिति में किसी अन्य संस्था को धान क्रय केंद्र बनाए जाने का आश्वासन प्रदान किया गया तथा जनपद में बहुसंख्यक धान क्रय केंद्रों की स्थापना किसानों के हित को देखते हुए स्थापित करने व किसानों को समस्याओं से छुटकारा दिलाए जाने के लिए आश्वासन दिया गया प्रतिनिधि मंडल में भोज नाथ यादव सहज राम विजय शंकर शुक्ल हरभजन तिवारी बलवंत केसरी प्रसाद रामधन आदि प्रमुख रहे ।

# कोविड में भी समिति पदाधिकारियों का कम नहीं हुआ उत्साह

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।

**बसखारी** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुकुल बाजार में होने वाले ऐतिहासिक रामलीला मंचन के कार्यक्रम पर पर शासन का कोविड-19 को लेकर जारी किया गया निर्देश भले ही भारी पड़ गया लेकिन समिति के पदाधिकारियों का धार्मिक उत्साह कम नहीं हुआ है। समिति के सभी पदाधिकारियों ने कोविड-19 के निर्देशों का पालन करते हुए प्रतिदिन आराध्य प्रभु श्री राम की आरती के साथ साथ सभी देवी देवताओं की स्तुति में भजन कीर्तन करते रहे। 4 तारीख को अखंड रामायण पाठ का आयोजन कर 5 तारीख को वृहद भंडारे का कार्यक्रम भी बनाया है।समिति के पदाधिकारियों के द्वारा एक सप्ताह तक चलने वाले रामलीला मंचन के कार्यक्रम को रामलीला मंचन के दौरान जमा होने वाली भारी भीड़ के चलते स्थगित करने की भी बात बताई गई। समिति के संरक्षक अच्छे लाल गुप्ता ने बताया कि शुकुल बाजार के स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला मंचन को देखने के लिए दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में लोग आते थे। जिससे कोविड-19 के संदर्भ में शासन के द्वारा दिए गए निर्देशों का उल्लंघन होने के चलते रामलीला मंचन के कार्यक्रम को तो स्थगित कर दिया गया है। लेकिन 7 दिन तक आराध्य प्रभु श्री राम की स्तुति के साथ विभिन्न देवी-देवताओं की स्तुति कर आरती कार्यक्रम किया गया और 4 तारीख से अखंड रामायण पाठ का आयोजन कर 5 तारीख को भंडारे का कार्यक्रम है। रामलीला समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से हर वर्ष इकट्ठा होने वाले चंदे की तरह इस बार भी चंदा एकत्रित कर रामलीला रंगमंच के सौंदर्यीकरण करने का कार्य एवं अखंड रामायण पाठ का आयोजन कर भंडारा करने के सराहनीय निर्णय का सभी लोग स्वागत भी कर रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 6 नवंबर, 2020



# अमेरिका में विखंडित जनादेश

## चुनाव प्रणाली की जटिलता

**हर** चार साल पर सारी दुनिया अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की ओर देखती है और उसे आश्चर्य होता है कि वहां की राष्ट्रपति चुनाव प्रणाली इतनी जटिल क्यों है। वर्तमान चुनाव में भी अभी स्पष्ट नहीं है कि जनवरी में राष्ट्रपति पद का कार्यभार कौन संभालेगा। भारत व दुनिया के अधिकांश अन्य बड़े लोकतांत्रिक देशों को आश्चर्य होता है कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था व सैनिक शक्ति का नेता निर्धारित करने वाला चुनाव इतना भ्रामक क्यों होता है। इसका एक कारण 19वीं शताब्दी की तथाकथित 'एलेक्टोरल कालेज- व्यवस्था है जिसका उद्देश्य अमेरिका में राज्यों के अधिकार सुरक्षित रखना है ताकि अधिक जनसंख्या वाले मेट्रोपालिटन राज्यों का देश के मध्य में स्थित कम जनसंख्या वाले राज्यों पर प्रभुत्व रोका जा सके। 2000 के चुनाव के बाद ऐसा कई बार हो चुका है जब अल गोर व जार्ज डब्लू. बुश के बीच मुकाबला था। अक्सर लोकप्रिय वोटों में भारी विजय पाने वाला चुनाव हार जाता है। अमेरिकन व्यवस्था 'फर्स्ट पास्ट द पोस्ट' वाली नहीं है, बल्कि बहुत भ्रामक है जहां प्रत्येक राज्य को निश्चित संख्या में निर्वाचक दिए गए हैं। ऐसे में संबंधित राज्य के लोकप्रिय मतों में एक वोट से भी विजय पाने वाला उस राज्य के सभी निर्वाचक मत प्राप्त कर लेता है। यदि 2019 के लोकसभा चुनाव में भारत में यही व्यवस्था लागू होती तो भाजपा के बेहतर प्रदर्शन वाले एक राज्य पश्चिम बंगाल में लोकप्रिय मतों में तृणमूल कांग्रेस के तीन प्रतिशत वोट अधिक होने के कारण उसे राज्य की सभी 42 सीटें मिल जातीं। यह स्थिति समझ से परे है। वर्तमान समय में अमेरिका के सर्वाधिक जनसंख्या वाले



तीन राज्य कैलीफोर्निया, न्यूयार्क व टेक्सास का कोई महत्व नहीं है क्योंकि वे एक पार्टी से बंधे हैं। दुनिया के अनेक अन्य देशों में समानुपातिक व्यवस्था के कारण दशकों तक अस्थिर गठबंधनों का शासन रहा है, पर अमेरिका की अत्यधिक द्विध्रुवी व्यवस्था में उसका कोई स्थान नहीं है। लेकिन अत्यधिक विखंडित जनादेश की स्थिति में दोनों पक्षों के अतिवादियों का पूरे राजनीतिक विमर्श पर नियंत्रण रहता है। भारत की तरह अमेरिका में भी मतदाता दो खेमों में विभाजित हैं और वे दूसरे पक्ष की समझदारी भरी बातें भी सुनने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में मध्यमार्ग का अंत एक ऐसा मुद्दा है जो दुनिया के लगभग सभी लोकतंत्रों के लिए चिन्ता का विषय है।

पैंसिलवानिया के सबसे बड़े शहर फिलाडेल्फिया में अमेरिकी 'स्वतंत्रता की घोषणा' तैयार की गई थी। उसका कहना है कि सभी वोटों को गिनने में 10 दिन का समय लग सकता है। यह राज्य वर्ष 2000 में फ्लोरिडा की तरह महत्वपूर्ण हो गया है और अंतिम निर्णय के पहले इस राज्य का परिणाम जरूरी है। एक और समस्या डाक से आने वाले मतपत्रों की है जो पोस्टमार्क होने के कारण चुनावी दिवस के कई दिन बाद तक आ सकते हैं। डेमोक्रेटों का कहना है कि डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होने तथा कुछ क्षेत्रों में डाक व्यवस्था सुस्त होने के कारण यह सावधानी जरूरी थी। उदाहरणार्थ नेवाडा के डाक मतपत्र चुनाव वाले दिन पोस्टमार्क होने के कारण 10 नवंबर तक तथा उत्तरी कैरोलिना के 12 नवंबर तक पहुंच सकते हैं। दोनों उम्मीदवारों ने इसे एक सार्वजनिक मुद्दा बना लिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस मामले पर कानूनी लड़ाई का फैसला किया है, अत: परिणाम आने में लंबा समय लग सकता है। इस बीच अमेरिका के बीच विभाजन और तीखे हो सकते हैं। बाइडेन के वकील भी इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने मामला सर्वोच्च न्यायालय ले जाने की बात कही है और ऐसे में चुनाव के कुछ दिन पहले सर्वोच्च न्यायालय में जस्टिस एमी कोनी बैरेट की नियुक्ति महत्वपूर्ण हो जाती है। अमेरिकी इतिहास में पहले ऐसा कभी नहीं हुआ है कि किसी राष्ट्रपति ने सौम्यतापूर्वक जनादेश स्वीकार न किया हो। ऐसे में यदि ट्रंप जीत जाते हैं तो भी व्हाइट हाउस के मंच से उनकी विजय की दंभी तथा आगे मतगणना रोकने की घोषणा लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# फ्रांस में गंभीर टकराव की स्थिति

फ्रांस में बहुसंख्य राजनेताओं का संकुचित दृष्टिकोण वर्तमान समय में पैदा गंभीर टकराव का कारण है। उनके भीतर एकजुट होकर समस्या का समाधान तलाशने की इच्छाशक्ति नहीं है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)




**फ्रां**सीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने बहुत अच्छी भावना से देश के सेक्युलर मूल्यों की रक्षा के लिए एक कानून बनाने का प्रस्ताव किया है। ईसाई प्रस्तावित कानून को स्वागत योग्य अलगाववाद-विरोधी कदम के रूप में देखते हैं जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। राष्ट्रपति ने कहा, 'सेक्युलरिज्म फ्रांस को एकजुट रखने वाली सीमेंट है'। बहुत से लोग उनसे सहमत होंगे। अमेरिकनों को गर्व है कि उनके संविधान में धर्म और राज्य के बीच अलगाव रखने वाली दीवाल मौजूद है। लेकिन कोई मुस्लिम शायद ही इस तरह सोचता हो और इस विचार से सहमत हो।

इसका कारण यह है कि इस्लाम धर्म को राज्य से अलग रखने पर सहमत नहीं है और वह जीवन के किसी आयाम को धर्म से अलग नहीं मानता है। पैगंबर मुहम्मद स्वयं हेजाज-मक्का व मदीना क्षेत्र, के शासक थे। इसके साथ ही वे एक व्यापारी, सैनिक व परिवारी व्यक्ति थे। यही स्थिति उनके प्रतिनिधि खलीफाओं की थी। अंतिम खलीफा सुन्नी इस्लाम के प्रमुख तथा तुर्की के सुल्तान थे। इस प्रकार अध्यात्म व भौतिकता के बीच कोई खाई नहीं थी। इस्लाम में जीवन के प्रति समग्र दृष्टिकोण है और वह किसी विभाजन या खांचों की अनुमति नहीं देता है। यह स्थिति बाइबिल के उलट है। ओल्ड टेस्टामेंट में बिल्कुल स्पष्ट कहा गया है कि जो सीज़र का है उसे दें तथा बाकी हिस्सा ईश्वर अपने पास रखे।

मार्टिन लूथर व जान केल्विन द्वारा 16वीं शताब्दी में शुरू किया गया सुधार आंदोलन इसलिए संभव हुआ क्योंकि यह ईसाइयों की पवित्र पुस्तक में दिए आदेश की संगति में था। उस समय या उसके बाद किसी पोप ने किसी प्रकार भी इसके रास्ते में आने का प्रयास नहीं किया। वास्तव में ईसाइयत में पहला विभाजन चौथी शताब्दी के प्रारम्भ में तब हुआ जब राजा कांस्टिनटेन रोम से बाहर गए और उन्होंने आर्थोडाक्स पूर्वी चर्च की स्थापना को प्रोत्साहित किया। यह वर्तमान समय में इस्तांबूल में है। उनकी मां हेलेना ने नाजरथ में ईसा मसीह की माता रोमन मैरी के लिए नाजरथ में चर्च बनवाई। हगिया सोफिया का निर्माण रोमन शासक जस्टीनियन ने 537 ईस्वी में कराया था जिसे हाल में तुर्की के राष्ट्रपति रेसिप तैयब इर्दोगान ने पुन: मस्जिद में बदल दिया है।

पूर्वी चर्च का पिता, पुत्र व पवित्र शैतान की त्रयी में विश्वास नहीं है। वह धर्मदर्शन को पहले दो तक सीमित रखता है, जबकि रोमन कैथोलिकों का त्रयी में पूरा विश्वास है। दूसरे शब्दों में दो चर्चों- रोमन व कैथोलिक का एक प्रमुख धार्मिक सिद्धान्त पर मतभेद है। दूसरी ओर इस्लाम किसी धार्मिक सिद्धान्त पर विश्वास के किसी मतभेद की अनुमति नहीं देता है। सुन्नियों और शियाओं में इस बात पर टकराव हुआ था कि खलीफा कौन बन सकता है। शियाओं को लगता था कि उनका पैगंबर मुहम्मद से रक्त संबंध है, जबकि सुन्नियों का विश्वास था कि कुरेश समुदाय का कोई व्यक्ति इस पद पर आ सकता है। लेकिन शियाओं को हाशिए पर धकेल दिया गया क्योंकि पैगंबर के पड़पोते इमाम हुसेन को उनके पिता हजरत अली का उचित वारिस नहीं माना गया जो मुहम्मद के भतीजे थे।

कहने का अर्थ यह है कि इस्लाम और ईसाइयत के बीच एक खाई है और मुसलमान सेक्युरवाद और अपने बीच भी ऐसी ही खाई नहीं पाट सकते हैं। धर्म और राज्य के बीच एक दीवाल बनाई जा रही है। भारत का अनुभव भी ऐसा ही रहा है। 1947 में विभाजन से बचने के लिए महात्मा गांधी इस सीमा तक गए कि उन्होंने मुहम्मद अली जिन्ना को सभी अधिकारों के साथ अविभाजित भारत का प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव तक दे डाला। लेकिन यह भी सुलह-समझौता कराने में सफल नहीं हो सका। यह इस तथ्य के बावजूद हुआ कि मुसलमान भारत में 13वीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही रह रहे थे। 1757 में अंग्रेजों द्वारा सत्ता पर कब्जा करना शुरू करने तक सुल्तानों, नवाबों या बादशाहों के रूप में मुसलमानों का इस उप-महाद्वीप के बड़े हिस्सों पर कब्जा था। मुसलमानों को लोकतंत्र और सेक्युलरवाद अच्छे नहीं लगते हैं क्योंकि ये कुरान के विरोध में हैं। कुरान बाइबिल में वर्णित किसी अवधारणा की तरह ईश्वर व सीज़र में अंतर करते हुए उनको धरती पर काम करने की अलग भूमिकायें नहीं देती है।

शरीया या इस्लामी कानून का जन्म कुरान से होता है और इसलिए वह मुसलमानों के लिए अपरिहार्य है। सचमुच कोई सेक्युलर देश भिन्न समुदायों द्वारा परिभाषित दो अलग कानूनों से कैसे संचालित हो सकता है? भारत में हमारे सामने बहु-विवाह या द्वि-विवाह की असाधारण स्थिति का सामना है जिस पर 1955 में प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बावजूद मुस्लिम पुरुष चार पत्नियां रख सकते हैं। हमारा संविधान अपनी उद्देशिका में स्वयं को सेक्युलर भारत घोषित करता है, लेकिन यह एक अलग मामला है।

इस्लामी धर्मदर्शन मुसलमानों को आदेश देता है कि वे आदर्श रूप से एक दारुल इस्लाम या इस्लाम की भूमि में रहें। भारत मुगल साम्राज्य के अंतर्गत बहादुर शाह जफर के शासनकाल तक दारुल इस्लाम था। जब ब्रिटेन की रानी ने ईस्ट इंडिया कंपनी से सत्ता अपने हाथ में ली तो यह दारुल हर्ब या टकराव की भूमि बन गया। मुस्लिमों का प्रयास इसे पुनः दारुल इस्लाम में बदलना है तथा यदि ऐसा न हो सके तो मुसलमानों को हिजरत करनी या ऐसे देश चले जाना चाहिए जहां दारुल इस्लाम हो। 1920 में खिलाफत आंदोलन की विफलता के भय से लगभग आधा मिलियन भारतीय मुसलमान अफगानिस्तान चले गए थे। वहां लगभग 20,000 बने रहे, जबकि बाकी को काबुल सरकार ने बाहर निकाल दिया।

फ्रांस में वर्तमान समस्या का कारण राष्ट्रपति इर्दोगान का तुर्की को यूरोपीय संघ में शामिल न करवा पाना है। यदि वे इसमें सफल होते तो तुर्क लोग अपनी इच्छानुसार जाने को स्वतंत्र होते और इस प्रकार यूरेबिया का सपना पूरा हो सकता था। इर्दोगान स्वयं खलीफा बनने का सपना देख रहे हैं। 1924 तक तुर्की का सुल्तान सभी सुन्नी मुसलमानों का खलीफा होता था। मुस्तफा कमाल पाशा ने इस संस्थान को समाप्त कर खलीफा को देश से बाहर निकाल दिया। इसके बावजूद इर्दोगान यूरोप पर अपनी नजरें गड़ाए हैं और उन्होंने किसी भी राष्ट्रीयता के काफी लोगों को फ्रांस भेजने को प्रोत्साहित किया है ताकि वहां ईसाई फ्रांसीसियों की हत्या कर उनको डराया जा सके। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सैकड़ों इमामों को फ्रांस छोड़ने के आदेश दिए हैं।

स्कूल शिक्षक सैमुअल पैटी का हत्यारा एक अवैध आप्रवासी था। इसी प्रकार हाल ही में नीस के हत्यारे भी अवैध आप्रवासी हैं। फ्रांस में रहने वाले वैध मुस्लिम प्रवासी इन हत्याओं का विरोध करते हैं क्योंकि यह यूरेबिया बनाने के रास्ते में बाधा है। उनको बड़े परिवार बनाने की खामोश रणनीति पसंद है तथा वे अल्जीरिया, ट्यूनीशिया व मोरक्को जैसे देशों से आप्रवासियों को बढ़ावा दे रहे हैं। फ्रांस के कल्याणकारी नियमों के कारण पांच या छह बच्चों वाला परिवार बिना कोई काम किए मध्यवर्गीय जीवन जी सकता है। सरकार ने ऐसे उदारवादी नियम बड़े श्वेत परिवारों को प्रोत्साहन देने के लिए बनाए हैं, पर आप्रवासी बड़ी होशियारी से इनका लाभ उठाते हैं। वे शहरों के चारों ओर बनी इमारतों के हजारों अपार्टमेंटों या बेनीलक्स में रहने लगे हैं।

फ्रांस में चल रहा वर्तमान घटनाक्रम कोई नया नहीं है। भारत को भी ऐसे अनुभव का सामना करना पड़ा है जिसका नतीजा पाकिस्तान के जन्म के रूप में सामने आया है। वर्तमान स्थिति के लिए फ्रांस के बहुसंख्यक राजनेताओं के संकुचित दृष्टिकोण के अलावा कोई और जिम्मेदार नहीं है जो एक समाधान तलाशने के लिए एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। बहुसंख्य जनता भी इसके लिए एक सीमा तक जिम्मेदार है।

# महामारी से प्रभावित उच्च शिक्षा की गुणवत्ता

"केवल सिद्धांतों को सीखने तक सीमित रहने तथा प्रायोगिक अनुप्रयोगों के न हो पाने से छात्रों की सीखने की प्रक्रिया बाधित हुई है।"

**आर एल रैना**
(लेखक जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति हैं)



**प्र**त्येक वर्ष देश के उच्चतर शिक्षा संस्थानों में लगभग 37.4 मिलियन दाखिले होते हैं। इससे भारत में छात्रों की सघनता परिलक्षित होती है एवं शैक्षणिक क्षेत्र के विस्तारित होते आयामों का पता चलता है, जो प्रति वर्ष बड़ी तेज गति से बढ़ रहा है। हालांकि, कोविड महामारी के अचानक लगे आघात ने जबर्दस्त नकारात्मक असर डाला है। मानव जाति में बीमारी के प्रसार एवं खतरे के परिणामस्वरूप, विश्वविद्यालय एवं कालेज बंद करने पड़े तथा उनके पाठ्यक्रमों में कटौती कर दी गई। ऐसा तब तक हुआ जब तक इस क्षेत्र द्वारा क्रांति का आगाज़ किए जाने का निर्णय नहीं ले लिया गया। संकट के दौर में भी आगे बढ़ने का सजगतापूर्ण विकल्प चुनकर, इसने अपने दृष्टिकोण तथा अध्यापन कला को पुन: आविष्कृत किया है तथा कुछ मूलभूत प्रक्रियाओं को डिजिटलीकृत करने का निर्णय लिया है, जो इसकी कार्य प्रणाली के मूल थे। शैक्षिक प्रक्रिया सुधार भारत तथा वैश्विक स्तर पर भी देखे जा रहे हैं, और कोविड-19 के दौर में यह उपयुक्त उदाहरण है कि किस तरह आवश्यकता आविष्कार की जननी होती है। हालांकि, सामान्य स्थिति में वापस आने में लंबा समय लगेगा और वर्तमान परिदृश्य में, भारत में उच्चतर शिक्षा संस्थान दो बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

कर्मचारियों, संकाय एवं अवसंरचना का रख रखाव कठिन हो गया है क्योंकि भुगतान आगे बढ़ गए हैं। खर्चीले ढांचे एवं विशेषज्ञ संकाय सदस्य उच्चतर शिक्षा संस्थाओं के लिए खर्चे के एक बड़े हिस्से में शामिल हैं। विलंबित भुगतानों एवं समय सारणी में अनापेक्षित बदलावों के कारण, विश्वविद्यालय लागत पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। देशभर में, संस्थाएं नकदी प्रवाह के मुद्दे का सामना कर रहे हैं क्योंकि लुढ़कती अर्थव्यवस्था के अंतर्गत वेतनों में कटौतियों अथवा नौकरियां छिन जाने के कारण परिवारों के समक्ष समस्याएं पैदा हो गई हैं। एक और चुनौती माता-पिता और छात्रों की ओर से आती है, जो आनलाइन कक्षाओं के उपकरणों व तरीकों को स्वीकार करने में असमर्थ हैं तथा अध्यापन कला की नई पद्धतियों से समायोजित करने में कठिनाई महसूस करते हैं। इसके साथ-साथ, ईंट-गारे की कक्षाओं में बैठने का भय, भले ही सामाजिक दूरी के मानकों का पालन हो, व्यापक रूप से विद्यमान है और फिलहाल के लिए व्यावहार्य समाधान प्रतीत नहीं होता।

भौगोलिक स्थितियां भी अन्य बाधाओं के रूप में सामने आती हैं जहां तक नए अभिलंब की स्वीकार्यता का सवाल है। दूरस्थ इलाकों में रहने वाले बहुत से छात्रों के पास निर्बाध डिजिटल अनुभव हेतु उपयुक्त मोबाइल नेटवर्क अथवा वैकल्पिक माध्यम नहीं होते। उदाहरण के लिए, वह छात्र जो कोलकाता के उपनगरीय इलाकों के निकट अपने परिवार के साथ रहता है उसके सामने नियमित रूप से नेटवर्क की समस्साएं आती हैं जिनके कारण उसकी कक्षाएं बाधित होती हैं और सीखने की प्रक्रिया बिगड़ जाती है। इसी तरह जयपुर जैसे शहरों में भी सायबर संपर्क रेखा का अभाव देखने को मिलता है। टियर-2 व टियर-3 श्रेणी के शहरों के छात्रों को कनेक्टिविटी की समस्या के कारण काफी जूझना पड़ता है और वे प्राय: आनलाइन अध्ययन के लिए डाउंगल का इस्तेमाल करते हैं। इसकी अपनी चुनौतियां हैं।

पूर्व में छात्रों को एक दिन में पांच से छह कक्षाओं में भाग लेना पड़ता था लेकिन अब आनलाइन शिक्षा के कारण इनकी संख्या में कटौती कर दी गई है। साथ में, घरों में ब्लैकबोर्ड का अभाव होने के चलते, जिनका इस्तेमाल अधिकतर शिक्षकों द्वारा अनुप्रयोग के व्यावहारिक मॉडलों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है, संकाय को समस्याओं की व्याख्या करने एवं समाधानों को साझा करने में कठनाई होती है। और भले ही छात्रों के साथ आनलाइन होकर शिक्षकों के शोध एवं साझीदारी के निष्कर्ष हों, इनसे छात्रों की सहभागिता का आश्वासन नहीं दिया जा सकता क्योंकि वे दूर से बैठकर उनकी निगरानी नहीं कर सकते।

विद्यार्जन की प्रक्रिया कक्षाओं में दी जाने वाली शिक्षा से परे होकर चलती है और इसमें साथी छात्रों के साथ अंतरवैयक्तिक संलिप्तता भी शामिल होती है। अतिरिक्त रूप से सीखने की प्रक्रिया को संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। साथियों के साथ मिलकर सीखने की प्रक्रिया, जो कि उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों में नए कौशलों के निर्माण का एक प्रमुख स्रोत है, वह सामाजिक दूरी के मानकों के चलते बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसके अलावा, डिजाइन तथा इंजीनियरिंग के छात्रों के समक्ष जबर्दस्त समस्याएं पैदा हो रही हैं क्योंकि वे आभासी प्रतिरूपों के द्वारा सीख सकते हैं लेकिन अब वे वास्तविक अनुभवों से वंचित हो गए हैं।

केवल सिद्धांतों को सीखने तक सीमित रहने तथा प्रायोगिक अनुप्रयोगों के न हो पाने से छात्रों की सीखने की प्रक्रिया बाधित हुई है। दीर्घकालीन एकाकीपन तथा साथी छात्रों के साथ मेल मिलाप के अभाव के कारण जो मनोवैज्ञानिक तथा मानसिक समस्याएं पैदा हुई हैं वह एक और कारक है जिसे संबोधित किए जाने की आवश्यकता है। बहुत सी संस्थाओं को इसके लिए दक्ष विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी।

अब शैक्षणिक क्षेत्र के समक्ष पैदा हुई समस्याओं के समाधान का सवाल आता है। यद्यपि संस्थाएं छात्रों को एक एकीकृत एवं समग्रतापूर्ण विद्यार्जन अनुभव प्रदान करने हेतु संघर्ष कर रही है, उन्हें इस क्षेत्र में कुछ सामान्यता वापस लाने के लिए एक ब्लूप्रिंट तैयार करने की आवश्यकता है।

इस बिंदु पर सरकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। यद्यपि सरकार महामारी को नियंत्रण में लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, अभी महामारी खत्म नहीं हुई है। इसके चले जाने के बाद भी भय व शंकाएं बनी रहेंगी। ऐसे में आने वाले दिनों में इस क्षेत्र की प्रगति की गति को बढ़ाने तथा बनाए रखने के लिए छात्रों एवं उच्चतर शिक्षा संस्थानों को एक योजना बनाने की तात्कालिक आवश्यकता है। इसके अलावा शिक्षण की प्रकृति ऐसी होनी चाहिए कि विद्यार्जन के परिणामों पर बुरा असर न पड़ने पाए, खासकर उस पाठ्यक्रमों में जिनमें प्रयोगशाला में प्रयोगीकरण, विषय अध्ययनों एवं समूह गतिविधियों की आवश्यकता होती है। अत: इनके लिए भी पाठ्यक्रमों के कुछ हिस्सों को आनलाइन के बजाए सामान्य तरीकों से संचालित किया जाना चाहिए।

## आप की बात

### मालाबार अभ्यास

**बंगाल** की खाड़ी में हाल ही में शुरू हो रहे मालाबार नौसैनिक अभ्यास के प्रथम चरण में ऑस्ट्रेलिया के शामिल होने के साथ अब सभी क्वाड समूह इस नौसैनिक अभ्यास में शामिल हो गए हैं। सभी क्वाड देशों का एक साथ नौसैनिक अभ्यास में शामिल होना कहीं ना कहीं एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को समझाता है। इस समूह की शुरुआत 2004 में हिंद महासागर में आई सूनामी के बाद वहां राहत कार्यों के लिए गठित एक सुनामी कोर ग्रुप से जुड़कर देखी जाती है। भारत के लिए क्वाड का बहुत महत्व है। वैश्विक व्यापार की दृष्टि से हिंद महासागर का समुद्री मार्ग चीन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है ऐसे में इस क्षेत्र से इन सभी 4 देशों का सहयोग भारत को एक रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगा। अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में अपनी मजबूती को और बढ़ाने के लिए हाल ही में अमेरिका के प्रस्ताव पर कोविड-19 से निपटने हेतु प्रयासों के लिए क्वाड प्लस संवाद की शुरुआत की गई। इसमें इन 4 देशों के अलावा ब्राजील इसराइल न्यूजीलैंड दक्षिण कोरिया और वियतनाम भी शामिल हुए थे इसके साथ-साथ ब्रिटेन द्वारा भारत सहित विश्व के कई अन्य 10 लोकतांत्रिक देशों के साथ मिलकर एक गठबंधन बनाने पर विचार किया जा रहा है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### पत्रकार खुद खबर बन गया!

**मुंबई** में क्या पूर्ण रूप से जंगलराज चल रहा है, नंगे पैर, एक थाने से दूसरे थाने, एक हॉस्पिटल से दूसरे हॉस्पिटल दौड़ा रहे हैं, सत्ता के नशे ने कानून को फुटबॉल बना दिया है, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ताक पर रख दिया गया है, अत्याचार और जुर्म तो रावण का भी ज़्यादा दिन नहीं चल पाया था तो यह तो कलयुग हैं। बहरहाल अर्नब गोस्वामी की पत्रकारिता के कई पहलू ऐसे बेशक हैं जिनसे जरूरी नहीं कि हर कोई सहमत हों लेकिन बीते दिन जो मुंबई पुलिस की कार्रवाई बदले की भावना में बदल गई थी। वह अवश्य ही गलत हैं। पुलिस को यह ध्यान रखना ही होगा कि वह किसी राजनीतिक दल या नेता की निजी सेना की तरह काम नहीं कर सकती। इस वक्त पुलिस कार्रवाई निंदनीय और  है। बीते दिन रिपब्लिक के एडिटर अर्नब गोस्वामी को खुदकुशी के लिए उकसाने के केस में गिरफ्तार किया गया। जो मामला दो साल पुराना है। अर्नब के घर में अचानक घुसकर रायगढ़ पुलिस ने जो कार्रवाई की वह अवश्य सवाल खड़े करती है। माना पत्रकार कानून से ऊपर नहीं होता लेकिन मीडिया प्रोफेशनल के साथ ऐसा व्यवहार भी उचित भी नहीं हैं। सच में हद है। जिस तरह से गोस्वामि को उठाकर ले जा रहे थे। लग रहा था कि अर्नब कोई आतंकवादी हैं।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद


### नदियों पर हो उचित इंतजाम

**नदियों** में मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में डूबने की घटनाएं घटित होती है। इसके लिए सुझाव है की नदी के किनारों पर कुशल तैराको को रखा जाए उनके माध्यम से ही मूर्ति विसर्जन का कार्य किया जाए। जिससे जिन्हे तैरना नहीं आता उनकी जान हिफाजत हो सकेगी। मिटटी से निर्मित मूर्ति को ही नदी में विसर्जन की अनुमति देना चाहिए ताकि नदी स्वच्छ बनी रहकर प्रदूषित ना होने पाए। दूसरी बात ये भी देखने में आती है की धार्मिक पर्वो पर या स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने या तेज बहाव में बहकर डूबने की घटनाएं भी होती है। इसके लिए कई घाटों पर जहा बहाव तेज है वहां पर निर्धारित सीमा में के अंदर सांकल बांधने की व्यवस्था रहती है ठीक उसी प्रकार प्रत्येक नदियों में निर्धारित सीमा में सांकल लगाई जाना चाहिए तालाबों में उतर कर स्नान की अनुमति नहीं दी जाना चाहिए. क्योंकि तालाब में मिटटी फिसलन भरी होने से व फिसलन और पैर फंस जाते हैं। जिससे व्यक्ति निकल नहीं पाता। ऐतिहात बरतने से स्वयं एवं दूसरों को सुरक्षित कर सकते हैं।

– **संजय वर्मा**, मनावर, धार

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**हमारा** निर्वाचन ढांचा प्रतिरोधक है और ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं कि कोई बाहरी व्यक्ति चुनावों में डाले गए मतों को प्रभावित करने में सफल हुआ हो।

– **चाड वुल्फ**
अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव

**हम** किसी भी तरह देश के विकास को रोकना नहीं चाहते हैं लेकिन वन एक प्राकृतिक संपदा है जिसका अपरदन नहीं किया जा सकता।

– **एस ए बोब्डे**
भारत के प्रधान न्यायाधीश





**कांग्रेस** और उसके सहयोगी दलों ने लोकतंत्र को शर्मसार किया है। यह आपातकाल की याद दिलाता है। स्वतंत्र प्रेस पर हमले का विरोध करना होगा।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री"

# मुख्तार के करीबी मेराज के घर पर वीडीए का चला बुलडोजर

- अशोक विहार नगर कालोनी में मकान को ध्वस्त किया गया
- उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध ्पत्तियों को ध्वस्त करा रही है



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रदेश सरकार** इन दिनों माफिया और अवैध कार्यों से जमा की गई संपत्ति और अवैध निर्माण को लेकर कड़ी कार्रवाई कर रही है। पूर्वांचल में माफिया और विधायक मुख्तार अंसारी और उसके गिरोह से जुड़े लोगों की अवैध संपत्ति निशाने पर है। इसी कड़ी में गुरुवार को वीडीए की टीम मुख्तार अंसारी के करीबी मेराज के घर बिना इजाजत कराये गये निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इससे पूर्व जौनपुर की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध संपत्तियों के ध्वस्तीकरण पर सख्ती की कार्रवाई की बात कही थी। अधिकारियों के अनुसार मुख्तार के करीबी माने जाने वाले मेहराज ने मकान के पिछले हिस्से पर अनधिकृत जौर पर कब्जा किया था। वीडीए द्वारा सीमांकन के बाद मकान के पिछले हिस्से को तोड़ दिया गया। मुख्तार अंसारी के करीबी मेराज का घर अशोक विहार प्रथम चरण में स्थित है। अधिकारियों के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मेराज के घर में कोई मौजूद नहीं था। वीडीए दस्ते का नेतृत्व जोनल अफसर परमानन्द यादव कर रहे हैंए जबकि उनके साथ सीओ और जैतपुरा थाना प्रभारी शशिभूषण राय की टीम के अलावा पीएसी भी मौजूद रही। मुख्तार अंसारी के करीबियों में मेराज का नाम शामिल रहा है। गुरुवार की सुबह वीडीए की टीम के साथ ही पुलिस प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे। प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह 11 बजे से टीम बुल्डोजर के साथ मौके पर पहुंची और परिसर का निरीक्षण कर भवन ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया। इस दौरान पूरे अभियान की रिकार्डिंग भी की गई। अधिकारियों के अनुसार आदेश के अनुपालन में अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण का दोपहर बाद तक पूरा कर दिया जाएगा।

## वर्तमान परिदृश्य में सोशल डिस्टेंसिंग जीवन का अंग

**प्रयागराज।** एक सुरक्षित और बेहतर लोग अनुभव के लिए डिजिटल भुगतानों को प्रोत्साहित करते हैं। नए युग और डिजिटल प्लेटफॉर्म को पसंद करने वाले लोगों के लिए डिजाइन किए गए पेटीएम एसबीआई कार्ड और पेटीएम एसबीआई कार्ड सिलेक्ट को पेटीएम एप्प और लाखों ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर पर इस्तेमाल करके बचत के साथ पुरस्कार भी प्राप्त कर सकते हैं। एसबीआई कार्ड और पेटीएम ने भारत के नेक्स्ट जनरेशन क्रेडिट कार्ड को लांच करने के लिए गठबंधन किया है। यह कार्ड दो वैरिएंट पेटीएम एसबीआई कार्ड और पेटीएम एसबीआई कार्ड सिलेक्ट में उपलब्ध है। इस प्रोडक्ट को वीजा प्लेटफॉर्म पर लांच किया गया है। एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ अश्विनी कुमार तिवारी ने पेटीएम के साथ साझेदारी के बारे में कहा भारत में क्रेडिट कार्ड उद्योग की पहुंच अभी भी बहुत कम बनी हुई है। इसके अलावा वर्तमान परिदृश्य में सोशल डिस्टेंसिंग जीवन का एक तरीका है और कैशलेस भुगतान एक सुरक्षित विकल्प है।

## सिद्धार्थ नाथ सिंह बने इंजीनियरिंग कालेज मैनपुरी और सोनभद्र की प्रशासनिक परिषद के अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रदेश सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज मैनपुरी एवं सोनभद्र की प्रशासनिक परिषद का अध्यक्ष नामित किया है। काबीना मंत्री के अध्यक्ष नामित होने की खबर पर शहर पश्चिमी के लोगों में खुशियों की लहर है। इससे पहले मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को कन्नौज राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रशासनिक परिषद का अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। बैठक कर भाजपा काशी प्रान्त के क्षेत्रीय मंत्री कमलेश गौतम ने कहा कि सिद्धार्थ नाथ ने खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से भारतीय तकनीकों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर स्वरोजगार के जरिए स्वावलंबी बनाने की प्रेरणा दी है। अधिवक्ता पवन श्रीवास्तव ने कहा कि शहर पश्चिमी की पहचान अब विकास बन गया है। पूर्व पार्षद चन्द्रभूषण सिंह पटेल और गांजा प्रधान के प्रतिनिधि रंजीव सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि शहर पश्चिमी के गांव और शहर को आधुनिक भारत की कड़ी से जोड़कर गांव गरीब किसान और मजदूरों तथा महिलाओं के मार्गदर्शक बने।

इस मौके पर अनिल सिंह, विजय पुर्सवानी, पवन मिश्रा, रामलोचन साहू, रामजी शुक्ला, जगमोहन आर्या, गौरव गुप्ता, अनुज कुमार, राजेश सिंह, पटेल कौशकी सिंह, संजय कुशवाहा, ज्ञान बाबू केसरवानी, दीना नाथ कुशवाहा, अंजनी यादव, विजय मेलहोत्रा, राकेश जैन, धनंजय सिंह पटेल, अजय राय, अमरजीत सिंह, दीपक कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, रोहित मालवीय, शिव भारतीया, पवन गुप्ता, रमेश पासी, राजेश जायसवाल, ओम प्रकाश गौतम, आदित्य तिवारी, शिव तिवारी, हिमांशु तिवारी, शिवकांत पाण्डेय, लेखराज सिंह पटेल, रंजन शुक्ला, पारस श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, चन्द्रभूषण धर दुबे, कुलदीप पाल, रामानुज पाल, नंद लाल पाल, मनोज दुबे, मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी आदि ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## रिबोर नलकूपों का महापौर ने किया लोकार्पण



लोकार्पण करतीं महापौर अभिलाषा गुप्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**महापौर** अभिलाषा गुप्ता ने गुरुवार को तीन रिबोर नलकूपों का फीता काटकर लोकार्पण किया। शहर के कोठापार्चा करेली अयोध्यापुरी कॉलोनी तथा बेनीगंज नयी बस्ती खुर्शीद कॉलोनी में नलकूपों को 14 वें वित्त आयोग के तहत रिबोर कराकर स्थापित कराया गया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक जलकल हरिश्चन्द्र वाल्मीकि क्षेत्रीय पार्षद कुसुमलता पार्षद सरस्वती कुशवाहा वार्ड 80 करेली के पार्षद रोहित मालवीय पार्षद फ़ज़ल खान नामित पार्षद अनूप मिश्रा पूर्व पार्षद राजेश कुशवाहा अब्दुल समद अनिल केसरवानी भरत राय ओम प्रकाश शर्मा रविन्द्र श्रीवास्तव बबलू काशी नाथ विपिन श्रीवास्तव राकेश सिंह अर्चना श्रीवास्तव रजनी चंद्रा राजेन्द्र कनौजिया मोनू सिंह अभिषेक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## आणविक रोगजनन और थेरनोस्टिक्स के विकास पर वेबिनार कल से

**प्रयागराज।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद के व्यावहारिक विज्ञान विभाग द्वारा दो दिनी आणविक रोगजनन से लेकर थेरनोस्टिक्स के विकास विषय पर सात नवम्बर से ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया है। एप्लाइड साइंस के विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रीतिश कुमार भारद्वाज ने बताया कि वेबिनार का प्राथमिक उद्देश्य आणविक रोगजनन में उभरते नवीन प्रवृत्तियों को प्रस्तुत करना है। जिसके माध्यम से बीमारी के अंतर्निहित तंत्र को समझा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके निरंतर विकास के परिणामस्वरुप चिकित्सा शास्त्र के एक नए युग की शुरुआत हुई है। यह एक स्मार्ट सामग्री विकसित करने हेतु नैनो स्तर पर इंजीनियरिंग का दायरा प्रदान करता है जो अधिक विशिष्ट चिकित्सा के लिए उपयुक्त एकल माड्यूल द्वारा देखने और इलाज करने का अवसर प्रदान करेगा।

## विधान परिषद की शिक्षक व स्नातक चुनाव के फार्म लेने के लिए कमिश्नरी में चहल-पहल बढ़ी

- नामांकन प्रक्रिया 12 नवम्बर को, मतदान एक दिसम्बर को, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**कमिश्नरी** में वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी मंडल नामांकन की तैयारी गुरुवार की सुबह से ही शुरू हो गई। सुबह परिसर में व्यापक स्तर पर सुरक्षा कड़ी करने के साथ ही आने जाने वाले लोगों की जांच भी की गई। वहीं सुबह से ही कई लोग फॉर्म लेने के लिए पहुंचे तो उनकी भी जांच की गई। परिसर पूरी तरह सुरक्षा बलों के हवाले रहा और हर आने जाने वाले से पूछताछ करने के साथ ही परिसर को कोरोना संक्रमण को देखते हुए पूरी निगरानी में रखा गया।

कमिश्नरी कार्यालय के अपर आयुक्त (द्वितीय) के न्यायालय में नामांकन फार्मों से संबंधित वितरण और नामांकन का दौर अधिसूचना जारी होने के बाद गुरुवार को शुरू हो चुका है। सुबह परिसर में सुरक्षा कड़ी करने के साथ ही पोस्टर और बैनर लगाकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी मंडल नामांकन की तैयारी प्रशासन की ओर से अधिसूचना के बाद से ही शुरू कर दी गई थी।

भारत निर्वाचन आयोग ने विधान परिषद की शिक्षक व स्नातक कोटे की 11 रिक्त सींटों के लिए चुनाव की घोषणा कर दी है। इसमें वाराणसी खंड की एक सीट भी शामिल है। इसी साल छह मई को रिक्त हो गई थी। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने आज अधिसूचना जारी की। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों का दाखिला 12 नवम्बर तक होगा। पत्रों की जॉच 13 को व नाम वापसी 17 नवम्बर को निर्धारित है। एक दिसम्बर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वोटों की गिनती तीन दिसम्बर को होगी। वाराणसी में शिक्षक व स्नातक खंड निर्वाचन क्षेत्र में कुल दो लाख 39 हजार 688 मतदाता वोटिंग कर सकेगें। स्नातक कोटे के एमएलसी के चुनाव में दो लाख सात हजार 649 मतदाता शामिल होगें। हांलकि चुनाव की अधिसूचना जारी होने तक मतदातओं की संख्या घट-बढ़ भी सकती है।

## डिप्टी सीएमओ ने सैंता गांव पहुंच की जांच पड़ताल

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** ब्लाक के सैंता ग्राम पंचायत में डेंगू के प्रकोप से जहां लगभग पन्द्रह दिनों में चार ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। वहीं लगभग आधा सैकड़ा मरीज इधर.उधर प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। जिसकी गुरूवार को ष्दैनिक पायनियर समाचारष् पत्र में विधिवत प्रकाशित हुई थी। खबर को संज्ञान में लेते हुए गुरूवार को सैता गांव डिप्टी सीएमओ वीके गुप्ता मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से हाल चाल लिया। उधरए फतेहपुरचैरासी प्रभारी चिकित्साधिकारी डाण् प्रेम चन्द्र समेत टीम मौके पर पहुंच कर 56 ग्रामीणों की डेंगू का परीक्षण किया। जिसमें कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया। वहीं डेंगू के प्रकोप को कम करने के लिए पूरे गांव में फागिंग भी कराई गई है।

### शार्टसर्किट से लगी आगए नकदी व जेवरात जले



**उन्नाव।** सदर तहसील के बाजारखेड़ा के मजरे दुआ गांव में एक विधवा शांति अरसे से कच्चे मकान में छप्पर रखकर अपनी तीन बेटियों के साथ जीवन यापन करती आ रही है। गुरुवार शार्ट सर्किट की चिंगारी से घर में रखे छप्पर में आग लग गई। घर में आग की लपटे उठती देख महिला अपनी बेटियों संग जान बचाकर बाहर भागी। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की। कामयाबी न मिलने पर उन्होंने दमकल को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पीड़िता के अनुसार आग की चपेट में आकर घर में रखा गृहस्थी का सामानए पचास हजार रुपए की नगदी सहित जेवरात जलकर राख हो गए। उधरए जानकारी मिलने पर बीजेपी नेता अरूण कुमार दीक्षित ने हर सभंव मदद का आश्वासन दिया है।

### आईजीआरएस में जिला प्रथम स्थान पर

**उन्नाव।** प्रदेश के सभी जनपदों में उन्नाव आईजीआरएस में प्रथम स्थान आने पर ई डिस्टिक मैनेजर बृजेश सिंह को डीएम रविंद्र कुमार ने गुरूवार को पांच सौ रूपए का पुरस्कार व पुष्प देकर देकर प्रोत्साहित किया। डीएम ने कहा कि इसी तरह अगर सभी कर्मी अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रदेश में सभी कार्य लक्ष्य के अनुरूप करें तो जनपद की प्रगति के साथ प्रदेश में जनपद का नाम होगा।

### जिला बदर व गैंगेस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली में तैनात एसएसआई दुर्गादत्त सिंह ने मदारनगर मोहल्ला के रहने वाले जिला बदर आरोपित लाला पुत्र लुकमान को गिरफ्तार किया है। कोतवाल आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। उधरए गैगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे जटपुर बेल्थरा थाना बेहटामुजावर के रहने वाले दीपक रैदास पुत्र अर्जुन रैदास को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

### दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

**उन्नाव।** शहर कोतवाली में तैनात एसआई धर्मेन्द्र सिंह ने दहेज हत्या में वांछित चल रहे सिलौलीगढ़ी गांव के रहने वाले हनुमान पुत्र हीरालाल को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

### कुंडे से फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**उन्नाव।** शहर कोतवाली क्षेत्र के किशोरीखेड़ा गांव निवासी अनुज अवस्थी ;24द्ध पुत्र लक्ष्मीकांत अवस्थी ने बुधवार की रात संदिग्ध हालात में अंदर कमरें की छत से कुण्डे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। गुरूवार की दोपहर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनो ने बताया कि मृतक दिल्ली में रहकर नौकरी करता था। लाकडाउन के दौरान वह दिल्ली से घर आया था। मृतक तीन भाईयो में छोटा था। बड़ा भाई अशोक व राहुल है। मौत को लेकर मां गायत्री का रो.रोकर बेहाल है।

### नकदी व सामान चोरों ने किया पार

**उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मनिकापुर निवासी पुरई ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया वह दोनों आंखों से अंधा है। बुधवार रात गांव का ही युवक एक अन्य युवक के साथ मिलकर उनके घर में सेंध लगाकर घुस गया। वह बक्से में रखा तमाम पीतल का सामानए 15 हजार रुपए की नगदी व चांदी के पायल आदि चोरी कर जा रहे थे। खटपट की आवाज पर उसकी नींद खुल गई। उसके शोर मचाने पर उसकी बेटी पूजा जग गई। उसने देखा कि गांव का ही युवक अपने एक अन्य साथी के साथ घर से बाहर भाग रहा है। वह घर के मुख्य दरवाजे को बाहर से बंद कर भाग गए। वह अपने साथ सारा सामान भी ले गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**शुक्लागंज, उन्नाव।** क्षेत्र के लालताखेड़ा का रहने वाला वीरू पुत्र धनराज बुधवार को अपनी मां के उपचार के लिए चिकित्सीय सलाह लेने राजधानी मार्ग स्थित एक अस्पताल गया था। जहां उसने अपनी बाइक को अस्पताल के बाहर खड़ी कर दी। आधे घण्टे बाद जब वह मां को लेकर बाहर निकला तो उसकी बाइक अपनी जगह पर नहीं खड़ी थी। यह देख उसके होश उड़ गए। आसपास देखने पर जब वह नहीं मिली तो उसने पुलिस को बाइक चोरी होने की सूचना दी।

### अनियंत्रित बाइक सड़क पर गिरने से अधेड़ की मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** क्षेत्र के पटियारा गांव निवासी गंगासागर (55) पुत्र सुक्खी बुधवार रात परियर की ओर से वापस घर आ रहा था। अभी वह परियर रोड पर ही था कि रास्ता खराब होने के चलते उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गई। बाइक समेत वह दूर तक घिसटता हुआ चला गया। रास्ते मे पड़े पत्थर और गिट्टी से टकराकर उसके सिर पर गहरी चोटें आ गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे पास के निजी अस्पताल ले गएए जहां से चिकित्सको ने उसे हैलट रेफर कर दिया। परिजन से लेकर कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए। जहां बुधवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### देशभर में 2.3 बिलियन लोग एनीमिया से पीड़ितः आलोक अग्रवाल

**प्रयागराज।** एनीमिया के मामले सबसे अधिक वैश्विक मामलों का पचासी प्रतिशत है। पीएंडजी ब्लड हेल्थ फोरम में एशिया के सात देशों से ढाई हजार लोग शामिल हुए। जिनमें भारत से एक हजार लोग थे। एनीमिया से लड़ने में प्रभावी दृष्टिकोण और टूल्स पर वैज्ञानिक शोध और चिकित्सकीय जानकारियों का आदान प्रदान हुआ। पेशेवर और सार्वजनिक स्वास्थ्य की पहलों के लिये एशिया एंड ओशेनिया फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी एओएफओजी के साथ रणनीतिक भागीदारी की घोषणा भी की है। भारत विश्व के उन देशों में शामिल है। जहाँ एनीमिया की सबसे अधिक प्रधानता है। आकलन के अनुसार यहाँ जन्म देने वाली अस्सी प्रतिशत माताओं की मृत्यु इसके कारण होती है और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे फोर एनएफएचएस चार के अनुसार यहाँ तिरेपन प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित होती हैं। द प्रॉक्टर एंड गैम्बल कंपनी के हेल्थ केयर डिविजन पीएंडजी हेल्थ ने आज पीएंडजी ब्लड हेल्थ फोरम के शुभारंभ की मेजबानी की। आज लगभग 2.3 बिलियन लोगों को एनीमिया है। इस प्रकार उसके जीवन की गुणवत्ता और उत्पादनशीलता प्रभावित हो रही है। दक्षिणपूर्व एशिया और अफ्रीका में एनीमिया सबसे ज्यादा है। मौजूदा वैश्विक सार्स कोव महामारी के संदर्भ में थे। हालिया शोध कोविड 19 की चिकित्सकीय प्रस्तुति में लाल रक्त कणिकाओं के गतिविज्ञान और आयरन होमीयोस्टेसिस की संभावना खोजता है।

## कोरोना से बचने के लिए बराबर करते रहें सेनेटाइज

**वाराणसी।** कोरोना से बचने के लिए मोबाइल, लैपटॉप के अलावा बार बार प्रयोग में लाए जाने वाले इलेक्ट्रानीक उपकरणों को बाद बार सेनेटाईज किया जाना चाहिए। कोविड-19 के प्रसार से बचाव में मास्क हाथियर है इसके अलावा बार-बार हाथ धोना और सार्वजनीक स्थानों पर भौतिक दूरी का पालन भी जरूरी है। जिन चीजों को हम रोजमर्रा की जिन्दगी में सबसे ज्यादा छूते हैं उन्हें सेनेटाइज करना भूल जाते हैं। उक्त बातें न्यूरोमाइंड सेण्टर के डाक्टर प्रदीप चौरसिया ने कही। इस बात की तस्दीक करते हुए एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय के वरिष्ठ परामर्शदाता एवं फिजीशियन डॉ एके सिंह ने बताया कि दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुएं करोना कैरियर हो सकती है। डा. रवि के मुताबिक जबतक कोविड-19 का उपचार नहीं मिल जाता तब तक केवल बचाव ही इसका उपाय है। इसके लिये हमें मास्क पहनना, हाथों को बार-बार साफ करना, शारीरिक दूरी का पालन करना तो जरूरी है ही।

## स्व मूल्यांकन व्यक्तित्व को प्रखर बनाता है: प्रो. टीएन सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कोई शिक्षा** नीति अथवा अकादमिक प्रक्रिया और गौरवपूर्ण उपलब्धि तब तक हासिल करना नामुमकिन है जब तक सतत आकलन और मूल्यांकन की अवधारणा से न गुजरे। नई शिक्षा नीति की निर्माण प्रक्रिया का आकलन भारत के छह सौ छिहत्तर जिले, छह हजार छह सौ ब्लॉक के ढाई लाख लोगों ने किया। परिणाम यह हुआ कि नई शिक्षा नीति के रूप में राष्ट्र निर्माण के लिए एक बेहतर अभियान हासिल हुआ है। उक्त बातें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रोफेसर टी.एन. सिंह ने गुरूवार अपराहन नई शिक्षा नीति विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ विश्वविद्यालय यूजीसी यूनिट और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी में कुलपति वैज्ञानिक चेतना पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी एकेडमिक रैंकिंग ऑफवर्ल्ड में विश्व के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में प्रोफेसर टीएन सिंह के शामिल किए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यूजीसी यूनिट के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर निरंजन सहाय ने प्रोफेसर टीएन सिंह के अवदान और प्रयोगों पर विस्तार डालते हुए कहा कि उनकी भू संरचना अध्ययन ने दुर्गम पहाड़ी इलाकों और कोमल खदानों में कार्यरत श्रमिकों के जीवन को सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ और राष्ट्रीय सेवा योजना के संबंध में डॉक्टर के के सीने भूवैज्ञानिक और प्रशासक दोनों ही रूपों में प्रोफेसर टीएन सिंह की उपलब्धियों का विश्लेषण किया जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो योगेन्द्र सिंह ने विज्ञान और सभ्यता विकास के रिश्ते को विश्लेषित किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ पारिजात सौरभ ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ नंदिनी सिंह ने किया।

## पत्नी पर दस लाख रुपए लेकर भागने का लगाया आरोप

**शुक्लागंज, उन्नाव।** जनपद कानपुर थाना बिठूर मोहम्मदपुर के रामधर पुत्र स्व. शिवलाल ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी पत्नी लक्ष्मी दो बच्चों को छोड़कर दस लाख रुपए लेकर कहीं गायब हो गई है। बताया कि एक माह पूर्व ही अपनी पैतृक जमीन बेची थी। जिसके रूपए खाते से निकालकर अपनी पत्नी को प्लाट खरीदने के लिए दिया था। कहा कि उसकी पत्नी दो माह से अपने मायके में रह रही थी। 28 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी के साथ प्लॉट का बयाना देने जा रहा था। तभी गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सन्नी गांव के पास उसकी बाइक पंचर हो गई। जिसके बाद उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर पत्नी का फोन आया कि तुम घर चलो मैं कुछ सामान खरीद कर आ रही हूं। जिसके बाद अपनी पत्नी को कई बार फोन मिलाया जो कि बंद बता रहा है। काफी खोजबीन के बाद महिला का कही सुराग नही लगा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई है।

## एसपी के निर्देश पर बैंकों में चला चेकिंग अभियान



**उन्नाव।** एसपी आनन्द कुलकर्णी के निर्देश पर गुरूवार को जिले भर में पुलिस ने एक साथ बैंकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। इसके अलावा बैंकों में अनावश्यक रूप से मौजूद लोगों को बाहर किया गया। सिटी कोतवाली में महिला एसआई लक्ष्मी बाला के नेतृत्व में बैंको की चेंकिग की गई। बिहार थाना क्षेत्र में महिला एसआई डा. सुनीता चैररिसया के नेतृत्व में क्षेत्र में स्थित बैंको को चेक किया गया। वही पुरवा, हसनगंज, सफीपुर, बांगरमऊ सर्किल में बैंको को चेक किया गया। अभियान के तहत ग्राहकों को भी जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि किसी से भी बैंक सम्बन्धित जानकारी साझा न करें। बैंकों में लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा .निर्देश दिए गए। सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया गयाए जहां खराब कैमरे पाए गए संबंधित मैनेजर को दुरुस्त कराने के लिए अनुरोध किया गया।

## डेंगू की रोकथाम व बचाव के लिए डीएम ने बैठक कर दिए निर्देश




**उन्नाव।** डीएम रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को विकास भवन सभागार में डेंगू की रोकथाम, बचाव व नियन्त्रण के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि जिले में डेंगू की स्थिति की गंभीरता के दृष्टिगत इसकी रोकथाम व नियन्त्रण के उद्देश्य से एडीएम को नगरीय व जिलापंचायत राज अधिकारी को विशेष रूप से नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए ओवर हेड टैंक की नियमित सफाई करवायें, टंकियों के ढक्कन एयर टाईट बनाये जायें, गड्ढो को तुरन्त बन्द करवा दिया जाये ताकि जल भराव न होने पायें। खण्ड विकास अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अपने.अपने क्षेत्रों में जल भराव के स्थलों को समाप्त करायें, नालियों एवं नालों में जल बहाव को अवरोधित न होने देए रोगों से बचाव हेतु जल भराव वाले स्थनों की सफाई एवं उसमें मिट्टी का तेल डलवाने की सुदृढ व्यवस्था की जायें। शिक्षा विभाग के अधिकारी अध्यापकों को निर्देशित करेंगे कि ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान छात्र.छात्रों को संचारी एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथामए नियंत्रण एवं उपचार सुविधाओं के विषय में अवगत कराये। अधिशासी अभियन्ता नहर को निर्देशित किया कि जो पानी नहरों एवं अन्य स्त्रोंतो से किसानों को दिया जाता है उस पानी से बस्तियों के आस.पास जल भराव की स्थिति उत्पन्न न होने पायें। बैठक में प्रमुख रूप से सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम राकेश सिंह, सीएमओ डा. आशुतोष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद यादव, जिला मलेरिया अधिकारी रमेशचन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## बीएचयू कुलपति प्रो. भटनागर की अध्यक्षता में विद्वत परिषद की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश भटनागर की अध्यक्षता में बीएचयू विद्वत परिषद् की बैठक स्वतंत्रता भवन में संपन्न हुई। कुलपति प्रो. भटनागर के साथ रेक्टर प्रो. वीके शुक्ला एवं कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी भी मंचासीन थे। वैश्विक महामारी कोविड-19 के मद्देनजर जारी दिशानिर्देशों का सभागार में पूरी तरह से पालन किया गया। विद्वत परिषद के कई सदस्य ऑनलाइन बैठक का हिस्सा बने। इस दौरान बैठक की कार्यसूची में शामिल विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में कुछ महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों के अनुमोदन के प्रस्तावों व विभिन्न संकायों एवं विभागों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर भी विचार विमर्श हुआ। विद्वत परिषद् की बैठक में विश्वविद्यालय में शिक्षण व शोध को और गुणवत्तापरक बनाने एवं पठन-पाठन गतिविधियों से संबंधित विषयों पर भी सदस्यों ने अपने विचार रखे।

राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं वाराणसी स्थित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कार्मिकों के लिए कंप्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने के लिए दो-दिवसीय ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरम्भ में विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी डॉ. विचित्रसेन गुप्त ने प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विषय-वस्तु पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक के तौर पर राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, भारत सरकार ने गूगल मीट ऐप के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने संबंधी विभिन्न तकनीक एवं ई-टूल्स के बारे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में लगभग 100 कार्मिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में राजभाषा प्रकोष्ठ के रमेश सिंह, हिंदी अनुवादक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव डॉ. एसबी पटेल, सहायक कुलसचिव मनोज गुप्ता, शार्दुल चौबे आदि शामिल रहे।

# केंद्र का सहयोग, राज्य का प्रयास बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे : नीतीश

**कटिहार/पूर्णिया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि रोजगार के लिए युवाओं को राज्य से बाहर जाने से रोकने के लिए उनकी सरकार ने नई औद्योगिक नीति तैयार की है जिसके परिणाम आने वाले दिनों में सामने आएंगे। कटिहार और पूर्णिया में चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे नीतीश कुमार ने कहा, युवाओं को बिहार से बाहर न जाना पड़े, इसके लिए केंद्र सरकार ने योजना बनाई और सहयोग किया है। हमने नई औद्योगिक नीति बनाई है जिससे प्रदेश में उद्योग के अनुकूल माहौल बनेगा। इसके तहत नई प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने और युवाओं को प्रशिक्षत करने पर जोर दिया गया है।

अब यहीं रोजगार के अवसर पैदा होंगे, लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और रोजगार की मजबूरी में किसी को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अब बिहार में ही उत्पाद तैयार होंगे जिन्हें बाहर भेजा जा सकेगा। केंद्र का सहयोग और राज्य का प्रयास मिलकर बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। राजद नेता तेजस्वी यादव के युवाओं को 10 लाख रोजगार देने के वादे पर पलटवार करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ लोगों को समझ में कुछ नहीं आता और ऐसे लोग काम भी नहीं करते, केवल जुबान चलाते हैं।

किन हालात में बिहार के लोगों ने 2005 में हमें काम करने मौका दिया, यह किसी से छिपा नहीं है। तब स्कूल में पढ़ाई, अस्पताल में दवाई का प्रबंध नहीं था। शाम के बाद लोग घर से निकलने में डरते थे। नीतीश कुमार ने कहा कि तब राज्य का बजट 24 हजार करोड़ रूपए से भी कम था जो आज बढ़कर 2.11 लाख करोड़ रूपए हो गया है और प्रदेश की विकास दर 12.8 प्रतिशत है। जब हमें काम करने का मौका मिला तब हमने कहा था कि न्याय के साथ विकास किया जाएगा। हमने अपना वादा पूरा किया। अपराध पर लगाम लगाई, आर्थिक स्थिति में सुधार किया, महिलाओं को सम्मान दिया।

कुमार ने कहा लालटेन युग के बाद हमें मौका मिला तो हमने बिजली सेवा में सुधार किया। 2018 के अक्टूबर में ही हमने हर घर में बिजली पहुंचाई। सिंचाई के लिए बिजली की व्यवस्था करने के साथ ही घर-घर शौचालय का निर्माण कराया गया। महिलाओं के कल्याण के लिए अपनी सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कुमार ने कहा हमने पंचायतों एवं शहरी निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिया, अनुसूचित जाति, जनजाति, अति पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिया। अब पंचायतों एवं शहरी निकायों में महिलाओं एवं पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व उल्लेखनीय रूप से बढ़ गया है।

## भारत अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्धः राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत एकपक्षवाद और आक्रामकता से अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह का यह बयान पूर्वी लद्दाख में सीमा पर चीन के साथ सात महीने से जारी गतिरोध के बीच आया है। रक्षामंत्री ने साथ ही कहा कि भारत संवाद से मतभेदों के शांतिपूर्ण समाधान को महत्व देता है और सीमा पर शांति कायम रखने से जुड़े विभिन्न समझौतों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित डिजिटल संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, बहरहाल, भारत एकपक्षवाद और आक्रामकता से अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत शांतिप्रिय देश है और उसका मानना है कि मतभेद, विवाद में तब्दील नहीं होने चाहिए।


बांकुड़ा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुण्डा की मूर्ति पर माला चढ़ाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए।

# केरल में बिनीश के आवास पर ईडी की छापेमारी की कार्रवाई पूरी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में माकपा नेता कोडिएरी बालाकृष्णन के बेटे बिनीश कोडिएरी के यहां स्थित आवास पर धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही छापेमारी की कार्वाई बृहस्पतिवार को पूरी हो गई। इस बीच बिनीश के परिजनों ने एजेंसी से खतरे के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। बिनीश के आवास और शहर तथा केरल के विभिन्न स्थानों पर बुधवार सुबह से छापेमारी की जा रही थी। बिनीश की पत्नी, मां और उनके बच्चे को अवैध रूप से हिरासत में रखे जाने की शिकायत मिलने के बाद केरल राज्य बाल अधिकार आयोग का एक दल भी उनके घर पहुंचा था। बिनीश की पत्नी ने आरोप लगाया कि ईडी के अधिकारियों ने उन्हें धमकाया और कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया।

बिनीश की पत्नी ने मीडिया से कहा, आज सुबह छापेमारी शुरू हुई और वह प्रथम तल पर मेरे शयनकक्ष में गए। शाम को वह कुछ दस्तावेज लेकर आए और मुझसे उन पर हस्ताक्षर करने को कहा। उसमें उन्होंने लिखा था कि उन्हें मोहम्मद अनूप के नाम से एक क्रेडिट कार्ड मिला है। मैंने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया क्योंकि हमारे पास ऐसा कोई कार्ड नहीं है। उन्होंने हमें धमकी दी और कहा कि बिनीश को नतीजे भुगतने होंगे।

बिनीश की पत्नी ने दावा किया कि एजेंसी के अधिकारी अपने साथ एक कार्ड लाए थे और उन्होंने उनसे एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने को कहा जिसे वह घर से बरामद हुआ बता रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों ने उनकी मां का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया। ईडी के अधिकारी जब घर से निकल रहे थे तब पुलिस ने उन्हें रोका और अवैध रूप से परिवार को हिरासत में लेने की शिकायत के आधार पर स्पष्टीकरण मांगा।

## बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी, बनाएंगे नया बिहारः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान थमने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बनेगी और यह सरकार नए बिहार का निर्माण करेगी। उन्होंने ट्वीट किया, हो जाओ तैयार, अब महागठबंधन सरकार, आप तक पहुंचाएगी रोज़गार। किसान का कर्ज़ माफ़, बिजली बिल हाफ़। बेटियों को मुफ़्त शिक्षा और इन्साफ़, सब वर्गों की तरक्क़ी से बाधाएं साफ़। उद्योग-व्यापार लगाएंगे, नया बिहार बनाएंगे। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान बृहस्पतिवार शाम थम गया। अंतिम चरण का मतदान सात नवंबर को होगा। उधर, राहुल गांधी ने बिहार के भागलपुर जिले में हुई नौका दुर्घटना पर दुख भी जताया और पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद का प्रयास करें।

# हम ममता सरकार के खिलाफ लोगों के गुस्से को महसूस कर सकते हैं : शाह

**बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ भारी रोष को महसूस कर रहे हैं और इस सरकार के पतन की शुरुआत हो चुकी है। शाह ने लोगों का आह्वान किया कि सोनार बांग्ला के सपने को मूर्त रूप देने के लिए भाजपा को अगली सरकार बनाने का मौका दें। क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद शाह ने पत्रकारों से कहा, कल रात से मैं पश्चिम बंगाल में हूं और ममता बनर्जी के खिलाफ लोगों की भारी नाराजगी महसूस कर सकता हूं। हमें नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में बदलाव लाने का पूरा भरोसा है।

पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने भाजपा सदस्यों की हत्या को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, जिस तरह से भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले हो रहे हैं और उन पर अत्याचार हो रहा है, मैं महसूस कर सकता हूं कि ममता बनर्जी सरकार के पतन की शुरुआत हो चुकी है। शाह ने कहा, मुझे भरोसा है कि बंगाल में अगली सरकार हम दो तिहाई बहुमत से बनाएंगे।

गृहमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान और आयुष्मान भारत सहित केंद्र की करीब 80 योजनाओं का लाभ राज्य के गरीबों तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने दावा किया, ममता बनर्जी सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचने नहीं दे रही। गरीबों, आदिवासियों और पिछड़े समुदायों के लिए बनाई गई 80 से अधिक योजनाओं को राज्य में लागू नहीं करने दिया जा रहा। शाह ने कहा, ममता दीदी की गलत धारणा है कि केंद्रीय योजनाओं को लागू नहीं कर वह भाजपा को राज्य में रोक सकती हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर इन योजनाओं की वह अनुमति दें तो हो सकता है कि गरीब उन पर भी विचार करें।

शाह वर्ष 2021 में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार रात को कोलकाता पहुंचे। उन्होंने रेखांकित किया कि पश्चिम बंगाल सीमावर्ती राज्य है और देश की सुरक्षा इससे जुड़ी हुई है। बांकुड़ा के एक दिवसीय दौरे पर आए शाह के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय भी मौजूद थे। उनका जिले में पार्टी की बैठक करने का कार्यक्रम है। वह विभिन्न समुदायों और सामाजिक समूहों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे। बांकुड़ा आदिवासी और पिछड़े समुदाय की आबादी वाला जिला है और यह उन जिलों में शामिल है जहां पर भाजपा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अपनी गहरी पैठ बनाई।

## क्विक न्यूज

### एनसीबी ने क्षितिज को ड्रग्स के अन्य मामले में हिरासत में लिया

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मुंबई में एक नाइजीरियाई नागरिक से कोकीन बरामद करने के एक अन्य मामले मे धर्माटिक एंटरटेनमेंट के पूर्व कार्यकारी निर्माता क्षितिज प्रसाद को हिरासत में लिया है। प्रसाद को इससे पहले अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने बताया कि एनडीपीएस की एक विशेष अदालत ने बुधवार को एनसीबी को कोकीन बरामद किए जाने के मामले में प्रसाद को हिरासत में लेने की अनुमति दी। पिछले महीने उपनगरीय अंधेरी में नाइजीरियाई नागरिक उका एमेका से चार ग्राम कोकीन बरामद की गई थी। प्रसाद के अलावा, एनसीबी ने इसी मामले में अफ्रीकी नागरिक एगिल्सलाओस डेमेट्रियाडेस को भी हिरासत में लिया है। एक बॉलीवुड सेलिब्रिटी के करीबी डेमेट्रियाडेस को पिछले महीने पड़ोसी जिले पुणे के लोनावला से गिरफ्तार किया गया था। एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के नेतृत्व में एक टीम मामले की जांच कर रही है। प्रसाद फिल्म निर्माता करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस की एक सहायक संस्था धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ जुड़े थे। उन्हें राजपूत की मौत से संबंधित ड्रग्स मामले में 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था।

### डार्कनेट के जरिए मादक पदार्थ बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

**बेंगलुरु** बेंगलुरु केन्द्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने डार्कनेट के जरिए बिटक्वाइन का इस्तेमाल कर मादक पदार्थ बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से पांच सौ ग्राम हाइड्रो गांजा बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, सीसीबी ने डार्कनेट के जरिए संचालित होने वाले एक और गिरोह का पता लगाया है जो बिटक्वाइन के इस्तेमाल से मादक पदार्थ बेचता था। सुजय नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पांच सौ ग्राम हाइड्रो गांजा जब्त किया गया। सीसीबी के अधिकारियों ने हाल ही में दस लोगों को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर डार्कनेट के जरिए और बिटक्वाइन के इस्तेमाल से मादक पदार्थ खरीदते थे और छात्रों को बेचते थे। उनके पास से 90 लाख रुपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया था।

### पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी को पूछताछ के लिए ले गई सीबीआई

**बेंगलुरु** जिला पंचायत के पूर्व सदस्य योगीशगौड़ा गौडर की 2016 में हुई हत्या के मामले के संबंध मे सीबीआई के अधिकारी कर्नाटक सरकार के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता विनय कुलकर्णी को धारवाड़ से पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए है। कुलकर्णी को पूछताछ के लिए उनके आवास से पुलिस थाने ले जाया गया। सूत्रों ने कहा कि उनके छोटे भाई विजय कुलकर्णी से भी पूछताछ की जा रही है। अज्ञात व्यक्तियो ने 15 जून 2016 को योगीशगौड़ा की हत्या कर दी थी।

### पुलिस ने 3690 किलो प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त किया

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के तिरुपुर जिले के पल्लाडैम मे एक गोदाम मे छापा मार कर पुलिस ने 3690 किलोग्राम प्रतिबंधित तम्बाकू उत्पाद बरामद इस सिलसिले में चार लोगो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक गोदाम मे छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गुटका जैसे तम्बाकू उत्पादो की आपूर्ति कर रहे है और इसके लिए एक खाली पड़े मशीन करघा इकाई को गोदाम बनाया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित उत्पादो की बाजार कीमत का पता लगाया जा रहा है।

### बंदूकधारियों ने बैंक की वैन से 60 लाख रुपए लूटे

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले मे बैंक की एक वैन से अज्ञात बंदूकधारियो ने 60 लाख रुपए की नकदी लूट ली। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पूर्वाह्न साढ़े दस बजे शोपियां जिले मे जामिया मस्जिद के पास स्थित जम्मू कश्मीर बैंक की एक शाखा की वैन से कुछ अज्ञात बंदूकधारियो ने नकदी लूट ली। बैंक की वैन से बंदूकधारियो ने लगभग 60 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस ने इस वारदात के संबंध मे मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### पंचायत ने भाभी से विवाह का फरमान, युवक ने फांसी लगाई

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गांव के निकट गोला पुलिस थानांतर्गत एक खाप पंचायत के विधवा भाभी के साथ कथित तौर पर विवाह करने के फरमान से खिन्न एक युवक ने पूरबडीह गांव स्थित अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक लव कुमार के पिता सुखलाल महतो ने बुधवार को पुलिस को दी गई लिखित शिकायत मे बताया कि उसके पुत्र का एक महिला से अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए गांव मे खाप पंचायत बैठी और उसे अपनी विधवा भाभी से ब्याह करने का अनैतिक फरमान सुनाया। पिछले वर्ष उनके बड़े बेटे की सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई थी और पंचायत ने उनकी बड़ी बहू से विवाह करने का फरमान छोटे बेटे लव को सुनाया, लेकिन इस अनैतिक संबंध के लिए तैयार न होने के चलते उनके बेटे ने पूरबडीह गांव स्थित अपने मकान मे मंगलवार की रात फांसी लगा ली।



कटिहार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिहार विधानसभा के तीसरे चरण की चुनावी रैली में हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए।

## मोदी, नीतीश के विकास और राजद के विनाश में जनता को चुनना है : नड्डा

**हायाघाटाजाले (दरभंगा)।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक तरफ विकास करने वाले लोग हैं और दूसरी तरफ बिहार को विनाश की ओर ले जाने वाले लोग हैं और अब राज्य की जनता को तय करना है कि प्रदेश को किस ओर ले जाना है। हायाघाट और जाले में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने लोगों से कहा, विकास चाहिए तो राजग चाहिए। विकास चाहिए तो मोदी जी चाहिए। विकास चाहिए तो नीतीश कुमार चाहिए। और अगर विनाश चाहिए तो राजद चाहिए।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, अपने भाग्य का फैसला आप खुद करें। एक तरफ विकास करने वाले, विद्या को आगे बढ़ाने, कॉलेज खोलने वाले, सड़क बनाने वाले और कानून व्यवस्था सुधारने वाले लोग हैं। वहीं दूसरी तरफ कानून व्यवस्था तोड़ने वाले और विकास को रोकने वाले लोग हैं। राजग सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, हमारी सरकार में नेताओं के नाम विकास कार्यों से जुड़ गए हैं। कोई सड़क वाला मंत्री, कोई पानी वाला मंत्री, कोई बिजली वाला मंत्री। उन्होंने लोगों से कहा, लेकिन पहले कहा जाता था कि ए अपहरण वाला मंत्री, ए लोगों को डराने वाला मंत्री, ए जेल में रहने वाला मंत्री।

बिहार विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के लिए प्रचार के आखिरी दिन नड्डा ने कहा, ए अंतर है दोनों में। उन्होंने कहा कि लालू यादव चुनाव में लठियां भांजन, तेल पिलावन के नारे लगाते थे, इसलिए कि बिहार की जनता डर जाए और वोट दे तो उनके पक्ष में दे, वरना अपने घर रहे। राजद की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि 15 वर्ष पहले यहां अपहरण उद्योग चलता था, फिरौती मांगी जाती थी। लेकिन जब नीतीश कुमार जी आए तो बिहार में सुशासन आया, वरना उससे पहले तो यहां कुशासन ही चलता था।

# कर्नाटक में लव जिहाद के नाम पर धर्मांतरण पर रोक लगाई जाएगीः एदि

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार लव जिहाद के नाम पर धर्मांतरण पर लगाम लगाने के लिए कड़े कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, हाल ही में कर्नाटक में लव जिहाद के नाम पर धर्मांतरण की खबरें आई हैं। मैंने इस बारे में अधिकारियों से बात की है। दूसरे राज्य क्या कर रहे हैं या क्या नहीं कर रहे, यह अलग बात है। लेकिन कर्नाटक में इस पर लगाम लगाई जाएगी।

मंगलुरु में भाजपा की राज्य कार्यकारिणी की सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ऐसी गतिविधियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, राज्य की युवा लड़कियों का प्यार और पैसे के नाम पर बहला-फुसलाकर धर्मांतरण किया जा रहा है। हमने इस पर गंभीरता से विचार किया है। काफी-विचार विमर्श के बाद, हम कड़ा कदम उठाएंगे।

इससे पहले कर्नाटक के गृह मंत्री बासवराज बोम्मई ने बुधवार को कहा था कि सरकार शादी के लिए धर्मांतरण को रोकने को लेकर कानून लाने पर विचार कर रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने भी हाल ही में ट्वीट किया था कि इलाहबाद उच्च न्यायालय के आदेश को ध्यान में रखते हुए कर्नाटक में शादी के लिए धर्मांतरण को रोकने को लेकर कानून लाया जाएगा। इलाहबाद उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि शादी करने के लिए धर्मांतरण किया जाना वैध नहीं है।

# जगनमोहन के खिलाफ अवमानना मामले में निर्णय पर पुनर्विचार करें अटॉर्नी जनरल : उपाध्याय

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने बृहस्पतिवार को अटॉर्नी जनरल (एजी) के के वेणुगोपाल से न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप लगाने के सिलसिले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और उनके प्रधान सलाहकार के विरूद्ध अवमानना की कार्यवाही के वास्ते सहमति देने से इनकार करने के अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की। किसी व्यक्ति के विरूद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए विधि अधिकारी की सहमति पूर्व शर्त है। शीर्ष विधि अधिकारी ने न्यायपालिका के खिलाफ आरोप लगाने के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी और उनके प्रधान सलाहकार अजय कल्लम के आचरण को दो नवंबर को प्रथम दृष्टया अवज्ञाकारी करार दिया था लेकिन उपाध्याय को इस आधार पर उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही के वास्ते सहमति देने से इनकार कर दिया था कि प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे के समक्ष यह विषय विचाराधीन है।

एक अप्रत्याशित कदम के तहत मुख्यमंत्री ने छह अक्टूबर को प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का इस्तेमाल लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई मेरी सरकार को अस्थिर करने और गिराने के लिए किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने इस मुद्दे और उपाध्याय की अर्जी का परीक्षण किया था और कहा था कि रेड्डी द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखने और कल्लम द्वारा उसकी सामग्री को सार्वजनिक करने के लिए संवाददाता सम्मेलन बुलाने से संदेह पैदा हुआ।

वेणुगोपाल ने कहा, इस पृष्ठभूमि में, प्रथम दृष्टया, उक्त व्यक्तियों का आचरण अवज्ञाकारी है। लेकिन, जिस बात पर गौर किया जाना है वह यह है कि अवमानना का पूरा मामला मुख्यमंत्री के सीधे देश के प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखने और बाद में कल्लम द्वारा संवाददाता सम्मेलन बुलाने से उत्पन्न हुआ है। प्रधान न्यायाधीश के सामने यह विषय विचाराधीन है। इसलिए इस मामले से निपटना मेरे लिए उपयुक्त नहीं होगा।

इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील करते हुए उपाध्याय ने कहा, मैं आपसे इन बिंदुओं (खासकर यह कि अवमानना का प्रश्न अन्यत्र कहीं लंबित नहीं है) पर आगे बढ़ने तथा मेरे अनुरोध पर सहमति देने के लिए पुनर्विचार करने की विनती करता हूं। उन्होंने कहा, यह ऐसे वक्त एक बड़ा अहम विषय है जब हमारी न्यायपालिका लगातार हमलों से दो चार हो रही है और ऐसे में हममें से उनलोगों द्वारा सख्त रूख अपनाने की जरूरत है, जो इस संस्था के हिस्सा हैं। उपाध्याय ने वेणुगोपाल को पत्र लिखकर उनसे रेड्डी और उनके सलाहकार के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही चलाने के वास्ते उनकी मंजूरी मांगी थी।


दरभंगा में बिहार विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण से पूर्व सुरक्षा बलों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी

# मुझे नीतीश सरकार की जरूरतः मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सात नवंबर को होने वाले तीसरे और आखिरी चरण के मतदान से पहले राज्य के मतदाताओं से कहा कि वह बिहार के विकास को लेकर बहुत आश्वस्त हैं और इसमें कोई कमी ना आए तथा संबंधित योजनाएं अटकें और भटकें नहीं, इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार की जरूरत है।

मोदी ने तीसरे चरण का प्रचार समाप्त होने से ठीक पहले बिहारवासियों के नाम एक पत्र जारी किया और विश्वास जताया कि केंद्र व राज्य में एक ही गठबंधन की सरकार होने से इस दशक में बिहार को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मैं बिहार के विकास को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। बिहार के विकास में कोई कमी ना आए, विकास की योजनाएं अटकें नहीं, भटकें नहीं इसलिए मुझे बिहार में नीतीश जी की सरकार की जरूरत है। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की ताकत इस दशक में बिहार को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगी।

मोदी ने कहा कि इस पत्र के माध्यम से वह बिहार के विकास के लिए राजग पर विश्वास और विश्वास बनाए रखने के लिए राजग के संकल्प के बारे में बात करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, युवा हों या बुजुर्ग, गरीब हों या किसान, हर वर्ग के लोग जिस प्रकार आशीर्वाद देने के लिए सामने आ रहे हैं, वह एक आधुनिक और नए बिहार की तस्वीर दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए राजग की सरकार बिहार के गौरवशाली अतीत को फिर स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह हम सब के लिए गर्व का विषय है कि बिहार चुनाव का पूरा फोकस विकास पर केंद्रित रहा। राजग की सरकार ने पिछले वर्षों में जो कार्य किए उसका हमने ना केवल रिपोर्ट कार्ड पेश किया बल्कि जनता जनार्दन के सामने आगे का विजन भी रखा। लोगों को भरोसा है कि बिहार का विकास राजग सरकार ही कर सकती है।

उन्होंने कहा कि अव्यवस्था और अराजकता के वातावरण में नव निर्माण असंभव होता है। उन्होंने कहा, वर्ष 2005 के बाद से बिहार में माहौल भी बदला और नव निर्माण की प्रक्रिया भी आरंभ हुई। बेहतर संसाधन और कानून का राज सामाजिक और आर्थिक संपन्नता के लिए अनिवार्य है। बिहार को यह दोनों राजग ही दे सकता है।

# सुभाषिनी के लिए अपने पिता शरद की राजनीतिक विरासत को बचाने की चुनौती

भाषा। बिहारीगंज (मधेपुरा)

**बिहार** के मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधानसभा क्षेत्र से पहली बार राजनीति में कदम रख रही कांग्रेस उम्मीदवार सुभाषिनी राज राव के समक्ष अपने पिता और दिग्गज समाजवादी नेता शरद यादव के राजनीतिक विरासत की रक्षा की चुनौती है। इस सीट पर उन्हें बहुकोणीय मुकाबला का सामना करना पड रहा है।

मधेपुरा लोकसभा सीट अंतर्गत आने वाले बिहारीगंज सीट पर बिहार विधानसभा के तीसरे चरण और अंतिम चरण के तहत सात नवंबर को मतदान होना है। सुभाषिनी ने अपने पिता की आजमाई कर्मभूमि मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से राजनीति में अपना भाग्य आजमा रही हैं। उनके पिता शरद यादव चार बार मधेपुरा से सांसद रहे हैं, हालांकि पिछले दो चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। मध्य प्रदेश के मूल निवासी, शरद ने मंडल आयोग की रिपोर्ट के लेखक बी पी मंडल के सम्मान के रूप में उनकी जन्मस्थली मधेपुरा को अपने संसदीय सफर के लिए चुना था। अन्य पिछड़ी जातियों को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाली मंडल आयोग की रिपोर्ट को वी पी सिंह सरकार ने केंद्र में लागू किया था, जिसमें शरद वरिष्ठ सदस्य थे। शरद ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के साथ और बिहार के निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर 1990 में नौकरियों में कोटा की इस सिफारिश को लागू करने का मार्ग प्रशस्त करने वाले मंडल आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

73 वर्षीय शरद पिछले कई दिनों से दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं और इसलिए उनकी बेटी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए इसबार के बिहार विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरी हैं। निर्वाचन क्षेत्र में उनके चुनावी पोस्टर उन्हें सुभाषिनी शरद यादव के रूप में पेश किया गया है। बुधवार को बिहारीगंज में एक चुनावी रैली जिसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संबोधित किया था, में

**● बिहारीगंज सीट से कुल 22 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं और 2019 की मतदाता सूची के अनुसार इस निर्वाचन क्षेत्र में 3,00,885 मतदाता हैं**

सुभाषिनी ने कहा, यह मेरे पिता शरद यादव की कर्मभूमि है और पिछले 25-30 वर्षों में आपने उन्हें जिस तरह का समर्थन और स्नेह दिया है, वैसा ही आज भी महसूस कर सकती हूं। मैं आपकी उम्मीदवार हूं, आपकी बेटी हूं। मैं अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए आपकी सेवा करने के लिए यहां आई हूं।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने शरद के कार्यों के लिए उनकी प्रशंसा की, और लोगों से उनके लिए वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा, बिहार चुनाव में मैंने किसी भी भाषण में यह नहीं कहा है। राहुल ने कहा, आपको अपनी बहन के लिए वोट करना है। मैं आपसे गारंटी चाहता हूं कि आप शरद जी की बेटी को चुनाव जिताएंगे। मैं अपने लिए नहीं, आपके और शरद यादव जी के लिए कह रहा हूं, जो आपके नेता हैं। हरियाणा के एक कांग्रेस परिवार में विवाहित सुभाषिनी राज राव बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पार्टी में शामिल हुई थीं और बिहारीगंज विधानसभा सीट से पार्टी ने उन्हें चुनावी मैदान में उतारा।

अपनी पहली चुनावी यात्रा में सुभाषिनी का बिहारीगंज में मुकाबला यहां दो बार से जदयू के विधायक निरंजन मेहता, लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार विजय कुमार सिंह और शरद के पुराने प्रतिद्वंदी मधेपुरा के पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की पार्टी जनअधिकार पार्टी के प्रभाष कुमार के साथ है। बिहारीगंज सीट से कुल 22 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं और 2019 की मतदाता सूची के अनुसार इस निर्वाचन क्षेत्र में 3,00,885 मतदाता हैं। जदयू के दिनेश चंद्र यादव ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राजद उम्मीदवार शरद यादव को हराकर मधेपुरा सीट से जीत हासिल की थी। इस निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचकों में यद्यपि यादव समुदाय भारी संख्या में हैं, लेकिन कुशवाहा और अति पिछड़ी जातियों जैसी अन्य पिछड़ी जातियों की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

बिहारीगंज के निवर्तमान विधायक निरंजन मेहता कुशवाहा जाति से आते हैं पर लोजपा उम्मीदवार विजय कुमार सिंह के भी इस वर्ग का होने के कारण इस समुदाय के वोटों के बंटवारे की संभावना है। सुभाषिनी के लिए भी जीत की राह बहुत आसान नहीं है क्योंकि जनअधिकार पार्टी के उम्मीदवार प्रभाष कुमार यादव जाति से आते हैं, जो पूर्व में लालू प्रसाद की पार्टी राजद में राज्य महासचिव के पद पर आसीन रह चुके हैं और बिहार के विपक्षी महागठबंधन में सीट बंटवारे के तहत यह सीट कांग्रेस के खाते में चले जाने पर सुभाष राजद छोड़ पप्पू यादव के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो गए थे।

## भाजपा कार्यकर्ता की हत्या मामले में सीबीआई ने कर्नाटक के पूर्व मंत्री को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली। सीबीआई ने कर्नाटक के पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी को 2016 में राज्य के धारवाड़ जिले में भाजपा कार्यकर्ता योगेश गौड़ा की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने धारवाड़ के पूर्व कांग्रेस विधायक कुलकर्णी को हत्या की साजिश में उनकी कथित भूमिका के बारे में दिन भर की पूछताछ के बाद हिरासत में ले लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा जिला पंचायत सदस्य गौड़ा की 15 जून 2016 को अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। एजेंसी ने कर्नाटक सरकार की सिफारिश पर जांच का जिम्मा संभाल लिया है।

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए श्री थानेदार

भाषा। मुंबई

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा के लिए 93 प्रतिशत मतों के साथ चुने गए श्री थानेदार का मानना है कि चुनाव में जनादेश मायने रखते हैं, न कि पार्टी आलाकमान। उन्होंने कहा, मैं बेलगाम में गरीबी में पला-बढ़ा। मैं आम आदमी के मुद्दों को जानता हूं। मेरे इलाके में लोग कभी यह सोचते थे कि कैसे मेरे जैसा कोई बाहरी व्यक्ति उनकी समस्याओं का समाधान कर सकता है।

पूर्व वैज्ञानिक एवं भारतीय मूल के 65 वर्षीय कारोबारी ने मराठी टीवी चैनल एबीपी माझा से कहा, अमेरिका ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैंने सोचा कि मुझ पर देश का ऋण हूं तो इसीलिए मैंने लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आने का फैसला किया। थानेदार ने अपने चुनाव प्रचार के लिए 4.38 लाख डॉलर जुटाए। इसमें से ज्यादातर राशि उन्होंने अपनी संपत्ति से जुटाई। प्राइमरी चुनाव में उनके सामने उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के छह प्रतिद्वंद्वी थे। उन्होंने कहा कि

**● कहा, जनादेश मायने रखता है, आलाकमान नहीं**

बहुत से लोग उनके बारे में यह जानते थे कि वह 2018 में मिशिगन राज्य के गवर्नर पद के लिए प्राइमरी चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार थे। थानेदार ने कहा कि मैं लोगों की समस्याएं समझने के लिए घर-घर गया। परिणाम यह निकला कि मुझे 93 प्रतिशत मत प्राप्त हुए, जबकि मेरे रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी को केवल छह प्रतिशत वोट ही मिले।

उन्होंने मराठी में दिए गए साक्षात्कार में अपने लिए वैसे ही शब्द का इस्तेमाल किया जैसा कि भारत में नेता अपने लिए करते हैं। थानेदार ने कहा, यदि मैं गवर्नर के रूप में चुन लिया गया होता तो इसके लिए मैंने उन मुद्दों का चयन कर रखा था जिनका मैं समाधान करता। अब मैं इनका समाधान आमदार के रूप में करूंगा। उन्होंने अपने नए पद को वह नाम दिया जो भारत में विधायक के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि वह 24 साल की उम्र में अमेरिका पहुंचे थे और वहां पहुंचकर वह वैज्ञानिक एवं कारोबारी बन गए। थानेदार ने कहा कि यहां आलाकमान के लिए कोई जगह नहीं है। सभी शक्ति लोगों के पास है जो प्राइमरी में मतदान करते हैं और अपना उम्मीदवार चुनते हैं। आपको लोगों की कृपा की आवश्यकता होती है, न कि पार्टी आलाकमान की कृपा की।

उन्होंने कहा कि वह डेट्रोएट नगरीय क्षेत्र में अवसंरचना और शिक्षा सुविधाओं में सुधार चाहते हैं तथा इन्हें निःशुल्क करना चाहते हैं। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल भी चिंता का विषय है। मिशिगन के थर्ड डिस्ट्रिक्ट से जीत दर्ज करने वाले थानेदार ने कहा कि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के लिए कॉरपोरेट घरानों या अन्य संगठनों से अंशदान स्वीकार नहीं किया। थानेदार ने 1979 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका जाने से पहले बंबई विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की थी।

## धमकाने के आरोप में पूर्व सांसद संजय काकड़े गिरफ्तार, मिली जमानत

**पुणे।** राज्यसभा के पूर्व सदस्य संजय काकड़े और उनकी पत्नी उषा काकड़े को पारिवारिक विवाद के एक मामले में 2018 में अपने एक रिश्तेदार को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। उषा के भाई युवराज धमाले की शिकायत के आधार पर इस साल अगस्त में दंपति के खिलाफ चर्तुश्रृंगी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि काकड़े और उनकी पत्नी को आज गिरफ्तार किया गया और उन्हें अदालत में पेश किया गया। दंपति के खिलाफ जिन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, वो जमानती थीं, इसलिए उन्हें जमानत मिल गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोप पत्र भी दायर किए हैं। शिकायत में बताया गया है कि वह और काकड़े कभी निर्माण कारोबार में साझीदार थे।

# भाजपा ने आदिवासियों के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया: कांग्रेस

भाषा। कोलकाता

**कांग्रेस** की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव से पहले आदिवासियों को लुभाने के भाजपा के प्रयासों का माखौल उड़ाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भगवा दल ने समाज के इस वर्ग के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया और अब वह उन्हें रिझाने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है।

चौधरी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्य के दो दिवसीय दौरे के दौरान दक्षिण बंगाल में एक आदिवासी परिवार के घर जाने का जिक्र कर रहे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बृहस्पतिवार को बांकुरा जिले के चतुरडीह गांव में भाजपा के एक आदिवासी कार्यकर्ता के घर पर दोपहर का भोजन किया था। चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, भगवा दल ने समाज के इस वर्ग के उत्थान



के लिए कुछ नहीं किया और अब वह उन्हें रिझाने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है। वास्तव में भाजपा की विभाजनकारी राजनीति का यह हथकंडा पश्चिम बंगाल में काम नहीं करेगा। उन्होंने वोट बैंक की खातिर पश्चिम बंगाल में प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता के लिए भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों को दोषी ठहराया।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर अत्याचार को कोई नहीं भूल सकता है और अपराधियों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कोई कार्वाई नहीं की गई है। चौधरी ने कहा, शाह यह साबित करने के लिए बेताब हैं कि मतुआ जैसे पिछड़े समुदायों के लिए उनका प्यार हमारी दीदी (ममता बनर्जी) से अधिक है। बनर्जी ने मतुआ के लिए एक विकास बोर्ड की घोषणा की थी और उसे 10 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की थी। कांग्रेस नेता ने पूछा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले मतुआ समुदाय के लाखों लोगों का दस करोड़ रुपए से क्या होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों पश्चिम बंगाल को समावेशिता के बजाय जातिवाद के विपरीत मार्ग पर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, भारत के कई हिस्सों में, जाति एक प्रमुख मुद्दा है। ऐसे राज्यों में 30 से अधिक जातियां हैं। यहां पश्चिम बंगाल में, सात से अधिक जातियों को नहीं जाना जाता है। क्या आप मुझसे पूछते हैं कि मैं किस जाति का हूं या मैं आपकी जाति के बारे में पूछता हूं?

# कलकत्ता उच्च न्यायालय ने काली पूजा पर पटाखे प्रतिबंधित किए

भाषा। कोलकाता



**कलकत्ता** उच्च न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर काली पूजा, जगद्धात्री पूजा और छठ पर पटाखों के इस्तेमाल और बिक्री पर बृहस्पतिवार को प्रतिबंध लगा दिया। न्यायमूर्ति संजीव बनर्जी और अरिजीत बनर्जी की खंडपीठ ने दो जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। काली पूजा 15 नवम्बर को है।

अदालत ने निर्देश दिया कि प्रतिबंध जगद्धात्री पूजा, छठ और कार्तिक पूजा के दौरान भी लागू रहेगा। अदालत ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान लागू होने वाले दिशानिर्देश जैसे पंडालों में प्रवेश पर रोक आदि, काली पूजा के दौरान भी लागू होंगे। पीठ ने दुर्गा पूजा पर अदालत द्वारा निर्देशित दिशानिर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य सरकार की सराहना की। अदालत ने पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि काली पूजा के दौरान मानदंडों को सख्ती से लागू किया जाए। अदालत ने कहा कि 300 वर्ग मीटर तक के क्षेत्र में काली पूजा पंडालों में 15 लोगों की अनुमति होगी और बड़े पंडालों में 45 व्यक्तियों की अनुमति होगी। पीठ ने विसर्जन के दौरान जुलूस की भी अनुमति नहीं दी। राज्य सरकार ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए काली पूजा और दीवाली के दौरान पटाखों को नहीं जलाने की लोगों से मंगलवार को अपील की थी।

मुख्य सचिव अलपन बंदोपाध्याय ने कहा था, हर किसी के सहयोग से, हम बिना पटाखों के काली पूजा और दीवाली त्योहारों को मनाना चाहते हैं। प्रशासन लोगों से पटाखों का इस्तेमाल नहीं करने की अपील करता है। पटाखा निर्माताओं के एक संघ ने पहले ही 53,000 से अधिक की संख्या में प्रत्एक लाइसेंस प्राप्त पटाखा डीलरों के लिए दो लाख रुपए के मुआवजे की मांग की है।

# करतारपुर गगौर सिख संस्था को सौंपने पर भारत ने पाक से की कड़ी आपत्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** ने करतारपुर साहिब गुरुद्वारे के प्रबंधन को एक अलग ट्रस्ट को सौंपे जाने के पाकिस्तान के फैसले को अत्यधिक निंदनीय करार देते हुए कहा कि यह सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सिख समुदाय ने भारत को दिए प्रतिवेदन में पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से गुरुद्वारा प्रबंधन एवं रखरखाव का काम एक गैर-सिख निकाय, इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड को सौंपने को लेकर चिंता व्यक्त की है।

दोनों देशों ने पिछले साल नवम्बर में पाकिस्तान में गुरुद्वारा करतारपुर साहिब से भारत के गुरदासपुर में डेरा बाबा साहिब तक गलियारा खोल लोगों को जोड़ने का एक ऐतिहासिक कदम उठाया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने पाकिस्तान के गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के प्रबंधन एवं रखरखाव के काम को पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति से लेकर एक अन्य ट्रस्ट इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड को देने की खबरें देखी हैं, जो कि सिख निकाय नहीं है। उसने कहा, पाकिस्तान का यह एकतरफा फैसला अत्यधिक निंदनीय है और करतारपुर साहिब गलियारे और सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है। गौरतलब है कि चार किलोमीटर लंबा करतारपुर गलियारा पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक और पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा करतारपुर साहिब को आपस में जोड़ता है।

भारत को दिए प्रतिवेदन में सिख समुदाय ने पाकिस्तान द्वारा उस देश में अल्पसंख्यक सिख समुदाय के अधिकारों को निशाना बनाने के निर्णय पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। मंत्रालय ने कहा, इस तरह की कार्वाइयां केवल पाकिस्तान सरकार और उसके नेतृत्व के धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों और कल्याण के संरक्षण के बड़े बड़े दावों की वास्तविकता को उजागर करती है। उसने कहा कि पाकिस्तान से अल्पसंख्यक समुदाय सिखों को पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के मामलों के प्रबंधन के अधिकार से वंचित करने के मनमाने फैसले को पलटने का आह्वान किया जाता है।

# टीआरपी घोटाले से संबंधित याचिका पर उच्च न्यायालय का सीबीआई को नोटिस

भाषा। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने कथित टीआरपी घोटाले से संबंधित मामले में रिपब्लिक टीवी और रिपब्लिक भारत की मालिक एआरजी आउटलायर मीडिया लिमिटेड की ओर से दाखिल नए आवेदन पर बृहस्पतिवार को सीबीआई को नोटिस जारी किया है।

आवेदन में इस मामले की मुंबई पुलिस द्वारा की जा रही जांच पर रोक लगाने की अपील की गई है। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक ने इस आवेदन और इससे पहले एआरजी आउटलायर मीडिया तथा रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी द्वारा दायर मुख्य याचिका 25 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। याचिका में मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की अपील की गई है।

पीठ ने मुंबई पुलिस को 25 नवंबर तक आगे की जांच से संबंधित जानकारी सीलबंद लिफाफे में पेश करने का निर्देश दिया। पुलिस ने अब तक की गई जांच की जानकारी बुधवार को सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश की थी। न्यायाधीशों ने बृहस्पतिवार को रिपोर्ट देखी और असली दस्तावेज पुलिस को लौटा दिए। याचिका में टीआरपी घोटाले के संबंध में धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक षडयंत्र के आरोप में कांडिवली थाने में कंपनी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की भी अपील की गई है।

नए आवेदन में याचिकाकर्ताओं ने राज्य में सीबीआई जांच को लेकर आम सहमति वापस लेने के महाराष्ट्र सरकार के 21 अक्टूबर को जल्दबाजी में लिए गए निर्णय पर भी सवाल उठाए गए हैं। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पुलिस कंपनी के चार्टर्ड अकाउंटेट और ऑडिटरों समेत कई लोगों की जांच कर रही है, जिनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। मुंबई पुलिस ने दावा किया था कि ब्रॉडकास्टिंग ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) ने शिकायत की थी कि कुछ टीवी चैनल दर्शकों को पैसा देकर टीआरपी से छेड़छाड़ कर रहे हैं, जिसके बाद उसने टीआरपी रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

# पेज 1 का शेष

## जीत के...

रही है और उनकी पसंद चुनाव परिणाम को आकार दे सकती है। टुफ्ट्स यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर इन्फॉर्मेशन एंड रिसर्च ऑन सिविक लर्निंग एंड एंगेजमेंट (सीआईआरसीएलई) के अनुसार 18 से 29 साल की उम्र के युवाओं ने चुनाव में रिकॉर्ड मतदान किया है। टेक्सास सदर्न यूनिवर्सिटी की मारिया कैंपबेल ने कहा, मेरा मानना है कि हालिया घटनाक्रम, नस्ली अन्याय और महामारी जैसी स्थितियों ने हमारे विश्व में हो रहीं चीजों के बारे में तथा समान विचारों और मूल्यों वाले नेताओं को चुनने के प्रति लोगों को अधिक भावुक बनाया है।

## प्रचार के...

नैतिकता विहीन और विचारहीन कैसे हो सकता है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार ने साल 1977 में अपना पहला चुनाव लड़ा था। वह कई बार लोकसभा के सांसद रहे और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री भी रहे। नीतीश कुमार साल 2005 से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। जनता से बिहार के विकास के लिए राजग को वोट देने की अपील करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य की पहले की स्थिति और आज की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य को अभी विकास के नए आयाम तय करने हैं और इसके लिए राजग के पक्ष में मतदान जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहाकि जब हमें काम करने का मौका मिला, तब हमने कहा था कि न्याय के साथ विकास किया जाएगा। हमने अपना वादा पूरा किया। हमने किसी की भी उपेक्षा नहीं की, सबको साथ ले कर चले, सबका विकास किया। आगे मौका मिला तो राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## हाथरस मामले...

सामाजिक सद्भाव के विरुद्ध हो व जिससे पीड़िता के परिवार अथवा मुल्जिमों के अधिकारों पर विपरीत प्रभाव पड़े। पीठ ने इसके अतिरिक्त किसी भी निर्देश की आवश्यकता नहीं पाई। हालांकि यह जरुर स्पष्ट किया कि यदि पीड़िता के परिवार अथवा मुल्जिमों के अधिकार या विवेचना को प्रभावित करने वाली कोई बात आती हैए तो हम उस पर अवश्य संज्ञान लेंगे।

## चीन ने...

ने कहा कि भारत सरकार भारतीयों की 'चीन की तथा चीन से' आवश्यक यात्रा को सुगम बनाने के लिए चीनी पक्ष के संपर्क में है। चीन के कदम के संदर्भ में एक सूत्र ने कहा, 'कदम के पीछे का कारण विश्वभर में कोविड-19 के मामलों में संभावित वृद्धि के चलते चीन की चिंताओं से जुड़ा प्रतीत होता है।' दूतावास की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए नोट में स्पष्ट किया गया है कि जिन विदेशियों के पास 'राजनयिक, सेवा और सी श्रेणी का वीजा है, वे प्रभावित नहीं होंगे।' इसने कहा कि आपात या मानवीय आवश्यकता के उद्देश्य से चीन का दौरा करने की इच्छा रखने वाले विदेशी भारत में चीनी दूतावास/वाणिज्य दूतावासों में वीजा आवेदन दायर कर सकते हैं। तीन नवंबर के बाद जारी किए गए वीजा के साथ प्रवेश प्रभावित नहीं होगा।' दूतावास ने कहा कि 'निलंबन' अस्थायी कदम है जो मौजूदा महामारी से निपटने के लिए चीन ने अपनाया है। इसने कहा कि चीन मौजूदा महामारी की स्थिति के अनुरूप उचित समय पर आगे की घोषणा करेगा।'

# केरल में तैयार हो रहा गजराजों के लिए आलीशान आशियाना

पायनियर समाचार सेवा। तिरुवनंतपुरम

**केरल** के कोट्टूर में गजराजों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा आलीशान आशियाना तैयार किया जा रहा है। यहां उनके लिए मुक्त भाव घूमने फिरने के लिए लंबे चौड़े घसियाले मैदान, घंटों नहाने के लिए बीच में बहती नदी तो है ही। साथ ही उनके लिए यहां आधुनिक सुविधाओं से लैस दुनिया का सबसे बड़ा इलाज और देखभाल केंद्र विकसित किया जा रहा है। सेंटर अगस्त्यवनम बॉयोलॉजिकल पार्क रेंज में स्थित है।

यहां पर सिर्फ हाथियों के लिए ही नहीं बल्कि आने वाले सैलानियों के लिए भी काफी कुछ है। वन्य जीवन की अनुभूति यहां जैसी आपको कही नहीं हो होगी। यहां पर्यटक 8 बजे सुबह से जुटना शुरू हो जाते हैं और यह समय हाथियों के नहाने का भी होता है। इसके अलावा यहां पर पैडल बोटिंग एक अलग आकर्षण है। साथ ही बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क भी है। छात्रों को वन्य जीवन के बारे में जानकारी देने के लिए दो या तीन दिन का नेचर कैंप भी लगाया जाता है। इसमें भोजन और रहने की सुविधा मुफ्त दी जाती है। कोट्टूर का मौजूदा हाथी देखभाल केंद्र राजधानी से 25 किलोमीटर दूर स्थित है। इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार समुन्नत किया जा रहा है। यह सरकार के हाथी संरक्षण कार्यक्रम का हिस्सा है।



पुनर्वास केंद्र में हाथी को नहलाते रखवाले

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस केंद्र को समुन्नत करने का मकसद पुनर्वास के लिये यहां आने वाले हाथियों को वन की तरह प्राकृतिक माहौल उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि हाथी केंद्र के पहले चरण को फरवरी 2021 में शुरू कर दिया जायेगा। इसके समुन्नयन के लिये केरल बुनियादी ढांचा निवेश कोष बोर्ड ने धन दिया है। इसके समुन्नयन पर लगभग 108 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। यह केंद्र 176 हेक्टेयर वन क्षेत्र में फैला हुआ है। इसे इसकी सघन हरियाली के लिये जाना जाता है। इसमें फिलहाल 16 हाथी मौजूद हैं, जबकि कुल 50 हाथी रह सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि परियोजना के प्रथम चरण के लिये निर्माण कार्य 2019 में शुरू हुआ था और इस पर कुल 71.9 करोड़ रुपये खर्च किये गए।

## विकास हरित, ज्यादा स्मार्ट, ज्यादा डिजिटल होना चाहिएः जयशंकर

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** को उम्मीद है कि श्रम, कृषि और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में इसके द्वारा शुरू किए गए सुधारों को जब व्यवसाय सुगमता, स्टार्ट अप और कौशल बढ़ाने से जोड़ा जाएगा तो इससे वैश्विक सहयोग के लिए ज्यादा रास्ते तैयार किए जा सकते हैं। यह बात विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कही। जयशंकर ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभाावित होने के बाद यह स्पष्ट है कि प्राथमिक उद्देश्य इसे पटरी पर लाना है। जयशंकर ने इंडिया-नॉर्डिक बाल्टिक सीआईआई सम्मेलन में कहा, इस अनिश्चितता और दौर की संवेदनशीलता के साथ हम ज्यादा ठोस वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, बहरहाल, हमें सिर्फ खोए हुए आधार को प्राप्त करने पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हमें अलग एवं बेहतर तरीके से काम करने का भी यह अवसर है। इसलिए इसे फिर से हासिल करने और ठोस बनाने के लिए हमें सुधार करना होगा। जयशंकर ने महामारी के सबक का इस्तेमाल वैश्विक कल्याण में करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, स्वाभाविक रूप से बृहद डिजिटलीकरण पर ध्यान देने के साथ हमें इसके आधारभूत संरचना के साथ ही डाटा एवं साइबर सुरक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

### आखिरी ओवरों में न बल्ले से अच्छा खेल सके न गेंद से : हरमनप्रीत

**शारजाह।** वेलोसिटी के हाथों महिला टी20 चैलेंज के पहले मैच मे पांच विकेट से मिली पराजय के बाद गत चैम्पियन सुपरनोवास की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि उनके गेंदबाज और बल्लेबाज डैथ ओवरों मे अपेक्षाओं पर खरे नही उतर सके। जीत के लिए 127 रन का लक्ष्य वेलोसिटी ने एक गेंद बाकी रहते हासिल किया। मैच जीतने के लिए अच्छी गेंदबाजी जरूरी है जो हम आखिरी कुछ ओवरों में नही कर सकेउन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। हम बल्लेबाजी मे भी आखिरी चार ओवरों का फायदा नही उठा सके , लंबे समय बाद खेलना आसान नही हैलेकिन इस टूर्नामेंट मे जीतकर ही आगे बढा जा सकता है। अगले मैच मे सकारात्मक रवैए के साथ उतरना होगा।

### ब्रेक के दौरान फिटनेस पर की गई मेहनत रंग लाई: बिष्ट

**शारजाह।** सुपरनोवास के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली वेलोसिटी की बाईं हाथ की स्पिनर एक्ता बिष्ट ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन मे उन्होंने अपनी गेंदबाजी और फिटनेस पर काफी मेहनत की जिसका उन्हें पहले मैच मे फायदा मिला। एक्ता ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए और आखिरी ओवर मे दो विकेट लगातार लिए। गत चैम्पियन सुपरनोवास डैथ ओवरों मे रनगति नही बढा सके और आठ विकेट पर 126 रन ही बना पाए। मै लॉकडाउन मे अलमोड़ा मे थी जहां मैने अपने कोच के साथ गेंदबाजी मे अपनी कमजोरियों पर काम किया। मैने फिटनेस पर भी काफी काम किया और इससे बहुत मदद मिली। व्यस्त सत्र के बाद हमें लंबा ब्रेक मिल गया और अब वापसी करके अच्छा लग रहा है।

### ख्वाजा के भाई को फर्जी आतंकी साजिश रचने के मामऐ में जेल की सजा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा के बड़े भाई को फर्जी आतंकी साजिश रच कर सहकर्मी को फंसाने के आरोप मे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। उस्मान के भाई अर्सलान तारिक ख्वाजा ने स्वीकार किया कि उन्होंने अगस्त 2018 मे न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के सह-कर्मी कामेर निजामदीन की नोटबुक मे फर्जी बातें लिख दी थी। वह निजामदीन की महिला मित्र से नजदीकी बढ़ने पर इर्ष्या करने लगे थे। निजामदीन को गिरफ्तार किया गया था और मीडिया मे उसे गलत तरीके से आतंकवादी घोषित कर दिया गया था लेकिन बाद पुलिस जांच मे पता चला की उसे फंसाया गया है।

### मोहित के पिता का निधन

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा मुंबई इंडियन्स के खिलाफ गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर से पूर्व अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौट गए। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों ने मोहित के पिता के सम्मान में मैच के दौरान अपनी बांह पर काली पट्टियां बांध रखी थी।

# दिल्ली को हराकर मुंबई फाइनल में

## ● इंडियंस ने कैपिटल्स को 57 रनों से रौंदा
## ● पहला क्वालीफायर

**भाषा।** दुबई




मुंबई इंडियन्स ने चार बार के चैंपियन की तरह बड़े मैचों में खेलने के अनुभव का अच्छा नजारा पेश करके गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से करारी शिकस्त देकर छठी बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा चैंपियन मुंबई ने टास गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 200 रन का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में दिल्ली की टीम आठ विकेट पर 143 रन ही बना पाई। मुंबई इससे पहले 2010, 2013, 2015, 2017 और 2019 में भी फाइनल में पहुंचा था। दिल्ली का सफर अभी समाप्त नहीं हुआ है। वह दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगा।

मुंबई नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के बावजूद क्विंटन डिकाक (25 गेंदों पर 40), सूर्यकुमार यादव (38 गेंदों पर 51 रन, छह चौके, दो छक्का), इशान किशन (30 गेंदों पर नाबाद 55, चार चौके, तीन छक्के) और डैथ ओवरों में धमाल मचाने वाले हार्दिक पंड्या (14 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से नाबाद 37) के योगदान से बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहा। मुंबई ने अंतिम तीन ओवरों में 55 रन जुटाए।

इसके बाद जसप्रीत बुमराह (14 रन देकर चार विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (दो ओवर में नौ रन देकर दो) ने कहर बरपाया और दिल्ली को पहले दो ओवरों में ही बैकफुट पर भेज दिया। दिल्ली की आधी टीम 41 रन तक पवेलियन में विराजमान थी। मार्कस स्टोइनिस (46 गेंदों पर 65) और अक्षर पटेल (33 गेंदों पर 42) ने छठे विकेट के लिए 71 रन जोड़कर हार का अंतर कम किया। बड़े लक्ष्य के सामने दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। बोल्ट ने पहले ओवर में ही पृथ्वी साव और अजिंक्य रहाणे को आउट किया तो बुमराह ने अगले ओवर में शिखर धवन की गिल्लियां बिखेरी। दिल्ली का खाता भी नहीं खुला था और उसके तीन विकेट गिर गए थे। बुमराह ने भी कप्तान श्रेयस अय्यर (12) को नहीं टिकने दिया जबकि ऋषभ पंत (तीन) फिर से नाकाम रहे।

**स्कोर**

**मुंबई इंडियन्स** : डिकाक का धवन बो अश्विन 40,रोहित पगबाधा बो अश्विन 00 सूर्यकुमार का सैम्स बो नोर्जे 51,किशन नाबाद 55, पोलार्ड का रबाडा बो अश्विन 00,क्रुणाला सैम्स बो स्टोइनिस 13, पंड्या नाबाद 37,**अतिरिक्त** (बाई 01, लेग बाई 02, वाइड 01) 05,**कुल** (20 ओवर मे, पांच विकेट पर) 200,**विकेट पतन** :1-16, 2-78, 3-100, 4-101, 5-140,**गेंदबाजी** सैम्स 4-0-44-0,अश्विन 4-0-29-3,रबाडा 4-0-42-0,पटेल 3-0-27-0,नोर्जे 4-0-50-1,स्टोइनिस1-0-5-1

**दिल्ली कैपिटल्स** : साव का डिकाक बो बोल्ट 00,धवन बो बुमराह 00,रहाणे पगबाधा बो बोल्ट 00,अय्यर का रोहित बो बुमराह 12,स्टोइनिस बो बुमराह 65,पंत का सूर्यकुमार बो क्रुणाल 03, पटेल का चाहर बो पोलार्ड 42, सैम्स का डिकाक बो बुमराह 00,रबाडा नाबाद 15,नोर्जे नाबाद 00,**अतिरिक्त** (वाइड 06) 06 ,**कुल** (20 ओवर मे, आठ विकेट पर) 143, **विकेट पतन** :1-0, 2-0, 3-0, 4-0, 5-41, 6-112, 7-112, 8-141, **गेंदबाजी** : बोल्ट 2-1-9-2,बुमराह 4-1-14-4,क्रुणाल 4-0-22-1,कूल्टर नाइल 4-0-27-0,पोलार्ड 4-0-36-1,चाहर 2-0-35-0

### दूसरे चरण में तापमान में गिरावट से लक्ष्य का पीछा करना आसान हुआ: तेंदुलकर

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना हैं कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तापमान में गिरावट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बाद के मैचों में लक्ष्य का पीछा आसान हुआ, जिसमें ओस की भी भूमिका रही है। तेंदुलकर ने टूर्नामेंट के शुरुआती पांच सप्ताह की तुलना हाल में दुबई और अबूधाबी में खेले गए मैचों से की। मास्टर ब्लास्टर ने 100एमबी ऐप पर कहा, टूर्नामेंट छह सप्ताह पहले शुरू हुआ था। तब की तुलना में तापमान में औसतन छह डिग्री की गिरावट आई है। इसके अलावा अगर आप धूप से बनने वाली छाया देखेंगे तो आपको अंदाजा लग जाएगा कि सूर्यास्त का समय भी बदल रहा है। ए सभी चीजें पिच को प्रभावित करती हैं। पहले पिच का तापमान सिर्फ दूसरी पारी में कम होता था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों का शतक लगाने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, टूर्नामेंट की शुरुआत में दुबई और अबूधाबी में लक्ष्य का पीछा करने वाली ज्यादातर टीमें सफल नहीं होती थी। लेकिन पिछले सात-आठ दिनों में इसमें अचानक बदलाव आया है और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमें लगातार जीत रही है। , अब सूर्यास्त थोड़ा पहले हो रहा है, ऐसे में गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल रही है। पिच से (पहली पारी में) स्विंग प्राप्त हो रहा है।

# रोनाल्डो की वापसी, मोराता के दो गोल से जीता युवेंटस




**बुडापेस्ट।** कोरोना वायरस संक्रमण से उबरकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मैदान पर वापसी के बीच अलवारो मोराता के दो गोल मदद से युवेंटस ने चैम्पियंस लीग फुटबॉल में फेरेंकवारोस को 4-1 से हराया। पहले तीन मैचों में युवेंटस के छह में से चार गोल स्पेन के इस फारवर्ड ने किए हैं। वह सितंबर में उधार पर एटलेटिको मैड्रिड से युवेंटस में आए थे। पहले दो मैचों से बाहर रहे रोनाल्डो ने दूसरे गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। युवेंटस के लिए तीसरा गोल पाउलो डायबाला ने किया जबकि विरोधी खिलाड़ी लाशा डी ने एक आत्मघाती गोल दागा। फेरेंकवारोस के लिए एकमात्र गोल 90वें मिनट में फ्रेंक बोली ने किया। युवेंटस ग्रुप जी में बार्सीलोना से तीन अंक पीछे है।

### चैम्पियंस लीग : चेलसी ने रेनेस को हराया

**लंदन।** चेलसी ने चैम्पियंस लीग फुटबॉल के मैच में दस खिलाड़ियों पर सिमटी रेनेस को 3-0 से हरा दिया। ब्राजील के लेफ्ट बैक डालबर्ट को दो पीले कार्ड देखने के बाद बाहर होना पड़ा। चेलसी के लिए वेरनेर ने पहले हाफ में पेनल्टी पर दो गोल किया जबकि अब्राहम ने तीसरा गोल 50वें मिनट में दागा। चेलसी ग्रुप ई में लगातार दूसरी जीत के साथ शीर्ष पर काबिज है जबकि गोल औसत के आधार पर सेविला दूसरे स्थान पर है।

## मेसी ने 150वें यूरोपीय मैच में गोल दागा, बार्सीलोना ने डायनामो को हराया



**बार्सीलोना।** लियोनेल मेस्सी ने यूरोपीय प्रतिस्पर्धा के अपने 150वें मैच में गोल किया जिसके दम पर बार्सीलोना ने चैम्पियंस लीग फुटबॉल में डायनामो कीव को 2-1 से मात दी। मेस्सी ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। मेस्सी का चैम्पियंस लीग और यूरोपीय सुपर कप में अपने 146वें मैच में यह 121वां गोल था। दूसरा गोल गेरार्ड पीक ने 65वें मिनट में किया। डायनामो के फारवर्ड विक्टर साइगांकोव ने 15 मिनट बाकी रहते टीम के लिए एकमात्र गोल दागा। ग्रुप जी में अब बार्सीलोना तीन जीत के साथ शीर्ष पर है। युवेंटस उससे तीन अंक पीछे है।

### मान्यता पर सुनवाई करेगी विशेष पीठ : अदालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरूवार को कहा कि 41 राष्ट्रीय खेल महासंघों को मान्यता देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर उसकी विशेष पीठ सुनवाई करेगी। वकील राहुल मेहरा की इस याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायाधीश प्रतीक जालान की पीठ सुनवाई करेगी। बुधवार को दायर जनहित याचिका में दावा किया गया कि भारतीय ओलंपिक संघ समेत राष्ट्रीय खेल महासंघों में कुप्रशासन को लेकर केंद्र का रवैया उदासीन रहा है। इसमें 41 खेल संघों को मान्यता देने के फैसले को भी चुनौती दी गई है। मेहरा ने अदालत को बताया कि न्यायाधीश हिमा कोहली और नजमी वजीरी की एक विशेष पीठ 2010 में उनके द्वारा दाखिल संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

### बोपन्ना-मराच पेरिस मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रियाई ओलिवर मराच ने दूसरे दौर में यहां फैब्रिस मार्टिन और जीन-जूलियन रोजर की नौंवी वरीयता प्राप्त जोड़ी को हराकर उलटफेर करते हुए पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरूष युगल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। गैर वरीय बोपन्ना-मराच की जोड़ी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए राउंड 16 में बुधवार की रात 3-6 6-4 10-8 से जीत हासिल की। पहला सेट गंवाने के बाद बोपन्ना और मराच ने दूसरे सेट को जीतकर प्रतिद्वंद्वी जोड़ी पर दबाव बढ़ा दिया। टाई ब्रेकर में 40 साल के बोपन्ना ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया और मराच के साथ मिलकर जीत हासिल की। अब शुक्रवार को होने वाले क्वार्टरफाइनल में उनका सामना एडुआर्ड रोजर-वेसलिन और जर्गन मेल्जर की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। बोपन्ना और मराच ने दुसान लाजोविच और निकोला सासिच की सर्बियाई जोड़ी को हराकर राउंड 16 में प्रवेश किया था।

# जोशीले सनराइजर्स का सामना आक्रामक आरसीबी से

## ● आईपीएल एलिमिनेटर मुकाबला आज



**भाषा।** अबुधाबी

कठिन चुनौतियों से पार पाकर प्लेआफ में जगह बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद का सामना आईपीएल एलिमिनेटर में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से होगा तो वह जीत की इस लय को कायम रखते हुए खिताब की ओर अगला कदम बढाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में धीमी शुरूआत के बाद दूसरे चरण में दमदार प्रदर्शन करके सनराइजर्स ने अंकतालिका में आरसीबी से ऊपर तीसरे स्थान पर रहकर प्लेआफ में जगह बनाई। टूर्नामेंट के लीग चरण के आखिरी मैचों में दोनों टीमों का प्रदर्शन एक दूसरे से एकदम विपरीत रहा। आरसीबी लगातार चार मैच हारकर अंकतालिका में चौथे स्थान पर रही जबकि सनराइजर्स ने जीत की हैट्रिक लगाई। सनराइजर्स ने आखिरी तीन मैचों में दिल्ली कैपिटल्स, आरसीबी और शीर्ष पर रही मुंबई इंडियंस को हराया। करो या मरो के आखिरी मुकाबले में मुंबई को दस विकेट से हराकर उसका हौसला बुलंदी के सातवें आसमान पर है।इसका श्रेय डेविड वार्नर और रिधिमान साहा की शुरूआती जोड़ी को जाता है। वार्नर और साहा का प्रदर्शन इतना उम्दा रहा कि मनीष पांडे, केन विलियमसन , प्रियम गर्ग और जैसन होल्डर को कुछ करना ही नहीं पड़ा। गेंदबाजी में सनराइजर्स के पास संदीप शर्मा, होल्डर, शाहबाज नदीम, टी नटराजन और राशिद खान जैसे फार्म में चल रहे गेंदबाजी हैं। संदीप ने पावरप्ले में और नटराजन ने डैथ ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया है।राशिद बीच के ओवरों में काफी किफायती साबित हुए हैं। दूसरी ओर विराट कोहली की आरसीबी को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। लगातार चार मैच हारकर टीम का आत्मविश्वास हिल गया होगा।

# ट्रेलब्लेजर्स की जीत में चमकीं एक्लेस्टोन

## ● वेलोसिटी को नौ विकेट से रौंदा

**भाषा।** शारजाह



बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने केवल नौ रन देकर चार विकेट लिए जिससे ट्रेलब्लेजर्स ने गुरूवार को यहां महिला टी20 चैलेंज के दूसरे मैच में वेलोसिटी को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज इंग्लैंड की एक्लेस्टोन ने 3.1 ओवर में नौ रन देकर चार विकेट चटकाकर स्वप्निल प्रदर्शन किया। उन्हें अनुभवी झूलन गोस्वामी (13 रन देकर दो विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड (13 रन देकर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे ट्रेलब्लेजर्स ने बल्लेबाजी का फैसला करने वाली वेलोसिटी को 15.1 ओवर में महज 47 रन पर समेट दिया। इसके बाद ट्रेलब्लेजर्स ने 48 रन के छोटे से लक्ष्य को 7.5 ओवर में एक विकेट गंवाकर ही हासिल कर लिया। डायंद्रा डॉटिन और रिचा घोष क्रमश: 29 और 13 रन बनाकर नाबाद रहीं।

बुधवार को टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में सुपरनोवाज को हराने वाली वेलोसिटी के नेट रन रेट पर गुरूवार को मिली इस हार से काफी असर पड़ेगा जो उनके लिए नुकसानदाई भी साबित हो सकता है। ट्रेलब्लेजर्स ने इस छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए धीमी शुरूआत की क्योंकि वेलोसिटी की गेंदबाजों ने कोई भी ढीली गेंद नहीं फेंकी। डॉटिन और कप्तान स्मृति मंधाना (06) को बाउंड्री लगाने में परेशानी हो रही थी। मंधाना आखिरकार इस प्रक्रिया में हवा में शॉट खेलकर आउट हो गईं। पॉवरप्ले के अंत में ट्रेलब्लेजर्स का स्कोर एक विकेट पर 28 रन था।

**स्कोरबोर्ड : वेलोसिटी** : शेफाली बो गोस्वामी 13, वाट का मंधाना बो गोस्वामी 03, मिताली पगबाधा बो सोफी एक्लेस्टोन 01,कृष्णमूर्ति बो सोफी एक्लेस्टोन 00,सुषमा बो सोफी एक्लेस्टोन 01, लस का एवं बो गायकवाड 04, शिखा रन आउट (मंधानादीप्ति शर्मा) 10, दिब्यदर्शिनी पगबाधा बो गायकवाड 00, कास्पेरेक नाबाद 11, बिष्ट का एवं बो दीप्ति शर्मा 00,आलम पगबाधा सोफी एक्लेस्टोन 01,**अतिरिक्त** : 03, **कुल योग** : 15.1 ओवर मे सभी आउट : 47 रन, **विकेट पतन** : 17-1, 19-2, 19-3, 19-4, 21-5, 27-6, 27-7, 41-8, 45-9, **गेंदबाजी** : झूलन 3-0-13-2, एक्लेस्टोन 3.1-1-9-4, राजेश्वरी 3-1-13-2,दीप्ति 4-1-8-1,सलमा 2-0-4-0

**ट्रेलब्लेजर्स** : डॉटिन नाबाद 29, मंधाना का जहानारा आलम बो कास्पेरेक 06,घोष नाबाद 13, **अतिरिक्त** : 01, **विकेट पतन** : 12-1, **कुल योग** : 7.5 ओवर मे एक विकेट पर : 49 रन, गेंदबाजी : शिखा 3-0-16-0,कास्पेरेक 2-0-5-1,बिष्ट 1.5-0-19-0, दिब्यदर्शिनी1-0-9-0

## भारतीय टीवी चैनलों को मिले अब तक के सबसे अधिक विज्ञापन: बार्क

**मुंबई।** त्यौहारी मौसम की सुगबुगाहट के साथ ही टीवी चैनलों को मिलने वाले विज्ञापनों में 30 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान अब तक की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई। इसने पिछले पांच साल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। ब्रॉडकास्ट ऑडिएंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को आंकड़े जारी किए। यह रपट ऐसे समय आई है जब देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में दस प्रतिशत तक कमी आने की आशंका व्यक्ति की जा रही है। हालांकि, चैनलों की आय पर इसका असर नहीं दिखता है। बार्क ने अपनी रपट में विज्ञापनों में हुई वृद्धि का मुख्य कारण त्यौहारी मौसम का चलना और आईपीएल जैसे बड़े कार्यक्रमों का प्रसारण होना बताया है।

## व्हाट्सऐप पेश करेगी कुछ समय बाद गायब हो जाने वाले संदेश भेजने का फीचर



**नई दिल्ली।** फेसबुक के स्वामित्व वाली संदेश ऐप व्हाट्सऐप ने अपने मंच पर कुछ समय बाद गायब हो जाने वाले संदेश भेजने का फीचर पेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। ग्राहकों को इस महीने में ही व्हाट्सऐप चैट पर सात दिन बाद खुद से मिट जाने वाले संदेश भेजने की सुविधा मिल जाएगी। व्हाट्सऐप से पहले ऐसी ही सुविधा फेसबुक अपने इंस्टाग्राम मंच पर पेश कर चुकी है। इस मंच पर सिर्फ एक बार देखकर गायब हो जाने वाले संदेश भेजने की सुविधा उपलब्ध है। व्हाट्सऐप ने कहा कि चैट में बातचीत के दौरान जितना संभव हो सके उतना करीब होने का अनुभव कराने के लिए कंपनी ने यह फीचर पेश किया है।

## एएआई का हवाईअड्डों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए एनटीपीसी के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने हवाईअड्डों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए बृहस्पतिवार को एनटीपीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि एनटीपीसी की अनुषंगी एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम को सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए एएआई के हवाईअड्डों पर नि:शुल्क पर्याप्त भूखंड व छत पर जगह उपलब्ध कराई जाएगी। एएआई भारत में 100 से अधिक हवाईअड्डों का प्रबंधन करता है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, हैदराबाद, मंगलुरू और लखनऊहवाईअड्डों का प्रबंधन निजी कंपनियों के पास है।

## भारत ने ओपेक से कच्चे तेल की कीमतों में विसंगति दूर करने को कहा

**नई दिल्ली।** भारत ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक से विभिन्न क्षेत्रों के लिए कच्चे तेल की कीमतों में अंतर से संबंधित विसंगतियों को दूर करने को कहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। इसके साथ ही भारत ने कोविड-19 की वजह से वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला में आई अड़चनों का आकलन करने पर भी जोर दिया।

# सेंसेक्स नौ माह के उच्चस्तर पर

## ● 724 अंक की छलांग, निफ्टी 12,100 अंक के पार

**भाषा।** मुंबई




अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बावजूद वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख से बृहस्पतिवार को सेसेंक्स 724 अंक की छलांग के साथ अपने करीब नौ माह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह लगातार चौथा कारोबारी सत्र है जब बाजार लाभ के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स मजबूती के रुख के साथ खुलने के बाद दिनभर सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 724.02 अंक या 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 41,340.16 अंक पर बंद हुआ। इस साल फरवरी मध्य के बाद सेंसेक्स पहली बार 41,000 अंक से ऊपर बंद हुआ है। सेंसेक्स ने 2020 के कैलेंडर साल में हुए समूचे नुकसान की भरपाई कर ली है। एक जनवरी, 2020 को सेंसेक्स 41,306.02 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 211.80 अंक या 1.78 प्रतिशत के लाभ के साथ 12,120.30 अंक पर बंद हुआ। ेंसेक्स के सभी शेयर लाभ में रहे। एसबीआई में सबसे अधिक 5.63 प्रतिशत का लाभ रहा। टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स और टाइटन के शेयर भी 5.34 प्रतिशत तक चढ़ गए। इस तरह के संकेत मिल रहे हैं कि डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जोए बाइडेन अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीत सकते हैं। हालांकि, सीनेट में रिपब्लिकन का मामूली बहुमत कायम रहने की संभावना है। इन घटनाक्रमों के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी रही। निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि बाइडेन के राष्ट्रपति बनने पर चीन के साथ व्यापार को लेकर विवाद कुछ कम हो सकेगा। विश्लेषकों का मानना है कि रिपब्लिकन के बहुमत वाली सीनेट ऊंचे करों और कड़े नियमनों जैसे उपायों को रोकेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव डेमोक्रेटिक पार्टी के पक्ष में जाने के संकेतों के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी आई। इसी तर्ज पर घरेलू बाजार भी करीब आठ माह के उच्चस्तर पर पहुंच गए। निवेशक उम्मीद कर रहे कि फेडरल रिजर्व की मौजूदा नीतिगत बैठक के दौरान कुछ नए उपायों की घोषणा हो सकती है।

## सेंसेक्स में जोरदार उछाल से निवेशकों की पूंजी 2.78 लाख क्रोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में जोरदार उछाल के बीच बृहस्पतिवार को निवेशकों की पूंजी 2.78 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। इस दौरान सेंसेक्स 41,000 अंक के पार निकल गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 724.02 अंक या 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 41,340.16 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में जोरदार लाभ से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,78,054.29 करोड़ रुपए बढ़कर1,62,27,243.78 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 40 पैसे बढ़कर 74.36 पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में जो बाइडेन की जीत के संकेतों के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे मजबूत होकर 74.36 (अनंतिम) पर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के चलते रुपए को मजबूती मिली।

### सोना 158 रुपए चढ़ा, चांदी 697 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख से बृहस्तिवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 158 रुपए की बढ़त के साथ 50,980 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,822 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तर्ज पर चांदी भी 697 रुपए के उछाल के साथ 62,043 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 61,346 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## कोविड-19 के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट चुनौती बनी रहेगी: श्रृंगला




**भाषा।** नई दिल्ली

कोरोना वायरस की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था में आई गिरावट एक चुनौती बनी रहेगी लेकिन भारत इसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए बाधा की तरह नहीं बल्कि अवसर की तरह देख रहा है। विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने बृहस्पतिवार को यह विचार व्यक्त किया। श्रृंगला राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित एक वर्चुअल संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए काम करने को प्रतिबद्ध है। यह नियम कानून सम्मत, पारदर्शी, नौवहन की स्वतंत्रता, भौगोलिक एकता और संप्रभुता का सम्मान और विवादों के शांतिप्रिय समाधान पर आधारित होने चाहिए। उनकी यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख, दक्षिण चीन सागर एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के विस्तारवादी व्यवहार के बीच सामने आई है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य सभी देशों के आर्थिक और सुरक्षा हितों का सम्मान करना है।

### आरबीआई ने न्यायालय से अंतरिम आदेश को हटाने का आग्रह किया

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय से उस अंतरिम आदेश को हटाने का आग्रह किया, जिसमें कहा गया है कि इस साल 31 अगस्त तक जिन खातों को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घोषित नहीं किया है, उन्हें अगले आदेश तक एनपीए घोषित नहीं किया जाएगा। आरबीआई ने कहा कि इस आदेश के चलते उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कोविड-19 महामारी के प्रकोप के चलते कठिनाइयों का सामना कर रहे कर्जदारों को राहत देते हुए शीर्ष न्यायालय ने तीन सितंबर को अंतरिम आदेश पारित किया था।

## सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष का रिलायंस रिटेल में 9,555 करोड़ का निवेश

**भाषा।** नई दिल्ली




अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल में सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष (पीआईएफ) ने 9,555 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस तरह रिलायंस की यह खुदरा इकाई पिछले दो माह में 47,265 करोड़ रुपए का निवेश हासिल कर चुकी है। कंपनी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा गया है कि पीआईएफ 9,555 करोड़ रुपए के निवेश से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लि. (आरआरवीएल) में 2.04 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। पीआईएफ के निवेश के हिसाब से आरआरवीएल का मूल्यांकन 4.587 लाख करोड़ रुपए बैठता है। सऊदी अरब के सॉवरेन संपदा कोष का यह अंबानी की कंपनी में दूसरा निवेश है। इससे पहले उसने जियो प्लेटफॉर्म्स में 11,367 करोड़ रुपए के निवेश से 2.32 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था।

### श्याओमी ने त्यौहारी सेल में बेचे 50 लाख फोन

**नई दिल्ली।** श्याओमी ने त्यौहारी बिक्री के पहले चरण में 50 लाख स्मार्टफोन की बिक्री है। यह पिछले साल के मुकाबले 15-20 प्रतिशत अधिक है। इसी के साथ कंपनी ने पुराने श्याओमी ग्राहकों को नए फोन से अपग्रेड करने के लिए मी स्मार्ट अपग्रेड कार्यक्रम भी पेश किया है। स्मार्ट अपग्रेड कार्यक्रम के तहत श्याओमी के पुराने ग्राहकों को नया रेडमी और मी फोन खरीदने पर उनके पुराने फोन का 70 प्रतिशत तक मूल्य मिलेगा।

### आर्सेलर मित्तल को सितंबर तिमाही में घाटा

**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी आर्सेलर मित्तल को चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त तिमाही में 26.1 करोड़ डॉलर (लगभग1,940 करोड़ रुपए) का घाटा हुआ है। कंपनी ने एक बयान में इसकी जानकारी दी।कंपनी ने कहा कि साल भर पहले की इसी तिमाही में उसे 53.9 करोड़ डॉलर का घाटा हुआ था।

### लक्ष्मीनायाणन एचडीएफसी बैंक के नये सीआईओ

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने रमेश लक्ष्मीनारायणन को अपने नया मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) नियुक्त किया है। करीब चार माह पहले एचडीएफसी बैंक के सीआईओ मुनीष मित्तल ने इस्तीफा दे दिया था। वह करीब 25 साल तक बैंक से जुड़े रहे। मित्तल ने ब्रिटेन में उच्च शिक्षा के लिए पद छोड़ा था।

### ब्रिटेन ने वेतन समर्थन योजना को मार्च बढ़ाया

**लंदन।** ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने करदाता वित्तपोषित वेतन समर्थन योजना को अगले साल मार्च अंत तक बढ़ाने की घोषणा की है। कोरोना वायरस महामारी की वजह से ब्रिटेन में दूसरे दौर का लॉकडाउन लगाया गया है। यह लॉकडाउन कम से कम दो दिसंबर तक लागू रहेगा। इस महामारी के खिलाफ ब्रिटेन की लड़ाई की अगुवाई कर रहे सुनक ने संसद में बयान में इस बात की पुष्टि की कि इस योजना के तहत 80 प्रतिशत कर्मचारियों को हर महीने 2,500 पाउंड का वेतन दिया जाएगा।

# एक दर्जन से अधिक भारतवंशियों ने राज्यों में दर्ज की जीत

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** राष्ट्रपति पद के साथ-साथ कई राज्यों में भी हुए चुनावों में पांच महिलाओं सहित एक दर्जन से अधिक भारतवंशियों ने जीत दर्ज की है। कई मायनों में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए ऐसा पहली बार हुआ है। इनके अलावा चार भारतीय मूल के उम्मीदवार- डॉ.एमी बेरा, प्रमिला जयपाल, रो खन्ना और राजा कृष्णमूर्ति- अमेरिकी कांग्रेस के निम्न सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के लिए दोबारा निर्वाचित हुए हैं। वहीं भारतीय मूल के कम से कम तीन ऐसे प्रत्याशी हैं जिनका फैसला नहीं हुआ है और इनमें एक हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के लिए मैदान में है।

राज्य विधायिकाओं के लिए भारतीय मूल की जो पांच महिलाएं निर्वाचित हुई हैं , उनमें न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा के लिए जेनिफर राजकुमार, केंटुकी राज्य विधानसभा के लिए नीमा कुलकर्णी, वरमोंट राज्य सीनेट के लिए केशा राम, वाशिंगटन राज्य विधानसभा के लिए वंदना स्लेट्टर और मिशिगन राज्य विधानसभा के लिए पद्मा कुप्पा शामिल हैं।

वहीं, नीरज अंतानी को ओहायो राज्य सीनेट के लिए निर्वाचित घोषित किया गया है। जय चौधरी नॉर्थ कैरोलाइना राज्य सीनेट के लिए दोबारा निर्वाचित हुए हैं। एरिजोना राज्य विधानसभा के चुनाव में अमीश शाह ने जीत दर्ज की है। निखिल सावल पेन्सिलवेनिया राज्य सीनेट और राजीव पुरी मिशिगन राज्य विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं।

## ● जीत में पांच महिलाएं भी शामिल

चुनाव के नतीजों के मुताबिक जर्मी कूनी ने न्यूयॉर्क राज्य सीनेट में अपनी सीट पक्की है जबकि अश कालरा लगातार तीसरी बार कैलिफोर्निया विधानसभा के लिए निर्वासित हुए हैं। रवि सांडिल ने टेक्सास के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट जज के चुनाव में जीत दर्ज की है।

केशा राम पहली गैर श्वेत महिला है जो वरमोंट राज्य सीनेट के लिए निर्वाचित हुई हैं। निखिल सावल पहले भारतीय अमेरिकी हैं जो पेन्सिलवेनिया विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। जेनिफर राजकुमार न्यूयॉर्क की विधायिका में निर्वाचित होने वाली पहली दक्षिण एशियाई महिला हैं जबकि नीरज अंतानी ओहायो राज्य सीनेट पहुंचने वाले पहले भारतीय अमेरिकी बने हैं।

सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस के मुताबिक इस साल के चुनाव में करीब 20 लाख भारतीयों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। वहीं डॉ. हीरल तिपिरनेनी एरिजोना से हाउस ऑफ रिप्रजंटेटिव पहुंचने के लिए हल्की बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं, न्यूजर्सी राज्य सीनेट के लिए लड़ रहे रूपांडे मेहता और पेन्सिलवेनिया ऑडिटर जनरल के लिए चुनाव लड़ रहे नीना अहमद का फैसला आना बाकी है। अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ रही दो महिलाओं सहित चार भारतवंशियों को हार मिली है। इनमें श्री प्रेस्टन कुलकर्णी को टेक्सास, मंगा अनंतत्मुल को वर्जीनिया से और निशा शर्मा एवं रितेश टंडन को कैलिफोर्निया से हार मिली है। भारतीय मूल की राजनेता सारा गिडियोन और रिक मेहता को क्रमशः मेइन और न्यूजर्सी राज्य सीनेट चुनाव में हार मिली है।

## मेन और न्यूजर्सी से सीनेट की दौड़ में शामिल भारतीय मूल के उम्मीदवार हारे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी मीडिया में आए रुझानों के अनुसार भारतीय मूल के रिकिन मेहता और सारा गिडियोन क्रमशः न्यूजर्सी और मेन से सीनेट चुनाव हार गए हैं। भारतीय पिता और आर्मीनियाई मां की संतान गिडियोन इस समय मेन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की स्पीकर हैं और उन्हें रिपब्लिकन पार्टी की सीनेटर सुजैन कोलिंस से हार मिली है।कोलिंस को 4,09,974 मत मिले जबकि गिडियोन को सिर्फ 3,39,364 मत प्राप्त हुए। गिडियोन के पिता भारत से अमेरिका आए थे और रोड्स आइलैंड में शिशु रोग विशेषज्ञ के तौर पर काम किया। चार संतानों में सबसे छोटी गिडियोन की परवरिश यहीं हुई और शादी के बाद वह पति के साथ मेन में रहने लगी। न्यूजर्सी से सीनेट चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार मेहता को डेमोक्रेटिक पार्टी के निवर्तमान सीनेटर कोरी बुकर से हार मिली। बुकर को अबतक गिने गए मतों में से 60.4 फीसदी मत मिले हैं जबकि मेहता को केवल 38 प्रतिशत मत मिले। मेहता अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के पूर्व अधिकारी हैं और न्यूजर्सी से रिपब्लिकन पार्टी की सीनेट उम्मीदवारी हासिल करने वाले पहले भारतीय- अमेरिकी हैं।




फिलाडेलफिया में वोट कांउटिंग में गड़बड़ी को लेकर प्रेसवार्ता करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकील रूडी गियूलियानी

# मतिभ्रम कोविड-19 का शुरुआती लक्षण हो सकता : अध्ययन

**लंदन।** बुखार के साथ बेहोशी या मतिभ्रम कोविड-19 बीमारी के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं, खासतौर पर उम्रदराज मरीजों में। यह दावा अध्ययन में किया गया है।जर्नल ऑफ क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी एंड इम्यूनोथेरेपी में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक खांसी और सांस लेने में समस्या जैसे लक्षण आने से कई दिन पहले बुखार और मतिभ्रम के लक्षण या कुछ मरीजों में बेहोशी के लक्षण भी सामने आ सकते हैं। अध्ययन के मुताबिक खासतौर पर बुजुर्ग मरीजों में तेज बुखार के साथ मतिभ्रम की स्थिति उत्पन्न हो तो इसे कोविड-19 का शुरुआती लक्षण समझा जाना चाहिए। स्पेन स्थित ओबर्टा डी कैटोलनया विश्वविद्यालय के जेवियर कोर्यिा ने कहा, मतिभ्रम वह अवस्था होती है जब व्यक्ति वास्तविकता से अलग महसूस करता है। फ्रांस के बोर्डो विश्वविद्यालय में यह अध्ययन करने वाले कोर्यिा ने कहा, इस महामारी की स्थिति में हमें इस बारे में सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि व्यक्ति में मतिभ्रम की स्थिति कोरोना वायरस से संक्रमण का लक्षण हो सकता है। कोर्यिा ने सह शोधकर्ता डियागो रेडोलर रिपोल के साथ मिलकर केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और दिमाग पर कोविड-19 के पड़ने वाले असर को लेकर किए गए अनुसंधानों की समीक्षा की और उनके आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे। अध्ययन में शामिल विशेषज्ञों ने पाया कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कोरोना वायरस केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित करता है और तंत्रिका के सामान्य संदेशों में हस्तक्षेप कर सिरदर्द और मतिभ्रम जैसे लक्षण पैदा करता है। अध्ययन के मुताबिक बेहोशी, मतिभ्रम और व्यवहार में बदलाव संभवतः अंगों में होने वाली व्यवस्थागत सूजन से आता है जो दिमाग के हिप्पोकैम्पस इलाके की तंत्रिका तंत्र की कोशिका में भी सूजन लाकर नुकसान पहुंचाता है।

# नेता तय नहीं करते कि कौन जीत रहा हैः मानवाधिकार संस्था

**भाषा।** न्यूयार्क

**राष्ट्रपति चुनाव** में मतगणना में फर्जीवाड़े का दावा करते हुए सर्वोच्च न्यायालय जाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के मद्देनजर एक मानवाधिकार संगठन ने बुधवार को कहा कि अमेरिका की निर्वाचन प्रक्रिया को वोटों को तालिकाबद्ध करने में समय लगेगा। संगठन ने इस पर जोर दिया कि नेता तय नहीं करते कि कौन जीतेगा। मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वाच की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया कि अमेरिका की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत तीन नवंबर को हुए आम चुनाव में पड़े मतों को तालिकाबद्ध करने में समय लगेगा। इसके साथ ही संगठन ने चेताया कि मीडिया संस्थानों और सोशल मीडिया कंपनियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का ध्यान रखते हुए चुनाव से संबंधित गलत सूचना के प्रसार के प्रति सतर्क रहना चाहिए। ह्यूमन राइट्स वाच के कार्यकारी निदेशक केनेथ रॉथ ने कहा, हाल के सप्ताहों और मतदान के दिन लाखों अमेरिकी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा, नेता यह तय नहीं करते कि कौन जीत रहा है। चुनाव अधिकारी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतगणना करवा रहे हैं जिससे पता चलेगा कि किसे जीत हासिल हुई है। कोविड-19 के कारण मेल-इन मतों में अप्रत्याशित वृद्धि से मतगणना में देर हो रही है। बुधवार सुबह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने झूठा दावा किया था कि वह चुनाव जीत गए हैं और उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में फर्जीवाड़े का निराधार आरोप भी लगाया था।

## क्विक न्यूज

### ईशनिंदा को लेकर सुरक्षाकर्मी ने बैंक प्रबंधक की हत्या की

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सरकारी नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान के एक वरिष्ठ प्रबंधक की बैंक के सुरक्षाकर्मी नें ईशनिंदा के आरोप में हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशब में बैंक के प्रबंधक मलिक इमरान हनीफ को बैंक के सुरक्षा गार्ड अहमद नवाज़ ने बुधवार सुबह गोली मार दी थी। नवाज सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी है। पीड़ित के परिवार ने कहा कि यह ज़ाती दुश्मनी के तहत की गई हत्या है और आरोपी ने अपने को बचाने के लिए इसे ईशनिंदा का मुद्दा बनाया है।पुलिस के अनुसार हनीफ को लाहौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी नवाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तारिक विलायत के अनुसार नवाज ने दावा किया कि उसने ईशनिंदा को लेकर हनीफ पर गोलियां चलाई थी।उन्होने कहा कि यह दावा अभी सत्यापित नही किया जा सकता है। पुलिस मृतक के परिवार के बयान सहित सभी पहलुओ को ध्यान में रखकर इस मामले की जांच कर रही है।हनीफ के परिवार ने कहा कि नवाज को कुछ महीने पहले निकाल दिया गया था लेकिन बाद में उसे बहाल कर दिया गया था। नवाज को अपनी बर्खास्तगी को लेकर हनीफ से ज़ाती दुश्मनी थी और दोनों के बीच हाल ही में गर्मागम बहस भी हुई थी।

### भारतीय मूल के करोड़पति श्री थानेदार मिशिगन राज्य विधायिका के लिए निर्वाचित




**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के करोड़पति कारोबारी श्री थानेदार मिशिगन के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के लिए 93 प्रतिशत मतों के साथ निर्वाचित हुए है। उन्होने दो साल पहले गवर्नर का भी चुनाव लड़ा था। थानेदार (65) वैज्ञानिक भी है और चुनाव अभियान के लिए रिकॉर्ड 4,38,620 डॉलर की राशि जुटाई थी, इसमें अधिकतर उनका अपना योगदान था। उन्होंने छह विरोधियों को मात देकर डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी हासिल की थी। उन्होने मिशिगन के तीसरे निर्वाचन जिले से 93 प्रतिशत मतों से जीत दर्ज की है। मूल रूप से कर्नाटक के बेलगावी के रहने वाले थानेदार ने 18 साल की उम्र में रसायन शास्त्र में स्नातक की उपाधि और परास्नातक की उपाधि बंबई विश्वविद्यालय से प्राप्त की। वह वर्ष 1979 मे अर्कोन विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अमेरिका चले आए, बाद में उन्होंने मिशिगन विश्वविद्यालय में भी पढ़ाई की। थानेदार ने हाल में दिए साक्षात्कार में कहा कि कोरोना वायरस की महामारी से पहले आखिरी बार प्रचार किया था और महामारी के दौरान उन्होंने मास्क और सेनिटाइजर बांटने मे समय बिताया।

### पेरिस समझौते से अमेरिका के बाहर होने पर संरा और सहयोगियों ने जताया अफसोस

**संयुक्त राष्ट्र।** पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका के बाहर निकलने पर संयुक्त राष्ट्र और कुछ सदस्य देशो ने अफसोस जताया है और कहा है कि वे जलवायु के मुद्दे पर कार्वाई को गति देने के लिए सभी अमेरिकी हितधारको और विश्व भर में साझेदारो के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका चार नवंबर को औपचारिक रूप से जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते 2015 से हट गया। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सचिवालय- यूएनएफसीसीसी ने जलवायु के मुद्दे पर कार्वाई को गति देने के लिए अमेरिका और उसके बाहर मौजूद हितधारको के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र ने चिली, फ्रांस, इटली और ब्रिटेन के साथ संयुक्त वक्तव्य जारी कर कहा, हमें अफसोस है कि आज अमेरिका औपचारिक रूप से पेरिस समझौते से बाहर हो गया। पेरिस समझौते के तहत देशों को तापमान मे दो डिग्री सेल्सियस से कम वृद्धि रखने और वैश्विक ऊष्मा को 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक न होने देने का संकल्प लेना होता है। समझौते से अमेरिका के पीछे हटने के बारे मे पूछे जाने पर संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफेन दुजारिक ने न्यूयार्क मे संवाददाताओ से कहा, मजबूत और सक्रिय पेरिस समझौते के प्रति हमारा विश्वास और समर्थन दृढ है। अगस्त 2017 मे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझौते से पीछे हटने के फैसले से संयुक्त राष्ट्र महासचिव को अवगत कराया था।

# थलसेना प्रमुख नरवणे ने नेपाली समकक्ष से मुलाकात की

**भाषा।** काठमांडू,

**भारतीय थलसेना** प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने बृहस्पतिवार को अपने नेपाली समकक्ष जनरल पूर्ण चंद्र थापा से मुलाकात की और दोनों सेनाओं के बीच सहयोग और मित्रता के मौजूदा संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के उपायों पर चर्चा की ।जनरल थापा के निमंत्रण पर जनरल नरवणे तीन दिवसीय यात्रा पर अभी काठमांडू में हैं ।उनकी यात्रा काफी हद तक दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के मकसद से है। दोनों देशों के संबंध सीमा विवाद को लेकर तनावपूर्ण हो गए हैं ।उन्होंने थापा से यहां उनके कार्यालय में मुलाकात की। नेपाल थलसेना मुख्यालय द्वारा एक बयान के अनुसार,"उन्होंने द्विपक्षीय हितों के मुद्दों के अलावा दोनों सेनाओं के बीच मित्रता और सहयोग के मौजूदा बंधन को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की"बयान में कहा गया है कि उन्हें नेपाली सेना के इतिहास और वर्तमान भूमिकाओं के बारे में भी अवगत कराया गया ।बुधवार को काठमांडू पहुंचे नरवणे बृहस्पतिवार को सेना मुख्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए ।बृहस्पतिवार सुबह आर्मी पैविलियन में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद उन्हें सेना मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने पहले के वरिष्ठ सैन्य आगंतुकों की परंपरा के अनुसार सेना मुख्यालय में एक पेड़ भी लगाया ।उन्होंने नेपाली सेना के दो फील्ड अस्पतालों के लिए वेंटिलेटर, एम्बुलेंस और चिकित्सा उपकरण भी सौंपे। थापा ने नेपाल में बने 1,00,000 मेडिकल मास्क और शांति के प्रतीक के रूप में भगवान बुद्ध की एक मूर्ति नरवणे को भेंट की ।राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी बृहस्पतिवार को ही नरवणे को नेपाली सेना के जनरल रैंक की मानद उपाधि प्रदान करेंगी।

## ● दोनों सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा



काठमांडू के राष्ट्रपति भवन में भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे व राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी एक मुलाकात के दौरान

# बड़ी बेसब्री से अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का दुनिया कर रही इंतजार

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा है और दुनिया बड़ी बेसब्री से नतीजों का इंतजार कर रही है।

वहीं,दुनिया के कई हिस्सों से अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया और शासन प्रणाली की आलोचना भी सुनाई दे रही है। जापान के वित्तमंत्री तारो असो ने कहा, मुझे बताया जा रहा है कि नतीजे स्पष्ट होने में कुछ समय लगेगा। मुझे पता नहीं कि यह कैसे हमें प्रभावित करेगा।

पेरिस में रहने वाले स्पेन के नागरिक जेवियर साएंज ने कहा, मेरा विचार था कि सुबह तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और मुझे नया लेख पढ़ने को मिलेगा। कोई नहीं जानता कि कौन जीतेगा। उन्होंने कहा, मैं इससे स्तब्ध हूं। तुरंत किसी विजेता का



सामने नहीं आना अपने में आप में कुछ गलत होने का संकेत है। रूस के विपक्षी नेता अलेक्सी नवलनी, जिन्हें क्रेमिलन को चुनौती देने और रूस को अधिक लोकतांत्रिक बनाने की मांग करने की वजह से कथित तौर पर जहर दिया गया था, ने कहा कि नतीजों में देरी संकेत देता है कि लोकतंत्र काम कर रहा है ।उन्होंने ट्वीट किया, सुबह उठा और विजेता देखने के लिए ट्विटर पर गया। अब भी स्थिति अस्पष्ट है। यह है चुनाव। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मौरिसन ने भी नतीजों में देरी को लोकतंत्र का प्रदर्शन करार दिया ।उन्होंने सिडनी में पत्रकारों से कहा, मुझे अमेरिका के लोकतंत्र पर पूरा भरोसा है और मुझे उनकी संस्थाओं पर भरोसा है और महान संस्थाओं और लोकतंत्रों के साथ यह खास चीज होती है कि उनके सामने चाहे जो भी चुनौतियां आती हैं वे उनसे निपटते हैं, जिस तरह हमारे यहां होता है। बहरहाल, दुनिया के कई हिस्सों में इसे लेकर चिंता है कि अमेरिका विभाजनकारी चुनाव प्रचार के बाद कैसे उबरेगा। ट्रंप ने असामान्य तौर पर और अपरिपक्व तरीके से अपनी जीत का दावा किया है और चुनावको उच्चतम न्यायालय में घसीटने की धमकी दी है जिससे परेशानी बढ़ गई है और उनकी तुलना तानाशाहों से की जा रही है। सीरिया के विश्लेषक डैनी मक्की ने कहा, यह कुछ ऐसा है कि अगर ट्रंप नहीं तो हम देश को जला देंगे। वहीं, यरोप ने मतगणना के दौरान संयम की अपील की है। ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप के जन्मस्थान स्लोवानिया के दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री यानेज यांसा ने दावा किया, यह स्पष्ट है कि अमेरिका की जनता ने डोनाल्ड ट्रंप को चुना है लेकिन वह एकमात्र आवाज हैं जो पुख्ता नतीजे से पहले सामने आए हैं। जर्मनी के उप चांसलर ऑलफ स्कोल्ज ने मतगणना पूरा होने पर जोर दिया।

जर्मनी की रक्षामंत्री एन्नीग्रेट क्राम्प-कारेनबावर ने कहा, नतीजों की वैधता की लड़ाई शुरू हो गई है और यह बहुत विस्फोटक स्थिति है ।आतंरिक बाजार मामलें की यूरोपीय संघ की आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने कहा, चुनाव के नतीजे कुछ भी हो एक बात तय है कि वे सालों और दशकों से हमारे साझेदार हैं। जिम्बाब्वे में सत्तारूढ़ जेडएएनयू-पीएफ पार्टी प्रवक्ता पैट्रिक चिनामासा ने कहा, पूर्व दास मालिकों से लोकतंत्र के बारे में सीखने के लिए कुछ भी नहीं है।

## अमेरिका में तेजी से बढ़ रहे हैं कोविड-19 के नए मामले

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोविड-19 के रोजाना सामने आने वाले नए मामले अचानक से बढ़ गए हैं, जो देश के नए राष्ट्रपति के लिए यकीनन चिंता का एक बड़ा विषय होगा। अमेरिका में बढ़ते मामलों और अधिक संख्या में लोगों के अस्पताल में भर्ती होने से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप या पूर्व उप राष्ट्रपति जो बाइडेन के समक्ष आने वाले समय में पेश होने वाली समस्याएं स्पष्ट हो गई हैं ।नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फीनबर्ग स्कूल ऑफ मेडिसिन में ग्लोबल हेल्थ संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. रॉबर्ट मर्फी ने बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रंप का कार्यकाल कम से कम 20 जनवरी तक तो चलेगा। इन 86 दिनों में, अगर देश ने इससे निपटने के तरीकों में बदलाव नहीं किया तो तब तक वायरस से और एक लाख अमेरिकियों की जान जा सकती है ।अमेरिकी विश्वविद्यालय जॉन हॉपकिन्स के अनुसार अमेरिका में चुनाव के दौरान कोविड-19 के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है।

# बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के इतिहास में सबसे अधिक मत हासिल करने वाले प्रत्याशी बने : रिपोर्ट

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** इतिहास में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन राष्ट्रपति चुनाव में सबसे अधिक मत हासिल करने वाले प्रत्याशी बन गए हैं और उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। नेशनल पब्लिक रेडियो (एनपीआर) की खबर के मुताबिक चार नवंबर तक बाइडेन को 7.07 करोड़ मत मिल चुके थे जो अब तक के राष्ट्रपति चुनाव में किसी प्रत्याशी को मिले सबसे अधिक मत हैं।

एनपीआर के मुताबिक यह संख्या वर्ष 2008 के चुनाव में ओबामा को मिले मतों से करीब 3,00,000 अधिक है जो पिछला रिकॉर्ड था। बाइडेन ने लोकप्रिय मतों के मामले में ओबामा को पछाड़ दिया है जिनके पक्ष में वर्ष 2008 में 6,94,98,516 लोगों ने मतदान किया था। बाइडेन व्हाइट हाउस की दौड़ में निवर्तमान राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी टक्कर दे रहे हैं और लोकप्रिय मतों के मामले में उनसे 27 लाख मतों से आगे हैं। कड़ी टक्कर वाले राज्यों में जैसे-जैसे मतगणना बढ़ रही है, वैसे-वैसे बाइडेन की बढ़त का अंतर भी बढ़ रहा है। एनपीआर ने कहा कि पूरे देश में अब भी लाखों मतों की गिनती बाकी है जिनमें कैलिफोर्निया भी शामिल है जहां पर 64 प्रतिशत मतों की गिनती हुई है। ट्रंप भी बुधवार तक 6.732 करोड़ मत हासिल कर ओबामा के रिकॉर्ड के करीब है। एनबीसी न्यूज के मुताबिक इस बार करीब 10 करोड़ मतदाताओं ने ई-मेल मतपत्र के जरिए मतदान किया है जिनमें से 2.3 करोड़ मतों की गिनती बाकी है।

## बाइडेन ने पेरिस समझौते में पुनः शामिल होने का संकल्प लिया

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने संकल्प लिया है कि उनके राष्ट्रपति बनने पर अमेरिका, जलवायु परिवर्तन पर ऐतिहासिक पेरिस समझौते में दोबारा शामिल होगा। बाइडेन ने अभी राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत दर्ज नहीं की है लेकिन वह धीरे-धीरे बहुमत की ओर बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति बनने के लिए 270 इलेक्टोरल मत प्राप्त करना आवश्यक है और बाइडेन को अब तक 253 मत मिल चुके हैं। अमेरिकी मीडिया की ओर से जारी ताजा रुझानों के मुताबिक उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप को अब तक 213 इलेक्टोरल मत प्राप्त हुए हैं। अमेरिका ने चार नवंबर को औपचारिक रूप से 2015 के पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते से हाथ खींच लिए थे। बाइडेन ने बुधवार रात को ट्वीट किया, आज ट्रंप प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर पेरिस जलवायु समझौते को औपचारिक रूप से त्याग दिया और 77 दिन बाद बाइडेन प्रशासन इसमें दोबारा शामिल होगा।

# ट्रेंड बाजार


## कोरोना से सशंकित होटल में रुके आयुष्मान खुराना



**बॉलिवुड** स्टार आयुष्मान खुराना अभिषेक कपूर निर्देशित अपनी नई प्रगतिशील प्रेम कहानी 'चंडीगढ़ करे आशिकी' की शूटिंग में अत्यंत व्यस्त हैं। इस फिल्म को वो अपने गृहनगर चंडीगढ़ में शूट कर रहे हैं। लेकिन सूत्रों ने बताया कि शूटिंग के दौरान वो अपने घर में न ठहर कर एक होटल में ठहरे हैं।

आयुष्मान ने बताया, 'मैं इस महामारी को लेकर बहुत सशंकित हूं और स्वयं तथा परिवार को बचाए रखने का पूरा जतन करता हूं। मेरी पत्नी तथा दोनों बच्चों को मेरे कारण किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिये। अपने माता-पिता की सुरक्षा के लिए भी ऐसा कर रहा हूं।

## निखिल भांबरी का सपना हुआ सच



**अभिनेता** निखिल भांबरी का कहना है कि वरिष्ठ अभिनेताओं के साथ काम करना मेरे लिए तो सपने के सच होने जैसा अनुभव था। वे मित्रवत होने के साथ ही सहयोगी भी थे। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा भी। मेरे लिए ये अच्छे अध्यापकों वाली किसी कक्षा में पढ़ने के अनुभव जैसा था। मैं बस यही देखा करता था कि वो किसी दृश्य को किस प्रकार से करते हैं। जब मुझे शीघ्र छुट्टी मिल भी जाती थी तो भी मैं सेट पर रुककर उन्हें ध्यान से देखा करता था।

## वरुण जन्मदिन पर करेंगे स्काई-डाइविंग



**हास्य** फिल्मों के जाने माने अभिनेता वरुण शर्मा ने अपनी इच्छा प्रकट करते हुए कहा है कि वो स्वयं को एक उपहार देना चाहते हैं और उपहार ये है कि फरवरी में अपने जन्मदिन पर स्काईडाइविंग-एक प्रकार का खेल जिसमें उड़ते जहाज से पैराशूट के सहारे कूदा जाता है- करेंगे। लेकिन उन्हें पछतावा है कि कोविड-19 के कारण वो ऐसा करने में समर्थ नहीं हो सके। उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में स्काईडाइव करना चाहता था। मैं अपने जन्मदिन पर बाहर जाकर स्काईडाइविंग करने की योजना बना रहा था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण सबकुछ ठहर सा गया। आशा करता हूं कि अब सबकुछ सामान्य होने पर दुबारा इसकी अगले साल तक योजना बना सकता हूं।'

## गल गेडॉट ने सेट का अनुभव प्रशंसकों से साझा किया



**हॉलिवुड** अभिनेत्री गल गेडॉट का कहन है कि कोरोना वायरस के बीच शूटिंग के लिए अनेक प्रकार के त्याग करने होते हैं। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि पूरी टीम को एक प्रकार से शूटिंग की अवधि में पृथकवास करना पड़ा।

इंस्टाग्राम पर फिल्म 'रेड नोटिस' पूरी करने के बाद इसमें अपने अनुभव को साझा करते हुए गल ने ऐसा कहा। फिल्म में उनके साथ ड्वेन जॉन्सन और रयॉन रेनॉल्ड्स भी देखने को मिलेंगे।

गेडॉट ने बताया, 'अब जबकि मैं घर वापस आ चुका हूं मुझे पिछले कुछ महीनों के शूटिंग के अनुभव याद आ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग करने के लिए इस कोरोना काल में अनेक प्रकार के त्याग करने होते हैं। इसमें सर्वाधिक योगदान हमारी टीम का ही होता है।'

# 'अभिनेत्री होने के नाते कई लोगों के जीवन जी सकती हूं'

अभिनेत्री ईशा सिंह ने सीरीज़ 'प्यार तूने क्या किया' के पहले एपिसोड में लीड रोल किया है। इससे जुड़े अनुभवों तथा अभिनय क्षेत्र में कॅरियर बनाने और भावी प्रोजेक्ट्स के बारे में उनसे बात की पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना ने। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-



**■ सीरीज़ 'प्यार तूने क्या किया' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

मैं इसमें प्रीत नाम की लड़की का चरित्र कर रही हूं जिसकी सगाई हो चुकी है। वो जीवन का आनंद लेना चाहती है और अपने माता-पिता को बहुत प्यार करती है। वो अपनी सोच में स्वतंत्र है और अपने पिता के रेस्तरां की फ्रेंचाइजी पूरे देश में खोलने के सपने को पूरा करना चाहती है। वो महत्वाकांक्षी लड़की है।

**■ ज़ी टीवी पर आने वाले शो 'इश्क सुभानअल्लाह' से ये किस प्रकार भिन्न है?**

इसमें मुख्य अंतर तो ये है कि जहां ज़ारा मुस्लिम परिवार की है तो इसमें हमारी हीरोइन प्रीत एक पंजाबी परिवार की है। ज़ारा मुस्लिम महिला के अधिकारों के लिए लड़ती है जबकि प्रीत अपने माता-पिता के सपने को पूरा करने पर अपना पूरा ध्यान लगाती है।

**■ प्यार तूने क्या किया, में आपने अपने रोल को करने के लिए किस प्रकार की तैयारियां की थीं?**

मैं अपने चरित्र के लिए पहले से तैयारियां करने में विश्वास नहीं करती। मैं स्क्रिप्ट पढ़ती हूं और तब सेट पर जाती हूं। वहां मैं जो सही समझती हूं अपनी अंतप्रेरणा पर चलते हुए कैमरे का सामना करती हूं। प्रीत के लिए वैसे मेरे पास अधिक समय नहीं था लेकिन उस चरित्र में कई परतें हैं और उनके बारे में मुझे पता तब चला जब उसकी कहानी आगे बढ़ी। अपने चरित्र को लेकर मेरा परिप्रेक्ष्य अलग था जबकि लेखक और निर्देशक कुछ अलग सोच रखते हैं तो ऐसे में अग्रिम तैयारी न करना ही उचित होता है। सेट पर जाने के बाद जब दृश्य बताया जाता है तो मैं आंखें बंद कर उसके बारे में सोचते हुए सेट पर जाती हूं और उसी के अनुसार परफार्म करती हूं।

**■ अभिनय में आपकी रुचि कैसे हुई?**

इसका एक कारण नहीं था। प्रारंभ से ही मुझे पता था कि मैं 9 से 5 तक की नौकरी तो नहीं कर सकती, तो मुझे समझ आ गया कि मैं अभिनय करने के लिए ही पैदा हुई हूं। अभिनेत्री होने के नाते मैं कई लोगों के जीवन जी सकती हूं। मैं कई प्रकार के व्यवसाय करने का अभिनय कर सकती हूं। मैं अपने जीवन की दर्जी हूं। यदि मैं ज़ारा या प्रीत का चरित्र निभा रही होती हूं तो ईशा होते हुए भी ईशा नहीं होती हूं। अपने चरित्रों के चलते मैं जीवन में कई क्षेत्रों में अनुभव ले सकती हूं। मैं सर्वदा ईशा तो नहीं ही होती हूं। अभिनय क्षेत्र में आप बहुत कुछ कर सकते हैं।

**■ क्या आपने कभी सोचा था कि 'इश्का का रंग सफेद' की धानी इतनी लोकप्रिय हो जाएगी?**

नहीं सोचा था। ऑडिशन देते समय मैं मात्र 16 साल की थी। उस शो में मैंने 20 साल की एक विधवा का चरित्र किया था। उसमें मैंने विधवा होने के कारण लोगों के निशाने पर होने की स्थिति को चित्रित किया था। मैंने सोचा भी नहीं था कि लोग मुझे उस भूमिका में स्वीकार करेंगे। मुझे विश्वास नहीं था कि में अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय कर सकती हूं। लेकिन सबकुछ सही रहा और लोगों ने धानी को अपना प्यार दिया। इस रोल को करते समय मैंने काफी कुछ सीखा भी।

> "प्रारंभ से ही मुझे पता था कि मैं 9 से 5 तक की नौकरी तो नहीं कर सकती, तो मुझे समझ आ गया कि मैं अभिनय करने के लिए ही पैदा हुई हूं। अभिनेत्री होने के नाते मैं कई लोगों के जीवन जी सकती हूं। मैं कई प्रकार के व्यवसाय करने का अभिनय कर सकती हूं। मैं अपने जीवन की दर्जी हूं। यदि मैं ज़ारा या प्रीत का चरित्र निभा रही होती हूं तो ईशा होते हुए भी ईशा नहीं होती हूं।"

**■ इतनी कम आयु में विधवा का चरित्र करना कितना कठिन था?**

जी हां ये बहुत कठिन था। मुझे एक विधवा के संघर्ष का अनुमान नहीं था। मेरी मौसी भी एक विधवा थीं लेकिन वो 70 वर्ष की थीं। मुझे पता ही नहीं था कि विधवा को किन परिस्थितियों से गुजरना होता है। समाज उसे कैसे देखता और व्यवहार करता है। लेकिन धानी का चरित्र करने पर मुझे उसके जीवन की सच्चई का अनुभव हुआ। मुझे उन महिलाओं के जीवन की कटु सच्चाइयों के बारे में पता चलने पर रोना आ गया था। इन महिलाओं को एक जीवंत जीवन का अधिकार है जबकि समाज उनपर अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगा देता है जैसे आप कुछ खाद्य पदार्थ नहीं खा सकते, हंस नहीं सकते आप कोई सपना या महत्वाकांक्षा नहीं रख सकते आदि।

**■ भविष्य में आप क्या कर रही हैं?**

मैं भी यही जानना चाहती हूं। मुझे नहीं पता कि अब मैं किधर जाऊंगी। कुछ परियोजनाएं हैं लेकिन वर्तमान में मैं ब्रेक पर अपने घर पर ही हूं।

## होम थियेटर

# शबाना की प्रतिभा का फिल्म को कोई लाभ नहीं



### काली खूही

**प्लेटफॉर्म : नेटलिक्स**
**कलाकार: शबाना आज़मी, संजीदा शेख, रीवा अरोड़ा, सत्यदीप मिश्रा, लीला सैमसन, हेत्वी भानुशाली**
**रेटिंग: 5/10**

फिल्म में एक भूत होने मात्र से ही वो डरावनी फिल्म नहीं बन जाती। ये दुखद है कि अधिकांश हॉरर फिल्मों में दो ही कथानक होते हैं- या तो ये रामसे ब्रदर्स जैसी मांसभक्षी भूत की कहानी वाली जिसमें कई जगह खून बहता दिखता है और भूत केवल बदला लेने के लिए घूमता रहता है। काली कूही में ये दूसरे प्रकार का है जिसमें हर समय इधर उधर मानव शरीर इधर उधर गिरते पड़ते रहते हैं। इससे अधिक डर की बात इसमें और कुछ नहीं है।

ये अलग बात है कि टेरी समुंद्रा जिन्होंने इसे लिखा और निर्देशित किया है, ने इस कहानी में भूत द्वारा बदला लेने का एक नया कारण गढ़ा है जो स्त्रीभ्रूण हत्या होता है। फिल्म का विषय सकारात्मक है। समुंद्रा ने इसके लिए पंजाब का एक गांव चुना है। वहां खेत, प्रात:कालीन कोहरा, भारी वर्षा और एक कुंआ है जिसमें पानी नहीं है। डर पैदा करने के लिए इतने से ही बात नहीं बनती और पहले अर्ध में दर्शकों की रुचि जगाने के लिए कुछ शेष नहीं बचता तो अंतिम 45 मिनट में ही समझ में आता है कि कहानी वास्तव में है क्या और ये सब क्यों हो रहा है?

शबाना आज़मी की प्रतिभा का भी कोई सार्थक प्रयोग नहीं किया गया है। उनके करने के लिए इसमें कुछ विशेष नहीं है। कई बार वो समझ रही होती हैं कि हो क्या रहा है तो कई बार वो ऐसा जताती हैं कि कन्याभ्रूण को कुंए में फेंकने के बावजूद गांव में सबकुछ ठीक है। लेकिन ये भी सच है कि कहानी को पटरी पर उन्हीं के चरित्र के कारण रखा जा सका है।

-- शालिनी सक्सेना

# गौहर खान ने जैद दरबार से की सगाई



**मुम्बई।** अदाकारा गौहर खान ने बृहस्पतिवार को डांसर जैद दरबार से अपनी सगाई की घोषणा की। गौहर ने इंस्टाग्राम पर जैद के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए इसकी घोषणा की। तस्वीर में दोनों ने हाथ में गुब्बारे ले रखे थे, जिन पर लिखा था, उसने (गौहर ने) हां कह दिया है। तस्वीर साझा करते हुए गौहर ने अंगूठी की एक इमोजी भी साझा की। गौहर खान इशकजादे , रॉकेट सिंह: सेल्समैन ऑफ द ईयर जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। संगीतकार इस्माइल दरबार के बेटे जैद दरबार ने भी इंस्टाग्राम पर यही तस्वीर साझा की। खबरों के अनुसार गौहर और जैद दिसम्बर में शादी कर सकते हैं।

# प्राचीन दफनाने के स्थलों से पता चलता है कि मादाएं भी शिकार करती थीं: वैज्ञानिक



**लॉस एंजिलिस।** दक्षिण अमेरिका के एंडीज पर्वतमाला में वैज्ञानिकों ने नौ हजार साल पुराने एक ऐसे स्थान का पता लगाया है जहां मादा शिकारियों को दफनाया जाता था। इस खोज से लंबे समय से चली आ रही उस अवधारणा को चुनौती मिलती है जिसमें कहा जाता है कि आदिम मानव को जब खाना चाहिए होता था तब पुरुष शिकार करते थे और स्त्रियां भोजन एकत्र करती थीं। अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस से संबद्ध और अध्ययन के प्रमुख लेखक रैंडी हास ने कहा, पुरातन काल में दफनाने की प्रक्रिया की एक पुरातात्विक खोज और विश्लेषण से पुरुषों के शिकारी होने की अवधारणा खारिज होती है। अनुसंधानकर्ताओं का मानना है कि साइंस एडवांसेज में प्रकाशित खोज ऐसे समय सामने आई है जब लिंग आधारित श्रम पर बहस चल रही है। हास ने कहा, शिकार करने वाले हालिया समुदायों में लिंग आधारित श्रम पर बहुत जोर दिया जाता है जिससे कुछ लोग यह मानने लगते हैं कि लिंग आधारित असमानता प्राकृतिक है। उन्होंने कहा, लेकिन अब यह स्पष्ट हो चुका है कि श्रम का लिंग आधारित विभाजन अपने मूल स्वरूप में भिन्न था। हमारी प्रजाति के शिकारी इतिहास में शायद यह और भी न्यायसंगत था। पेरू में 2018 में उंचाई पर पुरातात्विक उत्खनन के दौरान अनुसंधानकर्ताओं ने दफनाने के एक पुराने स्थान की खोज की थी, जिसमें शिकार करने और जानवरों को काटने के नुकीले औजार मिले थे। उस स्थल पर मिले कंकाल की हड्डियों और दांतों के विश्लेषण से पता चला कि वह संभवत: किसी मादा का कंकाल था। उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका में मिले ऐसे 107 प्राचीन स्थलों के परीक्षण से अनुसंधानकर्ताओं ने 429 कंकालों की पहचान की। उन्होंने कहा कि प्राप्त कंकालों में से 27 लोग शिकारी थे और इनमें से 11 मादा तथा 15 नर थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह साक्ष्य इस बात को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है कि प्राचीन समय में मादाएं भी शिकार करती थीं।

# सचिन तेंदुलकर के जीवन के सुनहरे पन्ने



**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान पर अपने बल्ले से बेहतरीन पारियां खेलने वाले भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने कलम से भी एक खूबसूरत पारी खेली और प्लेइंट इट माई वे शीर्षक से क्रिकेट से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। यह किताब 6 नवंबर 2014 को रिलीज की गई। वैसे तो सरल सहज सचिन का जीवन खुली किताब की तरह उनके प्रशंसकों के सामने रहा, लेकिन इस किताब के बारे में उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक अलग तरह की पारी के समान है, जिस पर मैं पिछले तीन वर्षो से काम कर रहा था। अपने खेल की ही तरह मैंने इस पुस्तक में अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं का ईमानदारी के साथ वर्णन किया है।

# अश्लील वीडियो शूट करने को लेकर पूनम पांडे हिरासत में, दो पुलिसकर्मी निलंबित



**पणजी।** अभिनेत्री पूनम पांडे को एक सरकारी संपत्ति में कथित अनधिकृत रूप से प्रवेश करने और अश्लील वीडियो शूट करने को लेकर बृहस्पतिवार को गोवा पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दक्षिण गोवा जिले के कोनकोना शहर के कई नागरिकों ने इस शूटिंग के लिए सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप लगाया जिसके बाद दो पुलिसकर्मी भी निलंबित कर दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी गोवा के सिंकरिम में एक पांचसितारा होटल में ठहरीं पांडे को बृहस्पतिवार की दोपहर में कलांगुट पुलिस की एक टीम ने हिरासत में लिया और उन्हें बाद में कानकोना पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) पंकज कुमार सिंह ने कहा कि अभिनेत्री को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। कानकोना शहर के चापोली बांध पर शूट के दौरान अश्लीलता को लेकर बुधवार को पांडे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बांध का प्रबंधन संभाल रहे जल संसाधन विभाग ने शिकायत की थी। बृहस्पतिवार को कानकोना के कई बाशिंदों ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए शहर में बंद का आह्वान किया जिन्होंने अभिनेत्री और शूट से जुड़े दल को कथित रूप से सुरक्षा प्रदान की। पुलिस अधीक्षक ने बाद में निरीक्षक तुकाराम चव्हाण और एक कॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया। मामले की जांच की जा रही है।

# बिजली विभाग दबाए बैठा है किसानों के करोड़ों रुपये

- रालोद कार्यकर्ताओं ने मांग पूरी होने पर ही धरना खत्म करने का किया ऐलान
- पूर्व विधायक रामपाल यादव बोले प्रदेश सरकार किसानों पर नहीं दे रही है ध्यान



सीतापुर-विकास भवन के सामने प्रदर्शन करते रालोद पदाधिकारी — पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**निजी** नलकूप सामान्य योजना के किसानों को ट्रांसफार्मर दिए जाने की मांग के समर्थन में राष्ट्रीय लोकदल ने विकास भवन परिसर स्थित धरना स्थल पर बेमियादी धरना शुरू कर दिया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह ने बिजली विभाग पर किसानों का करोड़ों रूपए दबाने का आरोप लगया है। काफी दिनों के बाद पूर्व विधायक रामपाल यादव ने भी रालोद के आंदोलन में हिस्सा लिया और सरकार को खरी-खरी सुनाई। इस मौके पर दीपक गुप्ता, शरद पांडेय, हर्षिता गुप्ता, निशू रस्तोगी, हर्ष तिवारी, कौशलेन्द्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, विजय पाल, सियाराम, टुन्ना, कमलेश सिंह, रामकिशुन, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

## किसान मंच ने की बैठक

**डाक बंगला** सिधौली में हिंदुस्तान किसान मंच की संगोष्ठी हुई। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर मंथन किया गया। अध्यक्षता करते हुए रमेश कुमार ने कहा कि बाड़ी क्रय केंद्र पर किसानों को धान तौल के बाद पर्ची नहीं दी जा रही है, केन्द्र पर पल्लेदारों की कमी के चलते किसानों को समस्या हो रही है और पल्लेदारों के नाम पर किसानों से 30 रूपए प्रतिकुंतल वसूला जा रहा है। इसके जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, संदीप मिश्रा, विमल तिवारी आदि ने एसडीएम संतोश राय को 4 सूत्री ज्ञापन दिया।

## अध्यादेश वापस ले सरकार


सीतापुर-एसडीएम को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी — पायनियर

**राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने दी चेतावनी**

**कृषि** व किसानों से जुड़े अध्यादेशो का विरोध बढ़ता जा रहा है, किसान संगठन इन बिलो को किसानों के हित में नहीं, किसान विरोधी करार दे रहे है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने चेतावनी दी है कि इसे वापस न लिया गया तो आने वाले वक्त में किसान सड़को पर उतरेगें। संसद भवन व विधान सभा का घेराव भी किया जाएगा। संगठन ने ब्लाक खैराबाद के ग्राम पंचायत कनवाखेड़ा में 40 साल पुराने राधाकृष्ण मंदिर के जीर्णोद्वार पर लगाई रोंक को हटाए जाने की भी मांग एसडीएम सदर अमित भट्ट को ज्ञापन सौंपकर उठाई। संगठन जिलाध्यक्ष हाजी मोहम्मद रिजवान ने 'पायनियर' को बताया कि सरकार द्वारा बिजली मूल्य में की गई वृद्धि व डीजल-पेट्रोल में बढ़े दाम वापस न लिए गए तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# हर युवा दीपदान कर समाज में ला सकता बदलाव: शैलेन्द्र पासी

- आठ नवंबर को अपने राष्ट्र की जिम्मेदारी का करें निर्वाहन



संवाददाता। सीतापुर

**जो परिवेश** व्यवहार और परम्परा राष्ट्रहित में न हो उसका त्याग कर देना चाहिए। दीपदान आज देश की जरूरत ही नहीं राष्ट्र विचार भी होना चाहिए, किसी भी देश के लिए धर्म और त्यौहार उस देश की एकता और अखण्डता को प्रदर्शित करती है उसे क्षेत्र, जाति धर्म के आधार पर चिन्हित नहीं किया जाना चाहिए। यह बात प्रेसनोट के माध्यम से शैलेन्द्र पासी ने कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष दीपावली पर्व में हर वर्ष हजारों रूपये के पटाखे और दीए जलाए जाते है हमारा उद्देश्य यही है कि हर युवा दीपदान कर समाज में बदलाव लाए। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। समाजसेवी शैलेन्द्र पासी ने कहा कि 8 नवम्बर को हर युवा व समाज के लोग दीपदान कर अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी निर्वाहन करें।

## अल्पना सिंह ने भाकियू से दिया इस्तीफा

**सीतापुर।** अवध क्षेत्र प्रभारी अल्पना सिंह ने भारतीय किसान यूनियन से इस्तीफा दे दिया है। तरीनपुर में आयोजित बैठक में मिथिलेश वैश्य, गुड्डी सिंह, कविता पाण्डेय, प्रियंका वर्मा, विट्टो मौर्य, रजनीश बाजपेई, पंकज सिंह आदि ने भी इस्तीफा दे दिया। सभी ने किसान मंच की सदस्यता ले ली है। मंच के अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह व प्रदेश प्रवक्ता सचेन्द्र दीक्षित ने सबको सदस्यता दिलाई।

# गाड़ी चलाते समय यातायात के नियमों का जरूर करें पालन: ओपी तिवारी

- संगोष्ठी में छात्राओ को किया जागरूक

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर


मछरेहटा-बालिकाओं को समझाते एसओ ओपी तिवारी — पायनियर

**थाना** क्षेत्र के सूरजपुर चौराहा पर स्थित सेठ मिश्रीलाल पब्लिक इंटर कॉलेज में मछरेहटा थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में यातायात नियम का पालन करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें थाना अध्यक्ष ओपी तिवारी ने छात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मोटरसाइकिल चलाते वक्त यातायात नियम के पालन करना जरूरी है हेलमेट ड्राइवरी लाइसेंस जूते पहन कर ही मोटरसाइकिल चलाएं और बगैर हेलमेट के वाहन कतई ना चलाएं शराब पीकर व मोटरसाइकिल चलाते समय मोबाइल फोन कर बात बिल्कुल ना करें यदि ऐसे करते हुए लोग बाइक चलाते हैं तो अपनी जान को जोखिम में डालना जिससे कोई अनहोनी घटित हो सकती है चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पूर्णतया पालन करें महामारी बीमारी के विषय बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे और कोविड-19 की सावधानी से पालन करें इस मौके पर प्रधानाचार्य अश्वनी यादव प्रबंधक पीआर यादव व काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# आर्यवर्त बैंक पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं लिया ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-विधायक ज्ञान तिवारी को ज्ञापन देते ग्रामीण — पायनियर

**सकरन** विकासखंड के ग्राम सभा खानपुर में आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के स्थानांतरण व गाँवो को काली सूची में डालने की जानकारी होते हैं ग्रामीण आक्रोशित हो गए ग्रामीण बैंक के स्थानांतरण ना होने वह काली सूची में डाले गए गांवों को पुन: बहाल करने की मांग करने लगे। इसकी जानकारी पाते ही सेवता विधानसभा के विधायक ज्ञान तिवारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें मांग की गई है कि वर्षों से संचालित इस बैंक को गांव से न जाने दिया जाए वही ग्रामीणों ने बताया बैंक प्रबंधन द्वारा सकरन विकासखंड के एक दर्जन गांवों को काली सूची में डाल दिया गया है जिससे कि बैंक की सेवाओं का लाभ गांव के खाताधारकों को नहीं मिल पा रहा है ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए इस दौरान प्रदर्शन भी किया विधायक ज्ञान तिवारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर से ही बैंक प्रशासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता की विधायक ने कहा खानपुर में यह बैंक काफी समय से संचालित हो रही है हजारों खाताधारक इस बैंक का लाभ ले रहे हैं ऐसे में अगर बैंक स्थानांतरित की जाती है तो क्षेत्र के ग्रामीणों व खाताधारकों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा विधायक ने कहा अगर जरूरत है तो नई शाखा खोली जाए लेकिन किसी भी दशा में बैंक का स्थानांतरण न किया जाए। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया बैंक को किसी भी दशा में खानपुर से नहीं जाने दिया जाएगा अगर जरूरत है तो नई शाखा खुलवाने का प्रयास किया जाएगा इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चौपाल लगाकर विधायक ने सुनीं समस्याएं

**विधायक** ज्ञान तिवारी ने गुरुवार को रेउसा विकासखंड के जट पुरवा व मुनुवापुरवा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए इस दौरान विधायक ने जटपुरवा में पंचायत भवन के निर्माण का पूजन भी किया मुनुवापुरवा में ग्रामीणों ने अनेकों समस्याओं से विधायक को अवगत कराया विधायक ने सभी समस्याओं के समाधान की बात कही इस दौरान विधायक ने शासन की योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी, ग्रामीणों ने गांव में तैनात पंचायत सेक्रेटरी रोहित जोशी के भ्रष्टाचार की शिकायत विधायक से की विधायक ने खंड विकास अधिकारी को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# यमराज बन सिखाए यातायात के नियम

- निर्मला महिला शिल्पकला केन्द्र ने किया आयोजन

संवाददाता। सीतापुर


लहरपुर में नाटक का मंचन कर यातायात नियमों की जानकारी देते कलाकार — पायनियर

**सडक** हादसो में कमी लाने के लिए लोगो को जागरूक किया गया। नुक्कड नाटक का आयोजन किया हुआ। लहरपुर बिसवां में लोगो को हेलमेट सीटबेल्ट की महत्ता बताई। नुक्कड़ नाटक के मंचन में कलाकारों ने यमराज बनकर यातयात के नियमों की सीख दी। इससे पूर्व बुधवार को खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय में एआरटीओ प्रवीण कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर संस्थान के प्रचार वाहनों को रवाना किया था। निर्मला महिला शिल्पकला केन्द्र प्रमुख निर्मला वर्मा ने 'पायनियर' को बताया कि संस्थान का उद्देश्य है कि सड़क हादसों में कमी आए, हेलमेट सीट बेल्ट न लगाने से लोग लगाकर सड़क हादसों का शिकार हो रहे है। सड़क हादसों की बड़ी वजह नशा और नींद है, नशे की हालत में वाहन चलाने से बचना चाहिए। यातायात के छोटे-छोटे नियम बड़े सड़क हादसों को टाल देते है। शुभारम्भ अवसर पर संस्थान के अनुराग वर्मा, विपिन शर्मा, राजेन्द्र राज, सोनी, अनुपम वर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**ट्रक की टक्कर से बीवी बच्चे की हो गई थी मौके पर दर्दनाक मौत**

# सीताराम की मदद को आगे आए 'झीन बाबू'

- आर्थिक सहायता देकर सरकारी मदद दिलवाने का दिया आश्वासन
- सीताराम ने भी गवाएं थे हादसे में अपने दोनों पैर

संवाददाता। थानगांव सीतापुर


थानगांव-पीड़ित से हालचाल लेते पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू — पायनियर

**थाना रेउसा** इलाके में मार्ग दुर्घटना में हुई मां बेटे की मौत के बाद पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू उसी दुर्घटना में घायल हुए पिता का हाल जानने लखनऊ ट्रामा सेंटर पहुंच गए। इस दौरान पूर्व विधायक ने पीड़ित का हाल जाना और ढांढस भी बधाया। इतना ही नहीं उन्होंने आर्थिक सहायता देते हुए यह आश्वासन भी दिया कि इलाज में आने वाले खर्च में सरकारी मदद भी दिलवाई जाएगी। दरअसल इलाके के गांव फुलवारी घेवडा निवासी सीताराम निषाद बीते मंगलवार को परिवार समेत साइकिल से जा रहा था। तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रक से हुई टक्कर से उसकी पत्नी व बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी और सीताराम भी गंभीर रूप से घायल हो गया था।उसका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उसने अपने दोनों पैर गवा दिए हैं। क्षेत्र में हुई दिल दहला देने वाली घटना को जानकर पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह इन बाबू पीड़ित का हाल जानने लखनऊ पहुंच गए। इस दौरान पूर्व विधायक ने पीड़ित को आर्थिक सहायता भी दी और सरकारी मदद दिलवाने का आश्वासन भी दिया है।

## अवैध अड्डों पर न पिएं शराब : डीएम

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने एक बार फिर अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब को न पीने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अवैध अड्डों पर बिकने वाली षराब में मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आँखों की रोशनी के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध षराब बनाने व बिक्री की षिकायत आबकारी निरीक्षकों के फोन पर भी दी जा सकती है।

**गुरूवार को कोरोना में आया हल्का उछाल**

# जनपद में मिले 18 पॉजिटिव


कोरोना की जांच करते कर्मचारी — पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** में गुरूवार को हल्का उछाल देखने को मिला। पिछले कई दिनों से जिले में 10 से 15 के बीच केस मिल रहे थे, वहीं पिछले 24 घंटे में 18 केस निकले हैं। शहर के जेल रोड व आंख अस्पताल में 1-1 मरीज मिला है। खैराबाद में 5 मरीज मिलने से हड़कम्प मचा है। सिधौली के गोविंद नगर, संत नगर व विवेक नगर में 1-1 मरीज मिला है। बिसवां, कसमंडा, महमूदाबाद, पहला व रामकोट में भी 1-1 नए मरीज की पहचान की गई है। जबकि 3 केस अन्य स्थानों के हैं।

# सांसद-विधायक ने पंचायत भवन का किया लोकार्पण

- नरायणपुर ग्राम सभा में किया गया है नया निर्माण

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-भाजपा स्नातक प्रत्याशी अवनीश को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव व अन्य — पायनियर

**विकासखंड** मिश्रिख की ग्राम पंचायत नारायणपुर में बनवाए गए पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत व विधायक रामकृष्ण भार्गव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय के निर्माण स्थल ग्राम सभा के मजरा गौरी हार में बड़े कार्यक्रम आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृध्द भाजपा कार्यकर्ता राधेश्याम त्रिपाठी ने की। इस दौरान सांसद अशोक रावत ने मौजूद आगंतुकों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। अन्य पार्टियां केवल जातिवाद, परिवारवाद व धर्म के मुद्दों पर लोगों को गुमराह कर रही हैं। विधायक रामकृष्ण भार्गव ने भाजपा द्वारा संचालित जनहित योजनाओं की जानकारी देते हुए क्षेत्र से स्नातक चुनाव प्रत्याशी अवनीश सिंह पटेल को विजई बनाने की आवाम से अपील की। इससे पहले कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान नारायणपुर भाष्कर मित्र ने सभी अतिथियों, सम्मानित नागरिकों व पत्रकारों को फूल माला पहनाते हुए अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। मंच संचालन भाजपा कार्यकर्ता अंकित शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला प्रभारी दिनेश तिवारी , प्रत्याशी स्नातक क्षेत्र अवनीश सिंह पटेल, विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल अवस्थी, मुनेंद्र अवस्थी, बबलू अवस्थी, पवन पतौंजा, मिश्रित मंडल अध्यक्ष सतीश शास्त्री, प्रेम तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पांडे शामिल रहे।

# उमेश बने ब्लाक अध्यक्ष

**प्रा.शि. संघ का हुआ चुनाव**

**सिधौली सीतापुर।** बीआरसी सिधौली पर प्राथमिक शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक निर्वाचन अधिवेशन का आयोजन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए उमेश कुमार सिंह व ओमप्रकाश तिवारी ने नामाकंन किया। 532 में से 485 वोट पड़े, जिसमें से 3 वोट इनवैलेट हो गए। 360 मत पाकर उमेश कुमार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बने और ओमप्रकाश को 122 वोट मिले। पर्यवेक्षण सुबोध कुमार तिवारी, गिरजेश अवस्थी, ज्ञानेश बाजपेई व उमेश कुमार वर्मा ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष पीयूष सिंह राठौर, वैभव सिंह, पवन त्रिपाठी, रोहित तिवारी सुधाकर सिंह, दिनेश सिंह, अमर सिंह, शिव सागर वर्मा, राहुल सिंह, संतोष कुमार सिंह, सलाउद्दीन खान, चंद्र किशोर तिवारी, संजय सिंह, उदय प्रताप सिंह आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी है।

## पालिका की कार्यशैली पर जताया असंतोष

**सीतापुर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष व नामित सभासद इंन्दू सिंह चौहान के आवास पर नामित सभासदों की बैठक हुई। इसमें आगामी बोर्ड बैठक की रणनीति बनाई गई और पालिका की कार्यषैली पर असंतोश व्यक्त किया गया। नामित सभासद संजय मिश्रा ने कहा कि स्वकर प्रणाली के नाम पर इस कोरोनाकाल में नगर वासियो को अत्यधिक टैक्स लादने के किसी भी प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया जाएगा, जल्द ही भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभासदों का दल नगर विकास मंत्री से मिलकर पालिका प्रशासन की कार्यशैली से उन्हें अवगत कराएगा। इस मौके पर शैलेश महेंद्र, लालता शाह, श्यामलाल कन्नौजिया, खैराबाद के सभासद बाबूराम जोशी, अवध बिहारी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एक साल बाद भी नहीं बने शौचालय

- ग्रामीणों ने प्रधान सेक्रेटरी पर लगाया आरोप

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर


अधूरा पड़ा शौचालय — पायनियर

**विकासखंड** मछरेहटा की ग्राम पंचायत इटौवा मजरा लालपुर गांव में बनने वाले शौचालय 1 साल बाद भी पूरे नहीं हो सके अधूरे पड़े शौचालय के निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई कमीशन खोरी के चलते लाभार्थियों को पैसा देने के बजाय स्वयं प्रधान रंजना देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी लक्ष्मण तिवारी ठेके पर निर्माण कार्य करा दिया ठेके पर हुआ निर्माण में मानकों की जमकर अनदेखी की गई गुणवत्ता विहीन निर्माण में धड़ल्ले से पीली ईट का भी प्रयोग जमकर किया गया। ग्राम पंचायत इटौवा मजरा लालपुर में स्वच्छ भारत के तहत 25 शौचालयों का निर्माण कराना स्वीकृत हुआ था धनराशि भी आ गई थी निर्माण भी शुरू करा दिया गया निर्माण शुरू तो हुआ किंतु 1 साल बाद भी पूरा नहीं हुआ 25 में केवल 10-20 शौचालय बनवाए गए और अधिकांश शौचालय अधूरे ही पड़े शौचालयों में महज दीवार ही खड़ी है वह भी अधूरी है इसके अलावा शौचालयों के निर्माण में कमीशन खोरी का खेल भी चला ग्रामीणों का कहना है ग्राम प्रधान रंजना देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी लक्ष्मण तिवारी की ओर से मनमाने तरीके से निर्माण कराया गया लाभार्थियों के बजाय सचिव व प्रधान खुद ही शौचालयों को ठेके पर बनवा रहे हैं लाभार्थी रामदास जगन्नाथ रमेश रामकुमार आदि ने बताया कि शौचालय सालों से अधूरे पड़े हैं शौचालयों की धनराशि के बारे में भी जानकारी नहीं दी गई ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान दोनों ही मिलकर मनमाने तरीके से ठेके पर शौचालयों का काम करा रहे हैं जिसमें मानक विहीन शौचालय बनवाए जा रहे हैं जिनकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 6 नवंबर, 2020



# चोरी के तीन ई-रिक्शा व 10 बैट्रा के साथ दो गिरफ्तार

● शातिर अपराधियों पर दर्ज हैं सात-सात मुकदमे

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**पुलिस अधीक्षक** खीरी विजय ढुल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज ब्रहस्पतिवार को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर छाउछ चौराहा से 02 शातिर अभियुक्तों आदर्श उर्फ मुलायम एवं अंकित रस्तोगी को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर मथना जंगल से 3 चोरी की ई-रिक्शा व 10 बैट्रा बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 5000 रुपए का नकद पुरुस्कार दिया गया है। एसपी ने बताया कि आदर्श उर्फ मुलायम पुत्र शिवकुमार निवासी पिपरिया बाईपास थाना कोतवाली सदर खीरी के खिलाफ एक मुकदमा कोतवाली गोला व छह मुकदमें कोतवाली सदर में दर्ज हैं। अंकित रस्तोगी पुत्र मिर्जाशंकर निवासी दुर्गापुरवा थाना कोतवाली सदर जनपद सीतापुर के खिलाफ सातों मुकदमें कोतवाली सदर में दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिव प्रकाश पांडे, रंजीत सिंह, कांस्टेबल विजय शर्मा, मनीष यादव, कौशलेन्द्र मिश्रा, हेमन्त सिंह व अवधेश यादव शामिल रहे।

# यातायात माह में चोरी हुई बाइकों का नहीं लगा सुराग

● यातायात का पाठ पढ़ाने वाली पुलिस भूल गई अपने कर्तव्य

● सूचना देने के बावजूद पुलिस नहीं बरामद कर सकी बाइक

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

**एक ओर** यातायात माह मनाया जा रहा है तो दूसरी ओर बाइक चोर पुलिस प्रशासन को धता बताते हुए बाइक चोरी करने से बाज नहीं आ रहे। पुलिस की रात्रि गस्त व बाइक चेकिंग अभियान सब पूरी तरह से फेल हो रहे हैं। जिसका प्रमाण है कि नवम्बर माह में शहर से दो बाइकों के चोरी होना।

जानकारी के मुताबिक नवम्बर माह में पुलिस विभाग यातायात माह मना रहा है। पुलिस अधिकारी कालेजों में जाकर यातायात का पाठ बच्चों को पढ़ा रहे हैं पर बेलगाम बाइक चोर पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस की तमाम व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाते हुए बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। तीन नवम्बर को कोतवाली से लगभग तीन सौ मीटर की दूरी पर मोहम्मदी रोड पर स्थित पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता अपनी बाइक खड़ी कर दुकान खोलने लगा। दुकान खोलने के उपरान्त जब उसने देखा तो उसकी बाइक दुकान के सामने से गायब थी। पर यह घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है पर पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। चार नवम्बर को शाम को प्राची मिश्रा की बुलेट बाइक बाईपास पर स्थित ग्राम प्रधान प्रमोद वर्मा की दुकान पर खड़ी थी कि चोरों ने उस बाइक पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना की सूचना भी पुलिस को दी गई है पर पुलिस इस बाइक को भी बरामद करने में

# बुआ के घर आई लड़की का अपहरण

● परिजनों पर सुलह का दबाव बना रही पुलिस

● तीन दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**थाना मैलानी** की पुलिस चौकी कुकरा अंतर्गत बुआ के घर आई नाबालिग लड़की का गांव के ही एक युवक ने अपहरण कर लिया। इसके बाद वह लड़की को लेकर फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस चौकी कुकरा पर तहरीर दी है। मगर पुलिस परिवारीजनों पर ही सुलह-समझौते का दबाव बना रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।जानकारी के अनुसार, थाना मैलानी की पुलिस चौकी कुकरा के ग्राम मूड़ा निवासी बदला हुआ नाम माहिल पुत्री समीउल्लाह 14 साल पड़ोस के गांव रोशननगर में अपनी बुआ के यहां गई थी। इस बीच मौका पाकर मंगलवार को उसको ग्राम मूडा निवासी शहादल पुत्र लियाकत ने अपहरण कर लिया है जिसका कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस चौकी कुकरा में तीसरे दिन पुलिस सुलह समझौता कराने का दवाब बना रखा है समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# मैं तुम्हारी गोमती हूं के पांचवें चरण में मढ़िया घाट पहुंचा दल

**मैगलगंज-खीरी।** 'मैं तुम्हारी गोमती हूं' के पांचवें चरण के पड़ाव में आदिगंगा के तट पर स्थित मढ़िया घाट रहा। चपरतला की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन के सौजन्य से चलाये जा रहे इस अभियान में गोमती के घाटों, धार्मिक स्थलों, मेलों, परंपराओं तथा निकटवर्ती गांवों के जनजीवन का अध्ययन किया जा रहा है। इसे पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जायेगा। गोमती अभियान के संयोजक सुशील सीतापुरी आज दोपहर में अपनी टीम के साथ मढ़िया घाट पहुंचे। उन्होंने वहां रहने वाले साधु-संतों से यहां के इतिहास की जानकारी हासिल की। उन्होंने लोगों को लोक महत्व के इस अभियान के बारे में बताया तथा उनसे गोमती पुत्र के रूप में भूमिका निभाने की अपील की। लोगों को शब्दसत्ता का 'लखीमपुर.खीरी में गोमती' अंक भी भेंट किया गया। इससे पहले कल अभियान दल ने जमुनिया शहबाज के मजरा गुड़िया खेड़ा के पास स्थित गोमती तट का भ्रमण किया और वहां मौजूद लोगों से उस क्षेत्र को लेकर सूचनाओं का आदान-प्रदान किया। इस दौरान उनके साथ हरेंद्र वर्मा, देवेश कुमार, सत्यपाल गुप्ता व समीर गुप्ता भी मौजूद रहे। गोमती यात्रा का अगला चरण मढ़िया घाट से कुल्हा होगा।

## अपराधियों की सम्पत्ति जब्त

**लखीमपुर-खीरी।** एसपी विजय ढुल के निर्देशन पर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही निरंतर रूप से की जा रही है। 4 नवम्बर को थाना मितौली पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शातिर अपराधी अम्बिका यादव व वीरेंद्र कुमार यादव उर्फ अतीत कुमार यादव पुत्रगण विश्राम यादव निवासीगण ग्राम मोहम्मदपुर नगरा थाना मितौली जनपद खीरी के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत 24 लाख रूपये से अधिक की संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। अभियुक्तगण द्वारा अपराध कारित करके प्राप्त धन से अवैध रुप से अर्जित की गयी 18 बीघा भूमि शामिल है। अभियुक्त अम्बिका यादव व वीरेंद्र कुमार यादव उपरोक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके विरूद्ध पूर्व से हत्या, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट आदि जघन्य अपराधों के करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

# अप्रैल तक चलेगा एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम

● खीरी सांसद ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

संवाददाता। निघासन-खीरी



**निघासन पीडब्ल्यूडी** गेस्ट हाउस में जनता दर्शन कार्यक्रम के बाद पत्रकारो से रूबरू होते हुए सांसद अजय मिश्र टेनी ने बताया कि 2016 में भारत सरकार ने 6 प्रोजेक्ट पायलट मिले थे जिसमें उत्तरप्रदेश के लखीमपुर को भी एक पायलट प्रोजेक्ट मिला था जिसका कार्य प्रारंभ हो गया है। सांसद ने बताया कि अब सीएचसी, पीएचसी केंद्रों पर भारत सरकार ने एनपीसीडीसीएस में पहला प्रोजेक्ट जून 2016 में शुरू किया था। इसमें आयुष चिकित्सक, योग शिक्षक की सहित पांच डाक्टरों की स्पेशल तैनाती हुई थी। यह डाक्टर हार्ड, किडनी, ब्लड प्रेशर व शुगर जैसी बीमारियों से जुड़े मरीजों का इलाज करने के लिए नियुक्ति हुए थे। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सीएचसी, पीएचसी सहित कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक करते हुए रोकथाम के अवसर भी मिले हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कल्याण ने इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया था। उन्होंने रिपोर्ट में भी इस प्रोजेक्ट को सराहा था। इसी के साथ-साथ इस समय लगभग 5 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई। काउंसलिंग करके जागरूक किया गया था लेकिन हमारे जिले के उक्त प्रोजेक्ट का कार्यकाल 2018 में पूर्ण हो गया था। इसका मुद्दा बेबाकी के साथ लोकसभा में उठाया है और यह बताया कि अभी इस प्रोजेक्ट की और जरूरत है। इस एनपीसीडीसीएस को आगे भी जारी रखा जाए जिसके परिणाम स्वरूप स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार ने इसे 30 अप्रैल 2021 तक बढ़ा दिया है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह, कनकपाल राणा, नगेंद्र सिंह सेंगर, संजय गिरी, हरीश पांडे व मीडिया प्रभारी रतीराम लोधी मौजूद रहे।

# पांच जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● नकदी व ताश की गड्डी बरामद

संवाददाता । बेहजम-खीरी



त्यौहारों के मद्देनजर नीमगांव पुलिस ने त्यौहारों के दौरान अपराध पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से नीमगांव थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में बेहजम पुलिस रात्रि गस्त के दौरान एक मुखबिर की सूचना पर बेहजम पुलिस ने पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर उनकी जामातलाशी के दौरान तास की गड्डी व नकदी बरामद कर मुकदमा दर्ज कर जुआरियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी अनिल पांडे क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे थे। तभी एक मुखबिर से सूचना मिली कि अछनियां गांव के नजदीक सरकारी नलकूप के पास जुआरियों के द्वारा जुआ का फड़ लगाकर जुआ खेला जा रहा है। जिस पर बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने हमराहियों के साथ घेराबंदी करते हुए जुआ खेल रहे पांच जुंआरियों को गिरफ्तार कर जुआरियों की जामा तलाशी के दौरान करीब दो हजार रुपए की नकदी व एक तास की गड्डी बरामद की। पूछताछ के दौरान जुआरियों ने राकेश कुमार, मुन्ना लाल, सुरेश, इस्माइल व अवधेश निवासीगण अछनियां को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस मामले में बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी अनिल पांडे ने बताया कि जुआ फड़ से करीब 2000 की नकदी व ताश की गड्डी बरामद की गई। दबिश के दौरान हमराही, दिलजीत सिंह दीवान व सिपाही सागर चौधरी, सुरेंद्र दुबे व सिपाही रोहित वर्मा शामिल रहे।

# त्रिवार्षिक अधिवेशन निर्वाचन आज

**औरंगाबाद-खीरी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई पसगवां खीरी का त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन पसगवां ब्लाक के मतदान केंद्र श्री गुरु अर्जुन देव पब्लिक स्कूल खखरा मैगलगंज में किया जाएगा। इस उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक पसगवां निर्वाचन प्रक्रिया में 620 शिक्षक अपने शिक्षक संघ के नेता का चुनाव करेंगे। चुनाव में सभी शिक्षकों से आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है। चुनाव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी संगठन के जिला मीडिया प्रभारी राहुल वाजपेई ने देते हुए सभी शिक्षकों से चुनाव में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

## क्विक न्यूज

### कायस्थ मंच ट्रस्ट ने की चित्रगुप्त की आरती

**फतेहपुर।** कायस्थ मंच ट्रस्ट के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव के नेतृत्व व युवा जिलाध्यक्ष डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव के संयोजकत्व में श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित भगवान चित्रगुप्त जी की भव्य पूजन व आरती आचार्य शिरोमणि विमलाकान्त त्रिपाठी के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न की गई। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर रामजी सहाय, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, राजेश्वर श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, श्रवण श्रीवास्तव, लक्ष्मण बाबा आदि उपस्थित रहे।

### यज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

**बिंदकी (फतेहपुर)।** छोटी काशी के नाम से अपनी पहचान रखने वाले तथा गिरधर गोपाल की आराध्य भक्त मीराबाई द्वारा की गई पूजा अर्चना के लिए विख्यात पवित्र स्थल शिवराजपुर में 7 दिनों तक भगवान श्री कृष्ण की झांकी लीला के आयोजन के साथ आचार्यों द्वारा ज्ञान की गंगा बहाई गई। अंतिम सातवें दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद पाकर अपने को धन्य समझा।मलवा ब्लाक क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में एक सप्ताह से श्रीमद् भागवत कथा तथा यज्ञ महोत्सव चल रहा था। जिसमें दूरदराज से आए संत महात्माओं तथा शास्त्री लोगों ने ज्ञान की गंगा बहा कर लोगों का जीवन सफल किया। उनको जीवन जीने का मार्गदर्शन प्रदान किया। सातवें दिन यज्ञ का आयोजन किया गया तथा हवन पूजन भी किया गया। दोपहर बाद से भंडारा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। हजारों लोगों ने बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और अपने को धन्य समझा। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान सूरजपाल यादव, अमरपाल निषाद, लक्ष्मी शंकर पाल, सत्यदेव निषाद, करुणा शंकर तिवारी, नरेंद्र पाल, धर्मेंद्र द्विवेदी, सोनू फौजी आदि मौजूद रहे।

### चोरी की चार बाइकों समेत एक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी ने अपने सहयोगी उपनिरीक्षक व हमराही सिपाहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिलों व तमंचा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी रवीन्द्र श्रीवास्तव अपने सहयोगी हरिहरगंज चौकी इंचार्ज विजय कुमार व राधानगर चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार सिंह व हमराही सिपाहियों के साथ कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर राधानगर गाजीपुर रोड पर चोरी की चार मोटरसाइकिलें व 32 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्त सर्वेश कुमार पुत्र राम विशाल निवासी रोशनपुर टेकारी कोतवाली खागा के खिलाफकार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से एक युवक की हालत बिगड़ गई। घर वालों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।उधम सिंह नगर के सितारगंज थाना क्षेत्र के गांव सेजनी निवासी 19 वर्षीय नितिन राणा पुत्र अनंत सिंह राणा की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। कल घर वालों ने नाजुक हालत में भर्ती कराया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद उसके घर वालों ने बताया कि नितिन शराब का आदी था। जिसके चलते उसका अपने घरवालों से झगड़ा होता था। कल भी झगड़े के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। घरवाले उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए। जिसने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। तब उसे इलाज के लिए बरेली लाया गया।

### झाड़ियों में मिला भ्रूण

**बरेली।** रात के समय किसी ने एक भ्रूण को सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। सुबह होने पर लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में धनेटा रेलवे फाटक के पास आज सुबह रास्ते से गुजर रहे लोगों ने सड़क किनारे झाड़ियों में कपड़े में लिपटी भ्रूण को देखा। जिसे रात के समय किसी ने झाड़ियों में फेंका था। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कुछ देर बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एसपी को भेंट किया लौह पुरूष का चित्र

**फतेहपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल फाउंडेशन के तत्वधान में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का छायाचित्र पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा आईपीएस को फाउंडेशन के मुख्य जनसेवक राजेश सिंह के नेतृत्व में आचार्य कमलेश योगी, वीरेंद्र सिंह पटेल, बाबा रामसनेही, महेंद्र सिंह, अभिजीत पटेल ने सरदार पटेल का चित्र भेंट कर सप्रेम सम्मानित किया। साथ ही जिला अभिसूचना इकाई इंस्पेक्टर दिनेश कुमार पाठक एवं राहुल, रमन को भी चित्र सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया।

# भाकियू का नेशनल हाईवे पर प्रदर्शन



संवाददाता। शाहजहांपुर

**हालही में** मोदी सरकार के द्वारा लाये गए किसान बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नही ले रहा है। इसी क्रम में शाहजहांपुर में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों ने बरेली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम सदर को दिया गया। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि किसानों की हितकारी का ढोंग करने वाली केन्द्र सरकार के कार्यकाल में अन्नदाता खून के आंसू रोने को मजबूर है। एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है वहीं दूसरी ओर किसान विरोधी बिल पारित करके किसानों को खत्म करने का मन बना रही है। केंद्र सरकार किसानों को उद्योगपतियों के गुलाम बनाने पर आमादा है। किसानों से धान खरीद नही हो रही। सेंटरों से किसानों को हजार बहाने बनाकर वापस कर दिया जा रहा है। खाद, बीज और दवाइयों के दाम बढ़ाये जा रहे हैं। किसानों की फसल का बाजिव दाम तक नही मिल पा रहा है, ऐसे में किसानों के सामने कोई रास्ता ही नही बचता है। उन्होंने कहा कि हम सरकार के विरोध में जब तक रहेंगे जब तक किसानों को उनका अधिकार नही मिल जाता किसानो के हित के लिए वह आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है।

## ठेका प्रथा के तहत मेडिकल कॉलेज में लगे दर्जनो सफाई कर्मचारियों को हटाया गया

**शाहजहांपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में हर्ष इंटरप्राइजेज कंपनी की तरफसे ठेका प्रथा के तहत कोरोना काल के शुरुआती दौर में सफाई कर्मचारियों को नौकरी दी गई थी। आज बिना सूचना दिए और चार माह की सैलरी दिए बिना ही 42 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। जिसके बाद कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज में हंगामा कटाना शुरू कर दिया। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उनसे 40-50 रुपये देकर नौ हजार रुपये सैलरी पर नौकरी पर रखा गया था। लेकिन बाद में सिर्फसात हजार रुपये प्रति माह ही दिए गए। तथा नौकरी में परमानेंट करने का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन अचानक उनको नौकरी से निकाल दिया गया। इतना ही नही करीब चार माह की सैलरी भी नही दी है। इस दौरान उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव प्रदीप बाल्मीकि के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से वार्ता कर निकाले गए कर्मचारियों को नौकरी पर रखने और दीपावली से पहले उनकी सैलरी देने की मांग की गई। वही प्रदेश सचिव प्रदीप वाल्मीकि ने चेतावनी दी है कि सफाई कर्मचारियों का शोषण किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा।

# शहीदों की धरती की शान बढ़ाएगा पांच सितारा होटल

संवाददाता। शाहजहांपुर



**जिले में** पांच सितारा होटल की कमी को ध्यान में रखते हुए प्रसिद्ध उधोगपति ने द ग्रैंड आर्क होटल तैयार कर शहीदों की जमीन पर बसने वाले बाशिंदों को एक बेहतर तोहफा दिया । मीडिया को होटल की विशेषताओं से रूहबरूह करते हुए शनिवार को द ग्रैंड आर्क होटल की ओपनिंग की बात कही मीडिया से वार्ता करते हुए उद्योगपति सुरेश सिंघल ने कहा शाहजहांपुर में एक पांच सितारा होटल बनाने की तमन्ना को मेरे बेटे रोहित सिंघल ने पूरा कर जिले को द ग्रैंड आर्क होटल की सौगात दी । होटल के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया से मुखातिब होटल स्वामी उद्योगपति सुरेश सिंघल ने बताया कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में पर्यटन के आयाम स्थित हो रहे थे, ऐसे में उन्होंने कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना से राय मशवरा कर होटल खोले जाने का प्रस्ताव रखा। श्री खन्ना की मदद से पर्यटक विभाग के प्रमुख सचिव से मुलाकात कर वर्ष 2018 में होटल का काम शुरू करवाया था। ढाई साल के बाद आज होटल बनकर तैयार है। उन्होंने बताया कि इस होटल में कॉफी शॉप, रेस्टोरेंट, बार और लॉज, दो बड़े हाल, स्विमिंग पूल बार, बुटीक लॉन, दो जम्बो साइज पार्टी लॉन बनाये गए है। श्री सिंघल ने बताया कि इस होटल में एक साथ 4 शादी समारोह आयोजित किये जा सकते हैं। हर सुविधा से लैस कैमरे भी बनवाये गए हैं। कहा कि शाहजहांपुर के हिसाब से यहां के रेट भी तय किये गए हैं। उन्होंने कहा कि हम एक फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं देने का प्रयास करेंगे। दावा किया ऐसी सुविधाएं आसपास के जिलों के होटलों में भी नही मिल रही हैं। साथ ही होटल स्वामी सुरेश सिंघल ने बताया कि उनका प्रयास है कि होटल में रोजगार के आयाम भी स्थापित किये जायें जिससे लोकल के नौजवानों को उनके होटल में रोजगार भी मिल सके। मीडिया से वार्ता के दौरान उधोगपति ने बताया होटल का मैनेजमेंट मेजबान जैसे फेमस होटल को चला रहे बॉबी चौपड़ा के हाथ में रहेगा। श्री सिंघल ने बताया कि सात नबंवर(शनिवार) को होटल का विधवत शुभारंभ होने जा रहा है। 25 नम्बर को दो शादी की बुकिंग भी हो चुकी है। इस मौके पर बॉबी चोपड़ा, रोहित सिंघल समेत आदि लोग मौजूद थे।

# दिल्ली की तर्ज पर तालाबों को विकसित करने की योजना

संवाददाता। फतेहपुर

**नगर के** तालाबो की काया बदलने एवं आचमन लायक जल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आज भगवती गैस कम्पनी दिल्ली से जल परीक्षण टीम संजीव राय के नेतृत्व में जनपद आयी मंच महासचिव डॉ देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मंच उपाध्यक्ष धनंजय द्विवेदी, मंच सचिव धर्मेंद्र सिंह ने टीम को नवईया तालाब, नारायण दास कुटी तालाब और अयोध्या कुटी तालाब का पानी सेम्पल के रूप में एकत्र करवाया। भगवती गैस कम्पनी के प्रतिनिधि संजीव राय ने सेम्पल को सदर विधायक विक्रम सिंह को दिखाते हुए इन तालाबों के समूर्ण कायाकल्प के बारे में अपनी राय दी। सदर विधायक ने कहा कि एक बार इन तालाबों को जीवित कर समुदाय को जिम्मेदारी दे दी जाये तो सामुदायिक प्रबंधन से ये तालाब फिर खिल उठेंगे। टीम ने सभी तालाबों की वास्तविक स्थिति मौके पर जाकर देखी एवं विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। विदित हो कि गैस कम्पनी ने दिल्ली एवं पंजाब सरकार के साथ मिलकर पूर्व में भी तालाबो के उत्कृष्ट मॉडल तैयार किये है। टीम के विजिट के समय टीम मंच से विनोद शुक्ल आचार्य, प्रद्युम्न शुक्ल, राजेंद्र गुप्ता एवं बगिया कार्यालय से अभिषेक शुक्ल, आंनद मान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात का शव बरामद

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टाप के समीप से राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने लगभग 25 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने आस-पास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# डीएम ने पराली जलाने को लेकर जताई नाराजगी

संवाददाता। फतेहपुर

**जिलाधिकारी** संजीव सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में लगातार हो रही पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश न लगने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि सेटेलाइट के माध्यम से प्राप्त इमेजरी के अनुसार अब तक कुल 62 घटनायें घटित हुयी हैं। वर्तमान में फसल एवं अन्य अवशेष जलाये जाने की घटनायें नियमित तौर पर घटित हो रही हैं जो चिन्ताजनक है। निरन्तर हो रही घटनाओं से स्पष्ट होता है कि कृषकों के मध्य उचित प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम अभी पर्याप्त स्तर का नहीं है। यहाँ पर प्रवर्तन की कार्यवाही तत्काल किये जाने की आवश्यकता है जिससे भविष्य में घटनाओं पर रोक लग सके और जिन क्षेत्रों में पराली जलाने की घटनायें घटित हो रही हैं उन क्षेत्रों में अब विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। विगत वर्ष 2019 की घटनाओं के विश्लेषण से भी यह स्पष्ट है कि नवम्बर माह में जनपद में ज्यादातर घटनायें घटित हुयी हैं। निर्देश दिये गये फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यंत्रों/मशीनरी का प्रदर्शन करायें और इस प्रदर्शन में प्रगतिशील कृषक को अवश्य आमंत्रित किया जाये। प्रत्येक क्षेत्र में फसल अवशेष प्रबन्धन यंत्रों का विडियो क्लिप तैयार कर अधिक से अधिक किसानों के मध्य वाट्सअप ग्रुपों अन्य के माध्यम से किसानों तक पहुँचायें। पुलिस अधीक्षक द्वारा सलाह दी गयी कि पराली के प्रबन्धन हेतु हेल्प नम्बर जारी किया जाये ताकि उस नम्बर पर किसान सम्पर्क पर फसल अवशेषों का प्रबन्धन कर सकें तथा पम्पलेट छपवाकर समस्त थानों, तहसील, ग्राम पंचायत आदि पर पहुंचाया जाये और पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। सभी थानों पर फार्म मशीनरी बैंक एवं कस्टम हायरिंग सेंटर के नम्बर उपलब्ध राये जायें ताकि आवश्यकता पडने पर किसानों को उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में उप कृषि निदेशक द्वारा पराली के प्रबन्धन के विषय में विस्तार से बताया गया। फसल अवशेषों में उपयोगी कृषि यंत्रों के माध्यम से काट कर मिट्टी में मिलाया जा सकता है अथवा यदि कोई किसान बिना पराली को हटाये रबी की बुवाई के समय जीरो टिल सीड ड्रिल, हैप्पी सीडर या सुपर सीडर का प्रयोग कर सीधे बुवाई कर सकता है। वेस्ट डीकम्पोजर का प्रयोग कर पराली का प्रबन्धन कर सकता है। प्रयास किया जा रहा है कि यथाशीघ्र डीकम्पोजर जनपद में प्राप्त हो सके। गड्ढे में पराली डालने के उपरान्त इस पर बेस्ट डिकम्पोजर द्वारा तैयार कल्चर का छिड़काव किया जायेगा। यह छिड़काव गड्ढे में एकत्रित पराली पर 3-4 दिनों के अन्तराल पर कई बार किया जायेगा। इससे कम्पोस्ट खाद तैयार हो जायेगी तथा इस कम्पोस्ट खाद का प्रयोग गेंहूँ के पैदावार में वृद्धि होगी तथा रासायनिक खादों पर निर्भरता भी कम होगी। फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु कृषकों को जागरूक करने हेतु होर्डिंग थानों पर लगवाने की कार्यवाही प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त बाल राइटिंग एवं पम्पलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, डीपीआरओ, जिला कृषि अधिकारी, डीआईओएस, समस्त तहसीलदार, भूमि संरक्षण अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, राजस्व लेखपाल, राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहें।

## निरीक्षण की खबर मिलते ही केंद्र से भागे संचालक

**असोथर (फतेहपुर)।** चल रहे धान खरीद सेंटरों के प्रभारी जानकारी मिलते ही सेंटर को वैसे ही खुला छोड़कर मौके से ही निकल गए। जिलाधिकारी ने कस्बे के झाल में संचालित नैफेड केंद्र का निरीक्षण किया व किसानों के टोकन व टोकन रजिस्टर का निरीक्षण किया। जो मौके पर नही मिला, प्रतिदिन आने वाले किसानों धान खरीद का ब्यौरा मांगा। डीएम के आकस्मिक निरीक्षण से धान खरीद क्रय केंद्रों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इस मौके पर ग्राम प्रधान अंकित सिंह गौतम, ललित कुमार सैनी, श्याम सिंह यादव, कुलदीप भदौरिया, नरेंद्र, सुल्तान यादव, राजकुमार यादव, धीरेंद्र कुमार मौर्य, सत्येंद्र सिंह भदौरिया, बिंदेश्वरी पासवान, ब्लाक प्रमुख पति बाबूलाल पासवान, रामचेत लोधी, शिवहरी पासवान, रामकिंकर अवस्थी, उमेश पाल, सुखराम निषाद, आशुतोष विश्वकर्मा आदि उपस्थित

# कोविड अस्पताल में भर्ती महिला ने की आत्महत्या




**सैफई।** उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कोविड.19 अस्पताल में भर्ती सुशीला देवी उम्र. 45 वर्ष पत्नी होरी लाल निवासी अजीतगंज, मैनपुरी की कोविड.19 अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड नं0 5ए तीसरी मंजिल से गिरने से मृत्यु हो गयी है। यह जानकारी कोविड.19 अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सुशीला देवी विश्वविद्यालय में 24 अक्टूबर को सिर के पिछले हिस्से में ट्यूमर के कारण हो रहे तेज सिरदर्द की समस्या की शिकायत पर आप्रेशन हेतु न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती हुई थीं तथा भर्ती होने के बाद मरीज के सॉस फूलने तथा बुखार आने पर जॉच में कोविड पॉजिटिव पायी गयी। कोविड पॉजिटिव आने पर उन्हें 28 अक्टूबर को कोविड-19 अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड नं0 5, तीसरी मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया। जहॉ उनका कोविड का इलाज प्रोटोकॉल के अनुरूप शुरू कर दिया गया। कोविड.19 पॉजिटिव आने पर वह मानसिक रूप से अवसाद से ग्रसित हो गयी। उनके द्वारा दिनांक 4 नवम्बर को रात लगभग 9 बजे आइसोलेशन वार्ड के बाहर के खाली कमरे के खिडकी को खोलकर साडी के सहारे नीचे उतरने का प्रयास करते वक्त गिरने से उनकी तत्काल मृत्यु हो गयी। इस प्रकरण पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 डा0 राजकुमार ने सुशीला देवी की असामयिक मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की है तथा जनमानस से अनुरोध किया है कि कोविड.19 से घबराने की जरूरत नहीं है इसका इलाज विश्वविद्यालय में सफलतापूवर्क किया जा रहा हैं । अत: इससे हतोत्साहित होने के बजाय इलाज कर रहे हेल्थ केयर वकर्स की टीम का सहयोग कर इस महामारी से मुकाबला करना जरूरी है।

## थाने में फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करें पुलिसः एसपी

**राजेपुर फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा नें थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। महिला पुलिसकर्मी गांव गांव जाकर मिशन शक्ति की जानकारी दे।

गुरुवार को एसपी राजेपुर थाने आ पंहुचे। उन्होंने उन्होंने थाना में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। महिला पुलिस अधिकारी को तलब किया और बिट रजिस्टर देखे। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार महिला हेल्प डेस्क के साथ ही अन्य जानकारी ली। उन्होंने लंबित विवेचाओं के शीघ्र निस्तारण का निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। थाना में आने वाले फरियादियों के साथ ठीक से पेश आएं। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखें, जिससे वह अशांति न फैला सकें। एसपी के लौटने के बाद सभी ने राहत का सांस ली। एसआई रमाशंकर पांचाल आदि लोग मौजूद रहे।

## हृदय और दमा रोगी इस मौसम में बरतें सावधानी : डा. मनोज

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**सर्दी** ने दस्तक दे दी है। सुबह और रात में मौसम ठंडा होने लगा है। इस बीच प्रदूषण भी जोर पकड़ रहा है। इससे हृदय और दमा मरीजों को सावधान रहने की जरूरत है। फिजीशियन और हृदय रोग विशेषज्ञ ने मरीजों को सावधानी बरतने और मास्क लगाकर घर से निकलने की सलाह दे रहे हैं।प्रदूषण को लेकर न्यायालय भी गंभीर है। सरकार भी पराली और कूड़ा न जलाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसके बावजूद लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रह हैं। जनपद में पराली जलाने के मामले में दो मुकदमे भी दर्ज किए जा चुके हैं। नगर पालिका द्वारा बरेली हाईवे और कायमगंज मार्ग पर कूड़ा डाला जा रहा है। यहां पर कुछ लोगों द्वारा कूड़े में आग लगा दी जाती है। इससे आसमान में धुएं की धुंध छाया रहती है। यह धुंध सांस और हृदय रोगियों के लिए जानलेवा हो सकती है। इस संबंध में डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों से बातचीत की। उन्होंने दमा और हृदय रोगियों के लिए प्रदूषण घातक बताया।कुछ लोगों द्वारा पराली और कूड़ा जलाने से प्रदूषण बढ़ रहा है। दमा मरीजों को सावधान रहने की जरूरत है। ऐसे रोगी घर पर ही रहें। अगर घर से बाहर निकलते वक्त मास्क लगाएं। सर्दी से बचाव के लिए लोगों को फुल आस्तानी के कपड़े पहनें। किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। . डॉ. मनोज पांडेय हृदय रोग विशेषज्ञ ने बताया कि ।प्रदूषण से फेफड़ों पर काफी असर पड़ता है। ऐसे में फेफड़े खराब होने की संभावनाएं बढ़ जातीं हैं। उन्होंने मरीजों को सलाह देते हुए बताया कि समय.समय पर ब्लड प्रेशर चेक करातें रहें। व्यायाम करें और दवा लेते रहें।

### 15 गांवों की बिजली गुल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया। जिससे 15 गांव की बिजली गुल हो गई। अधिकारियों से शिकायत के बाद भी मरम्मत नहीं की गई। हजियापुर विद्युत उपकेंद्र के जुड़े हरसिंहपुर फीडर की ग्रामीण हाईटेंशन लाइन का खंभा कायमगंज फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर गांव परमनगर के पास बुधवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से टूट गया। खंभा टूटकर खेतों की तरफ झाड़ियों व पेड़ों में फंस गया।

## क्विक न्यूज

### ट्राईसाइकिल मिलने से खिले दिव्यांगों के चेहरे



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें गुरुवार को सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग अपने आपको किसी से कम ना समझे। कलक्ट्रेट में डीएम नें सहायक उपकरण योजनान्तर्गत आज जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कुल 17 पुरुष और 8 महिलाओं कुल 25 दिव्यांगो को ट्राईसाइकिल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों की सुविधाओं के लिए निरंतर योजनाओं को संचालित कर रही है। दिव्यांगों को ट्राई साइकिल मिलने से उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए किसी की सहायता की जरूरत नहीं होगी।

### पांच दिन में 42 हजार जुर्माना वसूला, 410 वाहनों का चालान

**फर्रुखाबाद।** बीते 1 नवम्बर से जिले में यातायात माह को लेकर कार्यक्रम किये जा रहे हैं। ट्राफिक पुलिस भी बीते पांच दिन में 42 हजार जुर्माना करने के साथ ही 410 वाहनों का चालान किया है। रात के समय अक्सर आगे मोड़ को न देख पाने पर कई बार गंभीर हादसे होते हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नगर में ब्लैक स्पाट पर रेडियम राड़ और संकेत बोर्ड भी लगाये जा रहे हैं। नगर में कई जगह अंधे मोड़ है। जिससे राहगीरों को आये दिन दुर्घटनाओं से रूबरू होना पड़ता है। ट्राफिक पुलिस नें दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से अंधे मोड़ या दुर्घटना बाहुल्य मार्गों पर अब रेडियम राड़ और संकेत बोर्ड लगाये हैं। जिससे राहगीरों को आने-जाने के दौरान दुर्घटना से कम रूबरू होना होगा। इसके साथ ही वाहन सबारों को भी हेलमेट लगाने और तीन सबारी ना चलने के साथ ही कार चलाने कजे दौरान सीट बेल्ट लगाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। यातायात प्रभारी देवेश कुमार नें बताया कि यातायात माह को देखते हुए अबैध तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। सड़कों पर भी रेडियम राड़ और संकेत बोर्ड लगाकर दुर्घटनाओं को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। पांच दिन में 42 हजार 600 रूपये का जुर्माना किया गया है।

### लोड बढ़ाने के नाम पर रुपये लेने का वीडियो वायरल

**फर्रुखाबाद ।** नगरीय क्षेत्र के खंड कार्यालय भोलेपुर में तैनात एक संविदा कर्मचारी द्वारा लोड बढ़ाने के नाम पर उपभोक्ता से रुपये लेने का वीडियो वायरल हुआ है। मामले में अधिशासी अभियंता ने जांच के लिए समिति गठित कर दी है। उपखंड अधिकारी प्रथम कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की ओर से एक पूर्व सैनिक की तैनाती की गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक उपभोक्ता ने दो किलो लोड बढ़वाने के लिए आवेदन किया था। जब वह कार्यालय आकर कर्मचारी से मिला तो लोड बढ़ाने के नाम पर रुपये मांगे गए। उपभोक्ता ने रुपये देने का वीडियो बना लिया और इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। विद्युत अधिकारियों ने गुरुवार को मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के लिए समिति गठित कर दी है। अधिशासी अभियंता राजेंद्र बहादुर यादव ने बताया कि दो किलो वाट पर करीब 750 रुपये लोड बढ़ाने की फीस जमा होती है। वीडियो में कर्मचारी द्वारा 750 रुपये ही बताए जा रहे हैं। फिर भी मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उपखंड अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि कर्मचारी उनके कार्यालय में तैनात है। प्रोसेसिग व लोड बढ़ाने की फीस अधिकांश ऑनलाइन लोकवाणी केंद्रों से जमा होती है। हो सकता है कर्मचारी ने फीस जमा करने के लिए रुपये लिए हों।

### स्पेलर में फंसकर युवक की मौत

**चौबिया।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत करी के अंतर्गत आने वाले गांव कलेपुरा के एक युवक की सरसों की पिराई करने वाली स्पेलर मशीन में फंसकर मौत हो गई है। हिमांशु बघेल पुत्र जितेंद्र सिंह बघेल उम्र 20 वर्ष निवासी कलेपुरा अपने घर से सरसों की पिराई कराने के लिए बीना गया हुआ था वह सरसों के पिराई मंजू शाक्य पुत्र राम सिंह शाक्य के यहां करा रहा था सरसों की पिराई होते वक्त सीधे हाथ में पहने लोहे का कड़ा स्पेलर मशीन में फंस जाने से उसकी चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी हिमांशु के परिजनों को दी गई सूचना पाकर परिवार वाले को दी गयी गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल था उसके पिता बाहर रहकर काम करते हैं सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष चौबिया राजीव यादव मौके पर पहुंचे और पंचनामा भर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी बलराम सिंह यादव नहीं रहे

**रूरा, कानपुर देहात।** सिठमरा मुलियापुर निवासी बलराम सिंह यादव 80 पूर्व मान्यता प्राप्त पत्रकार ने कोरोना जैसी महामारी में अंतिम सांस ली मालूम हो कि श्री यादव पूर्व विधायक डेरापुर रामपाल यादव के विधायक प्रतिनिधि व पूर्व मंत्री व सांसद राधेश्याम के क्षेत्रीय मामलों में सलाह कार्य भी रहे निधन की सूचना पर उनकी पहचान वाले विभिन्न दलों के लोगों व कानपुर देहात के पत्रकारों में गहरा आघात लगा। इनकी ईमानदारी व त्याग जैसी निष्ठा को लेकर इन्हें शास्त्री भी कहते थे इनके निधन पर पत्रकार करुणासागर दुबे जय मिश्रा राम अवतार दीक्षित हरि शंकर श्रीवास्तव गोल्डन द्विवेदी रविकांत द्विवेदी शक्ति गुप्ता मुकीद अहमद विनोद त्रिवेदी उमाकांत मिश्रा के अलावा समाजसेवी चतुर्भुज त्रिपाठी पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया चरण सिंह यादव खुशी प्रसाद कुशवाहा अजय यादव दिलीप सिंह मुन्ना उमाकांत तिवारी सहित अनेक लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त कर ईश्वर से आत्मशांति की कामना की।

# पुलिस करती रही गश्त और चोरों ने लगा दी सेंध

- पान की दुकान से हजारों का माल ले उड़े

**इटावा।** कस्बा व थाना बसरेहर में बुधवार की रात चोरों ने पान.बीड़ी की दुकान में पीछे से नकब लगाकर आठ हजार की नक्दी सहित करीब सात हजार के बीड़ी, सिगरेट व अन्य सामान सहित चोरी की घटना को अंजाम देकर ले उड़े। जबकि दुकान के बाहर पूरी रात बसरेहर थाने का पुलिस बल गस्त करता रहा। और चोर दुकान के पीछे से नकाब लगाकर नगदी व हजारों का माल ले उड़े। चोरों के अंदर पुलिस का भय व्याप्त ना होने के कारण आए दिन क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।

व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार पोरवाल ने चोरी की घटना को लेकर कहां की अभी सर्दी की शुरुआत भी नहीं हुई और चोरों ने दस्तखत दे दी उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को बाजार में गस्ती बढ़ानी चाहिए और संदिग्ध लोगों के ऊपर निगरानी भी रखनी चाहिए इन चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में भय व्याप्त होता है चोरी की घटना से पीड़ित अवनीश कुमार उर्फपिंटू राठौर पुत्र मिट्ठू लाल कस्बा बसरेहर पाल मोहल्ला ने बताया कि दुकान के पीछे बने जीने से चढ़कर दीवाल से ईट निकालकर दुकान के अंदर घुस गये और दुकान में रखी गोलक से 8 हजार नगदी और तम्बाकू, सिरगिट सहित करीब 15 हजार का माल पार कर दिया। पीड़ित ने घटना की जानकारी लिखित रूप से थाने में दी।

## मेड़ काटने को लेकर परिवार में चले लाठी-डंडे महिलाओं सहित चार घायल

**बसरेहर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अकबरपुर में बुधवार सुबह 11 बजे खेत की मेड़ काटने के विवाद में चाचा ने भतीजे के परिवार को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमे बृजेश कुमार व जनवेद कुमार पुत्र स्वर्गीय रामभरोसे, रेखा देवी पत्नी जनवेद कुमार, बेबी देवी पत्नी बृजेश कुमार घायल होगये। घायल बेबी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मेरे ही परिवार के चाचा और उनके पुत्रों ने मिलकर हमारे परिवार के ऊपर लाठी-डंडों से घर में घुसकर मारपीट की जिसमें हम चारों लोगों को घायल हो गए। पीड़ित लहूलुहान हालात में बसरेहर थाने पहुंचे जहाँ थाना प्रभारी के आदेश पर घायलों को उपचार के लिए बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। पीड़ितों ने घटना की लिखित तहरीर थाने में दी।

# कांग्रेस का अब ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर



**फर्रुखाबाद ।** जनपद में ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रकाश प्रधान जी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नीतम सचान जी ने ब्लाक बार की बैठक गुरुवार को जनपद फर्रुखाबाद में कांग्रेस पार्टी द्वारा ब्लॉक स्तर पर मीटिंग का आयोजन किया गया। उपरोक्त बैठकों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रकाश प्रधान जी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नीतम सचान ने भाग लिया ।

बैठक में बोलते हुए प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश सचिव जी ने कहा कि बूथ स्तर से लेकर न्याय पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा अतिशीघ्र कर दी जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष को निर्देश दिया जाएगा कि अपनी ब्लॉक कमेटी शीघ्र से शीघ्र घोषित करें। कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

उपरोक्त बैठक कमालगंज ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंजू खिरिया, बढपुर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम नूरपुर में, नवाबगंज ब्लाक के अंतर्गत ग्राम भटासा में, शमशाबाद ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम अलेपुर में एवं राजेपुर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम गांधी में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय कटियार पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष मनोज गंगवार,इरफान प्रधान, जिला महासचिव अभय यादव, जिला महासचिव वसीम जमा खान, जिला सचिव तोताराम वर्मा ,अनुज कटियार, मनोज शिवा गोरी, राकेश पाल, आमोद गंगवार, मोनू कठेरिया. इसरार अली, जिला कोषाध्यक्ष सोनू सोमवंशी,रणवीर राजपूत, जगबीर यादव, लाइकउररहमान संजू अग्निहोत्री, शादाब कुरेशी अभिषेक कटियार ,गोपाल गंगवार आदि उपस्थित रहे ।

# कलियुगी पुत्र की मां-बाप के मकान से बेदखली का आदेश

**फर्रुखाबाद।** माता-पिता अपने बच्चे की बेहतर परवरिश और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए क्या कुछ नहीं करते। अपने जीवन की पूरी जमा-पूंजी उनको अच्छा भविष्य देने के लिए लगा देते हैं। और जब वहीं, बच्चे बड़े होकर माता-पिता को दूध में मक्खी की तरह अपने जीवन से निकाल फेंकते हैं, तो उनपर क्या बीतती होगी इसको शायद शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। आज आपको यह जानकार और भी हैरानी होगी कि बुजुर्ग माता-पिता अपनी बहू से ज्यादा बेटों से परेशान हो रहे हैं। ऐसे न जाने कितने मामले सामने आए हैं। एक ताजा मामले में माँ-बाप को प्रताड़ित करने के चलते कोर्ट नें कुपूत को मकान से बेदखल करने का आदेश दिया है। आदेश काफी लोगों के लिए नजीर बनेगा।

फतेहगढ़ के दुर्गा कालोनी निवासी 66 वर्षीय गोमती देवी और उनके पति 69 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद नें उप जिलाधिकारी सदर के न्यायालय का दरबाजा खटखटाया। जिसमें उन्होंने कोर्ट से गुहार लगायी कि उनका पुत्र राजीव कुमार शराब पीकर वृद्ध माता-पिता के साथ मारपीट और सामान में तोड़फोड़ करता है। पुत्रबधू ने भी समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई फर्क नही पड़ा। आरोपी राजीव नें अपनी माँ गोमती देवी को बेरहमी से पीटा जिससे उनका हाथ टूट गया।

वृद्ध दम्पत्ति की गुहार पर आरोपी उनके पुत्र राजीव को चार नोटिस जारी किये गये। जिसमे उन्हें भी सुना गया। आरोपी राजीव नें अपना जबाब कोर्ट में दाखिल नही किया। जिसके बाद कोर्ट नें माना की राजीव द्वारा अपने माँ-बाप से मारपीट और उत्पीडन किया जा रहा है। लिहाजा एसडीएम सदर व अध्यक्ष भरण पोषण अधिकरण अनिल कुमार नें राजीव को अपने माँ-बाप के घर से बेदखल कर दिया। एक महीने के भीतर घर खाली करने के आदेश दिये। यदि एक महीने में घर खाली नही किया गया तो थानाध्यक्ष फतेहगढ़ पुलिस बल से घर से आरोपी राजीव को बेदखल किये जाने के सख्त आदेश जारी किये। सुलह अधिकारी प्रबल त्रिपाठी नें भी आदेश पर हस्ताक्षर किये।

## 36 शिक्षामित्रों व सात अनुदेशकों के आधार कार्ड में मिली गड़बड़ी

**फर्रुखाबाद।** ब्लॉक मोहम्मदाबाद स्थित परिषदीय विद्यालयों में तैनात 36 शिक्षामित्रों व सात अनुदेशकों के आधारकार्ड में गड़बड़ी पाई गई हैं। खंड शिक्षाधिकारी ने मामले की रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपी है।

शासन के आदेश पर ब्लॉक मोहम्मदाबाद स्थित परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के आधारकार्ड व शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन कार्य करवाया गया था। सत्यापन के दौरान शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के हाईस्कूलए इंटरमीडिएट के शैक्षिक अभिलेखों व आधार कार्ड में नाम अलग.अलग निकले तो किसी के आधारकार्ड व हाईस्कूल की मार्कशीट में पिता के नाम भिन्न पाए गए। हाईस्कूल व आधारकार्ड में जन्मतिथि भी अलग.अलग मिली। बीएसए लालजी यादव ने बताया कि मामले की जांच करवाई जाएगी।

# अब न होने पाए कोई बाल विवाह लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डीएम

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला टास्क फोर्स व बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बाल विवाह को रोकने हेतु प्रचार प्रसार कराएं तथा कहीं भी बाल विवाह होने ना पाए जा कहीं से किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाएगी संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगीस वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि बाल कल्याण समिति की लगातार बैठक आयोजित की जाए तथा बालकए बालिकाओं की प्राथमिकता के आधार पर काउंसलिंग करते हुए उनको घर भेजने का प्रबंध किया जाए इसमें किसी तरह की समस्या आने पर अवगत कराया जाएस बैठक में जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा बताया गया कि किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत आने वाली समस्त सुविधएं बालक, बालिकाओं को उपलब्ध करायी जा रही है।जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बाल कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड के त्रैमासिक कार्यों का मूल्यांकन की समीक्षा की जाये। उन्हें निर्देशित करते हुए कहा कि आज की बैठक की कार्य वृत्ति बनाकर उसका अनुपालन कराया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बाल संरक्षण योजना के तहत ग्राम संरक्षण समितिध्ब्लाक संरक्षण समिति नियमित मनेटरिंग की जाये और उसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाये। बैठक में उन्होंने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग आदि संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करें तथा महिलाओं बालिकाओं आदि को जागरूक करें तथा जानकारी दें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाएस बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सोनाली पूनिया, समस्त एसडीएम आदि संबंधित विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तहसीलदार से जनसेवा केंद्र पर वसूली की शिकायत, हुई कार्रवाई



**जसवंतनगर।** ग्राम चाँदनपुर में मिशन संकल्प के तहत प्रशासन चला गांव की ओर योजना में ग्रामीणों की जनसमस्यायें निस्तारण को लगया शिविर, तहसीलदार ने सुनी समस्याएं।

आयोजित शिविर कार्यक्रम में मिशन संकल्प के तहत ग्रामीणों की जनसमस्याओं का निस्तारण अविवादित विरासत दर्ज करने सहित अन्य जरूरी मामलों का निस्तारण किया गया। इसी दौरान शिविर में मौजूद जनसेवा केंद्र संचालक के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायतों की झड़ी लगा दी। शिकायत में आरोप लगाया है कि ग्राहको से मनमानी से अवैध वसूली करता है। आय, जाति, निवास, अधिवास, खतौनी, जन्म मृत्यु, विकलांग समेत तमाम प्रमाण पत्रों के बनवाने में निर्धारित 20 रुपये के स्थान पर 100 से 200 रुपये तक अबैध बसूली करता है। इतना ही नहीं राशनकार्ड बनाने यूनिट बढ़ाने के पर पूर्ति कार्यालय में रुपये देने के नाम पर मनमानी ढंग से पैसे लिए। ग्रामीण महिला ने कहा कि अभी समस्त अधिकारियों के सामने आय जाति बनबाने को 200 रुपये लिए हैं।

तहसीलदार रामानुज ने बताया कि जन सेवा केंद्र पर संचालक द्वारा अवैध वसूली की शिकायत मिली है। जो कि जांच में पाया शिविर में ही लोगों से रु.20 की जगह रु.200 ले रहा था। जिसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जांच में पाया गया कि रजनीश कुमार जन सेवा केंद्र चांदनपुर के नाम से रजिस्टर्ड है जो जसवंतनगर या इटावा में चलाया जा रहा है। आज शिविर में अपनी जगह गनेश कुमार पुत्र प्रेमचंद निवासी लरखौर को भेज दिया। जिसने लोगों से मनमानी ढंग से रुपए लिए। शिकायतकर्ता दिवारी लाल जिनकी शिकायत थी आय जाति बनवाने के लिए रु.200 लिए, मानसिंह की शिकायत थी कि उनसे राशन कार्ड बनवाने के लिए रु.100 लिए रामादेवी की शिकायत थी राशन कार्ड बनवाने के लिए रु.100 लिए उक्त आरोपी एवं संचालक के खिलाफकार्रवाई की जा रही है।

# मूसानगर रोड पर अतिक्रमणकारियों का राज,पैदल चलना दूभर

- अतिब्यस्तम रोड है मूसानगर रोड
- पुलिस द्वारा सीज वाहन भी खड़े रहते सड़क पर



जाम के मकड़ जाल में फंसे राहगीर

**घाटमपुर।** वैसे तो नगर के मुख्य चौराहे के साथ-साथ चारो राष्ट्रीय कृत मार्गों पर अतिक्रमण है और फुटपाथ गायब है पर मूसानगर रोड पर कुछ ज्यादा ही अतिक्रमण का मकड़ जाल है। जिसके चलते राहगीर बिशेष कर महिलायें व स्कूली बच्चे जान जाखिम में डाल कर निकलते हैं। जबकि इसी सड़क से जुम्मेदारों का रोजाना आना-जाना बना रहता है। पर वो भी लोगों की इस तकलीफ से ऑखें फेरे हुए हैं।

चौराहे से लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तक वनवे सड़क है, सड़क चौड़ी करण के दौरान कार्य दायी कंम्पनी ने सड़क के दोनों ओर पक्के नाला बनवा कर राहगीरों के निकलने के लिए नाले के ऊपर पटियां रखवा दी थी, तथा राहगीर सुरक्षित चल सकें इसके लिये लोहं की जालियां भी लगवायी गयीं थी। लेकिन लोहे की जालियां उंखाड़ कर गायब कर दी गयीं हैं और नाले के उपर तक दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर रखा गया है। उधर दोनों ओर सड़क पर ही मूसानगर, गजनेर, रेवना, कोटरा-मकरंदपुर चंवर स्योढ़ारी और गजनेर-बांबुराहा मार्ग पर चलने बाले डग्गामार वाहन खड़े होकर सवारियां बैठाते-उतारते रहते है, इसके अलावा कहीं थोड़ी सी जगह खाली दिखी तो लोग मोटर साइकिल निजी चौपहिया वाहन खड़ा करने से नही चूकते हैं।

मूसानगर रोड पर ही सिविल जज न्यायालय के साथ-साथ थाना, तहसील, दूर संचार केंद्र, सीएचसी, जीवन बीमा कार्यालय, पालिका कार्यालय, दो महाविद्यालय, और आधा दर्जन से अधिक इंटर कालेज व प्राथमिक विद्यालय हैं। इसके अलावा कई कोचिंग सेंटर, नर्सिंग होम संचालित हैं जिसके चलते दिन भर भीड़ बनी रहती है। तथा लोगों के साथ स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है। और जरा सी चूक होने पर जान खतरे में पड़ जाती है। नगर के लोंगों का कहना है कि न तो यहॉ के प्रशासनिक अधिकारियों और न ही जनप्रतिनिधियों ने नगर की इस जान लेवा समस्या के निदान के लिए कभी गम्भीरता से सोचा है, न ही नगर पालिका प्रसाशन ने, जिसके चलते इस रोड में अतिक्रमण की समस्या दिनों दिन बिकराल होती जा रही है। उधर पुलिस और आरटीओ द्वारा समय-समय पर पकड़ कर सीज किये गये वाहन भी कोतवाली के सामने ही सड़क पर ही खड़े रहते हैं। येसा नही है कि आये दिन लगने वाले जाम को लेकर जुम्मेदारों का ध्यान न आर्किर्षत न किया गया हो पर फुटपाथी अतिक्रमण दिनों-दिन बिकराल होता जा रहा है। कई दुकानदारों ने बताया कि अपनी दुकानदारी प्रभावित होने का वास्ता दे सीज बाहनों को दुकानों के सामनें न खड़ा करने की फरियाद भी अधिकारियों से की है पर सीज वाहन सडक पर ही खड़े किये जा रहे हैं जिससे यातायत बाधित रहता है।

### दुकानदार बेच रहे फुटपाथ, हजारों की कमाई

**घाटमपुर।** कानपुर रोड पर एक ओर जहॉ आये दिन लगने वाले जाम से लोग बेहाल रहते हैं वही कुछ दुकानदार अपनी दुकान के सामने ठेलिया वालों को दुकान लगवाकर हजारों रुपये उनसे वसूल रहे हैं मुख्य चौराहा और बस स्टाप के सामने तमाम फलों व सब्जी के साथ अन्य सामान बेचने वालों की हाथ ठेलिया अथवा जमीन में दुकानें लगी कभी भी देखी जा सकती है। यदपि बिधान सभा के उप चुनाव के पहले नगर पालिका ने नगर के चारो रोडों का फुटपाथी अतिक्रमण हटवाने के साथ जुर्वाना वसूलने का अभियान चलाया था, सपा के बिधान सभा सीट के महासचिव अमार सिंह यादव बताते हैं पालिका के अभियान से काफी हद तक लोगों राहत और रुक-रुक कर आये दिन लगने वाले जाम से छुटकारा मिला था लेकिन फिर वैसा ही अतिक्रमण हो गया है।

### कोढ़ में खाज साबित हो रहे है ई-रिक्शा

घाटमपुर-बैसे तो नगर के चारो राष्ट्रीय कृत मार्गों मे पर अक्रिमण कारियों का बोल बाला है ऊपर से गिट्टी-मोरग के गुजरने वाले हजारों ट्रकं रिक्सा वालों की धमाचौकड़ी कोढ़ में खाज जैसा साबित हो रहे है। पॉच रौ से अधिक ईक्सिा और सैकड़ों की तादात में बिभिन्न मार्गों पर चलने वाले बिक्रम टैम्पों बस स्टाप और मुख्य चौराहे पर खडें रहते हैं। बिना आरटीओं बिभाग में पंजीकृत ये ई-रिक्सा और बिक्रम टैम्पों जहॉ सरकार को लाखों रुपयें की राजस्व का नुकसान कर रहे हैं वहीं लोगों की जान लेने पर अमादा रहते है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 6 नवम्बर 2020



# पर्यावरण को बचाना है तो पराली न जलाएं: एसडीएम

जालौन ( उरई )। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि पराली न जलाई जाए। इतना ही नहीं पराली जलाने पर आर्थिक दंड व कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है। इसलिए परेशानी से बचने के लिए पराली कतई न जलाएं। अन्ना जानवरों की समस्या से निपटने के लिए अन्ना जानवरों को गोशाला में भिजवाएं। पशुपालक अपने जानवरों को घरों में ही रखें। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक ग्राम प्रधानों व किसानों से कही।

एसडीएम गुलाब सिंह की अध्यक्षता एवं सीओ विजय आनंद व बीडीओ महिमा विद्यार्थी की उपस्थित में कोतवाली में पराली व अन्ना जानवरों की समस्या को लेकर ग्राम प्रधानों व किसानों के साथ बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित बनाने के लिए पराली को लेकर कड़े कानूनी प्रावधान बनाए गए हैं। कानूनी कार्रवाई के साथ ही आर्थिक दंड का भी सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में परेशानी से बचने के लिए खेतों में पराली कतई न जलाई जाए। धान की कटाई के बाद पराली को गोशाला में दे दिया जाए ताकि पशुओं का पेट भर सके। इसके अलावा पराली से खेतों में खाद भी बनाई जा सकती है। जिससे मिट्टी की जैविक शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने प्रधानों को इस संबंध में किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में गोशालाओं का संचालन शुरू हो चुका है। रवी की फसल को लेकर किसान के समक्ष अन्ना जानवरों की समस्या उत्पन्न होने लगी है। इसके लिए किसान अन्ना जानवरों को गोशाला पहुंचा सकते हैं। प्रधानों को निर्देश दिए कि पशुपालकों को अवगत करा दें कि वह अपने पशुओं को अन्ना न छोड़े घरों अथवा बाड़े में रखें। यदि कोई पशुपालक अपने पशुओं को अन्ना छोड़ता है तो लिस्ट बनाकर दें। सीओ विजय आनंद ने कहा कि पराली जलाने एवं पशुओं को अन्ना छोड़ने की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


किसानों को पराली न जलाने की नसीहत देते अधिकारी।

खामोशी से हो रही है चुनाव की तैयारी

# पंचायत चुनाव के लिये शासन ने भेजे दर्जनों प्रपत्र

● जनवरी में चुनाव कराने की बढ़ी संभावना गांवों में भी शुरू हो गई चौपालबाजी

हमीरपुर। पंचायत चुनाव को लेकर शासन धीरे धीरे जोर पकड़ता जा रहा है। शासन ने आज पचपन तरीके के प्रपत्र आज पंचास्थानीय कार्यालय में भिजवाये है। जिसमे नामांकन से लेकर मतगणना सीट तक शामिल हो संभावना जतायी जा रही है कि हर हाल मे जनवरी में पंचायत चुनाव सम्पन्न हो जायेगे। पंचायत चुनाव को लेकर शासन खामोशी से पूरी तैयारी करता जा रहा है मतदाता पुनरीक्षण सूची 12 नवम्बर तक तैयार हो जायेगी। आरक्षण की तैयारी एक सप्ताह के अन्दर हो जायेगी। बीएलओ को सख्त आदेश दे दिये गये है। जैसे ही पुनरीक्षण मतदाता सूची तैयार होगी उसके बाद डीपीआरओ अपने एक्ट के अनुसार गांवों में आरक्षण की रिपोर्ट शासन को भेज देगे यदि डीपीआरओ द्वारा भेजी गयी सूची को शासन ने मान्यता दे दी तो चुनाव जल्दी की सम्पन्न हो जायेगे, सहा. जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचास्थानीय) एसके शुक्ला ने बताया कि शासन द्वारा पंचायत चुनाव को लेकर रोजाना रिपोर्ट मांगी जा रही है इससे पूरी तरह जनवरी में चुनाव हो जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इलाहाबाद से पचपन प्रकार के प्रपत्र भेज दिये गये है जिनको चुनाव में प्रयोग करना है। चुनाव आयोग धीरे धीरे समस्त नियम कानून कायदे की जानकारी भी विभाग को देता जा रहा है। समय समय पर शासन व प्रशासन में बैठके भी हो रही है वही गांवों में भी पंचायत चुनाव को लेकर चर्चाएं शुरु हो गयी है। संभावित प्रत्याशी पूरी तरह तरह तैयारी में जुट गये है।

## जाम लगाने के बाद पुलिस ने दर्ज की दो के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

सरीला ( हमीरपुर )। जरिया थाना क्षेत्र के छिबौली गांव में अधेड़ की मौत को लेकर ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन के बाद दो के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। छिबौली गांव निवासी करन सिंह (40) का शव मंगलवार को संदिग्ध हालत में छिबौली व मगरौल गांव के बीच कबूतरा डेरा के पास मिलने पर परिजनों ने अधेड़ की मौत जहरीली शराब पीने या कबूतर डेरा के बाशिंदों द्वारा हत्या कर फेंके जाने का आरोप लगाया था। गांव की दो सैकड़ा से अधिक महिला पुरुषों ने राठ बिवार मार्ग में छिबौली तिराहे पर शव रखकर कबूतरा डेरा खाली कराये जाने व आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किये जाने की मांग को लेकर जाम लगा दिया था। एडीएम व अपर पुलिस अधीक्षक तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कार्यवाही का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया था। सीओ ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर कबूतरा डेरा निवासी सुरेंद्र पाल व बाबू के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## क्विक न्यूज

### मेड़ तोड़ने को लेकर हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई

सरीला ( हमीरपुर)। जलालपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव में खेत की मेड़ तोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद होने पर हवाई फायरिंग होने पर दहशत फैल गयी। पीड़ित किसान ने तीन के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर एक आरोपी को थाना पुलिस ने देशी राइफल के साथ गिरफ्तार भी कर लिया है। पुरैनी गांव में बुधवार को खेत की मेल तोड़ने को लेकर नरेंद्र का विवाद देवीदीन व उसके पुत्र वीरेंद्र तथा सचिन से हो गया था। नरेंद्र ने विरोधी पक्ष पर मारपीट करने तथा हवाई फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए इसकी सूचना थाना पुलिस को दी थी। थानाध्यक्ष उमापति मिश्रा ने बताया कि नरेंद्र की तहरीर पर देवीदीन व उसके दोनों पुत्रों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। लेकिन हवाई फायरिंग की घटना से साफइंकार करते हुए बताया कि गुरुवार को देवीदीन को देशी राइफल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### लूट की घटना झूठी पाये जाने पर वादी पर रिपोर्ट दर्ज

हमीरपुर। जलालपुर क्षेत्र में लूट की घटना झूठी पाये जाने पर वादी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्यवाही शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक जलालपुर थाने के जलालपुर गांव निवासी महेश सोनी ने 25 अक्टूबर को थाने में अज्ञात लोगो ने सोने चादी के जेवर आदि लूटने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी जिसमे जांच में पाया गया कि महेश सोनी के जुए में भारी रकम हार जाने के कारण पांच लाख का कर्ज हो गया था इससे बचने के लिये उसने लूट का नाटक रचा था पुलिस ने बताया महेश ने महोवा में 17 दिन तक जुआ खेलने से करीब अस्सी हजार रुपये हार गया था जिससे वह कई लोगों का कर्जदार हो गया था। पुलिस ने जांच पड़ताल कर रिपोर्ट को खारिज कर दिया है।

### एनजीओ ने पहला विजली बिल पौथिया में काटा

हमीरपुर। अधीक्षण अभियंता (विद्युत)अशोक कुमार ने बताया कि आज हमीरपुर जनपद में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा विद्युत बिल कलेक्शन के कार्य का शुभारंभ किया गया। उड़ान प्रेरणा महिला संकुल संगठन की दीदी अंजनी देवी द्वारा प्रथम बिल पौथिया ग्राम के चन्द्रपाल सिंह का रु 1278 का जमा किया गया।

### हमीरपुर में मिले चार कोरोना संक्रमित

हमीरपुर। जनपद में चार नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिन चार लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई हैं। उनमें रहंक गांव का 61 वर्षीय वृद्ध, बिलहड़ी का 60 वर्षीय वृद्ध, बरुआ गांव का 70 वर्षीय वृद्ध और मसगांव गांव की 48 वर्षीय महिला शामिल हैं। जबकि कुरारा और सुमेरपुर से एक-एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया है। सीएमओ डॉ. आरके सचान ने बताया कि गुरुवार को कुल 1529 लोगों के सैंपल लेकर जांच की गई थी। इस वक्त 66 एक्टिव केस हैं। दो मरीजों को डिस्चार्ज करने के बाद ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 1251 हो गई है। जबकि 4 नए मरीजों के साथ कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 1336 पहुंच गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

राठ(हमीरपुर)। खब्जी की खेती के लिए कीटनाशक खरीद कर गांव जा बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। राहगीर उसे सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी बलबीर कुशवाहा ने बताया कि ढाई बीघा कृषि भूमि में सब्जी की खेती किए है। गुरूवार को उनके पुत्र नंदराम(28) कीटनाशक दवा खरीदने के लिए कस्बा आए थे। शाम करीब छह बजे बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। पनवाड़ी मार्ग पर बीएनवी डिग्री कालेज के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे नंदराम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉ भरत राजपूत ने मृत घोषित कर दिया।

### जहरीला पदार्थ खाया

मौदहा। कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी एक महिला ने गृह कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया महिला की हालत बिगड़ने पर सीएचसी मौदहा में भर्ती कराया गया है। कस्बा के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी अहिल्या पत्नी मुन्ना ने गृह कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ गई आनन-फानन में परिजनों द्वारा मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### युवती फांसी पर झूली

जालौन (उरई)। अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घरवालों ने युवती के शव को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी किशुन कुमार की 18 वर्षीय बेटी शिल्पी गुरूवार की सुबह घर पर ही थी। इस समय खेतों पर काम चल रहा है तो माता पिता सुबह ही खेतों पर काम करने के लिए चले गए। छोटा भाई भाई बब्लू भी गांव के बाहर स्थित मेंथा के प्लांट पर काम करने के लिए चला गया। घर पर शिल्पी अकेली थी। दोपहर लगभग 2 बजे जब उसका भाई मेंथा प्लांट पर काम करके खाना खाने के लिए घर आया तो शिल्पी नहीं दिखी। जब उसने घर के कमरों में देखा शिल्पी के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की में झांककर देखने पर उसे शिल्पी का शव फांसी के फंदे पर लटका दिखा। एसआई ने आत्महत्या के कारणों के बारे में जानने की कोशिश की लेकिन परिजन कोई कारण नहीं बता सके। पिता किशुन कुमार का कहना था कि उनकी बेटी शालीन व हंसमुख थी। ऐसी कोई बात नहीं थी जिससे कहा जा सके कि वह आत्महत्या भी कर लेगी। फिलहाल पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### एडीएम ने कलेक्ट्रेट के बगीचे का किया निरीक्षण

उरई (जालौन)। एडीएम प्रमिल कुमार सिंह द्वारा आज कलेक्ट्रेट में स्थित बगीचे का निरीक्षण किया। साथ में वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लगाये गये पौधे आम, अमरूद, करौंदा तथा अन्य फलदार वृक्षों को देखा तथा उसके साफसफाई तथा पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने बगीचे के अंदर खाली पड़ी जमीनों में मटर, चना की बुआई कर दी गयी है तथा बरसीम की बुआई किये जाने को भी कहा। उन्होंने बगीचे में स्थित तालाब की साफसफाई आदि व्यवस्थाओं को भी देखा। एडीएम को प्राकृतिक पर्यावरण से अत्यन्त लगाव एवं प्रेम हैं। वह इस बगीचे की देख रेख बराबर करते रहते हैं।

### पराली जलाने पर चार किसानों पर दर्ज हुआ मुकदमा

कोंच(जालौन)। प्रतिबंध के बाद भी खेतों में कटी फसलों के अवशेष जलाने व वायु प्रदूषण फैलाने के आरोप में लेखपाल की जांच रिपोर्ट के आधार पर बुधवार की शाम को नदीगांव थाना पुलिस ने कुल 4 किसानोंध्खेत मालिक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।ग्राम सदूपुरा के लेखपाल वृजमोहन द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना पुलिस ने हरवेन्द्र सिंह पुत्र मनोहर सिंह सहित सुरेशचंद्र, महेशचंद्र, नरेशचंद्र पुत्रगण रामप्रकाश के खिलाफदफा 15, 278, 285 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है।

# पशुओं ने रौंद डाली फसल भिड़े दो गांवों के किसान

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को कराया शांत

कदौरा ( जालौन )। बुधवार रात को भेड़ी खुर्द गांव में अन्ना मवेशियों ने आधा दर्जन किसानों कालीचरण की 5 व सोनिल सिंह की 10 बीघा चना की फसल रामशरण की 4 व कामता की 5 बीघा मटर की फसल बलराज की 6 व धनीराम की 4 बीघा की अरहर की फसल सहित 34 बीघा लगभग फसल को रौंद दिया मवेशियों के झुंड को देख कर किसानो में हड़कम्प मच गया और हांकने लगे जिस पर ग्राम बड़ागाँव के किसानों हिम्मत सिंह सुघर सिंह राजा बाबू सहित मौजूद अन्य किसानों ने विरोध किया तो दोनों गांवों के किसान आपस मे भिड़ गए और बहस होने लगी मामले को बढ़ता देख ग्रामीणों की सूचना पर पहुची पुलिस ने किसानों को शांत कराया और ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद मवेशियों को गौशालाओं में बन्द कराया किसानो ने आरोप लगाया कि अजारक्ततत्वों द्वारा गौशालाओ के तार व झाखड़ हटाने से मवेसी गौशालाओं से निकले थे और उन्होंने फसल रौंदी है। किसान रामहेत सिंह ने कहा कि चना मटर अरहर की बुबाई एक माह पूर्व हो चुकी है फसल खेतों पर उग आई है। हम लोग लगातार अन्ना मवेशियों से रखवाली करते हैं शिकायतों के बाद भी गौशाला में लगाए गए कर्मी लापरवाही बरतते है। सचिव धीरेन्द्र सिंह का कहना है कि भेड़ी में स्थाई व बड़ागाँव में अस्थाई गौशालाएं है जिनके लिए चरवाहों को लगाया गया है वो स्वयं जांच कर रहे हैं अगर गौशाला से मवेसी निकले हैं तो कर्मियों पर कार्यवाही की जाएगी प्रभारी निरीक्षक जितेंद सिंह ने कहा कि मामले कि जानकारी की जा रही है।

## मचहरी गांव में डेंगू से एक और मौत, दहशत

राठ ( हमीरपुर )। बीते दो दिनों से झांसी में भर्ती डेंगू बुखार से पीड़ित युवक ने बीती रात्रि इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मझगवां थाने के मचहरी गांव निवासी दिनेश राजपूत बीते चार दिनों से बुखार से पीड़ित था। परिजन इलाज के लिये राठ कस्बे के एक प्राईवेट अस्पताल में ले गये। जहां जांच के दौरान दिनेश को डेंगू की पुष्टि हुई थी। बीते दो दिन पहले परिजन इलाज के लिये झांसी ले गये। जहां बुधवार की रात्रि दिनेश ने झांसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के चाचा चन्द्रशेखर पुत्र वंशगोपाल ने बताया कि एक सप्ताह पहले दिनेश की पत्नी उमा (36) व पुत्री दीक्षा (16) में डेंगू की पुष्टि हुई थी। जो ठीक होकर घर आई गई थी। इसके बाद दिनेश को डेंगू की पुष्टि हुई। जहां उसने झांसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया कि गांव में डेंगू से यह पांचवी मौत है। आरोप लगाया कि गांव में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव नहीं हो रहा है और न ही गांव में साफसफाई की जा रही है। गोहांड सीएचसी अधीक्षक अंजुल निरंजनन ने बताया कियुवक की डेंगू बुखार से मौत नहीं हुई है। युवक शराब का लती था, उसका लीवर का इलाज चल रहा था। जिसकी वजह से उसकी मौत होना सम्भावित है। बताया कि गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजी गई है।

# अज्ञात लोगों ने फूंक डाला कबूतरा डेरा


आग से जलती झोपड़ी

राठ ( हमीरपुर )। जरिया थाने के छिबौली गांव के पास स्थित कबूतरा के समुदाय के डेरा में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। आग लगने से झोपड़ी के अंदर रखी शराब और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंचे सीओ सरीला परमानंद ने पुलिस बल के साथ शराब बनाने के उपकरण, ड्रम आदि को नष्ट किया है। वहीं ग्रामीण आग लगाने का आरोप कबूतरा समूदाय के लोगों पर ही लगा रहे है। छिबौली गांव के पास मगरौल सड़क पर 15 वर्षों से कबूतरा समुदाय का डेरा है, जो अवैध शराब बनाकर बेचने का धंधा करते हैं। इस दौरान कई बार पुलिस ने इनके खिलाफ कार्यवाही की है। लेकिन शराब बिकना बंद नहीं हुई। इसी डेरा में मृतक करन सिंह मंगलवार को गया था और दोपहर बाद उसका शव गांव के तालाब के पास पड़ा मिला था। गुरूवार को किसी ने कबूतरा डेरा में आग लगा दी। जिससे बना बनी झोपड़ी धुं धुं कर जलने लगी। झोपड़ी के अंदर रखी शराब व अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। गांव में कबूतरा समुदाय के लोगों पर ही आग लगाने की चर्चा है। वहीं पुलिस ग्रामीणों पर उंगली उठा रही है। कबूतरा समुदाय के लोग वहां से भाग गये हैं और डेरा में सन्नाटा पसरा हुआ है। आग की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और डेरा पर से मिले शराब बनाने के उपकरण बर्तन आदि सामान को नष्ट कर दिया है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना शासन का लक्ष्य: जिलाधिकारी

● विभागीय अधिकारियो को महीने मे एक बड़ा कार्यक्रम करने के निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट


कलेक्ट्रेट सभागार बैठक मे निर्देश देते डीएम शेषमणि पाण्डेय।

डीएम शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता मे मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा सम्मान, स्वालंबन आधारित एक बैठक संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि बीते माह सभी विभागो ने अच्छे कार्यक्रम आयोजित किये। इस माह भी 1 से 15 नवंबर तक की अवधि मे विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पहले की तरह कार्यक्रम कराकर फोटोग्राफ और वीडीओ सहित अपर मुख्य सचिव गृह व सूचना की ईमेल-आईडी पर समय से भेजे। उन्होने सभी अधिकारियो को निर्देश दिये कि छह माह की कार्ययोजना पांच दिन के अंदर बनाकर प्रोबेशन अधिकारी को उपलब्ध कराये ताकि प्रत्येक माह एक बडा कार्यक्रम कराया जा सके।

डीसी एनआरएलएम रामउदरेज यादव को निर्देश दिये कि एक वृहद कार्यक्रम कराये जो महिलाये अच्छा कार्य किये है उनका सम्मान करे। प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा को निर्देश दिये कि सूचनाये प्राप्त कर शासन को भेजे। कोविड 19 का पालन अवश्य किया जाये। छह माह के अंदर महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाया जाये। उन्होने सभी अधिकारियो को निर्देश दिये कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने स्तर से एक-एक बडा कार्यक्रम आयोजित कराये। इस मौके पर सीडीओ अमित आसेरी, एडीएम जीपी सिंह, सीएमओ डा विनोद कुमार यादव, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी अनय कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी बालविकास मनोज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह समेत अधिकारी मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर के दो आरोपियों को पांच-पांच साल की सजा

● दस-दस हजार रुपए का लगा जुर्माना

संवाददाता। चित्रकूट

न्यायालय मे लंबित चल रहे मुकदमो की पैरवी करवाकर अपराधियो को सजा दिलाने के उद्देश्य से एसपी की पहल रंग ला रही है। न्यायालय मे नियमित गवाहो को पेश कराते हुए कोतवाली प्रभारी अरूण कुमार पाठक और पैरोकार आरक्षी आनन्द कुमार के द्वारा कराई गई पेशी के परिणाम मे अपर सत्र न्यायालय तृतीय कोर्ट ने अभियुक्त धर्मेन्द्र पटेल पुत्र राजनारायण पटेल निवासी बनकट, भूपेन्द्र उर्फ सज्जन निवासी द्वारिकापुरी को पांच-पांच साल के कठोर कारावास से नवाजा है। इसके अलावा दस-दस हजार रूपये का दण्ड भी लगाया है। समय से पैंसा न जमा होने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा। बताया गया है कि अभियुक्त धर्मेन्द्र, भूपेन्द्र अपने गैंग बनाकर अपराध करते थे। कोतवाली मे इनके खिलाफ विभिन्न धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत है।

### गैंगेस्टर गिरफ्तार

चित्रकूट। बरगढ थाना पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बरगढ रविप्रकाश, उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार ओझा, आरक्षी राहुल यादव, शिवधनी के साथ गैगेस्टर एक्ट के वांक्षित अभियुक्त महमूद हसन पुत्र नसीमुद्दीन निवासी मलिकपुर थाना नवाबगंज जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया है।

## सिकरी गांव के प्रधान-सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप

चित्रकूट। विकासखण्ड रामनगर के ग्राम पंचायत सिकरी मे सचिव और प्रधान ने मिलकर लगभग दो सौ शौचालयो को कागज मे बना दिखाकर लाखो रूपये गबन कर गये है। इस ग्राम पंचायत मे कई महीने से घोटाले की खबरे प्रकाश मे आ रही है। इसकी जानकारी सीडीओ को नही है, वर्ना इन पर कडी कार्रवाई हो जाती। ऐसा ही लाखो रूपये का घोटाला एडीओ पंचायत कर्वी विकासखण्ड रमेशचन्द्र गुप्ता का भी पूर्व मे आया था। मुख्यमंत्री ने वाराणसी और बहराइच के दो बीडीओ पर निलंबित कर प्रशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिये। आखिरकार इन भ्रष्टाचारियो पर कब कार्रवाई होगी। ग्राम पंचायत सिकरी मे लगभग दो सौ शौचालयो के धरातल मे न बने होने के कारण ब्लाक मे हडकंप मचा हुआ है। कागजो मे बनने वाले शौचालयो की हकीकत धरातल पर कहीं नजर नही आ रही। हफ्ते भर से चल रही जांच प्रक्रिया मे ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी लीपापोती मे जुटे हुए है।

# `भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी ने तेज कीं चुनावी गतिविधियां


नामांकन की रणनीति बनाते भाजपा नेता।

● डा. यज्ञदत्त शर्मा के प्रतिनिधि भगवान दास त्रिपाठी ने नगर एट की गल्ला मंडी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

एट ( जालौन )। इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के चुनाव नजदीक आते ही प्रत्याशियों ने मतदाताओं से संपर्क करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी उप नेता उच्च सदन डा. यज्ञदत्त शर्मा के प्रतिनिधि भगवान दास त्रिपाठी ने नगर एट की गल्ला मंडी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 10 नवंबर को झांसी में होने वाले नामांकन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होने की अपील की। उन्होंने कहा सभी भाजपा कार्यकर्ता द्वेष भावना भूलकर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को जिताने के लिए अभी से जुट जाएं। उन्होंने कहा सभी वोटरों से संपर्क कर उनकी समस्या का भी समाधान कराएं। इस दौरान प्रमोद मित्तल, केपी सिंह, शिवप्रताप तोमर रामरूप परिहार, केशव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## फर्नीचर व्यावसायी बचाई कामदगिरि परिक्रमा में जख्मी पड़े बंदर की जान

चित्रकूट। जिले के प्रमुख फर्नीचर व्यावसायी संजय सोनी ने कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में बंदरों के खूनी संघर्ष में गंभीर रूप से जख्मी हुए एक नवजात बंदर की जान बचाकर मानवता की मिशाल पेश की।बंदरों के हमले से बचाकर मासूम को घर लाने के बाद श्री सोनी ने उसका पशु चिकित्सक से उपचार कराया। इसके अलावा इंसानियत के इस पुनीत कार्य में उनकी पत्नी दीपाली सोनी भी पूरा सहयोग कर रहीं है। गुरूवार को रोज की तरह शहर के प्रतिष्ठित फर्नीचर व्यावसायी संजय सोनी कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाने के लिए मित्रों के साथ चित्रकूट गये थे।इसी दौरान पीली कोठी के समीप बंदरों के दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में मरी मां के शव के पास एक गंभीर रूप से जख्मी नवजात बंदर विलख रहा है। बंदरों का गुट हमला कर उसकों जान से मारने की फिराक में नजर आ रहे थे। पीली कोठी के आनंद बाबा समेत कई साधुओं ने कडी मशक्कत के बाद मासूम नवजात बंदर की जान बचाई।

# 'मिशन शक्ति': मानसिक स्वास्थ्य पर रहेगा जोर

● मनोसामाजिक मुद्दों से मिलेगी सुरक्षा व सपोर्ट, आश्रय गृहों में रह रहीं महिलाओं व बालिकाओं को पहुंचाएंगे मदद

कन्नौज। प्रदेश में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति' को हर माह अलग-अलग थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है । इस माह की थीम- 'मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा और सपोर्ट' तय की गयी है । महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के साथ संयुक्त कार्ययोजना बनाकर इसे चलाया जा रहा है। निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है मिशन शक्ति के मुख्य उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं को स्वावलंबी बनाना, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना और जनजागरूकता पैदा करना शामिल है। आत्म सुरक्षा की कला विकसित करने के लिए महिलाओं और बच्चों को प्रशिक्षित करना तथा उनके प्रति हिंसा करने वालों की पहचान उजागर करने के दृष्टिगत मिशन शक्ति के दूसरे चरण में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट पर कार्य किया जाना तय किया गया है । इस माह के दौरान इसके तहत मुख्य रूप से चार स्तरों पर कार्य किया जाएगा, जैसे- मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक सपोर्ट पर जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान करना, सहायता, सेवा, संरक्षण व सुरक्षा सम्बन्धी निर्णय लेने की क्षमता में विकास करना और उच्च परामर्श के लिए रेफर करने का कार्य किया जाएगा । मिशन शक्ति के तहत इस माह मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक सपोर्ट पर जिनको सेवाएं दी जानी हैं उनका चिन्हांकन किया जा रहा है । इनमें आश्रय गृहों में रहने वाली महिलाएं व बच्चे शामिल हैं, चाहे वह किसी कानूनी वजह से या देखरेख व संरक्षण की आवश्यकता के चलते रह रहे हों या उनके खिलाफ किसी प्रकार का अपराध या हिंसा हुई हो। पाक्सो एक्ट या यौन हिंसा में शामिल रहे बच्चे व महिलाएं तथा उनके परिवार और समस्त संस्थानों से घर वापस गए या जमानत पर घर गए बच्चों व महिलाओं और उनके परिवार को मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर सपोर्ट दिया जाएगा । ऐसे परिवार या व्यक्ति जिन्होंने कोविड-19 के कारण अपने प्रियजनों को खोया है, कोविड-19 प्रभावित व्यक्ति, बच्चे, महिलाएं या उनके परिवार को इसके तहत मदद पहुंचाई जायेगी। कोविड-19 के दौरान लैंगिक हिंसा से जीवित/संघर्षरत, व्यक्ति विशेष, बच्चे, महिलाएं तथा उनके परिवार को मदद पहुंचाई जायेगी। इसके साथ ही बाल श्रमिक, प्रवासी श्रमिक, महिलाएं, बच्चे और उनके परिवार के अलावा जिनको भी उक्त परामर्श सेवाओं की आवश्यकता होगी उनको मदद पहुंचाई जायेगी ।

### मदद को हाथ बढ़ाने की अपील

मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए निरूशुल्क सेवा देने के इच्छुक लोगों से मदद को हाथ बढाने की अपील भी की गयी है । निदेशक महिला कल्याण का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलों में भौतिकध्ऑनलाइन माध्यम से 'मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक सपोर्ट' सेवाएं दी जाएंगी। इसके लिए मनोवैज्ञानिकों, मनोवैज्ञानिक संस्थानों, संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, विशेषज्ञों, अनुभवी व्यक्तियों जो मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सपोर्ट सेवाएं मुफ्त में प्रदान करने के इच्छुक हैं वह संबंधित जिले के प्रोबेशन अधिकारियों या जिला कार्यक्रम अधिकारियों से संपर्क कर इस मुहिम में सहयोग कर सकते हैं ।

### प्रमुख कार्यक्रम

ग्राम, ब्लाक व जनपद स्तर पर 16 नवम्बर को वयस्कों में मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक आवश्यकताएं, मुद्दे तथा सपोर्ट प्रणाली के तहत संध्या चौपाल, नुक्कड़ नाटक, फोक शो, वेबिनार व सेमिनार आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । इसके अलावा 'बेटियों से पहचान' थीम पर 18 नवम्बर को जनजागरूकता कार्यक्रम ग्राम से लेकर जिला स्तर पर आयोजित होंगे । इसके तहत परिवारों और दुकानदारों को जागरूक किया जाएगा कि वह अपने घरों व दुकानों को परिवार की महिलाओं व बेटियों के नाम पर पहचान दें।

## पुलिस अधीक्षक ने चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक मुकेश राणा को चौकी प्रभारी सराय प्रयाग बनाया है, जबकि यहां तैनात ऋषिकेश मिश्रा को थाना ठठिया भेजा गया है। उपनिरीक्षक अशोक कुमार मिश्र को कोतवाली तिर्वा भेजा गया तो ठठिया थाने में तैनात दारोगा सुभाषचंद्र को वहीं वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार को औसेर चौकी प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी सिमरिया से खानपुर चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है। तलैया चौकी प्रभारी प्यारेलाल प्रजापति को एसपी का पीआरओ बनाया गया है। उपनिरीक्षक सुरेश कुमार को तलैया चौकी प्रभारी बनाया गया। रामाज्ञा चौबे को कचहरी चौकी से सदर कोतवाली में विवेचना टीम का प्रभारी बनाया गया तो उपनिरीक्षक सुनील चौधरी को कचहरी चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षक श्रीराम को महिला थाना से कोतवाली गुरसहायगंज भेजा गया है।

# अपहरणकर्ताओं से बंधक को छुड़ाया

- घटना में शामिल तीन बदमाश गिरफ्तार
- तीन लाख की मांगी गयी थी फिरौती लेकिन पुलिस की ततपरता से बड़ी घटना होने से टली

संवाददाता। श्रावस्ती



**भिनगा** कोतवाली अंतर्गत ग्राम सिसवा के रहने वाले तीन अपहरण कर्ताओं ने पटना खरगौरा निवासी नरेन्द्र मिस्र पुत्र शिवनाथ मिस्र को भिनगा कचेहरी से लौटते समय शाम को सिसवा

स्थित पेट्रोल पंप के पास से अपहरण कर लिया। इस घटना के कुछ घण्टे बाद अमन कुमार मिस्र ने ने कोतवाली भिनगा पहुचकर सूचना दी कि उनके पिता जो कचहरी मे मुन्शी है देर रात तक घर नही आये। उनके घर नहीं आने पर उनके फोन पर वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया की तीन लोगो ने उन्हें बन्धक बना रखा है वे 3 लाख रूपये की डिमांड कर रहे है व जान से मारने की धमकी दे रहे है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए इस सम्बंध में तत्काल कार्यवाही करते हुए इस सम्बंध में मु0 अ0 सं0 362. 2020 धारा 365 346 386 323 504 506 भादवि पंजीकृत कर प्रभारी निरीक्षक द्वारा उच्चाधिकारीगणों को घटना से अवगत कराया गया। जिसपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा प्रभारी निरीक्षक व सर्विलांश टीम को अपहृत व्यक्ति की तत्काल बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बी0 सी0 दुबे व हौसिला प्रसाद क्षेत्राधिकारी भिनगा के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पांडेय थाना को0 भिनगा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपृहृत व्यक्ति को सिसवा स्थित राकेश के दुकान.मकान के अन्दर से बरामद कर लिया। और अपहरण में शामिल तीनो अभियुक्त राकेश कुमार यादव पुत्र सुखराम निवासी सिसवा गद्दीपुरवा मौजा हरिहरपुररानी थाना कोत0 भिनगा जनपद श्रावस्ती व सुफ्ल कुमार पुत्र कैलाश नाथ निवासी सिसवा गद्दीपुरवा मौजा हरिहरपुररानी थाना कोत0 भिनगा जनपद श्रावस्ती तथा कन्हैयालाल पुत्र शोहराब निवासी सिसवा गद्दीपुरवा मौजा हरिहरपुररानी थाना कोत0 भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तारी टीम को उत्साहवर्धन हेतु 10,000 रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कियागया।

# विधायक ने चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**शिवगढ़ ( रायबरेली )।** शिवगढ़ क्षेत्र के पठकन का पुरवा मजरे ढेकवा में क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामनरेश रावत ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। अब तक जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार रहे गांव के लोगों ने अपने बीच विधायक रामनरेश रावत, पूर्व एमएलसी एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह को देखकर प्रसन्नता प्रकट की एवं उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत करते हुए अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। स्वागत से अभीभूत विधायक रामनरेश रावत ने मौके पर ही पीडब्लूडी विभाग के अधिशासी अभियंता डीके कुरील से फोन से वार्ता की और गांव को बांदा - बहराइच हाईवे से जोड़ने के लिए कहा। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही गांव तक डामर युक्त रोड बन जाएगी। श्री रावत ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। भाजपा शासनकाल में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। वहीं पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की जितनी भी योजनाएं हैं सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं और सभी धरातल पर चल रही हैं। शिवगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.जीबी सिंह ने अपने संबोधन में कहाकि पठकन का पुरवा हमेशा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार रहा है। यही कारण है कि विकास के मामले में पठकन का पुरवा पीछे रहा है। किंतु भाजपा विधायक रामनरेश रावत ने गांव के विकास के रास्ते खोल दिए हैं, इस गांव में भी विकास की बयार बहेगी। इस मौके पर महराजगंज ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, पिपरी प्रधान प्रतिनिधि नंदकिशोर तिवारी, महिला मोर्चा की भाजपा मंडल अध्यक्ष किरन तिवारी, कप्तान सिंह, वीरेंद्र सिंह, गुड्डू मिश्रा, रामजी अवस्थी आदि लोग मौजूद रह

## क्विक न्यूज

### अधेड़ की लाश कूटी गाँव के नजदीक मिली

**सताँव (रायबरेली)।** गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के गाँव पूरे होरी मजरे मलिकमऊ चौबारा गाँव से करीब एक सप्ताह पहले लापता हुये एक अधेड़ की सड़ी-गली लाश गुरुवार को कूटी गाँव के नजदीक एक बीरान स्थान पर मिली। बताते हैं कि सुबह जब लोग शौच के लिए गये तो उन्हे लाश दिखायी पड़ी। शिनाख्त हुयी तो पता चला कि शव, पूरे होरी गाँव से लापता राज किशोर (45 वर्ष) पुत्र श्रीपाल का है। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया और आरम्भिक जाँच में घटना को आत्म हत्या करार दिया है। फिलहाल शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक गाँव पूरे होरी मजरे मलिकमऊ चौबारा निवासी राजकिशोर भट्ठे का मिस्री था। उसन हरियाणा में भट्ठे पर लेबर सप्लाई का ठेका लिया था। वह भट्ठे पर लेबर छोड़ कर बीते 24 अक्टूबर को अपने घर लौटा था। राजकिशोर का बड़ा बेटा दिलीप बताता है कि आस पास गाँवों के कुछ मजदूरों ने उसके पिता से पेशगी मजदूरी ले ली थी, लेकिन काम पर नहीं गये थे, जिससे उसके पिता परेशान रहते थे। दिलीप के मुताबिक उसके पिता राज किशोर ने बीती 29 अक्टूबर को घर पर चाय नाश्ता किया और माँ से पाँच हजार रुपये लेकर निकल गये थे, फिर वापस नहीं आये। दिलीप की माने तो उसने सभी संभावित स्थानों पर अपने पिता की दो दिन खोज की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो एक नवम्बर को थाने पर उनके लापता होने की जानकारी दी। गुरुवार की सुबह कुछ ग्रामीण कूटी गाँव के पास इसी निर्जन स्थान की और शौच के लिए गये।वहाँ भीषण बदबू के कारण ग्रामीणों को किसी शव के सड़ने का आभास हुआ।आसपास देखा तो एक अधेड़ का शव दिखा।शव के गले में गमछा बँधा था।पैर व छाती का हिस्सा जंगली जानवर नोंचकर खा चुके थे। शिनाख्त हुयी तो पता चला कि शव एक सप्ताह पहले लापता राज किशोर का है। पुलिस को सूचना दी गयी।पुलिस व फॉरेंसिक टीम के साथ लालगंज के क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुँचे और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किये। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है।

### वी बाजार का विधायक ने किया शुभारंभ

**लालगंज,रायबरेली।** अब एक ही छत के नीचे कपड़ों से लेकर खाने का भी सामन मिल सकेगा। जिससे छोटी से लेकर बड़ी चीजों को खरीदने के लिए लोगो को इधर उधर भटकना नही पड़ेगा। यह बात सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कस्बे के गांधी चौराहा के निकट खुले वी बाजार का शुभारंभ फीताकाट कर करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के बाद लालगंज सबसे बड़ी व्यापारिक मंडी है। यहां पर जिला मुख्यालय की तरह ही सभी जरूरत की सामाने आसानी से मिल जाती हैं। बड़े प्रतिष्ठानों की कमी थी जो अब धीरे धीरे दूर हो रही है।उन्होंने कहा कि लोगों को जरूरत की सभी सामान एक ही छत के नीचे मिलने से उन्हें अब अलग अलग सामानों के लिए जगह जगह पर भटकना नही होगा। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह, चक्रपाणि त्रिवेदी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### लालगंज कोतवाली में पहला ई एफआईआर दर्ज

**लालगंज,रायबरेली।** कृष्ण कुमार सिंह काशीपुर उधम सिंह नगर उत्तराखंड में नौकरी करते थे। इनका 27 अक्टूबर को नौकरी के दौरान निधन हो गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आनी अभी बाकी है। उनके निधन के बाद से एटीएम कार्ड गायब है। इसके बाद भी उनके खाते से दस दस हजार करके दो बार में बीस हजार रूपये खाते से निकल गया। सहकर्मी अनिल सिंह निवासी फैजाबाद ने कृष्णकुमार का मोबाइल उनकी पत्नी को 28 अक्टूबर को सौंपा तो मामले की जानकारी हुई। मामले की ईएफआईआर उनके बड़े भाई दिनेश सिंह ने दर्ज कराई है। लालगंज कोतवाली में यह पहली ईएफआईआर दर्ज की गई है।

### फरार चल रहे अभियुक्त पर कुर्की की कार्रवाई

**गोंडा।** डेढ़ साल से फरार चल रहे अभियुक्त को न्यायलय में उपस्थित न होने पर कुर्की की कार्रवाई का आदेश दिया है। कोतवाली नगर के एसआई कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 में कोतवाली नगर में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 406 व 120 बी के तहत एक मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे अभियुक्त विकास यादव पुत्र शिवशंकर यादव निवासी ग्राम बल्लीपुर थाना मनकापुर के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल है। अभियुक्त करीब डेढ़ वर्ष से फरार चल रहा है। न्यायालय ने आरोपी को उपस्थित होने के साथ ही न उपस्थित होने पर कुर्की के आदेश दिए हैं।

### जालसाजों ने खाते से उड़ाए 49 हजार

**करनैलगंज (गोंडा)।** जालसाजों ने बैंक मैनेजर बनकर एक खाताधारक को कॉल किया और खाताधारक के खाते में आधार व केवाईसी लिंक कराने का बहाना बता कर उसके खाते से 49 हजार की रकम को पार कर दिया। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कुवंरपुर अमरहा निवासी श्रवण कुमार ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि 3 नवम्बर की सुबह उसके मोबाइल पर फोन करके कहा गया कि मैं बैंक आफबड़ौदा का शाखा प्रबंधक बोल रहा हूँ। आपके खाते में केवाईसी जमा नही हुई है। आप अपना आधार नम्बर, एटीएम नम्बर व पिन नम्बर बताइये नही तो आपका खाता सीज हो जायेगा। वह उसके झांसे में आ गया और बैंक मैनेजर समझकर सारे नम्बर बता दिया। उसके बाद तीन बार आये ओटीपी नम्बर को तरीके मालूम करके तीन बार मे 49 हजार रुपये निकाल लिये। पीड़ित ने धोखाधड़ी करके उसके खाते से धन निकालने वाले व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित ने साइबर सेल गोंडा में भी तहरीर दी है। कोतवाल मनीष जाट ने बताया कि मामला संज्ञान में नही है। फिर भी यदि ऐसा है तो कार्रवाई की जायेगी।

### जिलाधिकारी से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज तहसील में अधिवक्ताओं व अधिकारियों के बीच चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को जिलाधिकारी से मिला। डीएम द्वारा करनैलगंज एसडीएम व तहसीलदार को हटाने की मांग पर कार्रवाई का आस्वासन मिलने के बाद भी अधिवक्ताओं ने कार्रवाई होने तक अपना आंदोलन चलाने का एलान किया है। गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों दीनानाथ त्रिपाठी, मनोज कुमार सिंह, विवेक मणि श्रीवास्तव, अरविंद पांडेय एवं करनैलगंज तहसील बार एसोसिएशन के संजय मिश्रा व सूर्यकांत तिवारी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और समस्याओं से अवगत कराते हुए करनैलगंज के एसडीएम व तहसीलदार को हटाने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। करनैलगंज तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि आश्वासन मिलने के बाद करनैलगंज में गत 15 दिनों से बंद चल रही तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय एवं खतौनी कार्यालय को खोलने की छूट दी गई है। इसके अतिरिक्त तहसील पूरी तरह बंद रहेगी। जब तक दोनों अधिकारियों को यहां से हटाया नहीं जाता है। तब तक आंदोलन जारी रहेगा। तहसील में अधिवक्ताओं का अनशन लगातार 15 दिन भी जारी रहा।

### एसडीएम ने अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण कर किया पौधरोपण

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** शिवगढ़ क्षेत्र के रायपुर - नेरुआ स्थित नवनिर्मित अंत्येष्टि स्थल का महराजगंज एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जहां टीन सेट के बने चिता स्थल को पास - पास देखकर चिता स्थल दूर-दूर बनवाने के निर्देश दिए। वहीं अंत्येष्टि स्थल प्रांगण में बने लकड़ी भंडारण गृह को देखकर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने प्रधान प्रतिनिधि रतीपाल रावत से जानकारी लेते हुए पूछा कि क्या लकड़िया उपलब्ध रहेंगी ? जिस पर रतीपाल रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि लकड़ियां भंडारण गृह में ल उपलब्ध रहेंगी। यदि परिजन लकड़ियों की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं तो, लकड़िया उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसका निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।, यदि परिजन निर्धारित शुल्क जमा करने में सक्षम नहीं हैं तो सामूहिक रुप सहयोग से लकड़िया उपलब्ध कराई जाएंगी। निरीक्षण के पश्चात एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह, एडीओ पंचायत जितेंद्र बहादुर सिंह के साथ मिलकर अंत्येष्टि स्थल प्रांगण में छायादार पेड़ लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के प्रति संदेश दिया। अंत्येष्टि स्थल में संतोषजनक कार्य देखकर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने ग्राम प्रधान रामरानी रावत, प्रधान प्रतिनिधि रतीपाल रावत की सराहना की। इस मौके पर भाजपा नेता विजय रावत, अजय पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

### भाजपा का मंडल प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**लालगंज,रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रषिक्षण विभाग द्वारा मंडल प्रशिक्षण शिविर कस्बे के काशी ब्राइट स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। लालगंज मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को पार्टी की नीतियों रीतियों को बताते हुए प्रशिक्षित किया गया। प्रथम सत्र में वीरेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष तथा द्वितीय सत्र में धनंजय सिंह विधानसभा प्रभारी, तृतीय सत्र में प्रांतीय नेता जंगबहादुर सिंह, तथा चतुर्थ सत्र में सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र के विकास कार्यां की चर्चा की। पार्टी की नीति रीति बताई। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र मे नेता कार्यपालिका से ताकतवर होगा तभी कार्यपालिका उसकी सुनेगी। नेता के दीनहीन होने पर कार्यपालिका उसकी सुनने वाली नही है। भाजपा सरकार में क्षेत्र का चतुमुर्खी विकास हो रहा है। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। नहरों मे कई सालों बाद पानी आया है। बिजली व्यवस्था चुस्त एवं दुरूस्त है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को लेकर अभी से पार्टी को मजबूत करने के लिए जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि गांव की चौपालों से लेकर सड़क के नुक्कड़ तक में पार्टी के विकास कार्या को लोगों तक पहुंचाने का काम करें। इस मौके पर शिव प्रकाश पांडेय, आशुतोष शुक्ल, चंद्रप्रकाश पांडेय,आशीष वाजपेई, कैलाश वाजपेई, बीके सिंह, ब्रम्हेंद्र विक्रम सिंह, अर्पित गुप्ता, अनूप शुक्ल, मनोज अवस्थी, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# किसानों की पसंद बना सुपर सीडर

- इससे खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है: जिला कृषि अधिकारी

**श्रावस्ती।** सोनवा अब किसानों को धान की पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी अभी तक किसान कम्बाइन से धान कटवाने के बाद बचे अवशेष को जला कर गेंहू की बुआई करते थे प्रदेश सरकार ने पराली जलाने पर प्रतिबन्ध लगा रखा है। जिससे किसानों के सामने खेती करना बहुत बड़ी चुनौती बन गया है ऐसे में जिले के कुछ किसानों ने सुपर सीडर से खेती करना प्रारम्भ कर दिया है।

विकास खण्ड गिलौला के ककन्दधू बरदेहरा गिलौली हन्नामर के किसानों ने किसान उत्पादक संगठन तक बना डाला। जिसमें कृषि विभाग से 80 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र खरीद कर खेती का कार्य कर रहे हैं। इसी अनुदान से भगवान बुद्ध किसान उत्पादक संगठन ने सुपर सीडर खरीद कर आस.पास के किसानों की खेती कर रहे है। यस यम यस लगे कम्बाइन से धान का खेत काटने के बाद एक ही बार में तुरन्त सीधा बुआई करने के लिये सुपर सीडर किसानों के लिए किसी वरदान से कम नही है। बार.बार जुताई के खर्च से निजात पाने की वजह से किसानों को यह तकनीक बहुत रास आ रहा है। इस संगठन के अध्यक्ष राम गोपाल कैराती बताते हैं 3 घण्टे में एक हेक्टेयर खेत पूरी तरह से तैयार हो जाता है हल्के नमी में भी अच्छी बुआई होती है इस यंत्र में रोटावेटर सीडर और पाटा तीनों लगा हुआ है। किसानों का खेत एक ही बार में तैयार हो जाता है जिससे लागत कम और बचत भी होती है। जिला कृषि अधिकारी आर पी राना बताते हैं सुपर सीडर से खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है और पराली न जलाने से प्रदूषण भी नही होता है।

# डीएम ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

संवाददाता। सुलतानपुर

**धान क्रय** केन्द्र कूरेभार, विकास खण्ड कूरेभार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केन्द्र पर उपलब्ध समस्त क्रय उपकरण चेक किये गये। पावर विनोइंग फैन, जनरेटर चलता हुआ ठीक स्थिति में पाया गया, नमी मापक यंत्र की बैट्री डाउन पायी गयी, जिसे जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को चेन्ज कराने का निर्देश दिया। मौके पर किसान के धान ट्राली खड़ी थी और धान की तौल करायी जा रही थी उपस्थित किसान भारद्वाज, ग्राम बरौली, हरीराम वर्मा, ग्राम कौडियावा, पीयूष चन्द्र मिश्रा, ग्राम साधवाबारी आदि उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से पूछा कि क्रय प्रक्रिया से संतुष्ट हैं अथवा नहीं, जिस पर किसानों द्वारा बताया गया कि उन्हें कोई परेशानी नहीं है। क्रय केन्द्र ठीक चल रहा है। इसके अतिरिक्त कुछ और धान से लदी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी लाइन में, जिनकी तौल करायी जानी थी। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि बारिश की स्थिति में धान को तिरपाल से ढक कर रखें और जिलाधिकारी द्वारा यह भी जायजा लिया गया कि केन्द्र पर तिरपाल उपलब्ध है कि नहीं, परन्तु केन्द्र पर तिरपाल उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि लगातार क्षेत्र के किसानों से सम्पर्क कर किसानों की धान की तौल ज्यादा से ज्यादा करायी जाय और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, विपणन सहायक राम सुन्दर आदि उपस्थित रहे।

## मनरेगा के तहत नलकूप तक बनेगा चकरोड

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज कोरो ग्राम पंचायत विकास खण्ड धनपतगंज में राजकीय नलकूप संख्या-234 एस0जी0 का निरीक्षण किया। निरीक्षण में नलकूप उपयोग में मिला। डिलवरी टैंक के मरम्मत हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया गया। काश्तकारों की सिंचाई हो रही है तथा जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी धनपतगंज को निर्देशित किया कि पक्की सड़क से नलकूप तक चकरोड का पुर्ननिर्माण मनरेगा अन्तर्गत कराया जाय। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विकास खण्ड धनपतगंज के अतरसुमाकलॉ ग्राम सभा में राजकीय नलकूप संख्या-269 एस0जी0 का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने निरीक्षण में पाया कि राजकीय नलकूप में विद्युत आपूर्ति बाधित पायी गयी। जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युतापूर्ति तत्काल बहाल करने हेतु निर्देशित किया।

## शिकायतों के निस्तारण में हीलावाहली बर्दाश्त नहीं

**सुलतानपुर।** शासन के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन फरियादियों की समस्याओं से रूबरू हुए। पीड़ितों की कोविड 19 की टेस्टिंग के बाद समस्याएं सुनी गईं। सुनवाई के दौरान डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र भेजवाने का निर्देश मौजूद अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नही की जाएगी। संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर दोनों पक्षों की बातों को सुनकर समस्या का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटारा करें। जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट हो जाएं। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी शिकायतें आगे चलकर बड़ा रूप ले लेती हैं। मामूली विवाद आगे न बढ़े इसके लिए त्वरित मामले का निराकरण किया जाए। उन्होंने हीलाहवाली करने वाले अफसरों पर कार्यवाही का संकेत भी दिया है। जनता दर्शन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) हर्ष देव पांडेय व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रिया सिंह मौजूद रहीं।

## लोक अदालत का आयोजन 12 दिसम्बर को

**गोंडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन में आगामी 12 दिसम्बर को जनपद न्यायालय गोण्डा एवं समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए सिविल जज सीनियर डिवीजन/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविशंकर गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार लोक अदालत का आयोजन 12 दिसम्बर को होगा जिसमें राजस्व, मनरेगा, भूमि अधिग्रहण वादों, चकबन्दी वादों, श्रम मामलों, माध्यस्थम प्रकरणों, नगर पालिकॉनगर निगम टैक्स वसूली मामलों, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना वाद, फौजदारी वाद, एन0आई0 एएक्ट, पारिवारिक वाद, इजराय वाद, लघु दाण्डिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद एंव अन्य सुलह समझौते के आधार पर होने वाले वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# ब्लॉक परिसर में जलाए अभिलेख

- साफ-सफाई का हवाला देकर जिम्मेदार झाड़ रहे पल्ला



**सुलतानपुर।** भदैंया ब्लॉक मुख्यालय परिसर में दोपहर सरकारी अखिलेखों को जलाने का मामला प्रकाश में आया है। मीडिया कर्मियों के पहुंचने पर कागजातों को जला रहे सफाई कर्मी मौके से फरार हो गए। वरिष्ठ लिपिक ने इसे साफ-सफाई का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। ब्लॉक मुख्यालय पर जल्द ही मुख्य विकास अधिकारी का मुआयना होना है। इसको लेकर पूरे परिसर में साफसफाई कराई जा रही हैं। इसके साथ आगामी 11 नवंबर को क्षेत्र पंचायत की बैठक भी प्रस्तावित है, जिसमें समस्त पंचायतों से आय-व्यय का ब्योरा, मनरेगा कार्ययोजना, 15वां वित्त, नलकूप, स्वास्थ्य, कृषि व पशु विभाग के कार्यों की समीक्षा भी होनी है। सूत्रों के अनुसार बैठक के साथ पंचायतों में कोविड किट खरीदारी के मामले में चल रही भ्रष्टाचार की जांच भी होनी है। ऐसे में इससे जुड़े अभिलेखों को आग के हवाले किया गया है। ब्लॉक की दस ग्राम पंचायतों में तापमान मापने की मशीन आठ से दस हजार की कीमत पर खरीदी गयी है। वरिष्ठ लिपिक संजय पांडेय ने कहा कि साफ-सफाई की जा रही है पुराने निष्प्रयोज्य कागज हैं जिसको नष्ट किया गया है।

## क्या कहते हैं सहायक विकास अधिकारी

इस बावत सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार पाल ने बताया कि ब्लॉक पहुंचकर इसकी जानकारी करता हूं। सरकारी कागजात यदि जलाए गये हैं तो यह गंभीर प्रकरण है इसकी जांच पड़ताल कराई जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**भंभुआ (गोंडा)।** जरवल से करनैलगंज वापस अपने घर आ रहे एक 30 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन के विरूद्ध मृतक के पिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली करनैलगंज की बब्छिलन पुरवा निवासी सियाराम पुत्र बाबूराम ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उनका पुत्र पवन कुमार बुधवार की देर शाम जरवल से करनैलगंज की तरफ आ रहा था। ग्राम भुलियापुर पुलिस चौकी भंभुआ क्षेत्र में गोंडा लखनऊ मार्ग पर उसके साइकिल पर पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार गंगवार ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता सियाराम की तरफसे अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

# अधिक वसूली पर निरस्त होगा स्टाम्प वेण्डर का लाइसेन्स

**सुलतानपुर।** उमाकान्त त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में सहायक महानिरीक्षक निबन्धन पंकज कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के अन्तर्गत स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की ओर से आमजन की सुविधा के लिये अब 10 रूपये से लेकर करोड़ों रूपये की धनराशि का स्टाम्प शुल्क मात्र एक पेपर पर प्राप्त किया जा सकता है, जिससे पक्षकारों को अपने अभिलेखों की सुरक्षा में अधिक आसानी होगी। नई व्यवस्था ई-स्टाम्प वेण्डरों को भी लाभ मिलेगा, वेण्डरों को ढ़ेरो स्टाम्प पेपर संभालने से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में कार्यरत समस्त स्टाम्प विक्रेताओं में से इच्छुक स्टाम्प विक्रेताओं को ए0सी0सी0 (प्राधिकृत संग्रह केन्द्र) बनाया गया है और आगे भी बनाया जा रहा है। जन सामान्य द्वारा बैंकों, एन0बी0एफ0सी0 संस्थाओं द्वारा 100 रूपये और 100 रूपये से कम धनराशि के स्टाम्प पेपरों का प्रयोग बहुत अधिक संख्या में बैंक ऋण, समान्य अनुबन्ध एवं शपथ पत्र हेतु किया जाता है, जिसके सम्बन्ध में जन-सामान्य को सरलता पूर्वक 100 रूपये एवं 100 रूपये से कम धनराशि के ई-स्टाम्प प्रमाण-पत्र में उल्लिखि स्टाम्प शुल्क की धनराशि प्रदर्शित मूल्य पर उपलब्ध है। जनपद की सभी तहसीलों के अधिकृत संग्रह केन्द्रों पर 100 रूपये या 100 रूपये से नीचे के ई-स्टाम्प सरलता से उपलब्ध है। जनपद में यदि कोई भी स्टाम्प वेण्डर फिजकली या ई-स्टाम्प में उल्लिखित स्टाम्प शुल्क की धनरशि प्रदर्शित मूल्य से अधिक वसूल करेगा, तो दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित स्टाम्प वेण्डर का लाइसेन्स निरस्त करते हुए उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। संग्रहण केन्द्र के लिये इच्छुक लोग स्टाक होल्डिंग कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लि0, लखनऊ को प्रार्थना पत्र देकर अभिकर्ता बन सकते हैं। संग्रहण केन्द्र के लिये स्टाम्प वेण्डर का लाइसेन्स होना अनिवार्य है।

# सीएमओ के निरीक्षण में महिला चिकित्सक मिलीं अनुपस्थित

- वेतन रोकने के निर्देश

**शिवगढ़ ( रायबरेली )।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ का औचक निरीक्षण किया। जिनके औचक निरीक्षण से सीएचसी में हड़कम्प मच गया। निरीक्षण में महिला चिकित्सक तरन्नुम नफीस अनुपस्थित मिली जिनका वेतन रोकने के लिए सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक को निर्देश दिए। विदित हो कि बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 12 बजे सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने उपस्थित रजिस्टर, लेबर रूम, वार्ड, एक्स-रे कक्ष, पैथोलॉजी, ओपीडी, ड्रेसिंग कक्ष,औषधि वितरण कक्ष, स्टोर रूम, महिला वार्ड, केएमसी लाउंज, जननी सुरक्षा योजना पंजीकरण कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में महिला चिकित्सक तरन्नुम नफीस अनुपस्थित मिली। जिस पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका वेतन रोकने के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉ.डॉक्टर एलपी सोनकर को निर्देश दिए । सीएचसी में साफसफाई और केएमसी लाउंज की व्यवस्था देखकर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.वीरेंद्र सिंह ने सीएचसी अधीक्षक डॉ.एलपी सोनकर की तारीफ की। मौके पर उपस्थित प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह ने सीएमओ को समस्याओं से अवगत कराते हुए कहाकि महिला चिकित्सक डॉ.तरन्नुम नफीस हमेशा देरी से आती हैं, और रात में कोई महिला चिकित्सक सीएचसी में नही रुकती जिसके चलते प्रसूताओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विनोद सिंह ने कहा कि यहां कोई बच्चों का डॉक्टर नही है, यदि बच्चों का डॉक्टर हो जाए तो क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# अधिवक्ता ने एसपी को दिया शिकायती पत्र

**बछरावां रायबरेली।** बीते चार नवंबर के शाम की घटना से क्षुब्ध होकर अधिवक्ता विनय कुमार बाजपेई जनपद एवं सत्र न्यायालय रायबरेली में पुलिस अधीक्षक रायबरेली को शिकायती पत्र देकर उर्दू अनुवादक थाना बछरावां के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की गुहार लगाई है। मामला कल शाम लगभग पांच बजे का है कि विनय कुमार बाजपेई एडवोकेट अपने किसी एक जरूरी कार्य से थाना बछरावां गए हुए थे। वहां पर बछरावां थाना प्रभारी निरीक्षक नहीं मिले तभी एकाएक वहां पर उर्दू अनुवादक आ गए जो अपने आप को उपनिरीक्षक बता रहे थे। उन्होंने उनसे कहा कि तुम जैसे दो कौड़ी के वकीलों को मैं कुछ नहीं समझता हूं और इसी के साथ उत्तेजित होकर मां बहन की गालियां भी देने लगे। उनके इस आचरण का अधिवक्ता विनय कुमार बाजपेई ने विरोध किया तब तैनात उर्दू अनुवादक ने कहा कि तुमको मैं ऐसे मुकदमे में फंसा दूंगा कि जीवन भर झेलोगे और मुझे याद करोगे और ज्यादा कुछ नाटक करोगे तो मैं तुम्हें जान से भी मार दूंगा। वही इस मौके पर पंकज यादव, कन्हैया साहू व अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। उर्दू अनुवादक द्वारा अधिवक्ता का सार्वजनिक स्थल पर अपमान किए जाने पर मानसिक रूप से क्षुब्ध होकर अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायती पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत करने की गुहार लगाई है।

# मजदूर की ट्रैक्टर से दबकर मौत

## पिकअप से हादसे के बाद उड़े दोनों वाहनों के परखच्चे

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सारोरा गांव के निकट और लगभग 5: 30 बजे ईट लदी ट्रैक्टर ट्राली और पिकअप की आमने सामने से भिड़ंत हो गई जिसमें ट्रैक्टर पर सवार मजदूर की ट्रैक्टर के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर शव को बाहर निकाला वहीं ट्रैक्टर चालक और पिकअप चालक दोनों ने मौके से फरार हो गए विदित हो कि बछरावां थाना क्षेत्र के सरोरा के पास एक ट्रैक्टर ट्राली ईट से लदा लखनऊ जा रहा था सुबह 5: 30 बजे लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरौरा गांव के निकट सामने से आ रही पिकअप के सामने आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें ट्रैक्टर और पिक अप के परखच्चे उड़ गये वहीं ट्रैक्टर पलट गया जिसके चलते ट्रैक्टर पर सवार मजदूर मोहित कुमार पुत्र जगत बहादुर उम्र 22 वर्ष निवासी पुरे गुलाब सिंह का पुरवा थाना खीरों ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दब गया जिसने दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कड़ी मशक्कत से बाहर निकलवाया वही ट्रैक्टर और पिकअप चालक दोनों मौके से फरार हो गए थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि पिकअप और ट्रैक्टर की भिड़ंत से ट्रैक्टर पर सवार मजदूर की मौत हुई है शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा जा रहा है दोनों चालकों की तलाश की जा रही है तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फूंका कांग्रेस का पुतला

**लालगंज,**रायबरेली। सोनियागांधी के निर्देशन में महाराष्ट्र सरकार द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार अर्णब गोस्वामी पर की गई महाराष्ट्र पुलिस की बर्बरता पूर्वक कार्रवाही का हिंदू जागरण मंच सम्पूर्ण राष्ट्र की आवाज बनकर विरोध करता है। यह बर्बरता पूर्वक कार्यवाही कांग्रेस का इतिहास जैसा रहा है 1977 की इमरजेंसी को याद कराता है। कांग्रेस सदैव जब जब ताकतवर हुई है लोकतंत्र की हत्या की है यह कांग्रेस की दमनकारी सोंच का दर्शाता है।जो भी हिंदू हित की बात करेगा ,अखंड भारत की बात करेगा पत्रकार अर्णव गोस्वामी के साथ यह घटना दर्शाती है कि सोनिया गांधी व राहुल गांधी राष्ट्रविरोधी ताकतों का समर्थन करती है।

# खुली पंचायत भवन व शौचालय की पोल

## उभाई में दोनों निर्माण में खुलकर की गई मानकों की अनदेखी

संवाददाता। बस्ती

**सरकारी** धन की लूट देखनी हो तो हर्रैया ब्लॉक का चक्कर लगा लीजिए। हर जगह अनियमितता की शिकायतें मिलेंगी। जिले का और शायद प्रदेश का पहला ऐसा ब्लॉक है, जहां के भ्रष्टाचार की मजिस्ट्रीयल जांच हो रही है। इस ब्लॉक में कमीशन और ठेके को लेकर ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ में तनातनी हुई। स्थानीय विधायक की ओर से कमीशनबाजी को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए। ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्र पंचायत में कमाई को लेकर होड़ लगी हुई है। इस ब्लॉक में पंचायत भवन और सामूदायिक शौचालय के नाम पर आए धन का बंदरबांट करने के जनप्रतिनिधि आपस में लड़ रहे है। भवनों की गुणवत्ता को ताक पर रखकर सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। किसी को भवन के अस्तित्व तक की चिंता नहीं है। इसी ब्लॉक के ग्राम पंचायत उभाई की जब जांच हुई तो कईयों की कलई खुल गई। व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। कहा जाने लगा कि आखिर सरकारी तंत्र क्या कर रहा है। हांलाकि अभी तक दोनों का निर्माण पूरा नहीं हुआ, मगर जो हुआ है, वह अधोमानक हुआ। 31.66 लाख की लागत से बन रहे पंचायत भवन के निर्माण को देखकर कहा जा सकता है, कि धन पानी में चला जाएगा। अंदाजा लगाइए जिस भवन के पिलर में लगाए गए सरिया की मोटाई कम दी जाए तो वह भवन कितने साल तक टिक सकता है। रिंग के स्थान पर वायर से का प्रयोग किया गया। किसी भवन का फाउंडेशन अगर कमजोर है तो वह भवन अधिक दिन तक नहीं चल सकता। यही हाल पंचायत भवन का भी है। चिनाई और मसाला तक अधोमानक है। चिनाई तक में कमियां पाई गई। भुगतान और अभिलेख के बारे में सेक्रेटरी कुछ नहीं बता पाया। अब जरा सामूदायिक शौचालय की गुणवत्ता पर नजर डालिए। उभाई के चौधरी टोला में सात यूनिट एवं एक स्टोर रुम के टायलेट ब्लॉक का स्लैब स्तर तक पूर्ण पाया गया। पूरा भवन अधोमानक मिला। बीम की मोटाई से लेकर प्रयोग होने वाले ईंट, सीमेंट और मसाला तक अधोमानक मिला।

# 30 हजार 54 किसानों को मिली क्षतिपूर्ति

**संतकबीरनगर**। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि बाढ़ एवं भारी बारिश से हुए जलजमाव से फसलों की हुई क्षति के सापेक्ष 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति वाले कृषकों को शासन के मानक के अनुसार तहसीलवार कृषि निवेश अनुदान आरटीजीएस के माध्यम से उनके खाते में वितरित किया गया है। उन्होने बताया कि जनपद में किसानों के हुए फसलों के क्षतिपूर्ति में आठ करोड़ 52 लाख 62 हजार 745 रुपये की क्षतिपूर्ति दी गई है। उन्होने बताया कि जनपद में कुल 245 गांव प्रभावित हुए किसानों की संख्या 30 हजार 54 का सत्यापन किया गया। खलीलाबाद तहसील में 38 गांव किसानो की संख्या 4 हजार 446, धनघटा तहसील में प्रभावित गांव की संख्या 163 किसानों की संख्या 16 हजार 711 तथा मेंहदावल तहसील में 44 गांव प्रभावित हुए और किसानों की संख्या 8897 है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों से बंटेगा ड्राई राशन

संवाददाता। बस्ती



**एकीकृत** बाल विकास सेवा के लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रो से ड्राई राशन वितरित किया जाएगा। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में डीएम आशुतोष निरंजन ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10 एवं 11 नवम्बर को इसे वितरित कराए जाने का निर्देश दिया। सभी सीडीपीओ, उपायुक्त एनआरएलएम तथा आपूर्ति एवं दुग्ध विभाग को बेहतर समन्वय स्थापित करके राशन वितरण कराने के लिए निर्देशित किया । कहा कि योजना के अनुसार आगनबाडी कार्यकत्री वितरण का रिकार्ड मेनटेन करेंगी।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आपूर्ति विभाग गेहूँ, चावल आदि उपलब्ध कराएगा। छह माह से तीन वर्ष के बच्चों के लिए एक किलो चावल, डेढ किलों गेहूँ, 750 ग्राम दाल, 450 ग्राम देशी घी, 400 ग्राम दूध, तीन वर्ष से छह वर्ष के आयु के बच्चों को एक किलो चावल, डेढ किलो गेहूँ, 400 ग्राम दूध, गर्भवती एंव स्तनपान कराने वाली महिलाओं, स्कूल से बाहर 11 से 14 वर्ष की किशोरियों को एक किलो चावल, दो किलो गेहूँ, 750 ग्राम दाल, 450 ग्राम देशी घी, 750 ग्राम दूध, गम्भीर रूप से कुपोषित 6 माह से छह वर्ष के बच्चों के लिए डेढ किलों चावल, 2.50 किलों गेहूँ, 500 ग्राम दाल, 900 ग्राम देशी घी, 750 ग्राम दूध दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी सावित्री देवी ने बताया कि जिले में तीन माह से 3 वर्ष के 128335, तीन वर्ष से छह वर्ष के 74307 बच्चे, गर्भवती व धात्री 52182 महिलाएं, 5332 किशोरी, 4206,तीन वर्ष के तथा 6 वर्ष के 3994 अतिकुपोषित बच्चे है। बैठक में सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, उपायुक्त मनरेगा इन्द्रपाल सिंह, एनआरएलएम रामदुलार, अधिशासी अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी, सीडीपीओ मिथिलेश बौद्ध, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एंव सभी सीडीपीओ उपस्थित रहीं।

# आईजीआरएस निस्तारण में संतकबीरनगर को मिला प्रथम स्थान

संवाददाता। **संतकबीरनगर**

**जनता** की शिकायतों का निस्तारण कर 'गुड गवर्नेन्स' आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश के तीन जनपदों के साथ जनपद संतकबीरनगर भी प्रथम स्थान पर शामिल रहा। शासन द्वारा जारी किये गये लिस्ट में जनपद उन्नाव, एटा, बुलन्दशहर व संतकबीरनगर ने शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता रखते हुए समयावधि में निस्तारित किया है। रैंक में संतकबीरनगर शामिल होने से जिला प्रशासन में खुशी है। जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने शासन द्वारा जारी रैंक लिस्ट के बाद जनपद स्तरीय अधिकारी सहित सभी टीम वर्क अधीनस्थ अधिकारियों को बधाई दिया है। उन्होने कहा कि यह सक्रियता आगे भी सभी अधिकारी जारी रखें। जनता की शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता के साथ समय से करें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आईजीआरएस निस्तारण के लिए प्रतिदिन मानीटरिंग करते थे।

# स्वास्थ्य शिविर में 539 मरीजों को दवा वितरित



**संतकबीरनगर**। समाजवादी पार्टी के युवा नेता व समाजसेवी प्रदीप सिंह सिसोदिया ने जनपद के दक्षिण क्षेत्र धनघटा के ग्राम औराड़ाड में निशुल्क शिविर लगाकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया। इस मौके पर डाक्टरों की टीम ने मरीजों की जांचकर दवा भी उपलब्ध कराया। ध्रुव नेत्रालय एवं चिकित्सालय के अनुभवी डॉक्टरों जिसमें जनरल फिजिशियन डा. जेपी श्रीवास्तव, नेत्र रोग के डा. सुरेश चंद्र, दंत रोग डा. आंचल श्रीवास्तव ने किया किया गया। शिविर का शुभारम्भ पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान एवं जय राम यादव विधानसभा अध्यक्ष सपा (धनघटा) ने किया। कैम्प में कुल 539 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवम निशुल्क दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर लाल शरण सिंह (अधिवक्ता), राम किशोर सिंह, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव (अधिवक्ता) झिनकू, राम लखन आदि मौजूद रहे।

# बाग घूमने गई युवती से छेड़खानी विरोध करने पर की पिटाई

## मारपीट में युवती की दादी का हाथ टूटा

संवाददाता। बस्ती

**छावनी** थाना क्षेत्र के शम्भूपुर निवासी एक युवती के साथ कुछ लोगों ने अश्लील हरकत और छेड़खानी की। जब उसने भागने का प्रयास किया तो उस पर फरसे और लाठी डण्डे से प्रहार किया। उसकी दादी को भी डण्डे से प्रहार कर चोट पहुंचाया। युवती का आरोप है कि वह घर के निकट बाग में घूमने के लिए निकली थी, जहां पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने उसे दबोच लिया। उसके साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी की। उसके चंगुल से छूटने के लिए उसने शोर मचाया। इसी बीच उसका भाई पहुंच गया और गुहार लगाया। इस दौरान मौका पाकर जब वह भागने का प्रयास किया तो एक आरोपी ने उस पर फरसा फेंककर मारा, जो उसकी जांघ पर लगा। इसके बाद वह नीचे गिर पड़ी, जिसके बाद उसे आरोपियों ने लाठी, हाकी से मारा पीटा।

बीच बचाव करने आई उसकी दादी पर भी डण्डे से प्रहार किया। मारपीट में उसकी दादी का हाथ भी टूट गया। शोर और चीख पुकार सुनकर कुछ लोग दौड़े तब जाकर उसकी जान बची। एक आरोपी पर छावनी थाने में मारपीट और छेड़खानी के चार मुकदमें पहले से दर्ज हैं और वे काफी दबंग हैं। मामले में युवती ने आरोपियों के विरूद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# आसान नहीं आशा बहुओं और नर्सिंग होम पर कार्रवाई करना!

## डीएम और सीएमओ चाहे तो भी बर्खास्त नहीं कर सकते, जिला स्वास्थ्य द्व स्वच्छता समिति को हटाने के प्रस्ताव का पारित करने का है अधिकार

संवाददाता। बस्ती

**दूरदराज** से महिला अस्पताल में डिलीवरी के लिए आने वाले गरीब मरीजों का आशा बहुओं और नर्सिंग होम द्वारा शोषण करने का मामला काफी पेचीदा होता जा रहा है। हालात यह है कि डीएम और सीएमओ चाहे तो भी आशा बहुओं के खिलाफ सीधे तौर पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकते। क्यों कि बर्खास्त करने का अधिकार ग्राम स्वास्थ्य समिति निहित है। अलबत्ता डीएम के अध्यक्ष वाली जिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति में हटाने का प्रस्ताव अवश्य पारित किया जा सकता है, मगर हटाने का निर्णय ग्राम स्वास्थ्य समिति करेगी।

इसी तरह अगर किसी नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई के लिए सिर्फ शिकायत पत्र या डीएम का दिशा-निर्देश ही काफी नहीं हैं, बल्कि सबूत चाहिए, और सबूत मिलेगा ही नहीं। प्रशासन से शोषण की शिकार गरीब महिलाएं सवाल कर रही हैं, कि उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ क्या कभी कोई कार्रवाई होगी भी या नहीं? वैसे सात नवंबर को होने वाले जिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की बैठक में महिला अस्पताल की सीएमएस के द्वारा मामला उठाने की तैयारी हो रही है। पीड़ित महिलाओं की माने तो महिला अस्पताल लूटखसोट का केंद्र बन गया है। खुलेआम ग्रामीण क्षेत्रों की मरीजों भय दिखाकर अस्पताल से उठाकर प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर डिलीवरी कराया जाता है, उसका सबसे अधिक खामियाजा गरीब परिवार को ही भुगतना पड़ रहा है। मरीजों को उठाने का काम न सिर्फ आशा बहुएं ही नहीं, अस्पताल के कई अन्य लोग और ठेला, चायपान बेचने वाले करते है।

इन लोगों का जमावड़ा सुबह से ही शुरू हो जाता, जिसे कभी भी प्रत्यक्ष और सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता है। यह अस्पताल हाल ही उस समय सुर्खियों में आया जब चार पीड़ित महिलाओं तीन आशा बहुओं और प्राइवेट अस्पताल का नाम देकर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, डीएम और सीएमओ से शिकायत की। डीएम ने जांच और कार्रवाई का आदेश भी दिया।

# त्यौहार के समय कोरोना को किया अनदेखा तो पड़ जाएंगे मुसीबत में

## मास्क लगाकर ही निकलें बाहर और उसी दुकान से करें खरीदारी जहां पर सभी ने ढक रखे हों मुंह

संवाददाता। मिर्जापुर

**त्यौहार** ने दस्तक दे दिया है। नवरात्र मेला खत्म होते ही त्यौहारों का समय आ जाता है। नवरात्र के बाद पहले दशहरा और फिर दीपावली आ जाती है। यह समय लोगों को थोड़ा उत्साहित कर देता है। इस समय कोरोना संक्रमण के जो आंकड़े भी आ रहे है वह भी थोड़ा राहत देने वाला है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि अक्टूबर माह में कोरोना संक्रमण की दर 3.86 रही। वही नवम्बर के शुरूआती दौर में ही संक्रमण की दूर 1.70 हो गई है। यदि अत्यधिक उत्साह में सावधानियों को रखना यदि सभी लोग भूल जाए तो सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इस समय सावधानियों को कभी अनदेखा न करें। त्यौहार के समय में बाजारों व सड़कों पर भीड़ होने पर सावधानी को अनदेखा करने पर सभी लोग कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एल-1 के प्रभारी यूएन सिंह के अनुसार केवल कोरोना संक्रमण ही बदलते मौसम के चलते इन दिनों तमाम रोगों का खतरा बना रहता है। इसलिए त्यौहार के इस अवसर पर अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि इस समय बाजार में खरीदारी करने जाएं तो मास्क लगाकर ही घर से निकलें इसके साथ ही सेनेटाइजर की एक छोटी शीशी अपने साथ अवश्यक रखें। यदि आप किसी भी वस्तु या समानों को बाजार में खरीदारी के दौरान छुंए तो अपने हाथों को सेनेटाइजर अवश्य करें। इसके अलावा प्रयास करें कि उसी दुकान पर खरीदारी कि जाएं जहां सभी लोगों द्वारा मास्क का प्रयोग किया जा रहा हो।

**बाजार से लौटाने पर सावधानियां:** बाजार से लौटने के बाद अपने कपड़ों को अवश्य बदलकर उसे गर्म पानी में डालकर धोएं। हाथों को अच्छी प्रकार से साबुन व हाथों से धोने का कार्य करें। यदि सम्भव हो तो गुनगुना पानी से अवश्य नहाएं। बाजार से लौटने पर सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सीय परामर्श अवश्य लें।

# जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान

संतकबीरनगर (**सेमरियावां**)। ब्लाक क्षेत्र के गांव दुधारा में जलनिकासी हेतु नाला निर्माण न होना ग्रामवासियों की परेशानी का कारण बना हुआ है। जलजमाव के कारण आवागमन में दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इसकी सुधि लेने वाला वर्तमान में कोई नहीं है। मामले को लेकर ग्रामीणों में असंतोष कायम है।

सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांव दुधारा में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

जेई, एईएस प्रभावित गांवों की सूची में शामिल इस गांव में नाला निर्माण न होना लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। वर्षों से कायम इस समस्या पर संबंधित जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों में रोष है।

# अफसरों के ठेंगे पर हैं 'माननीय'

## उनकी शिकायतों का हल्के में कर रहे निपटारा

संवाददाता। बस्ती



**आईजीआरएस** में की गई शिकायतों का निस्तारण करने में गुणवत्ता का जरा भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। षिकायत किसी और की जाती है, और निस्तारित किसी और का बता कर दिया जाता है। यह घटना अगर आम शिकायतकर्त्ताओं के साथ में हो तो बात समझ में आती है, मगर जब किसी 'माननीय' की शिकायत पर खास तौर पर जब मामला सीएम संदर्भित से जुड़ा हो तो समझ से परे हो जाता है। मामला सांसद रविंद्र कुशवाहा से संबधित का, सीएम को लिखे पत्र में सांसद ने पीडब्ल्यूडी में लागू प्रहरी एप को समाप्त करने का अनुरोध किया था। जो कि सीएम कार्यालय के आईजीआरएस संख्या 19188200055897 अंकित है। जिसे सीएम के विशेष सचिव सुभ्रांत शुक्ल ने अपर सचिव एवं प्रमुख अभियंता पीडब्लूडी को पृष्ठांकित किया गया। मुख्य अभियंता मुख्यालय वन की ओर से लापरवाही बरतते हुए स्व. चेतन चौहान की पत्नी संगीता चौहान के आईजीआरएस संख्या 15157200047097 जो कि चेतन चौहान के नाम सड़क का नाम रखने का हैं, उसे अपलोड करके मामले को निस्तारित कर दिया। जबकि शिकायत प्रहरी एप को लेकर की गई थी आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष को प्रहरी एप को लेकर अभियान चलाने वाले सरद कुमार सिंह का कहना है कि षासन और विभाग के अधिकारियों द्वारा सीएम की छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारी अपनी कमियों को छिपाने के लिए सच को सामने नहीं ला रहे है। इसी तरह की शिकायत अन्य 17 माननीयों के द्वारा की गई है।

**खेमयू ने सौपा 11 सूत्रीय ज्ञापन**

**बस्ती**। खेत मजदूर यूनियन की ओर से मुख्यमंत्री को सम्बोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया गया है। खेमयू जिलाध्यक्ष राम अचल, जिला मंत्री का. वीरेन्द्र प्रताप मिश्र के नेतृत्व में सौपे गए ज्ञापन में बिगड़ती कानून व्यवस्था बेहतर करने, बलात्कार की घटनाओं पर अंकुश लगाने, दलितों, निर्बलों पर अत्याचार रोकने आदि की मांग की गई है।

# विभागीय कार्यो में रूचि नहीं लेने पर सीवीओ को नोटिस

**बस्ती**। विभागीय कार्यो के प्रति रूचि न लेने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अश्विनी तिवारी को कारण बताओं नोटिस जारी की गई है। मुख्य विकास अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने नोटिस जारी कर उन्हे तीन दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कहा है कि यदि समय से संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नही हुआ तो विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को संदर्भित किया जाएगा। विभिन्न योजनाओं की समीक्षा में पाया कि जनपद में संचालित अस्थायी गोआश्रय स्थलों पर गोवंश के भरणपोषण हेतु भूसा भण्डारण की स्थिति स्थलवार उपलब्ध नहीं कराई गई, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुओं में एफएमडी टीकाकरण के अन्तर्गत 469000 लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 73777 का ही टीकाकरण कराया गया है।

# यूनानी अस्पताल पर महीनों बाद भी नहीं हुई डाक्टर की तैनाती

## प्रतिदिन दर्जनों मरीज हो रहे स्वास्थ्य सेवा से वंचित

सेमरियावां (**संतकबीरनगर**)। राजकीय यूनानी चिकित्सालय सेमरियावां में महीनों बीत जाने के बाद भी प्रभारी चिकित्साधिकारी की तैनाती नहीं हो सकी है जो कि मरीजों व तीमारदारों की परेशानी का कारण बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराये जाने के उद्देश्य से दशकों पूर्व सेमरियावां में राजकीय यूनानी चिकित्सालय की स्थापना की गई थी। विभागीय जिम्मेदारों के उपेक्षाकृत रवैये के कारण राजकीय यूनानी चिकित्सालय अपनी पहचान खोता जा रहा है लगभग एक साल बीत जाने के बाद भी प्रभारी चिकित्साधिकारी की तैनाती नहीं हो सकी है।

वर्तमान समय में फार्मासिस्ट ओबैदुर्रहमान, भृत्य दिनेश कुमार, चौकीदार राजमुनि तैनात हैं। इस अस्पताल पर प्रतिदिन 35-40 मरीज आते हैं। अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव कायम है। जानकारी व मांग के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने शासन- प्रशासन से उत्पन्न समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

# मिशन शक्ति: हर माह अलग-अलग थीम पर मनाने का निर्णय

## इस बार की थीम मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा व सपोर्ट

## आश्रयगृहों में रह रहीं महिलाओं व बालिकाओं को पहुंचाएंगे मदद

संवाददाता। मिर्जापुर

**प्रदेश** में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति को हर माह अलग-अलग थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है । इस माह की थीम मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक मुददों से सुरक्षा और सपोर्ट तय की गयी है । महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के साथ संयुक्त कार्ययोजना बनाकर इसे चलाया जा रहा है निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है मिशन शक्ति के मुख्य उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं को स्वावलंबी बनानाए उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना और जनजागरूकता पैदा करना शामिल है। आत्मसुरक्षा की कला विकसित करने के लिए महिलाओं और बच्चों को प्रशिक्षित करना तथा उनके प्रति हिंसा करने वालों की पहचान उजागर करने के दृष्टिगत मिशन शक्ति के दूसरे चरण में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट पर कार्य किया जाना तय किया गया है । इस माह के दौरान इसके तहत मुख्य रूप से चार स्तरों पर कार्य किया जाएगा। जैसे मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक सपोर्ट पर जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान करना, सहायता, सेवा, संरक्षण व सुरक्षा सम्बन्धी निर्णय लेने की क्षमता में विकास करना और उच्च परामर्श के लिए रेफर करने का कार्य किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत इस माह मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक सपोर्ट पर जिनको सेवाएं दी जानी हैं उनका चिन्हांकन किया जा रहा है । इनमें आश्रय गृहों में रहने वाली महिलाएं व बच्चे शामिल हैंए चाहे वह किसी क़ानूनी वजह से या देखरेख व संरक्षण की आवश्यकता के चलते रह रहे हो या उनके खिलाफ किसी प्रकार का अपराध या हिंसा हुई हो । इसके अलावा पाक्सो एक्ट या यौन हिंसा में शामिल रहे बच्चे व महिलाएं तथा उनके परिवार और समस्त संस्थानों से घर वापस गए या जमानत पर घर गए बच्चों व महिलाओं और उनके परिवार को मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर सपोर्ट दिया जाएगा । ऐसे परिवार या व्यक्ति जिन्होंने कोविड-19 के कारण अपने प्रियजनों को खोया है। कोविड-19 प्रभावित व्यक्ति, बच्चे, महिलाएं या उनके परिवार को इसके तहत मदद पहुंचाई जाएगी। कोविड-19 के दौरान लैंगिक हिंसा से जीवित, संघर्षरत, व्यक्ति विशेष, बच्चे, महिलाएं तथा उनके परिवार को मदद पहुंचाई जाएगी । इसके साथ ही बाल श्रमिकए प्रवासी श्रमिक, महिलाएं, बच्चे और उनके परिवार के अलावा जिनको भी उक्त परामर्श सेवाओं की आवश्यकता होगी उनको मदद पहुंचाई जाएगी ।

मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए निरूशुल्क सेवा देने के इच्छुक लोगों से मदद को हाथ बढाने की अपील भी की गयी है। निदेशक महिला कल्याण का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलों में भौतिक या ऑनलाइन माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक सपोर्ट सेवाएं दी जाएंगी । इसके लिए मनोवैज्ञानिकों, मनोवैज्ञानिक संस्थानो, संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, विशेषज्ञों, अनुभवी व्यक्तियों जो मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सपोर्ट सेवाएं मुफ्त में प्रदान करने के इच्छुक हैं वह सम्बंधित जिले के प्रोबेशन अधिकारियों या जिला कार्यक्रम अधिकारियों से संपर्क कर इस मुहिम में सहयोग कर सकते हैं । प्रमुख कार्यक्रम ग्राम, ब्लाक व जनपद स्तर पर 16 नवम्बर को वयस्कों में मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक आवश्यकताएं, मुद्दे तथा सपोर्ट प्रणाली के तहत संध्या चौपाल, नुक्कड़ नाटक, फोक शो, वेबिनार व सेमिनार आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । इसके अलावा बेटियों से पहचान थीम पर 18 नवम्बर को जनजागरूकता कार्यक्रम ग्राम से लेकर जिला स्तर पर आयोजित होंगे।

इसके तहत परिवारों और दुकानदारों को जागरूक किया जाएगा कि वह अपने घरों व दुकानों को परिवार की महिलाओं व बेटियों के नाम पर पहचान दें । अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर 20 नवम्बर को ग्राम से लेकर जिला स्तर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में बच्चों और किशोरों की सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक आवश्यकताओं, मुद्दों और सपोर्ट प्रणाली पर भौतिक शक्ति संवाद किया जाएगा ।

23 नवम्बर को ग्राम या ब्लाक व जनपद स्तर पर बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी रोकथाम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य व परामर्श से जुड़े मुद्दे पर प्रतियोगिताएं, प्रश्नोत्तरी, रैली, समूह चर्चा आदि आयोजित होंगे।

25 नवम्बर को हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके तहत यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा तथा दहेज हिंसा आदि के बारे में संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझावों मदद के लिए दो घंटे के पारस्परिक संवाद का आयोजन किया जाएगा।

## जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम की बैठक 11 नवंबर को

**देवरिया** । जन्ममृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम के तहत गठित जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आगामी 11 नवंबर 2020 को सायं 5 बजे धनवन्तरि सभागार में आहूत की गयी है। इस बैठक में समिति से जुडे सभी विभागो के अधिकारियों को प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा आलोक पाण्डेय ने दी है।

## आज से मंडी में ही मिलेंगे सब्जी व फल

**जौनपुर**। शीतला चौकिया नवीन मंडी स्थल में व्यापारियों व आढ़तियों किसानों पर प्रवेश पर रोक हटा ली गई है। बीते बुधवार की भारी भीड़ आवागमन में सड़कों पर जाम की स्थिति देखते हुए आज जिला प्रशासन व मण्डी के पदाधिकारियों की वार्तालाप हुई जिसमें अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश व मंडी परिषद के अध्यक्ष महेन्द्र सोनकर व सदस्यों ने मिलकर यह फैसला लिया कि मण्डी स्थल पर पूर्व की तरफसब्जी फल की दुकानें खुली रहेंगी।

## किरन ने राजघराना शो रूम का किया उद्घाटन

**जौनपुर**। नगर के जहांगीराबाद स्थित लेडीज व किड्स वियर कलेक्शन से परिपूर्ण प्रतिष्ठान राजघराना शो रूम का उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरन श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता हैदर अब्बास ने बताया कि राजघराना शो रूम में महिलाओं से सम्बन्धित कपड़े उपलब्ध हैं।

## परमहंस कुटी पर भण्डारा लगा विशाल मेला

**नौपेड़वा**। बक्सा ब्लाक के औंका गांव में बाबा शंभू अमर दास परमहंस कुटी पर वार्षिक भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रदेश के कोने.कोने से तमाम संत महापुरुषों का आगमन हुआ। क्षेत्रीय लोग संत महापुरुषों का दर्शन करते हुये देवस्थल पर लगे मेले का आनन्द लिये। बता दें कि उक्त पावन पवित्र धाम 4 गांव की सीमा से लगा हुआ है।

## जमीनी विवाद में चली गोली, महिला घायल

**जौनपुर**। जनपद के थाना जलालपुर क्षेत्र स्थित रेहटी गांव में जमीनी विवाद को लेकर चली गोली से एक महिला जख्मी हो गयी है जिसका उपचार जौनपुर सदर अस्पताल में हो रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की छान बीन में जुट गयी है हालाकि गोली चलाने वाला अभियुक्त पुलिस पकड़ से दूर बताया जा रहा है।

## टैंकर की चपेट में आने से महिला की मौत

**जौनपुर**। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शिवापार में निर्माणाधीन फोर लेन पर गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे टैंकर की चपेट में आने से साइकिल सवार महिला की मौत हो गई और उसकी ननद गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी थाना क्षेत्र के ककरहिया नेवादा गांव की सुषमा देवी 30 पत्नी राजेश कुमार गौतम अपनी ननद नंदिनी 22 पुत्री राम आसरे गौतम के साथ साइकिल से खरीददारी करने शहर आई थीं।

## लगी आग, गृहस्थी का सामान स्वाहा

**शाहगंज,जौनपुर**। स्थानीय क्षेत्र के नटौली गांव मे अज्ञात कारणों से रिहायशी छप्पर में आग लग गई। अगलगी की इस घटना में 50 हजार रुपये मूल्य का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार नगर से सटे नटौली गांव निवासी बांके लाल राजभर के रिहायशी छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आने से लगभग 50 हजार रुपये मूल्य का गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। नागरिकों के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। पीड़ित ने अपने पट्टीदारों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। वहीं सूचना पर पहुंची आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

## जहरखुरानी व चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चन्दौली**। जीआरपी व आरपीएफडीडीयू पुलिस ने प्लेटफार्म संख्या 7द्8 के पास से 3 लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से पुलिस ने 224 ग्राम नशीला पाउडरए8700 रु नगद व एक मोबाइल फ ोन बरामद किया।पकड़े गए अभियुक्तों में सागर,सन्नी व संग्राम जनपद चंदौली निवासी बताए जाते हैं जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जूट गई। अभियुक्त ट्रेनों और स्टेशनों पर जहरखुरानी व चोरी का कार्य करते थे।

## पेट्रोल पंप हत्याकांड में कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

**गाजीपुर**। जनपद के सैदपुर कोतवाली अंतर्गत पियरी बजार में तरांव मोड़ के पास अंतर्जनपदीय अपराधी ऊदल बिन्द उर्फ रूदल बिन्द उर्फ विकास निवासी जमालपुर थाना कोतवाली जनपद गाज़ीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। रूदल बिन्द सारनाथएसैदपुर और नन्दगज थाना का नामजद अभियुक्त है।

# मुख्तार के एक और करीबी पर गाज

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाई थी तीन मंजिला भव्य इमारत

### वाराणसी-गोरखपुर मार्ग पर आवागमन को किया गया था प्रतिबंधित



संवाददाता। मऊ

**मऊ** सदर विधान सभा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी मुहम्मद ईशा के अवैध प्लाजा पर गुरुवार को जिला प्रशासन व पुलिस ने बुल्डोजर चलवाया।
सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए गए तीन मंजिला पेरिस प्लाजा को गिराने में तीन घंटे से अधिक का समय लगा। यह इमारत गोरखपुरवाराणसी स्थित गाजीपुर तिराहे के समीप बनी थी। इसकी अनुमानित लागत 20 करोड रुपए बताई गई। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से अफरातफरी रही। इस दौरान पुलिस फोर्स तैनात रही। सिटी मजिस्ट्रेट जेएन सचान और सीओ सिटी नरेश कुमार ने बताया कि मुहम्मद ईशा सहादतपुर का रहने वाला है और मुख्तार अंसारी गैंग का करीबी है। इसने वाराणसी गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गाजीपुर तिराहे के समीप बिना नक्शे के तीन मंजिला इमारत बनाई थी। इस सम्बंध में वर्ष 2004 से मुकदमा विचाराधीन था। 27 अगस्त 2020 को पारित ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ मुहम्मद ईशा ने कलेक्टर व नियंत्रक प्राधिकारी मऊ न्यायालय में अपील की थी। इसको लेकर कलेक्टर ने 31 अक्तूबर को अपील निरस्त कर दिया था और ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था। राजमार्ग का रूट किया गया डायवर्ट,ध्वस्तीकरण का आदेश होने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट जेएन सचान, सीओ सिटी नरेश कुमार, शहर कोतवाल राम सिंह पुलिस व पीएसी के साथ दोपहर में पेरिस प्लाजा पहुंचे। जेसीबी और पोकलैंड से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई जो घंटों तक चली। इस दौरान किसी भी प्रकार की घटना न होए इसके लिए वाराणसी-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग का रुट डायवर्ट कर दिया गया था। मुख्तार गैंग का नजदीकी है ईशाअपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि मु ईशा मुख्तार अंसारी गैग का नजदीकी है। इसका फायदा उठाकर इसने गाजीपुर तिराहे पर सरकारी भूमि पर कब्जा करके तीन मंजिला प्लाजा तैयार कर लिया था। इस इमारत की कीमत लगभग 20 करोड रुपए होगी। उधर ईशा के अधिवक्ता जावेद का कहना है कि यह ध्वस्तीकरण गलत से तरीके से किया जा रहा है।

### प्रॉपर्टी डीलर पर एफआईआर

**गाजीपुर**। जनपद मरदह थाना क्षेत्र के सुलेमापुर गांव निवासी कांति देवी ने मुख्तार अंसारी के करीबी व प्रॉपर्टी डीलर गणेश दत्त मिश्रा के खिलाफजमीन के फर्जीवाड़े में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इससे पहले गणेश दत्त मिश्रा का लाइसेंसी असलहा भी निरस्त किया गया था। पुलिस की कार्रवाई से खलबली मची हुई है। शहर कोतवाल विमल कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर गणेश दत्त मिश्रा के खिलाफकार्रवाई की जा रही है।

## भू-माफियाओं में खलबली

**मऊ**। शहर कोतवाली अंतर्गत गाजीपुर तिराहा स्थित प्लाजा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद जिले के दर्जनों भू-माफियाओं में खलबली मच गया। जबकि इसके पूर्व जिला प्रशासन द्वारा दर्जनों भू-माफियाओं के खिलाफ नोटिस जारी किया जा चुका है। लेकिन आश्चर्य यह है कि एफआईआर व नोटिस की कार्रवाई के बाद भी अभी तक जिला प्रशासन तक आगे की कार्रवाई नहीं किया गया। भू-माफियाओं के खिलाफशासन द्वारा सख्त रुख अख्तियार किए जाने के बाद अब जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी सख्ती के साथ कार्रवाई करना तेज कर दिया है। इस क्रम में गुरुवार को मुख्तार अंसारी गैंग के करीबी ईशा निवासी सहादतपुरा शहर कोतवाली की ओर से वाराणसी-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गाजीपुर तिराहे के समीप बिना वैध नक्शे के बने तीन मंजिला प्लाजा पर कलेक्टर व नियंत्रक प्राधिकारी जनपद न्यायालय की अपील खारिज होने के बाद बुल्डोजर चला दिया गया। शहर के गाजीपुर तिराहा स्थित मुख्तार अंसारी गैंग के करीबी भू माफिया मुहम्मद ईशा के करोड़ों की लागत से बने प्लाजा के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद एक तरफ जहां पूरे दिन अफरातफरी मचा रहा। वहीं दूसरी तरफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद जिले के दर्जनों भूमाफियाओं में खलबली मच गया। जबकि इसके पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी द्वारा एक दर्जन से अधिक भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए नोटिस जारी किया गया था। लेकिन सबसे ज्यादा आश्चर्य यह है कि भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने व नोटिस की कवायद के बाद भी सभी कार्रवाई सिर्फ कागजों में ही सीमित होकर रह गया है। साथ ही साथ भू.माफियाओं के वर्चस्व व दबंगई को देखते हुए जिला प्रशासन के सामने भी सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### एफआईआर व नोटिस तक ही सीमित तक रह गई जिला प्रशासन की कार्रवाई

## शाहगंज बाईपास को लेकर सांसद मिले से समाजसेवी ईशान

**शाहगंज, जौनपुर**। स्थानीय नगर के जाम की समस्या को देखते और नगर के विकास हेतु बाईपास जैसे महत्वपूर्ण मांग हेतु प्रस्तावित वाराणसी-अयोध्या राजमार्ग के अन्तर्गत शाहगंज बाजार के बाहर से बाईपास देने हेतु समाजसेवी ईशान राम सांसद बीपी सरोज से मिले। इस मौके पर सांसद ने सहर्ष बाईपास स्वीकृत किया। साथ ही आगे की कार्यवाही हेतु सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को पत्र लिखने की बात कहते हुये बाईपास पास करने संबंधी बात भी किये।

## समाजसेवी बलवानी के सहयोग से गरीब बेटी का हाथ हुआ पीला

**जौनपुर**। भदेठी काण्ड में घरए बारए गृहस्थी के सामान समेत सब कुछ तबाह हो चुके एक गरीब परिवार की बेटी का हाथ एक समाजसेवी के सहयोग से पीला हुआ। पूरे 1 लाख का सहयोग मिलने के बाद माता.पिता ने बेटी की शादी धूमधाम से किया। इस समाजसेवी की दरियादिली को पूरा गांव एक जुट होकर सलाम किया।

# टाउन हॉल में मिली ईवीएम मशीनें



### राजनीतिक दलों के प्रदर्शन के बाद एडीएम प्रशासन के सामने सील

संवाददाता। देवरिया

टाउन हॉल परिसर में ईवीएम मशीन और बीपी पैड मशीन मिली जहां राजनीतिक दलों की नजर उस पर पड़ गई जहां टाउन हॉल परिसर में कांग्रेस और बीएसपी के कार्यालय हैं जहां राजनीतिक कार्यकर्ताओं के हंगामा करने पर तुरंत आला अधिकारी पहुंच गए जिनमें अपन निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन राकेश पटेल सीओ निष्ठा उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी पहुंच गए ।
जहां उनके हस्तक्षेप से जिस कमरे में मशीनें रखी गई थी उसको सील किया गया सील करने के बाद सभी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं से हस्ताक्षर कराया गया वहीं राजनीतिक दलों को समझा.बुझाकर भेज दिया गया जहां गौरतलब है कि कुछ सरकारी कर्मचारी जो इन मशीनों को इधर से उधर कर रहे थे तभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की नजर पड़ गई जहां हंगामा शुरू हो गया था ।

### डीएम, एसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**जौनपुर**। जिलाधिकारी दिनेश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने रिटर्निंग आफिसर नीतीश कुमार के साथ मतगणना स्थल नवीन मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये निर्देश दिया कि स्ट्रांग रूम के चारों तरफ कड़ी निगरानी रखी जाए तथा बैरिकेडिंग को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि एक सेक्टर मजिस्ट्रेटए कैमरे पर निगरानी रखनेए लाइट तथा टेंट वाले 24 घंटे वहां उपस्थित रहेंगे। उन्होंने रिटर्निंग आफिसर को कहा कि सभी की 3 शिफ्टों में 8.8 घंटे की ड्यूटी लगा दी जाए।

# डीएम ने 12 प्रचार वाहनों को झंडी दिखा किया रवाना

**सिद्धार्थनगर**। प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के अन्तर्गत जनपद के 12 विकास खण्डों के लिए योजना की अधीन आच्छादित होने वाले लाभार्थियों एवं आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा गुरुवार को 12 प्रचार.वाहनों को विकास भवन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। विकास खण्ड बर्डपुर तथा उसका बाजार में लाभार्थियों का मोबाइल से जियोटैंग न होने के के कारण आवास स्वीकृत नही हो रहा है जिसके कारण इन विकास खण्डों हेतु प्रचार वाहन रवाना नही की जा रही है। उक्त सभी वाहन रिकार्डिंग एवं लाउडस्पीकर से तथा जागरूकता संबधी फ्लैक्स से लैश है। ये वाहन पूरे एक माह तक गांव.गांव जाकर योजना का प्रचार.प्रसार एवं लाभार्थियों तथा आम जनता को जागरूक करेगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्गए पी0डी0 सन्त कुमारए जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह तथा विकास भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनुपस्थित नहीं थे शिक्षामित्र

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।। 3 नवंबर को प्राथमिक विद्यालय रंगरेज पूर्व में केवल शिक्षामित्र दिव्या पाठक ही अनुपस्थित थीं, जबकि प्रधानाध्यापक मोहम्मद यासीन सहायक अध्यापक मुशीर अहमद अवकाश पर थे। इस दौरान शिक्षामित्र विक्रम प्रसाद और शिक्षामित्र अंजुम आरा उपस्थिति थीं। इनको अनुपस्थित दर्शा दिया गया था।

## संजीवनी श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**मुग़लसराय,चन्दौली ।** स्थानीय आर्य समाज मंदिर के पीछे एक भवन में संस्कृति संजीवनी श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन बुधवार को प्रारंभ हुआ। जिसके तहत सायं 3 से 7 बजे तक 7 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन भी किया गया है। कथा के प्रथम दिवस पर कथा श्रवण कराते हुये श्री श्री अखिलानंद जी महाराज ने कहा कि जहां भगवान की कथा होती है और जहां भक्त कथा श्रवण करते हैं वहां भगवान पधारते हैं। जो भगवान के चरणों में अपने को समर्पित कर रखा है उसके ऊपर कलि का प्रभाव नहीं पड़ता। भक्ति को धन से प्राप्त नहीं किया जा सकता।भक्ति को भाव से ही प्राप्त किया जा सकता है। ज्ञान यज्ञ के द्वारा ही ज्ञान और वैराग्य की स्थापना होती है।

## दबंगो से पीड़ित व्यापारियों की डीएम से गुहार

**सकलडीहा,चन्दौली।** भू माफियाओं द्वारा कस्बा के व्यापारी और महिलाओं के खिलाफ किये गये दुर्व्यवहार को लेकर सपाई लामबंद है। गुरूवार को सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव के नेतृत्व में पीड़ित परिवार डीएम से मुलाकात किया। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार को मामले की जांच कर न्याय दिलाने का भरोशा दिया। वही दूसरी ओर सपा प्रवक्ता मनोज सिंह काका व्यापारियों के साथ एसडीएम से मुलाकात कर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा की जांच की मांग उठाया है। एसडीएम ने मामले का निष्पक्ष जांच का भरोशा दिया।कस्बा सहित आसपास गांव में जमींदारों द्वारा जनहित में नालाए पोखराए और गढ़ई की खोदाई पूर्व में कराया था। जिसका जिक्र बंदोवस्ती अभिलेख में है। लेकिन भू माफिया और रियल स्टेट कारोबारी औने पौने दाम में गरीबों पर दबाब बनाकर कस्बा की अधिकांश गढ़ई को अपने नाम रजिस्टरी करा लिया। यही नही सुप्रिम कोर्ट की गाइड लाइन के बावजूद भू माफिया गढ़ई पाटकर कब्जा कर रहे है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन मौन है। बीते सोमवार को दबंगों द्वारा रास्ता के लिये वर्षो पूर्व आरएसएस द्वारा संचालित पुरानी स्कूल की दिवार सहित व्यापारियो का पुश्तैनी घर गिरा दिया गया। विरोध करने पर दबंगों ने व्यापारी पुत्र की बर्बर पिटाई किया। महिलाओं को जबरन थाने भेजकर दुर्व्यवहार किया गया।

## पत्रकार एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा पत्रक

**गाजीपुर**। पत्रकार अर्नब गोस्वामी के साथ महाराष्ट्र पुलिस द्वारा किये गये दुर्व्यवहार पर खिन्न गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के सदस्यों में घोर असंतोष व्याप्त हो गया। इस घटना के विरोध में महामहिम को सम्बोधित ज्ञापन 5 नवम्बर को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को सौप दिया गया। पत्रकारो ने पत्रक के माध्यम से मांग किया कि संवैधानिक पद पर आसीन होते हुए भारतीय संविधान का दुरूपयोग कर लोकतंत्र की गरिमा धुमिल करने के कुकृत्य पर सम्बन्धित डीजीपी महाराष्ट्र को बर्खास्त करने तथा संविधान के रक्षक कलमकारों के खिलाफ हो रहे घटना की पुनरावृत्ति पर रोक लगाने का अनुरोध कियां।

# पुलिस अधीक्षक ने किया महकमे में भारी फेरबदल

**सिद्धार्थनगर**। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस महकमे में फेर बदल किया है।किये गए फेरबदल में 4 की थानेदारी छीन गयी है तो कई के कार्य क्षेत्र बदल दिए गए हैं। किए गये स्थानांतरण में दो उपनिरीक्षकों को नेपाल बॉर्डर के थानों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। नि राधेश्याम राय को प्रभारी निरीक्षक मोहना से हटाकर सिद्धार्थनगर थाने की सौपी कमान। नि दिनेश चन्द्र चौधरी को प्रभारी निरीक्षक उसका से हटाकर चिल्हिया की कमान, निरीक्षक राम आशीष यादव को प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ से हटाकर लोटन की कमान, नि0 राजेन्द्र बहादुर सिंह को प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर से हटाकर शोहरतगढ़, राहुल सिंह यादव को पुलिस लाइन से उसका थाने की कमान सौंपी गई है। नि0 राम दरश आर्या को प्रभारी एएचटीयू से हटाकर पथरा थाने की जिम्मेदारी तो उनि0 जय प्रकाश दूबे को सिद्धार्थनगर से हटाकर मोहाना थाने की कमान। इसीक्रम में उनि0 महेश सिंह को प्रभारी चौकी बढ़नी से हटाकर कपिलवस्तु का थानाध्यक्ष बनाया गया है। उनि0 हरि नारायन दीक्षित को प्रभारी डीसीआरबी से हटाकर बढ़नी चौकी का चौकी इंचार्जए नि0 अवध नारायन को प्रभारी निरीक्षक लोटन से हटाकर बनाया प्रभारी एएचटीयूए नि0 विनोद कुमार राव को प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु से हटाकर क्राइम ब्रांचए उनि0 सभा शंकर यादव थानाध्यक्ष चिल्हिया से हटाकर डीसीआरबी का प्रभारीए उनि0 महेंद्र चौहान थानाध्यक्ष पथरा को हटाकर विशेष जांच प्रकोष्ट का प्रभारी बनाया गया है।

# पराली जागरूकता अभियान को जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाई

संवाददाता। देवरिया

पराली व फसल अवशेष नही जलाने जाये इसके प्रति लोगो में जन जागरुकता हेतु 5 वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर जिलाधिकारी अमित किशोर ने कैम्प कार्यालय से रवाना किया। यह वैन प्रत्येक तहसील क्षेत्रों सहित जनपद के सुदूर अंचलों में फसल अवशेषों को न जलाने हेतु किसानों को जागरुक करेगें तथा होने वाले नुकसान एवं एन जी टी द्वारा किये गये दण्ड व जुर्माने के प्राविधानो से भी अवगत करायेगी। जिलाधिकारी ने इस दौरान यह भी कहा कि फसल कटाई के उपरान्त पराली तथा अन्य फसल अवशेषों को कदापि न जलायें। यह प्रदूषण को प्रभावित करता हैए वही मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी खत्म कर देता हैए जिससे फसल उत्पादकता में कमी होती है और कृषि में लागत भी बढ जाती है। फसल जलाने से पर्यावरण संतुलन बिगडने से जन जीवन भी प्रभावित होने की संभावना रहती है। इस लिये हम सभी का कर्तव्य है कि पर्यावरण को बचाने तथा भावी पीढी को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिये किसी भी दशा में किसी भी स्तर के फसल अवशेष को न जलाये।



## भाजयुमो ने फूंका महाराष्ट्र सरकार का पुतला



**देवरिया**। महाराष्ट्र की कांग्रेस और शिवसेना सरकार द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारो के किये जा रहे उत्पीड़न के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा देवरिया के कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक पर सोनिया गांधी मुर्दाबाद उद्धव ठाकरे मुर्दाबाद के नारे लगा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का पुतला जलाया।इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये भाजयुमो जिलाध्यक्ष विन्देश पाण्डेय ने कहा कि महाराष्ट्र की सरकार तानाशाही कर रही है।अपनी नाकामी को छिपाने के लिये सरकार द्वारा सत्य बोल रहे पत्रकार भाइयों को पुराने केसों में जेल भेजा जा रहा है।आय दिन महाराष्ट्र में पत्रकार बन्धुओ का उत्पीड़न किया जा रहा है।भाजयुमो के कार्यकर्ता महाराष्ट्र सरकार के इस घृणित कार्य की निन्दा करते है।

## चलती ट्रक में लगी आग चालक व खलासी बाल-बाल बचे

**देवरिया**। जिले के राम जानकी मार्ग पर मईल थाना क्षेत्र के पिपरा बांध के समीप गुरुवार की सुबह चलती ट्रक में आग लग गई। ट्रक में आग लगने पर चालक व खलासी ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं स्थानीय लोगों ने सूचना मईल पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पुलिस की मदद से काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसारए इंदौर से एक दाल लदा ट्रक बिहार के मीरगंज जा रहा था। राम जानकी मार्ग पर मईल थाना क्षेत्र के पिपरा बांध गांव के समीप पहुंचते ही अचानक ट्रक के इंजन में शॉर्ट सर्किट होने से से आग लग गई। जिससे ट्रक का आगे का भाग पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। ट्रक में आग लगने पर चालक दीपू व खलासी निर्मल विश्वास ने किसी तरह ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई।

# डीएम ने पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय का किया गहन निरीक्षण

संवाददाता। जौनपुर

जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय हमजापुरए विकास खंड करंजाकला में मनरेगा पार्कए पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोसाईपुर खुटहन में तालाबए बनुआडीहए खुटहन में तालाब तथा पार्कए लोनियापट्टी खुटहन में तालाब के सुंदरीकरण का कार्यए विकास खंड शाहगंज के लपरी में सामुदायिक शौचालय परिसरए सरायख्वाजा में तालाब के सुंदरीकरण का कार्य तथा ग्राम पंचायत कुहियाए शाहगंज में बने पिंक महिला शौचालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने हमजापुर प्राथमिक विद्यालय में बने मनरेगा पार्क के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि लान में बहुत ही अच्छी घास लगाई गई है। जो पौधे लगाए गए हैए उसमें निरंतर पानी देते रहे। पार्क में 6 सोलर लाइट भी लगाई गई है जिससे रात में भी रोशनी हो सके। उन्होंने प्रभारी एडीओ पंचायत अमित सोनकर से कहा कि गांव में बैडमिंटनए कबड्डी सहित अन्य खेलों के लिए टीम बनाकर पार्क में प्रतियोगिताएं कराएं। पार्क में ओपन जिम तथा बैडमिंटन कोर्ट भी बनाया गया है। बचा हुआ कार्य 10 नवंबर तक पूर्ण करा लें। माध्यमिक विद्यालय गोसाईपुर खुटहन में मनरेगा पार्क का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय के सामने का रास्ता ठीक करा लें। पार्क के किनरे पर रंगीन इंटरलाकिंग लगवाए तथा पास में बने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल ने भी साफ सफाई कराकर घास लगवाए।

### स्वास्थ्य केन्द्र पर नसबन्दी शिविर आयोजित

**सुइथाकला, जौनपुर**। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुइथाकला में बन्ध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया जहां कुल 11 महिलाओं की नसबन्दी की गई। चिकित्सा अधीक्षक डाण् एसपी यादव ने बताया कि महिलाओं का आपरेशन डाण् प्रियंबदा सिंह की टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सभी महिलाओं अस्पताल से दवा देकर सरकारी एम्बुलेंस से उनके गन्तव्य तक पहुंचाया गया। शिविर में सहयोग करने वालों में वरिष्ठ फार्मासिस्ट दिलीप श्रीवास्तवए गंगा सागरए रितेशए इस्लाम आदि मौजूद रहे।

### लापरवाही के चलते बीती रात से आधे शहर की बत्ती गुल

**गाजीपुर**। जनपद में बीती रात को लगभग 11 बजे लापरवाही के चलते श्रब्ध से 33 केवीए पीरनगर की केबिल पशु चिकित्सालय के पास कट गयीए जिससे जिला मुख्यालय सहित लगभग आधा शहर अंधेरे में डूब गया। फीडर पत्थर घाटएकचहरी फीडरए पीरनगर फीडर की लाइट गुल हो गयी। विजली विभाग के शहर एसडीओ शिवम राय एव अवर अभियंता अविनाश सिंह ने आनन फानन में सुबह 6 बजे अपने कर्मचारियों के साथ तत्काल केबिल मरम्मत में जुट गए। उन्होंने ने बताया कि कार्य प्रगति पर है सप्पलाई जल्द चालू होने की उम्मीद है।

## विद्युत विभाग ने 12 पर कराया मुकदमा, 28 की काटी गई लाइन

**गाजीपुर**। शासन के निर्देशानुसार हाई लॉस फीडर पर गुरुवार को उपखण्ड अधिकारी मोहमदाबाद शत्रुधन यादव, अवर अभियंता रवि कुमार चौरसियाए गुड्डू चौहान के नेतृत्व मे विधुत विभाग कि टीम द्वारा ग्राम महेश पुर प्रथमए मच्छटी भांवरकोल मे सघन विधुत चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे कुल 50 लोगो की विजली चेकिंग हुई। जिसमे विद्युत चोरी में धारा 135 के अंतर्गत 12 मुकदमा दर्ज कराया गया,वही बड़े बकायेदारों को 11 लाख 26 हज़ार पर 28 बकायेदारो कि लाइन खोलवायी गयी। एवं उनमे पूर्व मे बकाये पे खोलवायी गयी लाइन पे पुनः जोड़ कर चलाते हुए पाये जाने पर कुल 4लोगों पे 138 में मुकदमा दर्ज कराया गया, 1 लोग का टैरिफ चेंज किया गया वही 5 उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया गया जो 11 किलोवाट है। चेकिंग अभियान मे 57 हज़ार कि राजस्व वसूली किया गया। एसडीओ मोहमदाबाद शत्रुघ्न यादव ने सभी बिजली उपभोक्ताओं से भुगतान करने का अनुरोध किया।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तब्दील होंगे 87 उपकेंद्र

**गाजीपुर**। सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कार्यक्रम की शुरुआत की थी जिसके अंतर्गत गरीब, कमजोर एवं मध्यम वर्ग के लोगों को सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया था। प्रत्येक गाँव में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चालू करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को विश्वसनीयए गुणवत्तापूर्ण एवं विस्तारित प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। इसी के तहत अब जनपद में भी तीसरे चरण में 87 उपकेन्द्रों और तीन नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तब्दील करने के लिए शासन ने निर्देश दिये हैं।

## साइबर अपराधियों ने उड़ा दिए शादी के रुपये

**मुंगराबाद**,शाहपुर, जौनपुर।स्थानीय नगर के जंघई रोड पर स्थित यूनियन बैंक आफइण्डिया के एटीएम से साइबर अपराधियों ने खाताधारक के खाते से 2 लाख 93 हजार उड़ा दिया। घटना की जानकारी होते ही भुक्तभोगी परेशान होकर बैंक शाखा और थाने में घटना की लिखित शिकायत किया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। बताते हैं कि स्थानीय थाना क्षेत्र के समसपुर निवासी सुरेश चन्द्र मौर्य का स्थानीय शाखा में बचत खाता संख्या चल रहा था जिसमें उसने अपनी पुत्री की शादी के लिए खेतीबाड़ी की कमाई से एकत्र करके 2 लाख 98 हजार 5 सौ रुपए जमा किए थे। लॉक डाउन के चलते शादी टल गयी। इसी बीच सुरेश को पारिवारिक जरूरत के लिए रूपयों की आवश्यकता हुई तो उसने बीते 22 सितम्बर को अपने उक्त बचत खाते से 5 हजार मुंगराबादशाहपुर के जंघई रोड पर स्थित यूनियन बैंक के एटीएम से जाकर निकाल लिया।

## तालाब की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। तालाबी जमीन पर अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने कड़ा आक्रोश जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से अतिक्रमकारी तालाबी जमीन पर लगातार अवैध कब्जा कर रहे है। जिपंस शिवबहादुर सरोज की अगुवाई मे अगई गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र मे कहा है कि लेखपाल की मिलीभगत से तालाबी अराजी पर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेखपाल को फोन मिलाने पर कोई जबाब नही मिला करता है। आरोप है कि दो महीने पूर्व भी लेखपाल की सह पर तालाबी अराजी की जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा चुका है। एसडीएम राम नारायण ने तहसीलदार को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है। इस मौके पर राजमणि, पृथ्वीराज, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अगुवाई में बैठक सम्पन्न

**बाराबंकी**। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक हैदरगढ़ बैजनाथ रावत, मुख्य विकास अधिकारी मेधा रूपम, उपकृषि निदेशक तथा समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक में भूमि संरक्षण (कृषि विभाग) द्वारा संचालित मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत खेत तालाब योजना आदि महत्वपूर्ण रोजगार परक परियोजनाओं के अनुमोदन पर विचार विमर्श किया गया।

## दुकान से लाखों का सामान चोरी

बाराबंकी (**फतेहपुर**)। जिले में नगर पंचायत बेलहरा के पट्टी वार्ड के एक व्यवसाई ने मोहम्मदपुर खाला में थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी दुकान में रखी 25 हजार की नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है पीड़ित व्यवसाई सुजात खां ने बताया है कि उसकी दुकान से लगभग 1.50 लाख रुपये सामान व हजारों रुपये की नकदी चोरी हो गई है। बताते चलें अभी कुछ दिनों पहले भी बेलहरा नगर पंचायत में ही एक साड़ी की दुकान में भी लाखों रुपये के सामान व नकदी की चोरी हुई थी। थाने की पुलिस के अनुसार तहरीर मिली है जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन 10 को

**सोनभद्र**। जिलाधिकारी एस. राजलिगंम ने बताया कि जिले के प्रवासी श्रमिकों एवं बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय सोनभद्र द्वारा 10 नवम्बर को आनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की कल्याणी सोलर पावर में सोलर एग्जीक्यूटीव आईटी वर्कर व विभिन्न पद स्मार्ट टच इन्फ्राटेक्चर प्रालि. में कम्प्यूटर आपरेटर प्रोजेक्ट मैनेजर व विभिन्न पद स्कार्पिक्स इण्डिया में बिजनेस सपोर्ट एग्जीक्यूटीव, आईटी सपोर्ट एग्जीक्यूटीव व विभिन्न पद, टेस्को रेनिवेबल एनर्जी सॉल्यूशन में बिजनेस डेवलपमेन्ट व विभिन्न पद मगध एग्रो टेक, फील्ड एग्जीक्यूटीव व विभिन्न पद एवं एक्जेन्ट एक्का प्रालि मल्टी टास्किंग एग्जीक्यूटीव के विभिन्न पदों पर भर्तिया की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थी सेवायोजन की वेबासाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन एवं भर्ती सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते है। केवल ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थी ही रोजगार मेले में प्रतिभाग कर पाएंगे।

## पराली प्रबन्धन गोष्ठी का आयोजन 10 को

**सोनभद्र**। जिलाधिकारी एस. राजलिगंम ने बताया कि जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी तथा सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलाजी योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद तथा इन सीटू योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय पराली प्रबन्धन गोष्ठी का आयोजन राजकीय उद्यान परिसर लोढी में 10 नवम्बर को किया जाना है। जिसमें कृषकों को तकनीकी जानकारी के साथ साथ विभिन्न कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी ताकि अधिक से अधिक कृषक लाभाविन्त हो सके।

## 260 ट्रैक सूट, मास्क व साबुन बांटे

बीजपुर (**सोनभद्र**)। एनटीपीसी की रिहंद स्टेशन में महिलों की स्वयं सेवी संस्था वर्तिका महिला मण्डल ने नैगम समाजिक दायित्व निर्वहन के तहत स्टेशन में संविदा के तहत कार्यरत 260 माली, स्वीपर व इलेक्ट्रिशियन को ट्रैक सूट, मास्क एवं साबुन का वितरण किया। गुरुवार की सुबह वर्तिका महिला मण्डल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वर्तिका की अध्यक्षा पद्मा आयंगर ने माली, स्वीपर एवं इलेक्ट्रिशियन को उपहार प्रदान किया। श्रीमती आयंगर ने उक्त लोगों को कोविड-19 से अपने आप को सावधान रहने हेतु आगाह किया। उन्होने कहा कि वे साबुन का प्रयोग बार-बार हाथ धोने तथा बराबर मास्क लगाए रहने के लिए वर्तिका ने उन लोगों के हितों हो ध्यान में रखते हुए ये कदम उठाया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से वर्तिका की पदाधिकारी महिलाओं में उपाध्यक्षा राजलक्ष्मी साहू,रत्ना कुमारी एवं वाणी रॉय के साथ साथ महासचिव रूपासिंघा राय, संजू, आकाश, कामिनी, सीमा, शलिनी, अनुपमा,श्वेता, मोना एवं गोल्डी आदि उपस्थित थीं।

## ट्रैक्टर की टक्कर से किसान की मौत

त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)। घर से खेत जा रहे किसान की ट्रैक्टर की टक्कर लगने से मौत हो गई । थाना लोनीकटरा के भितरी गांव के सरजू प्रसाद रावत (50 वर्षद्ध गुरुवार सुबह घर से खेत जा रहा था। गांव के बाहर खेत जाने वाले खड़न्जे पर गांव के ही सईद के ट्रैक्टर की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई।


## हीरोइन तस्कर को 10 वर्ष की सजा

**बाराबंकी**। विशेष जिला एवं सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस ऐक्ट संजय यादव ने मादक पदार्थो की तस्करी के आरोपी को 10 वर्षकी कैद व एक लाख रुपये अर्थ दण्ड की सजा सुनाई। अभियोजन कथानक के अनुसार 29 जनवरी 2014 को नारकोटिक्स कंट्रोल व्यूरो के अधिकारी एवं एसटीएफ लखनऊ के दल ने मो. नौशाद उर्फ तन्नू निवासी ग्राम चंदौली थाना जैदपुर बाराबंकी को बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया था। नारकोटिक्स व्यूरो के अधिकारी अनूपकुमार गुप्ता द्वारा आरोपी नौशाद के बैग की तलाशी लेने पर बैग से एक किलो दो सौ ग्राम हीरोइन बरामद हुई थी।

## मौखिक परीक्षाएं नौ नवंबर को

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुण पीजी कालेज मे एमए द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के तहत राजनीति विज्ञान एवं संस्कृत के परीक्षार्थियो की आगामी नौ नवंबर को प्रात: साढ़े 10 बजे से मौखिक परीक्षाएं होगी। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डा. आरपी मिश्र ने बताया कि परीक्षा मे उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है।

## कलश यात्रा निकाली गयी



लालगंज (**प्रतापगढ़**)। लक्ष्मणपुर क्षेत्र के डांडी पूरे झलिहन मे श्रीमदभागवत कथा के पूर्व गुरूवार को कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा की शुरुआत कथा स्थल से शुरु हुई। मांगलिक यात्रा में महिलाओं द्वारा सिर पर मंगलकलश रख और मंगलगीत गाते देखा गया। वहीं श्रद्धालुओं को डीजे की धुन पर थिरकते अबीर गुलाल उडाते भी मगन दिखे। कलश यात्रा ओंकारेश्वर महादेव से चलकर हन्डौर स्थित सोमेश्वर महादेव होते हुए सगरा स्थित महाकालेश्वर धाम पहुंची। इसका समापन तिना स्थित बाबा बूढेश्वरनाथ धाम पर हुआ। यहां भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर भागवत भूषण आचार्य योगेश जी महाराज, मुख्य यजमान चन्द्रभाल पांडेय, गीता देवी, रमेश पांडेय, राकेश फाजी, डा. ज्ञानेश पांडेय, संजय शुक्ल, मनोज शुक्ल, कृष्णदेव शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# तांत्रिक के फेर में पुत्री को पीटकर मार डाला

### दो दिन बाद खुलासा होने पर मचा हड़कंप

### पुत्री का शव गुपचुप दफनाया, मृतका का पिता आलम और एक अन्य हिरासत में

**संवाददाता**। सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)

**तंत्र**-मंत्र और तांत्रिक के चक्कर में फंसे एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी को पीट-पीटकर मार डाला। मारने के बाद गुपचुप तरीके से शव को दफना दिया। मारपीट से गंभीर रूप से घायल मृतक की मां ने होश में आने पर अपने मायके पक्ष के लोगों को बुलाकर घटना से अवगत कराया। इसके बाद घायल महिला अपनी मां व भाई के साथ बदोसराय कोतवाली पर पहुंचकर पति समेत तीन लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। दो दिन बाद इस घटना का खुलासा होने पर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मामला कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम खुर्दमऊ का है यहां के निवासी आलम पुत्र शाहिद काफी समय से तांत्रिक फिरोज बाबा के जाल में फंसा हुआ था। आलम ने अपने घर के पीछे एक मजार बनाकर बाबा के साथ मिलकर गड़ा धन पाने के लालच में तांत्रिक क्रियाएं कर रहा था। इसी बीच उसकी पत्नी रहनुमा बीमार हो गई। जिसका उपचार किसी डॉक्टर से कराने के बजाय बाबा से ही झाड़-फूक कराने लगा। इसके के बावजूद जब उसकी तबीयत ठीक नही हुई तो बीते मंगलवार को उसने अपनी मां के पास जाने की बात कही। बस इसी बात को लेकर आलम और तांत्रिक बाबा ने उसकी जमकर पिटाई कर दी । मां की पिटाई देख कर उसे बचाने दौड़ी उसकी 10 साल पुत्री अनम को भी दोनों ने जमकर मारा पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद लड़की को गांव के ही एक कब्रिस्तान में गुप्त तरीके से दफना दिया गया। घटना के खुलासे के बाद गांव में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बाबा गांव छोड़कर फरार हो गया है, जबकि मृतका के पिता आलम और गांव के ही हनीफको पुलिस हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक का कहना है कि मृतक मासूम का शव कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## अबकी दिवाली में जगमगाएंगे गौधन से बने दीये

**बाराबंकी**। ग्राम मंजीठा की दीवाली में गौधन गोबर से बने दिए जलाए जाएंगे और पूजे जाएंगे लक्ष्मी गणेश। दरअसल विकास खण्ड बंकी की ग्राम सभा मंजीठा में जागो-री-जागो संस्था एवं प्राकृतिक किसान परिवार, लखनऊ के सहयोग से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत शामिल जागो री जागो रोशनी महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओ एवं गांव की किशोरियों को शामिल कर गौधन गोबर से दिए व लक्ष्मी गणेश बनाने का प्रशिक्षण चलाया जा रहा है।

प्रशिक्षण एवं समूह द्वारा बनाये जा रहे अन्य उत्पाद सेनेटरी पैड, फिनायल, पेपर ज्वैलरी को अपने ग्राम भ्रमण में खण्ड विकास अधिकारी बंकी सरिता गुप्ता द्वारा देखकर समूह की तीनों महिलाओं सोमा,रीतू, लक्ष्मी एवं किशोरियों सीमा, सबा, रजिया द्वारा किये जा रहे कार्यो एवं समूह को सहयोग किये जाने हेतु प्रशंसा की।

# डंपर ने दूधवाले को मारी टक्कर मौके पर हुई मौत

### गुस्साए ग्रामीणों ने एक्सप्रेस वे के केमिकल प्लांट में आग लगा दी

**संवाददाता**। शुकुलबाजार (**अमेठी**)

**गुरुवार** सुबह एक डंपर ने दूधवाले को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मामला सुबह आठ बजे के आसपास का है।

जिले में लखनऊ पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य में लगे मिक्सर मशीन गाड़ी से कुचलकर गुरुवार को एक बुजुर्ग दूधिए की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने एक्सप्रेसवे के केमिकल प्लांट में आग लगा दिया। सूचना पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बता दें कि तकरीबन साल भर पहले यूपी सीएम और कुछ माह पूर्व मुख्य सचिव ने इस स्थान का निरीक्षण किया था।

जानकारी के अनुसार मामला जिले के शुक्ला बाजार थाना क्षेत्र के भटमऊ गांव का है। ग्रामीण द्वारिका नाथ शुक्ला ने बताया कि दूधिया शिव बरन दूध देने जा रहा था।

एकाएक डंपर ने टक्कर मार दिया और उसकी मौत हो गई। उसके छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस बाबत डीएम ने मृतक के परिजनों को प्रशासन और कंपनी की तरफ से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

# आवास सूची बनी मखौल पात्र लाभार्थी हुए लापता

**संवाददाता**। तिलोई (अमेठी)

**आवास** पात्रता सूची में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। जांच समिति द्वारा चयनित आवास लाभार्थी पात्रता सूची के नाम आन लाइन पात्रता सूची से या बहुत कम संख्या में प्रदर्शित हो रहे हैं या फिर शून्य प्रदर्शित हो रहे हैं। सिंहपुर क्षेत्र की 58 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष अब तक 30 गांवों की लाभार्थी पात्रता सूची प्रदर्शित हो रही है जिसमें से दर्जन भर से अधिक ऐसे गांव है जहां लाभार्थी संख्या शून्य प्रदर्शित हो रही है।जब कि इन सभी ग्राम पंचायतों में अधिकांश में लाभार्थियों की संख्या 100 से 200 के बीच में थी। लाभार्थी शून्य प्रदर्शित होने वाले गांवों में कोची में 259 के सापेक्ष शून्य,रामपुर पंवारा 72 के सापेक्ष शून्य,जैतपुर 113 के सापेक्ष शून्य, रतवलिया मंझार 95 के सापेक्ष शून्य, अहोरवा भवानी 45 के सापेक्ष शून्य, सिंहपुर 218 के सापेक्ष शून्य, सातन पुरवा में 157 के सापेक्ष शून्य, डांगी बरवलिया 50 के सापेक्ष शून्य, गढ़ी महाबल 61 के सापेक्ष शून्य, भानीपुर 44 के सापेक्ष शून्य, मत्तेपुर 125 के सापेक्ष शून्य लाभार्थी प्रदर्शित हो रहा है। इसके अतिरिक्त कई ऐसे गांव हैं जहाँ दस से भी कम लाभार्थी प्रदर्शित हो रहे हैं। जिनमें खेखरुआ, कुकहा रामपुर, पंहौंना, महिया सिंदुरिया, सढिया गांव शामिल हैं। कई ऐसे गांव हैं जहां लाभार्थी संख्या आन लाइन सूची में 10 से 20 के बीच में प्रदर्शित हो रही है। जिनमें भवानीपुर, नौखेड़ा, पेंडारा आदि गांव शामिल हैं। आवास लाभार्थियों की आनलाइन पात्रता सूची में इतनी भारी अनियमितता के बाद पात्र लाभार्थी जहां अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं वहीं पंचायत चुनाव नजदीक होने के चलते ग्राम प्रधानों की धड़कने बढ़ गयी हैं।

## तालबेहट में पटाखा फैक्ट्री का औचक निरीक्षण

**ललितपुर**। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में पटाखा दुकानदारों के स्थलीय निरीक्षण नगर पंचायत तालबेहट में किये गये। जिसमें लाइसेंस धारक अजब देवी नि. रानीपुरा सुरेश कुमार नि. हटवारा अरविन्द साहू नि. हटवारा व प्रवीण कुमार नि. हटवारा तालबेहट के प्रतिष्ठानों पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी पी अग्रहरि व कोतवालीपुलिस तालबेहट एवं फायर बिग्रेड ललितपुर के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। औचक निरीक्षण के समय कोई भी बाल श्रमिक मौके पर कार्य करता नहीं मिला।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा सेवायोजकों को कड़ी चेतावनी दी गयी कि कोई भी 18 साल से कमआयु का श्रमिक संज्ञान में आया तो सख्त से सख्त कार्रवाई प्रतिष्ठान के विरुद्ध की जाएगी। कोतवाली पुलिस तालबेहट व फायर बिग्रेड के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा के नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गयी।

# विद्यालय संचालक ने दी जान देने की धमकी, मचा हड़कंप

### 25 लाख रुपये की मांग के साथ जान से मारने की धमकी मिली थी

### भनक लगने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया और समझौता कराया

**संवाददाता**। गौरीगंज (**अमेठी**)

**स्थानीय** कस्बा निवासी निजी विद्यालय के संचालक द्वारा बाकायदा पत्र जारी कर आत्महत्या घोषणा की। पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। संचालक अवधेश सिंह ने कुछ लोगों द्वारा आर्थिक व मानसिक शोषण से परेशान होकर आत्महत्या की घोषणा की गई थी। स्थानीय गौरीगंज कस्बा निवासी अवधेश सिंह ने मीडिया को संबोधित पत्र सोशल मीडिया पर जारी कर बताया कि उसने मार्च 2006 में अपने गौरीगंज स्थित मकान व किसान क्रेडिट कार्ड पर लोन लेकर श्री राम नारायण इंटर कालेज सोंगरा की स्थापना की थी। जिसके लिए भगवत सिंह ने अपने पिता के नाम पर स्कूल खोलने की शर्त पर जून 2007 में 0.426 हेक्टेयरभूमि बैनामा की थी। जिस पर अवधेश सिंह ने लोन लेकर निर्माण कार्य पूरा कराकर 2013 में प्राथमिक स्तर की मान्यता हासिल की। पत्र के माध्यम से बताया गया कि हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की मान्यता हासिल नहीं कर सका। जुलाई 2014 में जब वह सुरेन्द्र सिंह बघेल व देवराज सिंह के साथ विद्यालय पहुंचा तो भगवत सिंह व उनके मजदूरों के साथ कमरों की चद्दर उतरवा रहे थे। मना करने पर उसे भगा दिया गया जिसके बाद अवधेश ने विधिक कार्रवाई करने की कोशिश की। कई बार अधिकारियों से शिकायत के बाद भी उक्त लोगो द्वारा रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए बताया गया कि हाल ही में दो नवम्बर को जब बाउंड्री बनाने का प्रयास किया गया तो उक्त लोगों ने 250000 रुपये की मांग के साथ ही जान से मारने की धमकी दी गई। थाने पर पंचायत से भी हल नहीं निकल रहा है। कोई न्याय न मिलने से आहत होकर आत्महत्या करने का निर्णय लिया है। इसकी भनक लगते ही पुलिस हरकत में आई और दोनो पक्ष को कोतवाली बुलाया और देर शाम दोनो पक्षों में समझौता हो गया।

## पटाखा कारोबारियों पर शिकंजा, तीन को जेल भेजा

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली पुलिस ने अर्धनिर्मित पटाखों को भारी मात्रा मे बरामद करते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज किया है। पकड़े गये तीनों आरोपियों को पुलिस ने गुरूवार की दोपहर जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा सुनील राय ने बुधवार की रात नगर मे आकस्मिक चेकिंग के दौरान पटाखा कारोबारी पर शिकंजा कसा। आकस्मिक चेकिंग मे कल्लन के पास से 26 किलो तथा अब्दुल लतीफ के पास से 28 किलो पटाखा बरामद हुआ। वहीं रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज राजेश शुक्ला ने आकस्मिक चेकिंग मे बडकऊ उर्फ बशीर के घर से 27 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस की तहरीर पर सभी आरोपियो के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।

# किसानों को हर हाल में मिले पानी: मयंकेश्वर



तिलोई (**अमेठी**)। किसानों को हर हाल में पानी मिलना चाहिए, क्योंकि यदि किसानों को समय पर पानी नहीं मिलता है तो उपज पर बुरा असर पड़ता है। यह बात तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने सिंह पुर रजबहा के सिल्ट सफाई कार्य का उदघाटन करते हुए कही। तिलोई विधायक ने कहा कि तिलोई विधान सभा के अंतर्गत आने वाले सभी नहरों का क्रमवार सिल्ट सफाई का कार्य कराया जाएगा। अधिशाषी अभियंता शारदा सहायक खंड 41 अमेठी धर्मेंद्र वर्मा से विधायक ने कहा कि तिलोई क्षेत्र की नहरों में क्षमता के अनुसार पानी आना चाहिए।इसके पूर्व विधायक का क्षेत्र के बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। सिंहपुर रजबहा की खुदाई से पूर्व विधायक ने पूजा अर्चना के साथ फावड़ा चलाकर सिल्ट सफाई का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रंजीत सिंह ब्लाक प्रमुख सिंहपुर, सिंहपुर रजबहा समिति के अध्यक्ष सूर्य बक्श सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह उर्फलल्लू बाबा, इन्हौना रजबहा समिति के अध्यक्ष, हैदरगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सिंह उर्फ मन्नू सिंह, शिव बरदान अवस्थी, जगदीश प्रसाद पांडेय, कौशलेंद्र सिंह ,अमित सिंह ,लल्लन सिंह, राम शंकर पाल प्रधान खरावां, रामसेवक क्षेत्र पंचायत सदस्य, नागेंद्र प्रताप सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर युवा कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**सोनभद्र**। भारतीय युवा कांग्रेस सोनभद्र के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दूबे आशु के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर राज्यपाल के नामित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार यादव को दिया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशु दुबे ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद सोनिया गांधी के आवाहन पर,भारतीय युवा कांग्रेस उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पांडे के निर्देश पर युवा कांग्रेस सोनभद्र में आज महिलाओं दलितों पर हो रहे अत्याचार को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया इसमें उत्तर प्रदेश मे आए दिन लड़कियों, महिलाओं के छेड़छाड़ के मामले देखने सुनने को मिलने रहते हैं,साथ ही वही दलित समाज भी अपने आप को बहुत ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रहा है।

# कार्यदायी संस्थाओं पर लगाम लगाएं अधिकारी:जिलाधिकारी

**संवाददाता**। सोनभद्र

**विकासपरक** कार्यक्रमों, जन कल्याणकारी योजनाओं व लाभार्थीपरक कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। कार्यदायी संस्थाओं पर शिथिल नियंत्रण रखने वाले वरिष्ठ अधिकारी कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए ठोस कदम उठाएं। उक्त निर्देश जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बृहस्पतिवार को विकास कार्यक्रमों व मुख्यमंत्री के प्राथमिकता से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी विभाग का कार्य करने में सम्बन्धित विभाग की वजह से कार्य बाधित हो रहा हो, तो आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, मुख्यमंत्री शिकायती पोर्टल, जन शिकायती आदि का निस्तारण ससमय गुणवत्ता पूर्वक किया जाए। समीक्षा बैठक में सामाजिक पेंशन, निराश्रित गौवंशों को गोवंश आश्रय स्थल में ले जाने व उनकी बेहतर देख-भाल, पशुओं की टैंगिंग व्यवस्था, पारदर्शी किसान सेवा योजना योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, सुपोषण योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, सरकारी भवन, पुल रपटा, सड़क, आरसीसी निर्माण कार्य, स्कूलों का निर्माण, स्कूल कायाकल्प, निशुल्क ड्रेस वितरण, नि:शुल्क किताब वितरण आदि की बारी बारी से समीक्षा करते हुए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिए।

# दिवाली पर आतिशबाजी और विक्रय को लेकर दिशा-निर्देश हुआ जारी

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

**अपर** जिला मजिस्ट्रेट व प्रभारी अधिकारी शस्त्र शत्रोहन वैश्य ने त्यौहारों के दौरान आतिशबाजी के कब्जे और विक्रय के लिए अस्थायी दुकानों के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी करते हुए बताया है कि आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री के बने शेड में रखे जाएंगें। जो इस प्रकार से बंद और सुरक्षित होगा जिससे कि अप्राधिकृत व्यक्तियों की उसमें पहुंच को निवारित किया जा सके। आतिशबाजी के कब्जे और विक्रय के शेड एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर और सुरक्षित कार्य से पचास मीटर की दूरी पर होगें। शेड एक दूसरे के आमने-सामने नहीं होगें। शेड में या शेडों की सुरक्षित दूरी के भीतर तेल से जलने वाले लैम्पों, गैस लैम्पों या खुली बत्तियों का उपयोग नहीं किया जायेगा। विद्युत बत्तियां यदि उपयोग की जाती है दीवाल पर या छत पर फिक्स किये जायेगें। प्रत्येक दुकान के स्विचों को दीवालों पर दृढ़ रूप फिक्स किया जायेगा और एक मुख्य स्विच की शेडों की प्रत्येक पंक्ति में व्यवस्था की जायेगी। एक समूह में पचास से अधिक दुकान अनुज्ञात नहीं की जायेगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने अनुज्ञप्तिधारियों के निर्देशित करते हुये कहा है कि विस्फोटक नियम, 2008 के नियम 78 से 88 तक का सख्ती से पालन करें। केवल अधिकृत आतिशबाजी खरीदें व बेंचे जिन पर विनिर्माता का नाम एवं आतिशबाजी को चलाने एवं उसके फंक्शन सम्बन्धी विस्तृत विनिर्देश उल्लिखित हो। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को आतिशबाजी ने बेचे जब तक कि उनके साथ कोई व्यस्क व्यक्ति न हो। दुकान के अन्दर आतिशबाजी या ग्राहकों की भीड़ न होने दें ताकि आतिशबाजी की हैण्डलिंग के लिये पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे।

## किसानों का शोषण नहीं रुका तो पार्टी करेगी आन्दोलन

**संवाददाता**। सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)।

**राष्ट्रीय** क्रांतिदल के प्रदेश अध्यक्ष एंव राष्ट्रीय महामंत्री रामजी तिवारी ने धान क्रय केन्द्रों बदोसरांय टिकैतनगर आदि में किसानों के धान तौल के बजाय विचौलियों का धान तौले जाने के विरोध मे गुरूवार को उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रतिपाल सिंह चौहान को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपने के बाद तहसील में किसानों को कही ।

श्री तिवारी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार 2022 तक उत्तर प्रदेश के किसानों की आय दोगुना करने का ढिढोंरा पीट रही है। जब कि खरीब की फसल मे उगाये गये धान को ना तो तौल केन्द्रों पर तौला जा रहा है और न ही राइस मिलों को खरीदने हेतु उचित मूल्य मानक तय किये गये हैं । इन परिस्थितियों मे किसान का धान 900 रुपया कुंतल मे खरीदा जा रहा है। जब की क्रय केन्द्रों पर मानक मूल्य 1868 रुपया है।

# एसडीएम ने पराली व अतिक्रमण को लेकर मातहतों की कसे पेंच



**संवाददाता**। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**एसडीएम** ने गुरूवार को तहसील क्षेत्र के रामगढ़ रैला, मठहा तथा लालूपुर गांवो मे धान की अपशिष्ट जलाए जाने को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया। इन गांवो मे कुछ खेतों में पराली जली देख एसडीएम राम नारायण का पारा चढ आया। एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल को फटकार लगाते हुए आरोपियों को चिन्हित कर इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। एसडीएम के साथ आकस्मिक निरीक्षण मे उप कृषि निदेशक रघुराज सिंह भी शामिल रहे। अफसरों ने किसानों को पराली जलाए जाने से हो रहे वायु प्रदूषण से नुकसान के बाबत जागृत भी किया। वहीं एसडीएम ने भ्रमण के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की जमीनों पर अवैध अतिक्रमण के बाबत भी लेखपालो को अतिक्रमणीयों के कब्जे से सरकारी भूमि फौरन मुक्त कराए जाने के निर्देश दिये। खगईपुर मे तालाबी जमीन पर अवैध अतिक्रमण देख एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल को फ्टकार लगाई। वहीं उप कृषि निदेशक रघुराज सिंह ने गांवो मे कृषि योग्य जमीनों के उपजाऊ बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओ के बाबत भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारियां प्रदान की। एसडीएम तथा उप कृषि निदेशक के संयुक्त भ्रमण को लेकर गुरूवार को तहसील क्षेत्र के राजस्व निरीक्षकों व लेखपालो मे पूरे दिन हडकम्प का माहौल दिखा। बाद मे एसडीएम ने समीक्षा के दौरान लेखपालों को आगाह किया कि यदि उनके क्षेत्रो मे कहीं भी पराली जलाए जाने मे लापरवाही मिली तो वह वेतन कटौती के लिए डीएम को संस्तुति करेगें।

## अन्नदाता परेशान और बुनकर बदहाल: लल्लू

**बाराबंकी**। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में अन्नदाता परेशान, बुनकर बदहाल और नैजवान बेरोजगार है। सरकार ने नौकरी के नाम पर नौजवानो को छला है। आप सभी निष्ठा और पूरी ऊर्जा के साथ कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। आने वाला कल आपका है आपका सडक का संघर्ष वोटों में बदलेगा, क्योकि कांग्रेस पार्टी ने पूरी जिम्मेदारी से प्रदेश की योगी सरकार के जंगलराज व हर जुर्म के खिलाफ बुलन्द आवाज उठाकर विपक्ष की भूमिका बाखूबी निभायी है।

उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू विधायक ने अपने पूर्वांचल के दो दिवसीय दौरे पर जाते समय जनपद की सीमा मोहम्मदपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. मोहसिन की अगुवाई में जोरदार स्वागत के उपरान्त कांग्रेसजनो के बीच कही। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का काफिला मोहम्मदपुर चौकी पहुचने पर स्वागत किया।